RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 329
लखनऊ, शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटी नाओमी ओसाका
स्पोर्ट्स-10

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की अमेरिकी कंपनियों के सीईओ संग बैठक

# भारत के साथ साझेदारी पर हुई सार्थक चर्चा

- क्वालकॉम, एडोब, फर्स्ट सोलर, जनरल एटोमिक्स व ब्लैक स्टोन के प्रमुखों से देश में कारोबारी अवसरों पर हुई बात

**एजेंसियां ।** वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अमेरिका में अपने कार्यक्रम की शुरूआत प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालकॉम के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्रिस्टिआनो ई अमोन के साथ 'सार्थक बातचीत' के साथ की। पीएम ने क्वालकॉम अध्यक्ष समेत अलग अलग क्षेत्र की पांच प्रमुख कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की। इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत में उपलब्ध व्यापक व्यवसायिक संभावनाओं के बारे में जानकारी दी।

अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे मोदी ने अमोन के साथ बैठक की। अपनी इस यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ पहली बार आमने-सामने की बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्विटर पर लिखा है, ....क्रिस्टिआनो अमोन और प्रधानमंत्री के बीच सार्थक बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में उपलब्ध असीम अवसरों के बारे में बताया। एमोन ने कहा कि वह 5जी और डिजिटल इंडिया से जुड़ी अन्य योजनाओं में भारत के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिन्दम बागची ने कहा कि दोनों ने हाल में घोषित इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और नवप्रवर्तन परिवेश को मजबूत बनाने के उपायों पर बातचीत की। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि वैश्विक नवप्रवर्तन केंद्र बनाने की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टिआनो ई अमोन के साथ भारत में उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश अवसरों पर बातचीत की। हाल में घोषित इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विनिर्माण उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं तथा नवप्रवर्तन परिवेश को मजबूत बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। भारत 5जी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ा बढ़ा रहा है और चाक-चौबंद सुरक्षित व्यवस्था चाहता है। ऐसे में चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी के सीईओ के साथ बैठक महत्वपूर्ण है। सैनडिआगो की यह कंपनी सेमीकंडक्टर, (शेष पेज 9)



वाशिंगटन में बृहस्पतिवार को एडोब कंपनी के अध्यक्ष एवं सीईओ शांतनु नारायण से भेंट करते प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी

## भारत या जापान ऑकस में शामिल नहीं होंगे: अमेरिका

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने हाल में हिंद-प्रशांत की सुरक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया तथा ब्रिटेन के साथ मिलकर बनाए त्रिपक्षीय गठबंधन ऑकस (एयूकेयूएस) में भारत या जापान को शामिल किए जाने की संभावना को खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बुधवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले हफ्ते ऑकस की घोषणा केवल सांकेतिक नहीं थी और मुझे लगता है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों को यही संदेश दिया है कि हिंद-प्रशांत की सुरक्षा के लिए बनाए गठबंधन में किसी अन्य देश को शामिल नहीं किया जाएगा। साकी से (शेष पेज 9)

## भारतीय प्रवासियों ने विश्व में बनाई अलग पहचान: प्रधानमंत्री

**भाषा ।** वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए भारतीय प्रवासियों की प्रशंसा की है। मोदी के यहां पहुंचने पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री का विमान बुधवार को जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा, उसके तुरंत बाद भारतीय अमेरिकियों के एक समूह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मोदी ने होटल में समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ अपने संवाद की तस्वीरें ट्वीट कीं और लिखा, मैं गर्मजोशी से (शेष पेज 9)

## गोरक्षा, संस्कृति और संस्कृत के लिए आगे आएं धार्मिक संस्थाएं

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया आह्वान



**पायनियर समाचार सेवा ।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी धार्मिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वे गोरक्षा, संस्कृत व संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आएं और इसमें सरकार पूरा सहयोग करेगी। साथ ही कहा कि गोरक्षा केवल भाषणों से नहीं बल्कि श्रद्धा और व्यवस्था से जुड़ने से होगी।

उन्होंने भारत और भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए हर देशवासी को तैयार रहने का भी संदेश दिया। योगी महंत दिग्विजयनाथ की 52वीं व ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की 7वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हर धार्मिक पीठ संस्कृत विद्यालय खोले, सरकार इसमें हर संभव सहयोग करेगी।

संस्कृत और संस्कृति को प्रोत्साहन हमारे आश्रमों को देना होगा। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए योग्यता के आधार पर शिक्षकों का चयन करना होगा। अयोग्य व्यक्ति संस्था को नष्ट कर देगा, ऐसे में योग्य को तराशने की जिम्मेदारी धर्माचार्यों व आश्रमों को लेनी होगी। इससे संस्कृत, संस्कृति की रक्षा के साथ गोरक्षा भी (शेष पेज 9)

## मोदी 27 को करेंगे डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत

- इसके तहत लोगों को यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी, जिसमें उनके स्वास्थ का सारा रिकॉर्ड होगा

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**पीएम** नरेंद्र मोदी 27 सितंबर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर प्रधानमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की घोषणा करेंगे। इसके योजना के तहत लोगों को एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी प्रदान की जाएगी, जिसमें किसी व्यक्ति की मेडिकल हिस्ट्री का विवरण अस्पताल में सुरक्षित किया जाएगा, जहां उसका इलाज किया गया है। इस विशिष्ट हेल्थ कार्ड में व्यक्ति के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारियां दर्ज होंगी।

इससे मरीजों को फाइल हर जगह नहीं ले जाना पड़ेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को यहां बताया कि मरीज की यूनिक हेल्थ आईडी देखकर डॉक्टर स्वास्थ्य की स्थिति जान सकेंगे और आगे का इलाज जारी रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्ड से यह भी पता चलेगा कि मरीज को आयुष्मान भारत योजना जैसी सरकारी योजनाओं से लाभ मिलता है या नहीं। व्यक्ति के पहचान पत्र में उसका मोबाइल और आधार नंबर का उपयोग किया जाएगा। इन दोनों रिकॉर्ड का इस्तेमाल यूनिक हेल्थ कार्ड बनाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार एक स्वास्थ्य प्राधिकरण बनाएगी जो किसी व्यक्ति के सभी के स्वास्थ्य आंकड़े जुटाएगी।

स्वास्थ्य प्राधिकरण को उस व्यक्ति के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की अनुमति होगी जिसका स्वास्थ्य आईडी बनाया गया है। जिस व्यक्ति का हेल्थआईडी बना हो उसे सार्वजनिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र या स्वास्थ्य सेवा प्रदाता जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरचना से जोड़ने के लिए पंजीकृत किया जा सकता है।

## दिव्यांगों व अशक्तों को घर पर लगेगा कोविड का टीका

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा-मामले भले ही कम हो रहे लेकिन दूसरी लहर अब भी जारी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दिव्यांगों तथा चलने-फिरने में असमर्थ लोगों को उनके घर पर ही कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भले ही दैनिक नए मामलों में कमी आ रही हो, लेकिन देश में कोविड-19 की दूसरी लहर अब भी जारी है।

बहरहाल, उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते सामने आए संक्रमण के कुल मामलों में से 62.73 फीसदी अकेले केरल में आए। केरल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां उपचाराधीन मरीजों की संख्या एक लाख से अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि देश में 33 जिलों में फिलहाल संक्रमण दर 10 फीसदी से अधिक है, जबकि 23 जिलों में संक्रमण दर पांच से 10 फीसदी के बीच हैं। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों के लिए कोविड-19 दिशानिर्देशों के (शेष पेज 9)

### कोविड से मृतकों के परिजन को अनुग्रह राशि की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सराहा

**भाषा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कोविड-19 से मरने वाले लोगों के परिजन को अनुग्रह राशि देने के केंद्र के कदम की बृहस्पतिवार को सराहना करते हुए कहा कि इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेना होगा कि भारत ने जो किया है, वह कोई अन्य देश नहीं कर सका है। शीर्ष अदालत ने कहा, हम खुश हैं कि कई परिवारों के आंसू पोंछने के लिए कुछ किया गया है।

केंद्र की ओर से सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, हम जीवन को पहुंची क्षति की भरपाई नहीं कर सकते लेकिन पीड़ित परिवारों के लिए देश जो कुछ कर सकता है, किया जा रहा है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने केंद्र द्वारा दाखिल दो हलफनामों पर गौर करते हुए कहा कि वह कुछ निर्देशों के साथ चार अक्टूबर को आदेश जारी करेगी।

पीठ ने संकेत दिया कि इसमे मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में किसी तरह का विवाद होने पर जिला स्तर पर शिकायत निवारण समितियों को मृतक का अस्पताल का रिकार्ड मंगाने के लिए अधिकृत किया जा सकता है। पीठ ने कहा, हम खुश हैं कि पीड़ितों को कुछ सांत्वना मिलेगी। यह कई परिवारों के आंसू पोंछेगा। हमें इस तथ्य का अवश्य ही न्यायिक संज्ञान लेना चाहिए कि लोगों की (शेष पेज 9)

## जज को जानबूझकर टक्कर मारी थी ऑटो चालक ने : सीबीआई

- जांच एजेंसी ने झारखंड हाईकोर्ट को दी जानकारी, घटना में न्यायाधीश उत्तम आनंद की हो गई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा ।** रांची

**झारखंड** हाईकोर्ट को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि ऑटो चालक ने जानबूझकर धनबाद के न्यायाधीश उत्तम आनंद को टक्कर मारी थी जिससे उनकी मौत हो गई।उच्च न्यायालय में आज उपस्थित हुए के सीबीआई के संयुक्त निदेशक शरद अग्रवाल ने अदालत को यह जानकारी दी और कहा कि इस घटना के पीछे षड्यंत्र की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई के 20 अधिकारी दिन-रात इस घटना की जांच में जुटे हैं।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ रवि रंजन व न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत के आदेश पर सीबीआई के संयुक्त निदेशक आज पीठ के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने सुनवाई के दौरान कहा कि अब तक की जांच से पता चला है कि ऑटो चालक ने न्यायाधीश को जानबूझकर टक्कर मारी थी और यह कोई हादसा नहीं था। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे के षड्यंत्र की जांच की जा रही है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी न्यायिक अधिकारी की हत्या की गई है। इसने कहा कि इस घटना से न्यायिक अधिकारियों का मनोबल कम हुआ है और अगर इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा नहीं किया गया तो यह न्यायिक व्यवस्था के लिए सही नहीं होगा।

सीबीआई के संयुक्त निदेशक ने अदालत को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले कई लोगों से पूछताछ की गई है और गिरफ्तार लखन शर्मा मोबाइल चोर है तथा उसने उस दिन भी मोबाइल चुराए थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति काफी चालाक है और बार-बार अपना बयान बदल रहा है, लेकिन सीबीआई के (शेष पेज 9)

## पिछड़े वर्गों की जातिगत जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन: सरकार

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन और दुष्कर है और जनगणना के दायरे से इस तरह की सूचना को अलग करना सतर्क नीति निर्णय है। केंद्र का रूख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में बिहार से दस दलों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और जाति आधारित जनगणना कराए जाने की मांग की थी। उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी), 2011 में काफी गलतियां एवं अशुद्धियां हैं। महाराष्ट्र की एक याचिका के जवाब में उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर किया गया। महाराष्ट्र सरकार ने याचिका दायर कर केंद्र एवं अन्य संबंधित प्राधिकरणों से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित एसईसीसी 2011 (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,885 | ↑ | 958 | |
| निफ्टी | 17,822 | ↑ | 276 | |
| सोना | 45,401 | ↓ | 294 | /10g |
| चांदी | 59,609 | ↑ | 26 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जाली नोट रैकेट में वांछित ठाणे में पकड़ा गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने उत्तर प्रदेश के अपने समकक्ष के साथ एक संयुक्त अभियान में पड़ोसी ठाणे शहर के मुंब्रा से जाली मुद्रा रैकेट में वांछित 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान अब्दुल रज्जाक अब्दुल नबी मेमन के रूप में हुई है, जो मुंब्रा के ठाकुरपाड़ा का रहने वाला है। उन्होंने कहा कि मेमन के खिलाफ जाली नोटों के रैकेट से जुड़े मामले में भारतीय दंड संहिता और आईटी कानून की संबंधित धाराओं के तहत लखनऊमें मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही उत्तर प्रदेश एटीएस की लखनऊ इकाई ने भी मेमन को देश से भागने से रोकने के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया था।

## टेक्नीकल एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

- मामले की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अगले हफ्ते पारित होगा अंतरिम आदेश

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**पेगासस** जासूसी मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित तकनीकी विशेषज्ञ समिति करेगी। केंद्र सरकार को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को मौखिक रूप से कहा कि वह पेगासस जासूसी प्रकरण की जांच के लिए तकनीकी विशेषज्ञ समिति बनाएगा और इस मामले की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अगले हफ्ते अंतरिम आदेश पारित करेगा।

### पेगासस मामला



ये टिप्पणियां इसलिए अहम हैं क्योंकि केंद्र ने इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर कुछ प्रतिष्ठित भारतीयों के फोन हैक कर कथित तौर पर उनकी जासूसी करने की शिकायतों की जांच करने के लिए खुद विशेषज्ञ समिति गठित करने की पेशकश की थी। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील सी.यू. सिंह से कहा कि आदेश अगले (शेष पेज 9)

## सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश नाकाम तीन आतंकवादी ढेर

**भाषा ।** श्रीनगर

**सेना** ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए और हथियारों तथा गोला-बारूद का जखीरा बरामद हुआ। सेना के एक अधिकारी ने कहा, हमने नियंत्रण रेखा के पास हाथलंगा इलाके में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। घुसपैठियों को चुनौती दी गई और उनमें से तीन को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि पांच असॉल्ट राइफल, सात पिस्तौल और हथगोले सहित बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद हुआ है। यहां सेना के चिनार कोर मुख्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडे ने कहा कि हाल ही में नियंत्रण रेखा के दूसरी (शेष पेज 9)

## सेना को मिलेंगे 118 युद्धक टैंक, बढ़ेगी मारक क्षमता

- रक्षा मंत्रालय ने चेन्नई स्थित एचवीएफ, अवडी को दिया ऑर्डर, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को बढ़ावा देना है मकसद

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**सेना** की लड़ाकू क्षमताओं में इजाफे तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 7,523 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना की खातिर 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन की खरीद को लेकर एक करार को अंतिम रूप दिया। मंत्रालय ने अर्जुन एमके-1ए टैंकों के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री (एचवीएफ), अवडी, चेन्नई को यह ऑर्डर दिया है। यह एमबीटी एमके-1ए अर्जुन टैंक का नया संस्करण है, जिसमें 72 नयी विशेषताएं और एमके-1 संस्करण से अधिक स्वदेशी उपकरण हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्रालय ने 23 सितंबर को भारतीय थल सेना के लिए 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन एमके -1 ए की आपूर्ति के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री, अवडी, चेन्नई को एक ऑर्डर दिया। इसमें कहा गया है कि 7,523 करोड़ रुपये के इस ऑर्डर से रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा मिलेगा तथा यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्रालय ने कहा कि टैंक दिन और रात के दौरान सटीकता के साथ लक्ष्य को साधने के अलावा, सभी तरह के इलाकों में सहज गतिशीलता सुनिश्चित करेंगे। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अर्जुन एमबीटी अद्यतन करते हुए इसे विकसित किया है। अर्जुन भारतीय सेना का मुख्य युद्धक टैंक है। मंत्रालय ने कहा कि एमके-1ए सटीक मारक क्षमता वाला टैंक है और सभी तरह के क्षेत्रों में गतिशीलता में सक्षम तथा उन्नत प्रौद्योगिकी प्रणालियों से लैस है। यह दिन और रात, दोनों स्थिति में दुश्मन से मुकाबला कर सकता है। इसने कहा कि हेवी व्हीकल्स फैक्ट्री को मिले इस आर्डर से 'एमएसएमई' सहित 200 से अधिक भारतीय कंपनियों के लिए रक्षा निर्माण में एक बड़ा अवसर खुलेगा और करीब 8,000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।



# अक्टूबर में चालू हो जाएगा गोरखपुर का खाद कारखाना

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

- गोरखपुर विवि में बनेगी बाबा गंभीरनाथ शोधपीठः धर्मेंद्र प्रधान
- ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ पार्क में गुरुवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा और म्यूरल पेंटिंग के जरिए महंत दिग्विजयनाथ की जीवन यात्रा को चित्रित करने वाली पेंटिंग का अनावरण किया। धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में महंत बाबा गंभीरनाथ जी के नाम पर एक शोध पीठ की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुप्रतिक्षित गोरखपुर का खाद कारखाना अक्टूबर में चालू हो जाएगा।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंतश्री जीवनपर्यंत राष्ट्रीयता की भावना को आगे बढ़ाते रहे। गोरखपुर में उनका आगमन दैवयोग से हुआ था। वह इतिहास प्रसिद्ध उस राणा राजवंश से थे जिसने राष्ट्र रक्षा में किसी भी प्रकार का बलिदान देने से संकोच नहीं कियाण् वंशानुगत संस्कार आजीवन उनके में परिलक्षित होता रहा। केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में महंत बाबा गंभीरनाथ जी के नाम पर एक चेयर की स्थापना की जायेगी। महिलाओं-बालिकाओं को समान शिक्षा अधिकार की दिशा में महंत दिग्विजयनाथ का निरन्तर प्रयास रहा और इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गयी, नई शिक्षा नीति का आना एक सुखद संदेश है। जब सभी जाति, सभी वर्ग को समान शिक्षा मिलेगी तो विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश-केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के भाव से निरन्तर कार्य कर रही है। आजादी के 75 साल पूरा होने पर पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है। गोरक्षनाथ एक शिक्षा का धाम है जो सदियों से समाज की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। आजादी की लड़ाई में महंत दिग्विजयनाथ की अहम भूमिका रही है। श्री प्रधान ने कहा कि कोरोना काल खण्ड में मोदी-योगी के कुशल नेतृत्व में इस बीमारी पर नियंत्रण पाया गया। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर उप्र में 40 लाख वैक्सीन लगाकर रिकार्ड कायम किया गया। जब केन्द्र की सरकार बनी थी तो उज्जवला योजना आरम्भ की गयी। इसके तहत देश में 8 करोड़ महिलाओं को निशुल्क कनेक्शन प्रदान किया गया। जिसमें ढाई करोड़ कनेक्शन उत्तर प्रदेश में दिये गये। शीघ्र ही गैस पाइप लाइन के माध्यम से गोरखपुर में गैस की आपूर्ति की जायेगी जिससे महिलाओं को गैस सिलेंडर के लिए इन्तजार नही करना होगा। और यह एलपीजी से सस्ती भी होगी। सरकार गरीबोंए वंचितोंए पिछड़ों के उत्थान की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है।

# देश का गौरव बढ़ाने व सेवा में पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं पीएमः धर्मेंद्र प्रधान



- पीएम मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री व चुनाव सह प्रभारी अनुराग ठाकुर के द्वारा शुभारंभ किया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रतिनिधि के रूप में 20 साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। पार्टी ने सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत 17 सितंबर से लेकर 7 अक्टूबर तक 20 दिन तक जन जागरण व जनसंपर्क के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर भाजपा द्वारा हर जिले में प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यकाल की चुनौतियों, निर्णयों, सेवा व समर्पण के कार्यों को जनता के बीच दिखाया व पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे वर्षों से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब देश के प्रधानमंत्री के रुप में मोदी जी जन कल्याण, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और अब सब के प्रयास से देश का गौरव बढ़ाने और देश सेवा में पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं। आज इस प्रदर्शनी को लगाने का उद्देश्य भी यही है कि नई पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री डा चन्द्रमोहन, प्रदेश प्रवक्ता डा समीर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेसर्स एकोसेफ एग्री साइन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आईईसी कोड AAFCE7506B गुजरात सानंद तहसील अहमदाबाद पिन कोड नम्बर 382170 हम एनपीके फेर्टिलिज़र ग्रटे 19:19:19, 13:40:13, 6:12:36, 13:05:26, 16:08:24, 20:20:20, 12:30:15, 12:32:34 आयात करके मार्केट में किसान के हित के लिए बिक्री करते हैं जो किसान को उत्पादन एवं अच्छी गुणवत्ता के लिए लाभदाई है।

# भाजपा के विकास के दावे को मायावती ने बताया हवाहवाई

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से चुनावी तैयारियों में लग गई हैं। वही तैयारियों के बीच एक बार फिर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के विकास के दावे हवाहवाई व जुमलेबाजी साबित हो रहे हैं। गुरुवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी के लोगों की प्रति व्यक्ति आय सही से नहीं बढ़ने अर्थात यहाँ के करोड़ों लोगों के गरीब व पिछड़े बने रहने सम्बंधी रिजर्व बैंक के ताजा आँकड़े इस आमधारणा को प्रमाणित करते हैं कि भाजपा के विकास के दावे हवाहवाई व जुमलेबाजी हैं। यहाँ इनकी डबल इंजन की सरकार में भी ऐसा क्यों? मायावती ने आगे कहा कि यूपी चुनाव से पहले यहाँ भाजपा के विकास के दावों के खोखले होने का पर्दाफाश होने से अब यह पार्टी धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ व हिन्दू-मुस्लिम विवाद आदि के पुराने संकीर्ण मुद्दे पर वापस आ गई है लेकिन लोग फिर से इनके छलावे में आने वाले नहीं हैं।

# घोटाला, धांधली और जालसाजी हो गया है भाजपा का दूसरा नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की राज्य सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह और पूरी तरह विफल है। उसने अपने किए वादे तो निभा, नहीं, प्रदेश को बदहाली और बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया। भाजपा का दूसरा नाम ही घोटाला, धांधली और जालसाजी हो गया है। भाजपा ने राज्य की जनता को सिर्फ परेशानियां, मंहगाई और भ्रष्टाचार के ही उपहार दिए हैं। 2022 का चुनाव प्रदेश को नई सरकार मिलने का चुनाव होगा। साढ़े चार साल में जनता ने देखा है कि कैसे प्रदेश विकास और प्रगति में पीछे हुआ है। आज उत्तर प्रदेश की जनता चाहती है कि प्रदेश में प्रोग्रेसिव पॉलिटिक्स हो और लोक कल्याणकारी सरकार सत्ता में आए।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने सपा सरकार की व्यवस्थाओं को चौपट करने के अलावा कुछ और नहीं किया है। भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते शिक्षा व्यवस्था गर्त में है। देश का भविष्य विद्यालय परिसरों में जलभराव के कारण छप्पर में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का एक नमूना बरेली जिले में देखने को मिला, जहां एक बच्ची की मृत्यु डेंगू से होने पर स्वास्थ्य महकमा छह दिन तक रिपोर्ट दबाए बैठा रहा। कोरोना की तरह डेंगू से मौतों को भी प्रशासन दबाने पर तुला हुआ है। वाराणसी में बीएचयू अस्पताल में बेड न होने से स्ट्रेचर पर इलाज हो रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पहले ढिंढोरा पीटती है फिर विज्ञापन में विकास का हल्ला मचाती है। उन्नाव में सन 2018 में महिलाओं के लिए बने पिंक शौचालयों को कागजों में नया दिखाकर निर्माण वर्ष 2021 में कर दिया गया। ईंट लगी न सीमेंट बस बन गया शौचालय। यही है भाजपा का हवाई विकास। सच्चाई यही है कि प्रदेश में भाजपा ने एक भी योजना को धरती पर नहीं उतारा है।

# अखिलेश को दिखाई और सुनाई नहीं देताः सिद्धार्थ नाथ



**लखनऊ।** योगी सरकार के मंत्री और सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा है कि ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरी के मामले में न शासन चुप और न प्रशासन मौन लेकिन सपा मुखिया अखिलेश यादव को कुछ सुनाई और दिखाई नहीं देता। ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरि के मामले से संबंधित जो गिरफ्तारियां हुईं हैं। सरकार ने बिना देर किए सीबीआई जांच की जो सिफारिश की है। अखिलेश ने अपने ट्वीट में लिखा है कि शासन की चुप्पी, प्रशासन का मौन पूज्य स्वर्गीय नरेंद्र गिरि जी को माननेवालों के लिए गहरे अवसाद का कारण बन रहा है। सत्य का प्रकाशन, शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए न कि सत्य का आच्छादन। इसके जवाब में सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि अखिलेश जी पूर्व मुख्यमंत्री और एक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की मर्यादा का तो ख्याल रखिए। लाश पर राजनीति आपको शोभा नहीं देती। यह काम तो गिद्धों का है। आपको भाजपा का कोई भी अच्छा काम दिखता नहीं है तो दोष आपका है। थोड़ा धैर्य रखना सीखें। इस अधीरता से सत्ता में आने का आपका ख्वाब पूरा होने से रहा। अलबत्ता जगहंसाई जरूर होगी हो भी रही है।

# हाईकोर्ट-सचिवालय के कर्मियों से सम्मानजनक व्यवहार करे पुलिस

**लखनऊ।** शासन ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पुलिस प्रशासन के लोगों द्वारा सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उनसे संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किए जाने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से परिपत्र जारी किया गया है। राज्य के सभी मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, जिलाधकारी और पुलिस कप्तानों को दिए गए निर्देश में अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय प्रदेश की सर्वोच्च संस्थाएं है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों की कार्यालयी व्यस्तता के कारण उनके द्वारा अपने प्रकरणों की पैरवी के लिए समयाभाव रहता है। अतएव उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियोंए कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किये जाना तथा उनसे संबंधित प्रकरणों में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए संवेदनशीलता एवं उदारता पूर्वक समयबद्ध निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करे।

# ठगी का शिकार पीड़ितों के लिए मरहम साबित हो रहे हैं साइबर क्राइम थाने

- 18 रेंज में साइबर क्राइम थानों ने अब तक पीड़ितों के खाते में वापस कराए 2 करोड़ 2 लाख 35 हजार 407 रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल साइबर क्राइम की चुनौतियों को काफी गंभीरता से लिया है। उनके प्रयासों का नतीजा है कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रदेश के साइबर क्राइम थाने पीड़ितों के लिए मरहम साबित हो रहे हैं। इन थानों द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ितों के खातों में ठगी के रुपए वापस कराने में व्यापक सफलता प्राप्त की गयी। प्रवक्ता ने बताया कि 15 से 30 सितंबर तक पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम के प्रति प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। विगत वर्षों में साइबर ठगों द्वारा सुदूर राज्यों में बैठकर आनलाइन साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के अपराध के सम्बन्ध में साइबर क्राइम उप्र पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए यथा सम्भव आनलाइन साइबर ठगी से पीड़ित व्यक्तियों के ठगे गये रुपए वापस कराए गए। अभी तक 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों द्वारा अभियोगो से सम्बन्धित प्रकरणों में कुल 20235407 रुपए पीड़ित के खातों में बरामद कराए गए हैं तथा 50099534 रुपए बैंकों में फ्रीज कराये गये हैं। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जरूरी निर्देश साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 155260-112 पर दें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके। साइबर अपराध एनसीआरपी पोर्टल की वेबसाइट पर दर्ज करें।

खाते में केवाईसी अपडेट कराने के लिए बैंको द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीवीए पिन नम्बर नहीं मांगी जाती है। किसी के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी बेवसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जनकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जांच लें। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभागए कम्पनियों के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। अज्ञात व्यक्ति, अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

# यूपी में 54 फीसदी लोगों को मिली टीके की पहली खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 54 फीसदी को टीके की पहली खुराक मिल गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक यूपी में टीके की पहली खुराक पाने वालों का आंकड़ा 8 करोड़ के पार हो गया जबकि 178 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश 9 करोड़ 85 लाख से अधिक वैक्सीन लगाने वाला पहला राज्य बन गया है।

प्रदेश में कोविड की रोकथाम के लिए जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यूपी में कोरोना संक्रमण किस कदर कमजोर पड़ चुका है। बीते 24 घंटों में हुई टेस्टिंग से सहज ही लगाया जा सकता है। विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 20 हजार 65 सैम्पल टेस्टिंग में मात्र 11 नए मरीजों मिले। इसी अवधि में 20 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 186 रह गई है। प्रदेश के 30 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 69 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 71 लाख 45 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 644 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमण की न्यूनतम दर पर सन्तोष जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नियोजित प्रयासों से कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है।

# सिंगापुर की कंपनियां निवेश की इच्छुक, भूमि उपलब्ध कराएगी सरकार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- सतीश महाना से सिंगापुर के उच्चायुक्त के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने की भेंट

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना से विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग वी कुन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टक, इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप एवं डाटा सेंटर के क्षेत्र में निवेश करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर की दो कंपनियां नोएडा में डाटा सेंटर की स्थापना करना चाहती हैं। साथ ही एक अन्य कंपनी कानपुर में एग्रो के क्षेत्र में निवेश की इच्छुक है। इसके अलावा वाराणसी में भी निवेशक स्किल सेंटर के क्षेत्र में निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने उद्यम स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया।

सिंगापुर के प्रतिनिधि मण्डल ने अवगत कराया कि सिंगापुर के निवेशक यूपी में एमएसएमई के क्षेत्र में निवेश के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच व्यापारिक रिश्ते काफी मजबूत हैं। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में सिंगापुर के उद्यमी अपना अहम योगदान दे सकते हैं। लॉजिस्टिक, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं। सिंगापुर के उद्यमी ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से काफी प्रभावित हैं। दादरी एवं जेवर का मास्टर प्लान उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में विश्व की बहुत सी इलेक्ट्रानिक कंपनियां चीन से बाहर जा रही हैं। उत्तर प्रदेश ऐसी कंपनियों को अपने यहां आकर्षित करने के लिए बेहतर विकल्प साबित होगा। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। यहां उद्योग लगाने पर आसानी से दक्ष कारीगर उपलब्ध होंगे और निवेशकों को बड़ा उपभोक्ता बाजार भी मिलेगा। प्रदेश में आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर विकास हुआ है। इसके फलस्वरूप उप्र सिंगापुर के निवेशकों के लिए नम्बर वन हाट-स्पाट बन गया है। महाना ने कहा कि सरकार निवेशकों को हर प्रकार की सहूलियत एवं सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

## सिंगापुर के उच्चायुक्त ने की सीएस से मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी से सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। इस मौके पर मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के कारण दुनियाभर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो रहा है। प्रदेश निवेशकों को अनुकूल एवं भयमुक्त वातावरण प्रदान कर रहा है। प्रदेश में 21 नई इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली नीतियाँ लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता की हुगली नदी से वाराणसी तथा प्रयागराज तक जलमार्ग भी बहुत तेजी से विकसित किया जा रहा है जिससे उद्योगों को और अधिक गति मिलेगी। प्रदेश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है तथा उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में स्किल्ड मैन पावर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये तथा सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग ने मुख्य सचिव को एक पुस्तक भेंट की।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम अशोक कुमार से बदलकर अशोक कुमार गुप्ता कर लिया है भविष्य में मुझे अशोक कुमार गुप्ता S/O मूल चंद गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाए 128/169/12-A, K-Block Kidwai Nagar Kanpur 208011

**सूचना**

मैंने अपना नाम अंजना से बदल कर अंजना गुप्ता कर लिया है भविष्य में मुझे अंजना गुप्ता वाइफ ऑफ अशोक कुमार गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाए 128/169/12-A, K-Block Kidwai Nagar Kanpur 208011

**सूचना**

मेरे भवन जो प्लॉट नंबर-B/3/0147, सेक्टर -B, पॉकेट-3, 0147 सेक्टर- बी पॉकेट-3, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र दिनांक-07.03.2007 और मूल कब्जा प्रमाण पत्र दिनांक 5.12.2012 जो कि वास्तव में खो गया है

**सूचना**

मेरे मूल दस्तावेज विक्रय विलेख नंबर 4904 दिनांक- 02.06.1997 जो दिवेश दीपक ने श्रीमती अफाक फातिमा के पक्ष में निष्पादित है और रजिस्टर प्रथम लखनऊ में पंजीकृत है वास्तव में खो गया है

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 4/55 विरामखण्ड गोमती नगर लखनऊ का मूल आवंटन-पत्र कहीं खो गया है। उक्त आवंटन-पत्र का उपयोग अवैध माना जाय। अजय कुमार नि0 4/55 विराम खण्ड गोमती नगर लखनऊ मो0 9140441348

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने दोनों पुत्रों आदित्य सिंह व सोनू सिंह को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। जय सिंह पुत्र स्व0 तेजपाल सिंह निवासी-ग्राम दलेलनगर थाना कोतवाली देहात, तहसील व जिला सीतापुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम अहमद फराज दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में उसका नाम अहमद फराज खान दर्ज है जो कि सही है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अहमद फराज खान ही पढ़ा व समझा जाये। तस्लीमुर्रहमान खान पुत्र जियाउर्रहमान खान निवासी - म0नं0 259, मिरदही टोला, तहसील व जिला सीतापुर

**सूचना**

मेरे भवन सं0-456 ब्लाक-सी स्कीम एलआईजी-4 गुजैनी के0यू0डी0पी0 कानपुर के फ्री होल्ड डीड दिनांकित 01.04.1997 बही सं0 I खण्ड 937 पेज 311-340 क्रमांक 908 जोन III कानपुर में पंजीकृत जो कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निष्पादित (फ्री होल्ड डीड) अशोक कुमार साहनी पुत्र सी0एल0 साहनी को फ्री होल्ड डीड दिनांक 01.04.1997 को किया था। दिनांक 02.09.2021 को फ्री होल्ड डीड दिनांक 01.04.1997 के स्टाम्प मेरे घर से बर्रा कानपुर के बीच गिरकर खो गये जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-5, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्र सं0 : 151/EE-5/2021-22/निविदा सूचना, दिनांक : 23.09.2021

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 30.09.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-5 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाऐं दिनांक 30.09.2021 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-5 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 30.09.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-5 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. गुरुनानक नगर वार्ड के अन्तर्गत मोहल्ला प्रेमनगर में गुप्ता मार्केट के पास म0नं0-569च/541/श्री मनोज कुमार के घर के निकट एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200 एमएम) का कार्य, धरोहर राशि रु० 8300/- एवं निविदा मूल्य रु० 400/-

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-5**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) प्रथम तल 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र सेक्टर-5 गोमती नगर विस्तार लखनऊ। मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) E-mail : eecivildlko@rediffmail.com अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-निविदा) संख्या 13/विजाखं(वि0)/एल/ई-टेन्डर/2021-22 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट www.mvvnl.in तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है निविदा का प्रथम एवं द्वितीय भाग बेवसाईट पर लोड करने की अन्तिम तिथि 07.10.2021 समय 170:0 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी) तिथि 08.10.2021 समय 14:30 बजे से खोला जायेगा। जिसके परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाग (भाग-द्वितीय) बाद में खोले जायेगें। निविदा के भाग-1 जिसमें निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि, अनुभव प्रमाण पत्र, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति, जी0एस0टी0 एवं लेबर सेस में पंजीकरण का प्रमाणपत्र, विगत तीन वर्षों का ITR एवं विशेष नियम एवं शर्तें होंगी। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग - 2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रस्ताव केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते है। निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, हलवासिया हजरतगंज, लखनऊ के खाता संख्या - 0294002100078232 आई0एफ0एस0सी0 कोड- PUNB0029400 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी। निविदा का भाग-1 व 2 (प्राइस बिड) केवल बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा, निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि की आर०टी0जी0एस0 साक्ष्य (रसीद) को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवं किसी भी प्रकार की है हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी, निविदा के प्रथम भाग प्राप्त/खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होनी चाहिए। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना उपरोक्त अंकित बेवसाइटों पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करना अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **(1) निविदा विशिष्ट सं0 19/ विजाखं (वि0)/एल/टेन्डर/2021-22** I कार्य का नामः- 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र अमराई गाँव, लखनऊ के कन्ट्रोल रूम की छत पर रूफट्रीटमेन्ट का कार्य। II धरोहर धनराशि :- रु0 4,000.00 (रु0 चार हजार मात्र) III समयावधि :- एक माह। IV निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण), 33/11 के0वी० विद्युत उपकेन्द्र, (प्रथम तल) सेक्टर-5 गोमतीनगर (विस्तार), लखनऊ पत्रांक- 1144 दिनांक 22.9.2021 हेल्पलाईन नम्बर- 18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्व की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# आयुष्मान भारत दिवस पर लोहिया व चरक अस्पताल सम्मानित



## ● सबसे अधिक लाभार्थियों को सेवा पहुँचाने पर डीएम ने दिया प्रशस्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तीन साल पूरे होने पर गुरुवार को राजधानी में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत डॉ राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय और निजी क्षेत्र के चरक अस्पताल को विशेष उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि राममनोहर लोहिया अस्पताल ने 6023 और चरक अस्पताल ने 5919 मरीजों का इस योजना के तहत अब तक इलाज कर सराहनीय कार्य किया है। अन्य अस्पतालों को भी अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल करने का प्रयास करना चाहिए। सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय, सीएमओ डा मनोज अग्रवाल, एडीएम पूर्वी केपी सिंह, आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी अनूप श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# यूपी स्टार्टअप पालिसी में मिलेगी 5 लाख रुपये की सीड मनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप पालिसी 2020 पर ऑनलाइन बूटाथन का आयोजन किया गया। ऑनलाइन बूटाथन आयोजन का उद्देश्य विवि के सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वरोजगारपरक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश स्टार्टअप पालिसी 2020 के विषय में व्यापक जानकारी प्रदान करना रहा। बूटाथन में विवि के सह-अधिष्ठाता डॉ अनुज शर्मा ने बताया कि विवि द्वारा यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी विभाग के संयुक्त प्रयास से इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विवि द्वारा यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेश में स्टार्टअप कल्चर को बेहतर बनाने के लिए सम्बद्ध संस्थानों में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी विभाग के परामर्शी अंकित गुलाटी ने बताया कि यूपी स्टार्टअप पालिसी के अंतर्गत प्रदेश में रजिस्टर्ड स्टार्टअप को 5 लाख रूपये की सीड मनी दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही 15 हजार रूपये प्रतिमाह सस्टेनेन्स भत्ता प्रतिमाह प्रदान किया जाना प्रावधानित है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप पालिसी के अंतर्गत 10 हजार आईडिया को स्टार्टअप में तब्दील करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि एकेटीयू के संयुक्त प्रयास से विवि परिसर में इन्क्यूबेशन हब स्थापित किया जायेगा।

# अभियोजन साक्ष्य का अंतिम अवसर समाप्त

**लखनऊ ( विसं )।** एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने 27 साल पुराने एक आपराधिक मामले में पिछले दो साल से गवाही के पुलिस के गवाहों को पेश नहीं करने पर अभियोजन साक्ष्य का अवसर समाप्त कर दिया है। उन्होंने अब मुल्जिमों के बयान के लिए 20 अक्टूबर की तारीख तय की है। उन्होंने उस रोज मल्जिम अरविंद कुमार सिंह गोप, धीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, मेराज अहमद, मुकेश शुक्ला, मनोज सिंह, जितेंद्र मिश्रा, विवेकानंद, प्रद्युम्न वर्मा, विष्णुकांत पांडेय, राजीव कुमार सिंह व रमेश प्रताप सिंह को व्यक्तिगत रुप से अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। उन्होंने अपने इस आदेश की प्रति जिलाधिकारीए व पुलिस आयुक्त के साथ ही पुलिस महानिदेशक को भी भेजने का आदेश दिया है। थाना हसनगंज से संबधित यह मामला लखनऊ विवि से जुड़ा है। 21 फरवरी 1994 को इस मामले की हत्या का प्रयास व अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर खुद पुलिस ने दर्ज कराई थी। इस मामले में गवाही की प्रक्रिया चल रही थी लेकिन पिछले दो साल से अभियोजन की ओर से कांस्टेबिल सुरेश कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह व प्रेम शंकर भारती को गवाही के लिए पेश नहीं किया जा सका।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व अनुराग ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की

# धर्मातरण मामला: कलीम को 10 दिन के लिए एटीएस की कस्टडी में सौंपने का आदेश

लखनऊ। विधि संवाददाता

**एनआईए,** एटीएस के विशेष जज योगेन्द्र राम गुप्ता ने धर्मांतरण के अवैध मामले में निरुद्ध मुल्जिम मोहम्मद कलीम सिद्दीकी को 10 दिन के लिए एटीएस की कस्टडी मे सौंपने का आदेश दिया है। इसकी कस्टडी रिमांड की यह अवधि 24 सितंबर की सुबह 10 बजे से शुरु होकर चार अक्टूबर की सुबह 10 बजे तक होगी। उन्होंने यह आदेश इस मामले के विवेचक व एटीएस के निरीक्षक निरीक्षक चैम्पियन लाल की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है।

बीते बुधवार को मेरठ से गिरफ्तार इस मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। एटीएस ने इसका न्यायिक रिमांड हासिल करने के बाद इसे 12 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड में देने की अर्जी भी दाखिल की थी। गुरुवार को इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान विवेचक का कहना था कि इसके कब्जे से मोबाइल फोन तथा सात देशी व विदेशी सिमकार्ड बरामद हुए हैं। इसके द्वारा कई मदरसों एवं जमीयत ए इमाम वलीउल्ला ट्रस्ट का संचालन किया जाता है। जिसके माध्यम से गैर मुस्लिमों को दावत देकर उनका मुस्लिम धर्म में परिवर्तन कराया जाता है। यह अपने तकरीरों व साहित्यों के जरिए लोगों को यकीन दिलाता है कि गैर मुस्लिम होना लानत की बात है। और जब लोग इसकी बातों में आकर धर्म परिवर्ततन को तैयार हो जाते हैं तो यह अन्य मुल्जिमों के साथ मिलकर उनका धर्मातंरण प्रमाण पत्र व दस्तावेज बनवाने का कार्य करता है। विवेचना के क्रम में इससे बरामद मोबाइल फोन व सिमकार्ड का डाटा एक्सट्रेशन संबधी तथ्यों की रिकवरी करानी है। इसके बैंक खातों का विश्लेषण कर पूछताछ करना है।

इस मामले में पहले से न्यायिक हिरासत में निरुद्ध मुल्जिम मोहम्मद उमर गौतम के इस्लामिक दावा सेंटर के माध्यम से कराए गए धर्म परिवर्तन से संबधित व्यक्तियों को इससे चिन्हित कराना है। इसके लिए इसे मेरठ, मुज्जफरनगर, दिल्ली व अन्य स्थानों पर ले जाना है। इसकी निशानदेही पर इसके द्वारा संचालित जमीयत ए इमाम वलीउल्ला ट्रस्ट के अभिलेखों की बरामदगी करानी है। इससे गहन पूछताछ कर अन्य तथ्यों की भी बरामदगी करानी है। इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान मुल्जिम भी जेल से अदालत में उपस्थित था। 20 जून 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी। अब तक इस मामले में 11 मुल्ज्मिों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। इनमें छह के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

## पॉक्सो की विशेष अदालत ने निरीक्षक व उपनिरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया

**लखनऊ ( विसं )।** पॉक्सो के विशेष जज महेश चन्द्र वर्मा ने पीड़िता द्वारा सामुहिक दुराचार का बयान दर्ज कराने के बाद भी सिर्फ एक मुल्जिम के विरुद्ध कम दंडनीय धाराओं में चार्जशीट दाखिल करने पर कड़ा रवैया अपनाया है। उन्होंने इस मामले के विवेचक व थाना चिनहट के तत्कालीन उपनिरीक्षक प्रेम प्रकाश व तत्कालीन निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया है।

उन्होंने इस सदंर्भ में प्रदेश के डीजीपी को पत्र जारी किया है। उनसे कहा है कि अवैधानिक कृत्यों के लिए विवेचकों के विरुद्ध कार्यवाही कर उसकी रिपोर्ट एक माह में प्रेषित की जाए। उन्होंने इसके साथ ही मुल्जिम वाल्टर की जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है। अदालत के समक्ष अभियोजन की ओर से मुल्जिम वाल्टर की जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया गया। विशेष लोक अभियोजक अशोक श्रीवास्तव का कहना था कि इस मामले की एफआईआर थाना चिनहट में नाबालिग पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी। उन्होंने जमानत अर्जी पर बहस के दौरान अदालत को इस तथ्य से अवगत कराया कि इस मामले में पीड़िता ने मुल्जिम व उसके साथियों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 161 व 164 के तहत अपना बयान दर्ज कराया था लेकिन मुल्जिमों को बचाने के इरादे से जानबूझकर उसका फिर से मजीद बयान दर्ज कराया गया। फिर इसी आधार पर पॉक्सो की कम दंडनीय धाराओं में सिर्फ एक मुल्जिम वाल्टर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया गया।

### सीओ जियाउल हक हत्याकांड मामला

## अग्रिम विवेचना को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**प्रतापगढ़** के कुंडा में सीओ जियाउल हक व दो अन्य की हत्या के मामले में अग्रिम विवेचना के आदेश को चुनौती देनी वाली याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश इस याचिका पर सुनवाई के दौरान किसी के पेश नहीं होने पर दिया है। पीठ के समक्ष यह याचिका वर्ष 2014 से विचाराधीन थी। इस हत्याकांड मामले में सीओ जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद की एफआईआर पर अंतिम रिपोर्ट लगाते हुए सीबीआई ने रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया व अन्य मुल्जिमों को क्लीन चिट दिया था। परवीन आजाद ने सीबीआई की इस अंतिम रिपोर्ट प्रोटेस्ट अर्जी दाखिल कर चुनौती दी थी। आठ जुलाई 2014 को सीबीआई की विशेष अदालत ने उनकी अर्जी मंजूर करते हुए अंतिम रिपोर्ट को निरस्त कर दिया था। साथ ही अग्रिम विवेचना का आदेश दिया था।

## हाईकोर्ट ने निरीक्षकों की वरिष्ठता सूची को किया खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**यूपी** पुलिस के निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति देने के लिए बनाई गई वरिष्ठता सूची को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने इसके साथ ही सिविल पुलिस और पीएसी के निरीक्षकों की संयुक्त वरिष्ठता सूची भी उत्तर प्रदेश लोक सेवक वरिष्ठता नियम के मुताबिक एक माह में बनाने का आदेश दिया है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश विजय सिंह की याचिका पर दिया है। पीठ ने हालाकि 22 नवंबर 2019 की इस सूची के मुताबिक पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति पाए दो अधिकारियों को नई वरिष्ठता सूची के तैयार होने तक पद पर रिवर्ट नहीं करने का भी आदेश दिया है। याचिका में इन दोनों अधिकारियों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि ते हुए यह दोनों अधिकारी उससे जूनियर है। बावजूद इसके 2019 की वरिष्ठता सूची के तहत उन्हें उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गई और उसे नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस संदर्भ में पुलिस महानिदेशक के आदेश से दो सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया था। इस कमेटी ने भी सलाह दिया था कि सिविल पुलिस व पीएसी के निरीक्षकों की संयुक्त वरिष्ठता सूची बनाई जानी चाहिए। एकल पीठ ने पाया कि 22 नवंबर 2019 की सूची उप्र लोक सेवक वरिष्ठता विनियम के नियम 7 के मुताबिक नहीं बनाई गई है।

## जालसाजों ने खाते से उड़ाए रुपए

**लखनऊ।** जालसाजों ने तीन लोगों के खातों से 86 हजार रुपये पार कर दिये। पीड़ितों ने आशियाना पीजीआई और सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना एलडीए कॉलोनी सेक्टर-के निवासी वीरेन्द्र गुप्ता को जालसाज ने व्हाट्सएप लिंक भेजकर पेटीएम से तीन बार में 32500 रुपये पार कर दिये। सरोजनीनगर के महेश सिंह के कार्ड का क्लोन कर तीन बार में 28 हजार निकाल लिए। पीजीआई की बंगाली टोला निवासी अनिल शर्मा के कार्ड का क्लोन बना तीन बार में 25 हजार रुपये गायब कर दिये। पुलिस के मुताबिक केस दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

## इश्योरेंस क्लेम का झांसा देकर रुपये हड़पे

**लखनऊ।** बंद हो चुकी इश्योरेंस पॉलिसी पर क्लेम दिलाने का झांसा देते हुए रेलकर्मी कर्मी से 24 हजार रुपये ठगों ने झटक लिए। पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णानगर ओशोनगर निवासी शिव कुमार डीआरएम ऑफिस में कार्यरत हैं। उन्होंने निजी कम्पनी से वर्ष 2011 में पॉलिसी थी। तीन साल तक उन्होंने किस्तें जमा की। इसके बाद प्रीमियम जमा नहीं किया था। शिव कुमार के अनुसार 27 अगस्त को उन्हें इश्योरेंस कर्मी सत्यपाल सिंह राठौर के नाम से फोन आया था। जिसने पॉलिसी पर ढाई लाख रुपये का क्लेम दिलाने का दावा किया था। बातों में उलझाने के बाद ठग ने शिव कुमार से करीब 24 हजार रुपये एक एकाउंट में जमा कराए थे।

## हर जिले में मुफ्त में उपलब्ध होगा हेपेटाइटिस का उपचार

**लखनऊ।** प्रदेश में हेपेटाइटिस पीड़ित रोगियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। हर जिले में अब बीमारी का मुफ्त उपचार उपलब्ध होगा। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत सरकार अस्पतालों में हेपेटाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर खोलने जा रही है। माना जा रहा है कि दिसंबर तक इन सेंटरों पर इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। अभी तक प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 50 हेपेटाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर खोले गए हैं जबकि 12 अस्पतालों में वायरल लोड सेंटर संचालित हैं। इन पर हेपेटाइटिस बी और सी के रोगियों को मुफ्त जांच व इलाज की सुविधा दी जाती है। संचारी रोग के नोडल ऑफीसर डॉ विकासेंदु अग्रवाल ने कहा कि अब 20 और जिलों में ट्रीटमेंट सेंटर खोलने की अनुमति मिल गई है। ऐसे में राज्य के सभी 75 जनपदों में हेपेटाइटिस बी व सी के मरीजों को मुफ्त इलाज मिलने लगेगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ ने अयोध्या चलो का किया अवाहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ठाकुरगंज** फरीदीपुर स्थित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ के कार्यालय पर गुरूवार को राष्ट्रसंत ब्रह्मालीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर एक अक्टूबर को चलो अयोध्या कार्यक्रम को लेकर बैठक की। कार्यक्रम को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने ने संबोधित किया और कहा कि एक अक्टूबर को धर्म संसद होना है और दो अक्टूबर को भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर जगदगुरू आचार्य परमहंस महाराज सरयू में जल समाधि लेंगे। जिसमें कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अयोध्या पहुँचने का आवाहन किया। इस मौके पर अनिल शुक्ला, हनुमान त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश गुप्ता, सुनील सिंह चौहान, सूरज पाण्डेय, पुष्कर ठाकुर, मंगल पाण्डेय, श्रवण, आकाश वर्मा, अंकित तिवारी, विश्वनाथ ओझा सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल थे।

## नशे में सो रहे व्यक्ति की वाहन टक्कर से मौत

**लखनऊ।** राजधानी के सहादतगंज थाना क्षेत्र में एक वृद्ध की अज्ञात वाहन से टक्कर से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लकड़मंडी थाना सहादतगंज निवासी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका छोटा भाई अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम दास गुप्ता लकड़ मंडी थाना सहादतगंज मैं रहता था। वह नशे का आदी था। घर से बाहर नशा करके चला जाता था। बीते बुधवार की रात को ट्रांसफार्मर की ट्राली के नीचे रोड पर सो रहा था।उसी दौरान बीती रात को किसी अज्ञात वाहन ने उसके भाई के पैर में ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खून अधिक बह जाने से उसकी मौत हो गई। सुबह जब देखा गया तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बीमारी से हेड कांस्टेबल की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी हेड कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम हडहा बमैला थाना हडिंया प्रयागराज निवासी प्रकाश सिंह पुत्र सूबेदार सिंह ने बताया कि उनके पिता सूबेदार सिंह हेड कांस्टेबल के पद पर हमीरपुर में 112 डायल में तैनात थे। वह तीन-चार दिनों से बीमार चल रहे थे।

## मार्फीन के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** थाना पीजीआई इलाके ग्रामीण क्षेत्रों मे नशा के मादक पदार्थों की तस्करी की मिली रही लगातार सूचना को अमल करते हुए स्थानीय पुलिस एवं पूर्वी जोन एडीसीपी की क्राईम टीम की संयुक्त कार्यवाही मे थाना क्षेत्र से गुरुवार को तीन युवकों को मादक पदार्थ 575 ग्राम अवैध मार्फिन के साथ गिरफ्तार कर लिया जिसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 35 लाख बताई जा रही है। इस्पेक्टर आंनद शुक्ला ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे क्षेत्र मे अभियान के तहत गुरुवार को कल्ली पश्चिम के ग्राम गजबरियन खेड़ा मार्ग पर क्षेत्र चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन के साथ तीन लोगों से पूछताछ की गई तो सही जबाब नही सके मामला संदिग्ध लगने पर तीनो लोगो समेत वाहन चेक किया गया तो इनके पास अवैध मादक पदार्थ मार्फिन बरामद हुई।

# स्कूली बच्चे बताएंगे घर मे कितने सदस्यों का हुआ टीकाकरण

## ● 27 को शहर में होगा महा टीकाकरण अभियान का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शत**-प्रतिशत कोविड टीकाकरण में अब स्कूली बच्चों का सहयोग लिया जाएगा। बच्चे बताएंगे कि उनके घर मे कितने लोगों का वैक्सीनेशन हुआ है। इसके लिए जागरूकता के तौर पर सभी स्कूलों के प्रिंसिपल को एक फॉर्म भेजा जाएगा। उक्त फार्म को स्कूल के सब बच्चे अपने घर लेकर जाएंगे और अपने अभिभावकों से उसको भरवा कर स्कूल में जमा करेंगे। जिसमे अभिभावक घर मे कितने लोगों का वैक्सिनेशन हुआ है या नही उसका विवरण दर्ज करेगे। जिन लोगों का वैक्सिनेशन नही हुआ होगा तो उनको कैम्प में बुला कर टीकाकरण कराया जाएगा।

27 सितम्बर को लखनऊ में महा टीकाकरण अभियान को लेकर गुरुवार को डीएम अभिषेक प्रकाश ने कोविड टीकाकरण, कोविड प्रबन्धन व डेंगू की रोकथाम को लेकर स्मार्ट सिटी सभागार बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा



कि आगामी 27 सितम्बर 2021 को एक महा टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डीएम ने बताया गया कि अभियान के लिए टीकाकरण के लक्ष्य को दुगना किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी अधिकारी कोशिश करे कि दोगुना लक्ष्य की पूर्ति की जाए और जल्द से जल्द जनपद के सभी लोगो को वैक्सिनेटेड किया जाए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक अर्बन यूनिट के लिए 2000 व्यक्तियों के टीकाकरण का लक्ष्य व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव में क्लस्टर अप्रोच करते हुए प्रति क्लस्टर 1000 व्यक्तियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। डीएम ने बताया कि आगामी महा अभियान को सफल बनाने और दुगने लक्ष्य की प्राप्ति के उद्देश्य से कल से प्रत्येक ब्लाकवार 1-1 सीनियर नोडल अधिकारी को अपने ब्लाक में कैम्प करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्लाकवार डीएम द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नामित किये गए नोडल अधिकारी अपने अपने ब्लाक में कैम्प करना सुनिश्चित कराएंगे। वैक्सिनेशन के दिन सभी बीडीओ द्वारा अपने अपने ब्लाक के डेटा एंट्री ऑपरेटर की मॉनिटरिंग की जाएगी। डीएम ने बताया कि एयरपोर्ट पर क्यूआर स्कैनर की व्यवस्था कराई जाए जिससे कि फर्जी कोविड रिपोर्ट की जांच हो सके और कोविड रिपोर्ट का क्रास वेरिफिकेशन हो सके। जो भी कोविड केस आ रहे है उसमें ज़्यादातर फॉरेन ट्रैवेलर्स और उनके कांटैक्ट ही है। ज़िलाधिकारी द्वारा बताया गया कि कोविड पॉज़िटिव रोगियों को पूरी तरह से आइसोलेशन में रखा जाए और उनके मोबाईल में ऐप इंस्टाल करना सुनिश्चित कराया जाए ताकि उनका लोकेशन ट्रेक किया जा सके। कोविड पॉज़िटिव रोगियों को ट्रैक किया जाए और मिनिमम दिन में 2 बार उनके घर रैंडम चेकिंग के लिए जाया जाए। डीएम ने बताया कि ज़्यादातर डेंगू से सम्बंधित मामले कानपुर रोड की तरफ से आ रहे है।

## आर्थिक रूप से निर्भर दम्पति को भी मिलेगा चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आर्थिक** रूप से निर्भर दम्पत्ति को भी एक दूसरे की चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा। यदि दोनों सरकारी सेवारत हैं तब भी उन्हें यह लाभ प्राप्त होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसे लेकर स्पष्टीकरण जारी कर दिया गया है। अभी तक उप्र सरकारी सेवक चिकित्सा परिचर्या नियमावली 2014 में परिवार की दी गई परिभाषा में स्पष्ट न होने के कारण संशय की स्थिति बनी रहती थी। जिसके कारण सरकारी नौकरी कर रहे पति या पत्नी दोनों में से किसी एक की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर एक-दूसरे को चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर लाभ नहीं मिल पाता था। कार्यालय में फाइल चक्कर काटती रहती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी यह निर्देश सभी विभागों पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति के मामलों पर लागू होगा।

शुभम्
शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा),
फोन : 0124-4212530/31/32, ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

अचल सम्पत्ति(यों) की बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना
नियम 8(6) के परंतुक तथा परिशिष्ट 4-क के अनुसार अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे कम्पनी कही गई है) का एक प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदारों, जिनके नाम नीचे कालम (सी) में दर्शाए गए हैं, को नीचे कालम (डी) में उनके नाम के सामने दर्शाई गई तिथियों को मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें उनसे कालम (ई) में दर्शाई गई उनकी तरफ बकाया राशियों का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदारों तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त बकाया राशि की वसूली के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 9 के तहत उसको प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कम्पनी के पास बंधक रखी गई सम्पत्ति, जिसका वर्णन कालम (एफ) में दिया गया है, का कब्जा नीचे कालम (एच) मे वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को कालम (एफ) में वर्णित सम्पत्ति के संबंध मे संव्यवहार नहीं करने हेतु सतर्क किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की कालम (जी) में वर्णित बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।
अब, कर्जदार तथा जन साधारण को एतद्द्वारा यह सूचना भी दी जाती है कि उक्त सम्पत्तियां प्रत्येक सम्पत्ति के सामने कालम (क) में विनिर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर नीचे वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत तथा प्रक्रिया के अनुसार मोहरबंद लिफाफों में बोलियां आमंत्रित करने के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएंगी।

| क्र. सं. ए | आवेदन सं. बी | कर्जदारों का नाम एवं पता सी | धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि डी | मांग सूचना राशि ई | कब्जे में ली गई सम्पत्ति एफ | 22-09-2021 तक बकाया राशि जी | कब्जा की तिथि एच | वर्तमान आरपी (रू.) आई | ईएमडी (रू.) (आरपी की 10 प्रतिशत) जे | नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान के |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | VRN_1406_023064 | घूरे लाल शर्मा, खुशबू शर्मा, कठौरी, लौन्डा, लौडा, सकलडीह, चंदौली, उत्तर प्रदेश -232104 | 05-11-2018 | रू. 3,76,007/- | अराजी नंबर 63, मौजा : अलीनगर, परगना-धूस, तहसील एवं जिला - चंदौली, उत्तर प्रदेश-232101 | रू. 4,32,658/- | 31-05-2019 (भौतिक) | रू. 16,28,700/- | रू. 1,62,870/- | 26-10-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 2 | LKW_1506_040296 | शीला तिवारी, अमिताभ तिवारी, एल-2/10, अलीगंज, सेक्टर-बी, निकट एलआईसी कालोनी, लखनऊ-226020 | 19-08-2016 | रू. 14,69,701/- | खसरा नंबर 478 एवं 481 (मिनजुमला) स्थित भूमि पर प्लॉट नंबर 75 का भाग, गौर भीथ, वार्ड फैजुल्लागंज, लखनऊ-226021 | रू. 27,31,679/- | 31-03-2021 (भौतिक) | रू. 12,88,000/- | रू. 1,28,800/- | 26-10-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 3. | 0SRT1609 000005001928 | संतोष दीपचंद राजभर, नीरपति संतोष राजभर, लावर्छी बरहाज बरथाज देवरिया, उत्तर प्रदेश-274601 | 22-05-2021 | रू. 3,71,305/- | फ्लैट नंबर 407, चतुर्थ तल, रूद्राणी कॉम्प्लेक्स, निकट वारेली, ग्राम पंचायत, वारेली, सूरत, गुजरात-395001 | रू. 3,95,669/- | 17-06-2021 (भौतिक) | रू. 3,56,000/- | रू. 35,600/- | 26-10-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक द्वितीय तल, श्री कुबेरजी कॉम्प्लेक्स, अथूगर स्ट्रीट, निकट पोस्ट ऑफिस चार रास्ता, नानपुरा, सूरत-395001 |

नोट : कम्पनी की जानकारी के अनुसार, उपरोक्त सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। नीलामी बिक्री सूचना के नियम एवं शर्तें।
सार्वजनिक नीलामी के नियम एवं शर्तें :- बोलियां आमंत्रित करने द्वारा सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया तथा नियम एवं शर्तें :
1. सम्पत्तियों का निरीक्षण 18-10-2021 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक किया जा सकता है।
2. बिक्री सरफासी ऐक्ट/रूल्स, 2002 में निर्धारित शर्तों तथा यहां नीचे दिए गए नियम एवं शर्तों और प्रत्याशी/प्रतिभागी बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफर/बोली दस्तावेजों में दी गई शर्तों के तहत की जाएगी।
3. बोलियां सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में धरोहर राशि जमा हेतु शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में, स्थानीय देय, डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ जमा की जाएंगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। प्रत्याशी बोलीदाता को अपनी बोली के साथ अपनी पहचान का प्रमाण/केवाईसी प्रतिमान तथा निवास का प्रमाण जैसेकि पासपोर्ट, आधार कार्ड, निर्वाचन आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स इत्यादि तथा आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
4. सम्पत्तियों के लिए धरोहर राशि जमा के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि 25-10-2021 को अथवा पूर्व पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक है।
5. सम्पत्ति किसी भी स्थिति में प्रत्येक सम्पत्ति के सामने दर्शित सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
6. बिक्री की तिथि को, उपरोक्तानुसार प्राप्त सभी बोलियां खोली जाएंगी तथा कम्पनी द्वारा उच्चतम बोलीदाता की बोली स्वीकार की जा सकती है, परंतु शर्त यह है कि यह सुरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। तथापि, नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से मौजूद बोलीदाताओं को अपनी बोली कम से कम रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) और आगे बढ़ाने का अधिकार होगा और कम्पनी को ऑफर की गई उच्चतम बोली स्वीकार करने का अधिकार होगा। तदुपरांत, क्रेता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत (पच्चीस प्रतिशत) राशि, धरोहर राशि जमा समायोजित करते हुए, बोली छूटते ही, उसी समय अधोहस्ताक्षरी के पास जमा करनी होगी। कम्पनी उक्त राशि प्राप्त होने पर बोली स्वीकार किए जाने की पुष्टि करेगी। समय आगे बढ़ाए जाने का अनुरोध प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उनके विवेकानुसार उपयुक्त विचारित नियम एवं शर्तों के तहत मंजूर किया जा सकता है। यदि उच्चतम बोलीदाता बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि, बोली छूटते ही तत्तकाल जमा करने में असफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति द्वितीय उच्चतम बोलीदाता को बेची जाने हेतु प्रस्तावित की जाएगी। क्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान क्रेता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उक्त सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि के पंद्रहवे दिन या पहले अथवा पार्टियों द्वारा लिखित रूप से सहमत आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर किया जाएगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में कम्पनी क्रेता द्वारा जमा की गई धरोहर राशि तथा/अथवा अन्य किसी राशि को जब्त करने तथा सम्पत्ति की दोबारा नीलामी करने के लिए स्वतंत्र होगी। सम्पत्ति की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि अथवा अंश पर चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
7. क्रेता द्वारा सभी भुगतान शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा किए जाएंगे।
8. बिक्री मूल्य की पूरी राशि प्राप्त होने पर, कम्पनी द्वारा क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तथा क्रेता को सम्पत्ति का कब्जा प्रदान किया जाएगा।
9. अनुसूची में वर्णित उक्त अचल सम्पत्ति, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि किए जाने की तिथि से आग या चोरी या अन्य दुर्घटनाओं से होने वाली हानि या क्षति या अन्य जोखिम के संबंध में एकमात्र रूप से क्रेता के जोखिम पर होगी। क्रेता को किसी भी आधार पर बिक्री रद्द करने का अधिकार नहीं होगा।
10. असफल बोलीदाताओं द्वारा धरोहर राशि हेतु जमा किया गया डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर लौटा दिया जाएगा।
11. इन सम्पत्तियों की बिक्री सभी प्रयोजनों हेतु पूर्णतया "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है कोई वापसी नहीं आधार" की जाएगी। कम्पनी को उपरोक्त सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार के किसी ऋणभार की जानकारी नहीं है।
12. ऊपर संदर्भित सम्पत्ति के संबंध में स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क, अंतरण शुल्क तथा अन्य कोई शुल्क संबंधी सभी खर्चे क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
13. प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी ऑफर्स/बोलियों को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं हैं तथा कम्पनी का, बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. स्वयं बोलीदाताओं अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त बिक्री कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
15. यदि सभी बकाया राशियां कम्पनी द्वारा वहन की गई सभी लागत प्रभारों तथा खर्चों सहित उपरोक्त नामक कर्जदार द्वारा, अधिनियम की धारा 13(8) के तहत बिक्री हेतु नियत तिथि से पहले सौंप दी जाती हैं अथवा चुकता कर दी जाती हैं, तब सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जाएगी तथा प्रत्याशी बोलीदाताओं से प्राप्त की गई सभी बोलियां उनको, कम्पनी की किसी जिम्मेदारी/उसके विरूद्ध किसी दावे के बगैर, वापस कर दी जाएंगी।
16. यह सूचना, ग्राहक को कालम "सी" एवं "एफ" में वर्णित उनके संबंधित पते पर उपरोक्त कर्जदारों को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा परिशिष्ट 4क के तहत नोटिस भी है।
17. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.shubham.co. देखें।
18. अतिरिक्त जानकारी, स्पष्टता या किसी सहायता के लिए श्री क्र. सं. 1 जय प्रकाश तिवारी (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 7048951934 पर क्र. सं. 2 प्रभात सिंह (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 6394267268 पर और क्र. सं. 3 शैलेश आर. सिंह (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 9879240362, 7827942255 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 23-09-2021
प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा दिग्गजों ने किया मंथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों के सम्बंध में विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डा दिनेश शर्मा, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से पार्टी द्वारा शुरू किये गए सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में हो रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई। प दीनदयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर 24 सितम्बर को प्रदेश में बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे संपर्क व संवाद के कार्यक्रमों के विषय में चर्चा कर तय किया गया कि 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश भर में व्यापक जनसंपर्क का अभियान चलाकर मोदी–योगी सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाऐं। आगामी 2 अक्टूबर को प्रदेश में मंडल स्तर पर स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही आगामी दिनों में पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन आयोजित करेगी। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत चलने वाले स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत सहित अन्य सेवा कार्य प्रभावी ढ़ग से संपादित करने पर भी चर्चा हुई। पार्टी द्वारा प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में हाल ही में संपन्न हुए प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन की सफ्लता पर हर्ष व्यक्त किया गया तथा यह तय किया गया कि पार्टी अब शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, सीए आदि विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेगी।




## चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**निगोंहा।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरौली में स्थित एक मिक्सिंग प्लाट में गुरूवार की दोपहर डम्पर चालक की सदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यू हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद मृतक चालक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।

निगोहा थाना क्षेत्र के कुशमौरा गांव निवासी अशोक साहू ने बताया उनका छोटा भाई राम मोहन साहू चालक था जो कि मोहनलालगंज के जबरौली मजरा बरियारखेड़ा में स्थित आर एस बिल्डर्स के मिक्सिगं प्लाट में डंफर चलाता था। गुरूवार की सुबह आठ बजे छोटा भाई राम मोहन प्लांट जाने की बात कहकर निकला था। साढे तीन बजे के करीब घर पहुंचे एक कर्मचारी ने राम मोहन की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी, जब वो परिजनो के साथ प्लांट पहुंचे तो पता चला राम मोहन को साथी कर्मचारी सीएचसी लेकर गये है इलाज के लिए, जहा पहुंचने पर पता चला छोटे भाई राम मोहन की मौत हो गयी है। उसके सिर के पिछले हिस्से में चोट होने से काफी खून बह रहा था। जिसके बाद परिजनो ने मोहनलालगंज पुलिस को सूचना दी।

# किसान–नौजवान–पटेल यात्रा का लखनऊ पहुंचने पर जोरदार स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में चल रही किसान–नौजवान–पटेल यात्रा लखनऊ पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनता ने जोरदार स्वागत किया। मोहनलालगंज, गोसाईगंज, खुर्दही बाजार, चक गंजरिया, अर्जुनगंज में विभिन्न स्थलों पर आयोजित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बीजेपी का एजेंडा विकास विरोधी है। भाजपा सरकार ने साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में किसानों और नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। सरकार की नीतियां समाज विरोधी भी है। समाज में हिंसा, अराजकता, भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता बीजेपी सरकार के कुशासन से त्रस्त है। यूपी में प्रगति और समृद्धि समाजवादी सरकार ही ला सकती है। 2022 में श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने पर ही सबको न्याय और सम्मान मिलेगा।



### किसान नौजवान पटेल यात्रा का आगाज

**निगोहां।** सपा की किसान नौजवान पटेल यात्रा का गुरूवार को गौरा के महाराणा इंजीनियरिंग कालेज के सामने युवा सपा नेता विजय यादव ने एमएलसी सुनील सिहं साजन, जिलाध्यक्ष जय सिहं जयंत, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरोज यादव व कार्यकर्ताओ संग स्वागत किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए विधानसभा चुनाव तक कार्यकर्ताओ को यही जोश बनाए रखना है। इसके पहले यात्रा का क्षेत्रीय विधायक अम्ब्रिश पुष्कर ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ संग बिन्दौवा स्थित कार्यालय पर स्वागत किया।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हसनगंज** पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो काफी समय से फरार चल रहे थे। इंस्पेक्टर हसनगंज यशकांत सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर चोर इलाके में मौजूद हैं पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँच कर शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम हसनगंज निवासी सलमान और संदीप बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है।

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, अम्बेडकरनगर में साइकिल/वाहन स्टैण्ड के ठेके की कार्यवाही (ठेके की बोली) 01 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक के लिए दिनांक 29.09.2021 की सांय 04.00 बजे जिला खेल कार्यालय अम्बेडकनगर में होगी। इच्छुक ठेकेदार कार्यालय दिवस में कार्यालय से निःशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते है तथा ठेके के नियम/शर्तो का अवलोकन कर सकते है।

**क्रीडाधिकारी, अम्बेडकरनगर**

## एनआरएचएम से बड़ा है जल जीवन मिशन घोटाला: संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम आदमी** पार्टी के यूपी प्रभारी और सांसद संजय सिंह ने जल जीवन मिशन के महाघोटाले को एनआरएचएम से कई गुना बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने एक नया खुलासा करते हुए बताया कि मिशन का काम करने वाली सभी 21 कंपनियां समीक्षा बैठक में फेल पाई गईं हैं।

पार्टी दफ्तर पर पत्रकारों से बात करते हुए संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने जो आरोप लगाए थे वो धीरे धीरे मिशन खुद प्रमाणित कर रहा है। पहले मिशन के इंजीनियरों ने अपनी चिट्ठियों में लिखा कि कैसे स्वीकृत दरों से 30 से 40 प्रतिशत ज्यादा दरों पर टेंडर दिए गए हैं। यही नहीं उनकी चिट्ठियों से ये भी साफ हो गया है कि कैसे उनकी वित्तीय शक्तियों को भी 1 करोड़ से आनन फानन आदेश जारी करके 5 करोड़ तक कर दिया गया। संजय सिंह ने ये भी बताया कि कैसे इंजीनियरों की चिट्ठियों के दबाव में मिशन के अधिशाषी निदेशक अखण्ड प्रताप सिंह ने बीती 21 अगस्त को जल निगम के प्रबंध निदेशक को एक पत्र लिखकर विभाग द्वारा स्वीकृत दरों की नई सूची मंगाया मतलब जिन बढ़ी दरों पर काम बांटे गए उसको सही ठहराने के लिए जल निगम से ही दरों को संशोधित कराकर बढ़ी दरों के बराबर लाने के कुत्सित प्रयास किए गए। संजय ने कहा कि आरोपों पर मंत्री महेंद्र सिंह ने सफाई दी थी कि मिशन में काम अव्वल दर्जे का हो रहा है। काम की गुणवत्ता मापने के लिए उन्होंने थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराने के भी निर्देश दिए थे लेकिन थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन के काम में भी घोटाला हो गया जहां अन्य राज्यों में 0.5 परसेंट तक में टीपीआई का काम कराया जा रहा है वहीं यहां करीब 1.33 प्रतिशत की ज्यादा दरों पर कराया जा रहा मतलब इस काम में भी हजारों का घोटाला किया गया। संजय सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पेयजल का काम करने वाली 21 कंपनियों के कामकाज को लेकर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बीती 25 अगस्त को ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में क्रियान्वित हो रही प्रथम एवं द्वितीय चरण की विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

## सेल्समैन ने महिला से किया दुराचार

**निगोहां।** मोहनलालगंज के एक गांव में आरसीएम कम्पनी का माल बेचने निकले सेल्समैन ने महिला को घर में अकेला देखकर उसके साथ दुराचार किया। विवाहिता की चीख सुनकर देवर के आने पर आरोपी सेल्समैन मौके से भाग निकला। पीड़ित विवाहिता ने पति के घर आने पर आप बीती बताई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आरोपी सेल्समैन के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहनलालगंज के एक गांव की विवाहिता ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते बुद्धवार को पति के मजदूरी करने के लिये जाने पर वो घर में अकेली थी। इस दौरान आरसीएम कम्पनी का माल बेचने आया सेल्समैन अनिकेत यादव निवासी खुजौली सामान दिखाने के बहाने घर के अंदर आ गया ओर उसे अकेला देखकर मुंह दबाकर घर के अंदर ढकेलने के बाद दरवाजा बंद कर दिया और जब महिला ने विरोध किया तो कर्मचारी अनिकेत ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर उसके साथ दुराचार किया।

# बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में चुनाव में जुटने का आह्वान

संवाददाता। निगोहां

**मोहनलालगंज** के ब्लू आर्चिड रिसार्ट में गुरूवार को बसपा का एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। एमएलसी भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि काशीराम ने दलित, शोषित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूरों को समाज में बेहतर स्थान दिलाने के लिए बसपा का गठन किया। कांशीराम ने गांव–गांव घूम कर एक मिशन के तहत हम सभी लोगों को उनका हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी। अब उसी को आगे बढ़ाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आगे बढाते हुए सर्वसमाज को उनका हक दिलाने का कार्य किया है। 2022 में विधानसभा का चुनाव होना है जिसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर मायावती के कार्यकाल में किये गये कार्यो को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही वर्तमान सरकार की जनविरोधी कार्यों को भी जन जन तक पहुंचाकर अपने मिशन को आगे बढ़ाकर 2022 के चुनाव को जीत कर मायावती को मुख्यमंत्री बनाना है। पूर्व एम एलसी नौशाद अली ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं पूरे प्रदेश में पुन: बहुमत के साथ मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बनेगी। जनता यह जान चुकी है कि केंद्र व प्रदेश की सरकार झूठ बोलकर शासन कर रही है। इनके पास युवाओं के लिए रोजगार नहीं है, किसानों का शोषण किया जा रहा है। मोहनलालगंज के सपा विधायक के कार्यालय प्रभारी रहे मलखान गौतम सहित कई बीडीसी सदस्यों ने सम्मेलन में पहुंचकर बसपा की सदस्यता ग्रहण की। बसपा में शामिल होने वाले अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओ का जिलाध्यक्ष अखिलेश अम्बेडकर ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।




## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का संकल्प पत्र वितरण अभियान आज से

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने हर ज़िले में शुक्रवार से एक महीने तक चलने वाले संकल्प पत्र वितरण अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की। 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर शुक्रवार को प्रत्येक विधान सभा की 6 बड़ी मस्जिदों में नमाज़ बाद ये संकल्प पत्र बांटे जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने बताया कि 6 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस प्रांगण में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन संकल्प सम्मेलन में पास 16 सूत्रीय संकल्प पत्र को इस अभियान के तहत हर मुस्लिम मुहल्ले तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के 8432 मस्जिदों को चिन्हित किया गया है। इस अभियान से 25 लाख लोगों तक इसे पहुंचाया जाएगा। सभी प्रदेश पदाधिकारी अपने प्रभार ज़िलों में रुक कर इसे मॉनिटर करेंगे।

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, रायबरेली**

पत्रांक : 472/डूडा/निविदा/2021–22 दिनांक : 22.09.2021

**निविदा सूचना**

अवगत कराना है कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा रायबरेली के आदेश के क्रम में कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 471/4/डूडा/निविदा/2020–21 दिनांक 22.09.2021 के द्वारा आमंत्रित है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वित्तीय 2021–22 में नगर पालिका परिषद रायबरेली में 02 निर्माण कार्यों की ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इन्हें निम्नलिखित विवरण के अधीन ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन वेब साइट पर तिथि/समय | 23.09.2021 | 12 बजे |
| 2 | निविदा डाउन लोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 23.09.2021 | 12 बजे |
| 3 | निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि/समय | 29.09.2021 | 5 बजे |
| 4 | निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि/समय | 30.09.2021 | 12 बजे |

नगर मजिस्ट्रेट/
परियोजना निदेशक
डूडा, रायबरेली

# वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हिन्दू** रिति–रिवाजों में पितृपक्ष का आध्यात्मिक एवं आत्मीय महत्व है भारतीय जनमानस अपने पित्ररों को इस दौरान याद करके अपनी श्रद्धा अनुसार सामाजिक सेवा भाव से बुर्जुगों, असहायों जीवों की मदद करके पुण्य कमाता है। इसी सोंच को लेकर इशान ए सनसाइन फाउण्डेशन ने मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धों से मिलकर आर्शिवाद प्राप्त किया। वृद्धाआश्रम पहुंच कर फाउण्डेशन के सदस्यों ने बुर्जुगों से आर्शिवाद लिया और उन्हें दैनिक इस्तेमाल की सामाग्री सहित आवश्यकतानुसार दवाइयां, कपड़े, मिठाई भेंट कर उनके दुख दर्द में शामिल हुई। संस्था की चेयरमैन प्रियंका गुप्ता ने कहा कि रिति–रिवाजों के अनुसार जितना महत्व पित्ररों की सेवा और पूजन का है उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण आज की वर्तमान पीढ़ी के लिए यह संदेश है कि अपने माता–पिता वृद्ध परिवारजनों से आत्मीय लगाव के साथ उनकी सेवा सत्कार उनके जीवनकाल में ही करें तभी ईश्वर खुश होगें और उज्जवल का निर्माण हो सकेगा। जीते जी उनकी देखभाल और ख्याल न रखना इससे बड़ा पाप नहीं हो सकता। समाज की प्रगति के लिए बुर्जुगों का आर्शिवाद बहुत जरूरी है। उनकी सीख और उनके आर्शिवाद से ही बच्चों को भविष्य निर्धारित होता है इसलिए बुजुगों का सम्मान करना न की हमारी संस्कृति का हिस्सा बल्कि हमारा धर्म भी है। उनकी सेवा करके जो खुशी का अनुभव हुआ वह आत्म संतुष्टि से भरा हुआ था। भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय.समय पर करने का निश्चय भी किया। इस मौके पर संस्था की उपाध्यक्ष सुनैना चौधरी, मेधना माथुर, अनीता श्रीवास्तव, गौरी गुप्ता, मनु चौहान, मीरा, मनीषा, निषा, पूजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## युवक ने लगाई फांसी चार मंजिल से कूदी पत्नी ट्रामा में भर्ती

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे से लटकता देख उसकी पत्नी ने भी तीन मंजिला इमारत से कूद गई। गंभीर रूप से घायल युवती को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पारा पुरानी काशीराम कालोनी स्थित चार मंजिला पर कैटर्स का काम करने वाला सुहेल–22 पत्नी शाजिया–20 के साथ रहता था। दोनों ने करीब चार माह पहले प्रेम–विवाह किया था। सुहेल बुधवार को घर पर ही था। उसकी पत्नी घर के काम में व्यस्थ थी। इसी दौरान सुहेल ने कमरे के लगे पंखे के कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली। शाजिया जब कमरे में पहुंची तो सुहेल का शव लटकता देख चीख पड़ी और चार मंजिला इमारत से छलांग लगाई दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। दोनों में अनबन चल रही थी। बुधवार को भी दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद सुहेल ने आत्महत्या कर ली। मृतक सुहेल की मां शायरा ने बताया कि शाजिया परिवार वालों को अपने साथ नहीं रखना चाहती थी। जिससे सुहेल और शाजिया के बीच लड़ाई–झगड़ा होता रहता था। पारा इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 428/EE–8/21–22 दिनांक : 23.09.2021

**अल्प कालीन निविदा–सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 30/09/2021 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 30/09/2021 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशासी अभियन्ता, जोन–8"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying & interconnection of 110 mm dia PVC pipe line 200 mtr Mohd. Kallu's House to Sri Pradeep Singh's House. Sangam Bihar, Kharika Ward. | 3100.00 | Rs. 150 | 07 दिवस | |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त** :– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–8,
जलकल विभाग, लखनऊ

## किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सरोजनीनगर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव सूरज रावत पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुरुवार को संगठन के कार्यकर्ता सरोजनीनगर थाने का घेराव करने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। संगठन कार्यकर्ताओं को सूचना पाकर पहुंची पुलिस और पीएसी ने ट्रांसपोर्ट नगर में ही रोक लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बीती छह सितंबर की सुबह करीब सात बजे मुंशी खेड़ा गांव निवासी व संगठन के प्रदेश सचिव सूरज रावत की हत्या करने के इरादे से गांव के ही रहने वाले राघव पाल उर्फ सागर पाल और उसके साथियों ने कार चढ़ा कर जानलेवा हमला किया था लेकिन इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की है। जिसकी वजह से पीड़ित सूरज रावत की जान को खतरा बना हुआ है। अपराधी खुलेआम घूम कर आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। काफी देर तक चले धरना प्रदर्शन की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ज्ञापन लिया। ज्ञापन में सूरज रावत के हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग के अलावा मुंशी खेड़ा के मुख्य मार्ग पर हर समय खड़े रहने वाले ट्रकों के चालकों के खिलाफ भी कार्यवाई की मांग की।



# गर्भवती महिलाओं को सही पोषण की दी गई जानकारी

संवाददाता। निगोहां

**पोषण** माह उत्सव के तहत बाबा साहब अम्बेडकर विवि की 25 सदस्यो की टीम गुरुवार को निगोहां गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंची जहां टीम ने मौजूद महिलाओं को शुरू से ही स्मार्ट फीडिंग जागरूकता अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं और बच्चों को सही पोषण देने की जानकारी देते हुए सही पोषण के फायदे समझाएं। विवि की डीन प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने महिलाओ को जागरूक करते हुए बताया की शिशु और मताओं की देखभाल कैसी होनी चाहिए। बच्चो का ग्रोथ कैसे होना चाहिए, कुपोषण बच्चो का कैसा आहार होना चाहिए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया की सहजन के पत्तों को सुखा कर उसका रोटी को आटे में मिलाकर खाने से विटामिन–ए,बी सी आदि विटामिन मिलती है। 6 महीने तक बच्चों के विकास के लिए कैसा पोषण आहार लेना चाहिए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डीन सुनीता ने बताया कि उनका जागरूकता कार्यक्रम एक सितंबर से 30 तक चलेगा जिसमे पहले सप्ताह उनकी टीम द्वारा जगह जगह पोषण वाटिका लगाई जिस बाद दूसरे सप्ताह योगा के लिए जागरूक किया गया। आज तीसरे सप्ताह महिलाओ को जागरूक किया जा रहा है। डॉ नीतू सिंह, डॉ किरन, डॉ शालिनी, डॉ प्रियंका ने महिलाओं को उनसे जुड़ी समस्याओं के साथ स्वच्छता और कोरोना महामारी को लेकर जागरूक किया।



# मड़िहान के पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



- प्रेस कॉन्फ्रेंस में छलका ललितेशपति त्रिपाठी का दर्द, कहा- जमीनी कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर रहा कांग्रेस आलाकमान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कमलापति** त्रिपाठी के प्रप्रौत्र ललितेशपति त्रिपाठी ने हाल ही में कांग्रेस में अपने पद से इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है। इसके बाद उनका कोई भी बयान सामने नहीं आया था। ऐसे में गुरुवार को मिर्ज़ापुर की मड़िहान सीट से पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी ने वाराणसी में अपने पुश्तैनी मकान औरंगाबाद हॉउस में एक प्रेस कांफ्रेंस कर सभी कयासों से पर्दा हटा दिया। ललितेशपति त्रिपाठी ने बताया कि मैंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि मेरे मन के भीतर किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है और ना ही मन में कोई गांठ हैं। बहुत तकलीफ होती है जब कांग्रेस के हज़ारों समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार और नज़रअंदाज़ होते हुए देखता हूं, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा। ललितेशपति त्रिपाठी ने आगे कहा कि पार्टी ने बुरे वक्त में साथ देने वाले कैडर को नज़र अंदाज़ किया है वहां सांसद, विधायक और नेता बने रहने के लिए मेरा ज़मीर गवाही नहीं दे रहा था। 100 वर्षों से हमारा कांग्रेस के साथ इतिहास है और औरंगाबाद हॉउस ने कई आंदोलन की गवाही दी है। उन्होंने कहा कि मेरा यह निर्णय किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं है। मैं किसी दल में शामिल होकर त्वरित राजनीतिक लाभ के लिए पार्टी नहीं छोड़ रहा हूँ बल्कि एक वृहद् परिदृश्य को देखते हुए यह फैसला लिया है। ललितेशपति त्रिपाठी ने कहा कि मुझे क्रिकेट का शौक है और इस खेल में पिच पर दो तरह के बल्लेबाज़ उतरते हैं। एक जो रन बनाता है और एक टाइम पास करता है, तो मुझे रन बनाना है टाइमपास नहीं करना। मैं टाइमपास करने के लिए राजनीति से नहीं जुड़ा। मैं जनता की आकाँक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। मैंने अपना अलग रास्ता बनाने का निणय लिया है। इसके अलावा उन्होंने किसी अन्य पार्टी को ज्वाइन करने की अफ्वाहों का भी खंडन किया और कहा कि ऐसा कुछ नहीं है मैं किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहा हूं।

## कुपोषण से घटती है उत्पादकता भी : सीएमओ

**मिर्ज़ापुर।** भोजन में पोषक तत्व कम या ज्यादा होना दोनों नुकसानदेह है। कुपोषित होने से उत्पादकता प्रभावित होती हैं इस लिए सभी को नियमित पोषित भोजन लेना चाहिये ये कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीण्डी गुप्ता का। डॉ गुप्ता गुरुवार को सेन्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में बोल रहे थे। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एक स्वस्थ मां ही स्वास्थ्य बच्चे को जन्म देती है इसलिए बच्चे के गर्भ में आते ही मां को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। बच्चे का पोषण गर्भ में मां के खून से प्राप्त होता है इसलिए गर्भवती महिला को अपने पोषण का पूर्ण ध्यान रख कर हीमोग्लोबिन की जांच एवं प्रसवपूर्व की जांच समय.समय पर कराती रहनी चाहिए।

# चोर को खंभे में बांधा, फिर जमकर पीटा,वीडियो वायरल

- खैराबाद थाना इलाके का बताया जा रहा वायरल वीडियो
- घटना से पुलिस रही अंजान

संवाददाता। सीतापुर

**यूपी के जनपद** सीतापुर में कानून को हाथ में लेते हुए एक कथित चोर को पहले खंभे में बांधा गया बाद में उसकी जमकर पिटाई की गई। सरेआम चोर को तालिबानी सजा दिए जाने के इस सनसनीखेज मामले की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने चोर को पीटने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, वायरल वीडियो सीतापुर के थाना खैराबाद के मोहल्ला कुल्हन सराय का है। जहां एक युवक साइकिल चोरी के मामले में पकड़ा गया था। पहले चोर को खंभे से बांधा गया, फिर उसके हाथ रस्सी से बांधकर रबड़ की पाइप से उसकी जमकर पिटाई की गई। पिटाई करने वाले युवक का नाम शफीक बताया जा रहा है। तमाशबीन भीड़ में से किसी ने मोबाइल से पूरे मामले के कई वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि किस तरह कथित चोर को पकड़ने के बाद पुलिस को खबर किए बगैर उसे खंभे से बांधा जाता है। दूसरे वायरल वीडियो में उसे रबड़ की पाइप से पीटा जा रहा है। तीसरे वीडियो में इस मामले को लेकर कई लोग आपस में पंचायत करते नजर आ रहे हैं।चोर को तालिबानी सजा सुनाए जाने के मामले से अंजान पुलिस को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की भी भनक नहीं लगी। मामला जब मीडिया तक पहुंचा तब पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए पिटाई करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया। एसपी के पीआरओ की ओर से बताया गया कि हसीब नामक चोर के विरुद्ध थाना खैराबाद में अभियोग पंजीकृत है। जिन व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई उनके विरुद्ध खौराबाद में अभियोग दर्ज करते हुए एक आरोपी रफीक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

### महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है

**वाराणसी।** एक ओर, जहां महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है, वहीं ज़ी टीवी अपने नए रियलिटी शो, ज़ी कॉमेडी शो के जरिए अपने दर्शकों का तनाव दूर करने का प्रयास कर रहा है। जहां इस शो ने देश के हर परिवार को भारत के टॉप कॉमेडियन्स के साथ हंसने, खिलखिलाने और अपनी परेशानी भूल जाने का मौका दिया, वहीं इस शनिवार के एपिसोड में पॉपुलर बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला स्पेशल गेस्ट के रूप में अपने दिलचस्प किस्सों और मस्त हाजिरजवाबी के साथ हमारा खूब मनोरंजन करेंगी!

### फोरलेन कर्मी से असलहा सटाकर नगदी व आभूषण लूटे

**मऊ।** जिले के कोपागंज ग्राम सभा सहरोज के पास बुधवार की देर रात्रि काम से लौट रहे फोरलेन कर्मी से तीन बाइक पर सवार 6 लोगों ने कनपटी पर असलहा सटाकर नगदी सहित सोने की सिकड़ी और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित कर्मी ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस तहरीर पाते ही मामले की छानबीन में जुट गई है। कस्वा निवासी नागेश्वर यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव एनएच.29 पर हो रहे फोरलेन में टीएम ऑपरेटर के पद पर तैनात है। बुधवार की देर रात्रि करीब 9 बजे वह काम पर से अपने घर लौट रहा था। अभी वह सहरोज के पास पहुंचा था कि तीन बाइक पर सवार 6 लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। कनपटी पर असलहा सटाते हुए सात हजार रुपये सोने की सिकड़ी और एंड्रॉयड मोबाइल लेकर फरार हो गए। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने कहा कि मामला सज्ञान में नहीं है।

### सड़क पर खड़े चार ट्रकों से एक लाख का तेल चोरी होने से हड़कम्प

**सकलडीहा, चंदौली।** डेढ़वाल चौकी से चंद दूरी पर उकनीबीरम राय और धरहरा गांव के समीप सड़क पर खड़ी चार ट्रकों से एक लाख से अधिक की डीजल चोरों ने चोरी कर लिया। सुबह होने पर पर ट्रक मालिकों में हड़कम्प मच गया। घटना को लेकर ट्रक संचालकों ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौकी पुलिस के रात्रि में गश्त करने के बजाय चौकी में सोई रहती है। जिसके कारण लगातार क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ने से क्षेत्र में दहशत है।

## शिकायत पर सख्त हुए एसडीएम गोवंशों की टैगिंग कराई

- महेश खेड़ा गौशाला में पशुओं की मौत और खाल व्यापार किए जाने की हुई थी शिकायत

संवाददाता। पाटन

**गोशाला** में बंद गोवंशियो को भूखे रखकर मौत देने और उनकी खाल का व्यापार किये जाने संम्बंधी शिकायत पर सख्त हुए एसडीएम ने बुधवार को गोशाला के सभी गौवंशियों की टैगिंग कराई। एसडीएम ने गोपनीय जांच कराने के बाद मंगलवार को देर शान औचक निरीक्षण भी किया था। सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र की महेशखेड़ा गोशाला में गौवंशियों कई भूख से लगातार हो रही मौत और ग्राम प्रधान द्वारा उनकी खाल का व्यापार किये जाने संम्बंधी शिकायत रविवार को मुस्कान वेलफेयर सोसायटी ने फेटो व वीडियो उपलब्ध कराने के साथ एसडीएम से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अंकित शुक्ला ने गोपनीय जांच कराए जाने और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जांचोपरांत मिली रिपोर्ट के बाद एसडीएम ने मंगलवार को सुमेरपुर व बीघापुर बीडीओ को गोशालाओं के मामले में ग्राम विकास अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद देर शाम एसडीएम ने खुद ही महेशखेड़ा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। बिना टैगिंग के गोशाला में अधिकांश मवेशी मिलने के बाद एसडीएम ने तत्काल पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला के सभी गोवंशियो की टैगिंग करवाने के निर्देश दिए।

## बाउंड्रीवाल के काम में खामियां मिलने पर डीएम खफा, काटी तीन प्रतिशत धनराशि

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**डीएम सैमुअल** पॉल एन द्वारा तहसील अकबरपुर विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पांती के निर्माणाधीन बाउंड्री वाल का औचक निरीक्षण किया गया।. निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया की दीवाल की लंबाई 1350 मीटर तथा ऊंचाई 2.1 मीटर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन बाउंड्री वाल में लगे ईंट तथा प्लास्टर की गुणवत्ता की जांच कराई गई।

जांच के उपरांत ईंट व प्लास्टर की गुणवत्ता में कमी पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित परियोजना के अवर अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने तथा निर्माणाधीन बाउंड्री




वाल की प्राक्कलित धनराशि में 3 प्रतिशत कटौती के उपरांत ही भुगतान किए जाने के निर्देश दिए गए। परियोजना अंतर्गत लगाए गए सोलर पंप का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह सोलर पंप 7.5 एच.पी .का है। प्रत्येक की लागत से दो सोलर पंप कुल धनराशि 13.42 लाख निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान सोलर पंप चालू अवस्था में पाया गया। इसके अलावा निर्माणाधीन परियोजना अंतर्गत मीटिंग हाल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दीवाल में आ रही सीलन को ठीक कराने तथा खिड़की के टूटे हुए कांच को बदलकर नया कांच लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि मीटिंग हॉल में एक बड़ा बोर्ड लगाया जाए जिससे सूचनाओं को चस्पा किया जा सके।

## अयोध्या की रामलीला में शबरी की भूमिका निभाएंगी मालिनी अवस्थी

संवाददाता। अयोध्या

**पद्मश्री** पुरस्कार से सम्मानित उत्तर प्रदेश की जानी मानी लोक गायिका मालिनी अवस्थी श्री राम नगरी में 6 अक्टूबर से होने वाली अयोध्या की रामलीला में मां सबरी की भूमिका में नजर आयेंगी। अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार अयोध्या की रामलीला में प्रभु श्री राम की महान भक्त माता सबरी की भूमिका मालिनी अवस्थी निभाएंगी।

उन्होंने बताया मालिनी अवस्थी जो जानी मानी लोक गायिका भी है और पद्मश्री से सम्मानित भी, वो अयोध्या की रामलीला के स्टेज पर माँ सबरी का चरित्र निभाकर मंच की भव्यता बढ़ाएंगी तथा कई अन्य बड़े कलाकार अपने एक्टिंग का हुनर



अयोध्या की रामलीला के मंच पर निभाने जा रहे हैं।

अयोध्या की रामलीला का छह अक्टूबर से 15 अक्टूबर रात को 7 से 10 बजे तक दूरदर्शन द्वारा लाइव प्रसारण होगा। अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि यह रामलीला मेरी मां फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाती है।

## भूखण्ड को भटक रहे आवंटियों का मददगार होगा पीडीए का इंट्रीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर

- जारी सूची में छूटे हुए आवंटी 15 दिनों में प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर सकेंगे आवेदनः उपाध्यक्ष

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण का इंट्रीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर अब भूखण्डों के लिए परेशान लोगों को बड़ी राहत देगा। सेंटर से आवंटियों को अपने भूखण्डों के परिवर्तित होने वाले स्थलों की जानकारी तो मिलेगी ही साथ में इस प्रक्रिया में होने वाली लाटरी की तिथि भी पता चल जाएगी। प्राधिकरण ने 15 दिनों में ऐसे आवंटी जिनके नाम प्राधिकरण की सूची में छूट गये हैं उनको अपना प्रारूप भरकर जमा करने की भी सुविधा दी है। ऐसे आवंटी प्राधिकरण के सिविल लाइन्स स्थित इंदिरा भवन कार्यालय के 7वें और 8वें तल पर भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि

प्राधिकरण की योजना आवंटियों को उनके भूखण्डों को परिवर्तित कर अन्य भूखण्ड प्रदान करना या फिर ब्याज सहित राशि वापस किए जाने की है। पीडीए पहले ही किन्ही कारणों से भूखण्डों पर कब्जा नहीं मिल पाने वाले 550 आवंटियों की सूची जारी कर चुका है। ऐसे आवंटी जिनको भूमि विवाद न्यायालय वाद स्थगन स्थल पर अतिक्रमण निर्माण आदि के कारण भूखण्डों पर रजिस्ट्री या कब्जा नहीं मिल सका है। उनकी सुविधा के लिए बड़ी पहल की है। हाल में जारी की गई सूची में छूटे हुए ऐसे आवंटी अब 15 दिनों के अंदर प्राधिकरण की वेबसाइट पर या फिर प्राधिकरण के कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे। पीडीए उपाध्यक्ष चौहान ने बताया कि पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए भूखण्डों के परिवर्तन की कार्रवाई निर्धारित तिथि पर लाटरी के माध्यम से की जाएगी। लाटरी की तिथि को प्राधिकरण की वेबसाइट या फिर समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाएगा। भूखण्डों के परिवर्तन के बाद आवंटियों को उसकी सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक प्राधिकरण की वेबसाइट या फिर समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से दी जाएगी। उपाध्यक्ष चौहान ने बताया कि प्राधिकरण के अनुसार भूखंड परिवर्तन के दौरान जमीन के क्षेत्रफल में कमी व बढ़ोत्तरी भी होने की संभावना है। भूखंड के क्षेत्रफल में कमी होने पर प्राधिकरण की ओर से उतना पैसा आवंटी को रिफंड किया जाएगा जबकि अधिक होने पर निर्धारित राशि आवंटी को जमा करना होगी। इसके लिए आवंटियों को अपनी लिखित सहमति देना होगी। आवंटियों की सहायता के लिए प्राधिकरण की ओर से हेल्पलाइन नम्बर 9450610641 7652066133 जारी किया गया है।

## गौशाला में पशुओं की करते रहें जांचः नंदी

संवाददाता। चित्रकूट

**जिले के** प्रभारी मंत्री व अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी ने चिन्हित गौशाला एवं पुलिया और बच्चों का औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण में तीनों स्थानों पर बेहतर कार्य पाया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों की सराहना किया। कहा कि अधिकारी सही ढंग से कार्य करें। गौशाला में जानवरों को समय से चारा-भूसा व पानी सुलभ कराएं। किसी भी पशु की गौशाला में मृत्यु नहीं होनी चाहिए। गौशाला में पशुओं की जांच लगातार पशु चिकित्साधिकारी करते रहें। इस मौके पर सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## आवास से बरामद हुआ रेलवे कर्मचारी का शव

### परिजनों का फोन न उठाने पर पहुंचे थे सहकर्मी

संवाददाता । मैलानी-खीरी

**बृहस्पतिवार की** सुबह मैलानी रेलवे कालोनी के क्वार्टर मे कमलेश (46) पुत्र शिवरतन निवासी तालाब नगर बरकोता थाना बंथरा जिला लखनऊ की लाश बरामद हुई। वह मैलानी रेलवे में तृतीय श्रेणी के प्लम्बर के पद पर कार्यरत था। दो दिनों से अपनी डयूटी पर से अनुपस्थित था। कर्मचारियों ने बताया कि उसके घर से सुबह फोन आया कि कमलेश फोन नहीं उठा रहा है। विभाग के नीरज कुमार व गौरव कुमार उसके आवास पर पहुंचे तो कमरा बंद पाया। साइड की खिड़की से देखा तो कमलेश का शव चारपाई पर पडा हुआ था। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गयी। सूचना



पाकर उप निरिक्षक अनुज कुमार शर्मा हमराह पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये। सूचना पाकर आरपीएफ तथा जीआरपी की पुलिस तथा अन्य रेल कर्मचारी भी मौके पर आ गए। चिकित्सक द्वारा कमलेश को मृत घोषित कर दिया गया। घटना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्र भान यादव ने बताया कि कमलेश की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## पुलिस ने अभियान चलाकर सीज किए 17 ओवरलोड ट्रक

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों की जांच के लिए जारी विशेष अभियान में पहाडी पुलिस ने 13 ओवरलोड ट्रकों व यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने चार ओवरलोड ट्रकों को सीज किया है। गुरुवार को पहाडी थानाध्यक्ष रामआसरे यादव ने खनिज अधिकारी शनि कौशल के साथ वाहनों की जांच की। जांच दौरान 13 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया। जांच दौरान तमाम ट्रकों के चालकों ने जांच टीम की मौजूदगी स्थल से पहले ही ट्रकों को खडा कर दिया था। जिले में ओवरलोड वाहनों की लोकेशन देने को तमाम लोग सक्रिय हैं। इसी क्रम में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने चार ओवरलोड ट्रकों को सीज किया।

## नैमिष के हनुमंत आश्रम के सेवादार का संदिग्ध हालत में मिला शव

- पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया

संवाददाता। सीतापुर

**प्रयागराज** में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि की मौत की गुत्थी सुलझ नहीं पाई थी, कि 88 हजार ऋषियों की तपस्थली सीतापुर के नैमिषारण्य हनुमंत मंदिर आश्रम के सेवादार का संदिग्ध हालत में शव मिला। यह शव बुधवार की रात आश्रम के समीप आम की बाग में तख्त से बरामद किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एएसपी समेत पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है, लेकिन अभी तक न तो परिजनों ने कोई आरोप लगाया है और न ही आश्रम के बाबा की तरह से कोई बयान आया, हालांकि शराब के नशे में आश्रम के बाबा और सेवादार के बीच विवाद जरूर चर्चा बना है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला नैमिषारण्य कोतवाली इलाके का है। क्षेत्र के भैरमपुर निवासी 44 वर्षीय बालकदास पुत्र हजारी धार्मिक पौराणिक नगरी नैमिष में स्थित हनुमंत आश्रम के बाबा राम किशोर प्रसादी उर्फ बाबा भारती के यहां सेवादार था। वो काफी समय से यहां पर रहकर आश्रम को अपनी सेवाएं दे रहा था। बुधवार रात को आश्रम के समीप आम की बाग में एक तख्त पर सेवादार बालकदास को अचेत अवस्था में पाया गया। जानकारी पाकर बाबा भारती ने झोलाछाप को बुलाकर उसे दिखाया, देखते ही उसने सेवादार बालक दास को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह समेत स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस की जांच में यह निकलकर सामने आया है कि बुधवार की देर शाम सेवादार बालक दास ने आश्रम के बाबा राम किशोरी प्रसादी उर्फ बाबा भारती व अन्य दो लोगों के साथ बैठकर शराब पी थी। नशा चढ़ने पर आपस में विवाद होने लगा तो सभी लोग उठकर चले गए थे। सेवादार बालक राम की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शक के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है, लेकिन घटना की स्थिति साफ नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

# दबंगों के खौफ से जंगल में रहने को मजबूर हैं निषाद परिवार

- पीड़ितों का कहना है कि अधिकारियों से गुहार के बाद भी नहीं मिल रहा न्याय

संवाददाता। बांदा

**जनपद** में एक ऐसा भी मामला प्रकाश में आया हुआ है कि जहां दबंगों के खौफ के चलते निषाद बिरादरी का लगभग 250 लोगों का परिवार जंगल में रहने को मजबूर है। उनको ना वहां पर किसी प्रकार की सुविधा मिल रही है और ना ही आने जाने के लिए रोड है जिससे रोड के अभाव के चलते उनका जीवन बहुत कठिनाइयों से गुजर रहा है। यहां तक की रोड ना होने के चलते उनके परिवार के दो लोगों की मौत भी हो चुकी हैं।

आपको बता दें कि यह पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड कमासिन का है। कमासिन के



रामबाबू निषाद ने बताया कि हम लोग दबंगों के खौफ से जंगल में रहने को मजबूर है। रामबाबू निषाद ने आरोप लगाते हुए कहा है कि दबंग और अधिकारियों की मिली-भगत से हम लोग जंगल में रहने को मजबूर हैं यहां पर यादव बिरादरी के लोगों ने हमें गांव से जबरन निकाल दिया है जिसके चलते हम लोग जंगल में मजबूरीवश रह रहे हैं। रामबाबू निषाद ने आरोप लगाया गया है कि बबेरू तहसील के एक सक्षम अधिकारी ने दबंगों से लेन देन करके हमें किसी लायक नहीं छोड़ा हम लोगों ने सभी सक्षम अधिकारियों के पास जाकर अपनी समस्या सुनाई है और शिकायती पत्र भी दिया है लेकिन फिर भी नहीं हो रही हम लोगों की सुनवाई और इसी क्रम में हम लोगों ने क्षेत्रीय विधायक एवं बांदा चित्रकूट सांसद को भी अपनी समस्या सुनाई है लेकिन फिर भी हमारी मदद नहीं की गई जिससे दबंगों के खौफ के चलते हमें जंगल में रहना पड़ रहा है।

## तीन साल बाद भी लागू नहीं हुई यात्री राहत योजना

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले** में सड़क दुर्घटना के लिये संजीवनी साबित होने वाली यात्री राहत योजना जिले में तीन साल बाद अभी तक लागू नही हुई है जिससे आज तक किसी भी यात्री को कोई लाभ नही मिला है। जानकारी के मुताबिक रोडवेज व प्राइवेट वाहन पर यात्रा करने में रोडवेज में तो यात्री का बीमा हो जाता है यदि रोडवेज बस सड़क में किसी वाहन से टकरा जाती है यदि कोई यात्री की मौके पर मौत होती है तो परिवारीजनों द्वारा विभाग मे क्लेम करने पर रोडवेज विभाग उसे तुरंत पाच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देता है इसी प्रकार यदि किसी यात्री का अंग भंग होता है तो उसे ढाई लाख रुपये व घायलों को 20-20 हजार रुपये फौरी तौर पर तुरंत दिये जाते है। ताकि पीडित व्यक्ति तुरंत उपचार करा ले यह जिम्मेदारी रोडवेज के एआरएम की होती है। नियमानुसार जिस क्षेत्र में सड़क दुर्घटना होती है उस क्षेत्र के एआरएम वहा पहुचकर घायलों को विभाग की तरफ से 20 हजार रुपये की धनराशि तुरंत प्रदान करता है। हालाकि यह नियम ज्यादातर लोगों को जानकारी नही होती है हर साल जिले में बस दुर्घटनाएं होती है मगर पीड़ित व्यक्ति घायल को अस्पताल लेजाकर वह उपचार कराने लगता है रोडवेज विभाग मे धनराशि की कोई क्लेम नही करता है, जिससे आज तक इस योजना मे किसी भी व्यक्ति को कोई लाभ नही मिला है। विभाग के जनरल मैनेजर आशुतोष गौड़ ने बताया कि यात्री राहत योजना यात्रियों के लागू की जाती है मगर इसके संचालन की जिम्मेदारी विभाग के आरएम व एआरएम की होती है।

### क्या कहते है जिम्मेदार

इस मामले मे रोडवेज के एआरएम अकील अहमद खान का कहना है कि उनके पास इस प्रका का कोई क्लेम आयेगा तो वह अवश्य घायल की मदद करेगे दो सप्ताह पहले विधनू क्षेत्र में हमीरपुर डिपो से घायल एक बालिका को कानपुर एआरएम ने 20 हजार रुपये की मदद दी थी इस मामले में एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह का कहना है कि इस योजना के बारे मे उन्हे कोई जानकारी नही है।

## पुलिस ने हत्यारोपी पिता पुत्र को भेजा जेल

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**ग्राम** अरतरा में युवक की हत्या के आरोपी पिता पुत्र को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया। हालांकि सिसोलर पुलिस ने एक आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है। वहीं दूसरे आरोपी को अरतरा गांव के पास बाहर से गिरफ्तार करना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गये पिता पुत्र को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम अरतरा निवासी श्री राम (30) की मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद गांव के ही मनोज वर्मा व उसके पिता वरदानी समेत एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार की रात गोलीमार कर हत्या कर दी थी और मौके से भाग निकले थे। घटना के बाद मृतक के बड़े भाई सीताराम की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र समेत एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार की रात सिसोलर पुलिस को गांव के पास ही नहर की पुलिया में बदमाशों की हलचल होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा ने दल बल समेत मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था

## रणनीतिक समीक्षा की जरूरत

**उत्तर** प्रदेश को और आर्थिक प्रगति प्रदान करने तथा कुछ समस्याओं के समाधान हेतु सरकार को रणनीतिक समीक्षा करने की जरूरत है। राज्य नियोजन संस्थान द्वारा हाल ही में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर जारी रिपोर्ट से अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी तस्वीर सामने नहीं आती है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले पांच वर्ष में राज्य को देश की अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य सामने रखा है। वर्तमान समय में राज्य का 2020-21 में जीडीपी 17.05 लाख करोड़ या 240 बिलियन डालर है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्तर प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी में 2020-21 में 5.9 प्रतिशत का संकुचन हुआ। यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था में लगभग पांच प्रतिशत की प्रगति हुई। 2018-19 के अस्थाई रूप से संशोधित आंकड़े जारी हुए हैं तथा इसके साथ ही 2020-21 के त्वरित संशोधित आंकड़े भी जारी हुए हैं। इनके अनुसार अर्थव्यवस्था में वृद्धि की गति लक्षित गति से थोड़ी कम नजर आ रही है। प्रदेश में आय अनुमानों के संशोधित आंकड़ों के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती आई है। 2017-18 में जीएसडीपी वृद्धि 4.9 प्रतिशत थी, लेकिन 2018-19 तथा 2019-20 में यह 4.3 प्रतिशत रही। इन अनुमानों के अनुसार अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2017-20 के दौरान पांच प्रतिशत से कम थी तथा 2020-21 में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण यह माइनस 5.9 प्रतिशत हो गई। मार्च में जारी 2020-21 में अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमानों के अनुसार जीएसडीपी में लगभग 6.4 प्रतिशत का संकुचन हुआ। हालांकि, प्रदेश सरकार इस तथ्य से संतुष्ट अनुभव कर सकती है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा 31 मई को जारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में भी 2020-21 वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत संकुचन आया।



इन आंकड़ों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि उत्तर प्रदेश सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने होंगे। इस तथ्य की समीक्षा की आवश्यकता है कि विनिर्माण क्षेत्र की पिछले चार सालों में वृद्धि नकारात्मक रही है। इसके साथ ही जीएसडीपी में भी इसका हिस्सा घटा है जो वर्तमान में 15 प्रतिशत है। तेजी से औद्योगीकरण की इच्छा रखने वाले उत्तर प्रदेश को इस दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। हालांकि, यह खुशी की बात है कि इस स्थिति के उलट कृषि क्षेत्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय में भी कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर सकारात्मक रूप से 2.7 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से प्रभावित 2020-21 में तृतीयक क्षेत्र समझे जाने वाले सेवा क्षेत्र में 7.9 प्रतिशत का संकुचन आया, लेकिन इसके अलावा बाकी समय में इसमें सकारात्मक प्रगति हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश के जीएसडीपी को 2018-19 में 15,82,682 करोड़, 2019-20 में 17,25,860 करोड़ तथा 2020-21 में 17,39,114 करोड़ होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने हाल में दावा किया था कि संशोधित अनुमानों के अनुसार जीएसडीपी में समुचित वृद्धि हुई है और यह 31 मार्च, 2021 को 17,91,263 करोड़ के बजाय 19,40,527 करोड़ पर पहुंच गई है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा। यदि प्रदेश 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है तो इसे इसके लिए एक स्पष्ट रोडमैप बनाना होगा। राज्य में जीएसडीपी की वर्तमान स्थिति ज्यादा विश्वास नहीं पैदा करती है तथा इसे निर्धारित समय में लक्ष्य पर पहुंचाने के लिए प्रयास तेज करने होंगे। ऐसे में सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए रणनीतिक समीक्षा की आवश्यकता है।

# भारत में सामुदायिक रेडियो का महत्व

सरकार को सामुदायिक रेडियो का महत्व समझ कर उसे टिकाऊ बनाने के लिए उपयुक्त वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करनी चाहिए।



**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक सीआरएस एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष हैं)



कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसारण में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की भूमिका पर चर्चा नहीं हुई है। भारत में कैंपस रेडियो के नाम से शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा चलाए जाने वाले 322 से अधिक सामुदायिक रेडियो हैं। इनके साथ ही एनजीओ द्वारा संचालित रेडियो तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा संचालित रेडियो ने प्रासांगिक सूचना के प्रसार, जागरूकता पैदा करने तथा जनता में स्थिति से निपटने हेतु विश्वास व प्रेरणा पैदा करने के माध्यम से समुदायों को जोड़ने की चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन आबंटन में सौतेले व्यवहार के कारण अधिकांश सामुदायिक रेडियो अपने बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ब्यूरो आफ आउटरीच एंड कम्युनीकेशन के विज्ञापनों तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विज्ञानों की उपलब्धता न होने के कारण ये सामुदायिक रेडियो स्टेशन राष्ट्रीय संकट के समय अपनी सामुदायिक जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सके। देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की मान्यता प्राप्त संस्था भारतीय सामुदायिक रेडियो असोसियेशन-सीआरए ने एक सर्वेक्षण कराया। 150 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों से प्राप्त सूचनाओं एवं आंकड़ों के अनुसार पता लगा कि जनसंख्या के संकटग्रस्त तबकों को स्थानीय भाषाओं व बोलियों में महामारी के बारे में विश्वसनीय सूचनाओं की जरूरत थी। वे यह भी जानना चाहते थे कि इससे अपनी सुरक्षा कैसे की जाए।

महामारी के शुरुआती दिनों में सीआरएस ने इन सवालों के जवाब दिए। कोविड 19 क्या है और इसके फैलाव के क्या संकेत हैं? हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? लाकडाउन व कर्फ्यू क्यों जरूरी हो गए हैं? लोगों से इसका फैलाव रोकने के लिए क्या उम्मीदें हैं? प्रत्येक क्षेत्र में कितने मामले सामने आए हैं? देश भर की सामुदायिक रेडियो टीमों ने समय-समय पर जिला प्रशासनों तथा राज्य सरकारों द्वारा जारी सलाहों के आधार पर इन सवालों के जवाब तैयार किए। रेडियो ने डाक्टरों और विशेषज्ञों के साक्षात्कार लिए तथा उनको फौरन प्रसारित किया। 'करें, न करें' के आधार पर सूचनाओं तथा सूचना एवं सार्वजनिक संबंध, स्वास्थ्य, जिला एवं राज्य आपदा प्रबंधन व पुलिस द्वारा प्राप्त सुचनाओं का नियमित प्रसारण किया गया। सामुदायिक रेडियो का प्रसारण समय रोज 12 से 24 घंटे तक रहा। शुरुआत में केवल 50 प्रतिशत प्रसारण विषयवस्तु कोविड-19 से संबंधित थी, पर बाद में स्थिति गंभीर होने तथा लाकडाउन लागू होने के बाद विषयवस्तु को खासतौर से केवल महामारी से जोड़ा गया। जब संकट शिखर पर था तब स्टेशनों ने विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए अधिकारियों की अपीलें प्रसारित कीं कि लोग घरों पर रहें तथा सरकार द्वारा वायरस से लड़ने हेतु जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। हालांकि, लगभग सभी सामुदायिक रेडियो को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कर्फ्यू कठोरता से लागू होने के कारण श्रमशक्ति का संकट अनुभव हुआ क्योंकि अनेक सामुदायिक रेडियो आपरेटरों के आवागमन पर नियंत्रण लग गया। अनेक स्थानों पर उनको संबंधित स्टूडियो तक पहुंचने के कर्फ्यू पास नहीं जारी हुए तथा रेडियो आपरेटरों ने लंबे समय तक काम करने वाले एक या दो सामुदायिक रिपोर्टरों से काम चलाया। अनेक रेडियो रिपोर्टरों ने घर से काम करते हुए मेल व वाट्सएप से रिपोर्टें भेजीं। स्थानीय विधायकों, सामुदायिक नेताओं, सेलेब्रिटीज़, जिला मजिस्ट्रेटों, पुलिस सुपरिंटेंडेंटों, डाक्टरों तथा विशेषज्ञों की वायस क्लिपें फोन से रिकार्ड की गईं तथा इनको रेडियो पर प्रसारण के लिए मेल व वाटसएप से स्टूडियो भेजा गया। इनमें समुदाय के लोगों से घरों पर रहने तथा शारीरिक दूरी बनाए रखने की अपील की गई थी।

स्टूडियो में जिंगल तैयार की गईं या इनको साझा स्रोतों से डाउनलोड किया गया। सेलेब्रिटीज़ द्वारा गीतों व लोकप्रिय संदेशों के माध्यम से वायरस तथा इससे बचने के बारे में जागरूकता पैदा की गई। कुछ सामुदायिक रेडियो ने वर्चुअल प्रसारण के नए तरीके खोजे जहां सामुदायिक रिपोर्टर अपने इन्पुट घरों से भेजे तथा स्टूडियो में किसी के उपस्थित न होने पर भी प्रसारण लगातार जारी रहा। सामुदायिक रेडियो ने जिला प्रशासन और समुदाय के सदस्यों के बीच पुल का काम किया। सभी प्रासांगिक सूचना और संदेशों को सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को भेजा गया। सामुदायिक रेडियो को लाइव कार्यक्रमों, टेलीफोनों तथा जनता से संदेशों के माध्यम से काफी जानकारियां मिली जिनका फौरन प्रशासन के साथ साझा किया गया तथा समस्याओं के समाधान जनता को संप्रेषित किए गए। दिव्यांगों, वृद्धों तथा आर्थिक रूप से गरीबों की चिन्ताओं को भी उचित स्थान दिया गया। सामुदायिक रेडियो ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, अभिप्रेरणा, सकारात्मकता, पैरेंटिंग, पोषण, फिटनेस, टैलेंट कनेक्ट, जूनियर आरजे कनेक्ट, होममेकर्स कनेक्ट, पाकशास्त्र आधारित कार्यक्रमों तथा बच्चों को व्यवस्त रखने, रचनात्मक व्यवहारों, दिन-प्रतिदिन योग, प्रेरक कथाओं एवं संकट के समय सबकी सहायता करने व सहायता प्राप्त करने के बारे में कार्यक्रम प्रसारित किए। कुछ सामुदायिक रेडियो ने सरकार तथा स्थानीय एनजीओ द्वारा आर्थिक सहायता, भोजन व स्वास्थ्य सेवाओं हेतु उठाए कदमों की जानकारी गरीब तबकों को दी। इनमें मुफ्त डाक्टर टेली कंसल्टिंग, लोगों की सहायता के लिए डाक्टरों की उपलब्धता, किसी स्वास्थ्य समस्या का डाक्टरों द्वारा समाधान तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे शामिल थे। अनेक सामुदायिक रेडियो ने स्वयं कोरोना टेस्ट आंकलन का प्रसारण ब्लाग के माध्यम से कर लोगों को बताया कि वे भ्रमित न हों, कोविड-19 को मौसमी बीमारी न समझें और वायरस का परीक्षण करायें।

डिजिटल रूप से एक प्रतिज्ञा दस्तावेज जारी किया गया जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने सबके स्वस्थ भविष्य के लिए घर पर रहने की प्रतिज्ञा की तथा एकान्त में समय के उपयोग के बारे में जानकारियां साझा कीं। विभिन्न सामुदायिक रेडियो से प्राप्त संदेशों से संकेत मिलता है कि उन्होंने सूचनाओं के आधिकारिक स्रोत के रूप में काम किया तथा स्वत: एकान्त के समय समुदाय को मनोरंजन भी प्रदान किया। सामुदायिक रिपोर्टरों ने अपने सतर्क दृष्टिकोण के चलते निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा समुदायों में फैलाई फर्जी खबरों का खंडन भी किया। उन्होंने पहले अधिकारियों से संदिग्ध खबरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और फिर सही खबर का प्रसारण किया। शहरों से गांवों में कामगारों के पलायन के समय खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश व बिहार के सामुदायिक रेडियो ने रचनात्मक सूचनायें प्रसारित करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इससे कामगार सही रास्ता तलाश सके। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों ने वाट्सएप व अन्य आईटी मंचों का लाभ उठाते हुए विभिन्न भाषाओं में विषयवस्तु व सूचनाओं का साझा किया तथा साथी स्टेशनों का मनोबल बनाए रखा। सीआरएस द्वारा विभिन्न भाषाओं व बोलियों में तैयार जिंगल, कविताओं व लोकगीतों के माध्यम से रचनात्मक विषयवस्तु का प्रसारण किया गया। इससे विषयवस्तु को विविधता मिली। दुर्भाग्य से सामुदायिक रेडियो के योगदान को समुचित रूप से स्वीकार नहीं किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा कामर्शियल रेडियो जाकी से संवाद के समय सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को आमंत्रित नहीं किया गया।

पिछले दो साल से सामुदायिक संपर्क विभाग तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए विज्ञापन अभियान नहीं जारी किया है। इसके अलावा पिछले चार-पांच साल का बकाया भी अदा नहीं किया गया है। विभिन्न मंत्रालयों ने कोविड-19 प्रबंधन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी अभियानों को बनाने में सीआरएस की पूरी तरह अनदेखी की है।

सामुदायिक रेडियो द्वारा भारत में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उनको मीडिया के अन्य रूपों की तरह मान्यता मिलनी चाहिए तथा उनको अन्य मीडिया संगठनों के समान दर्जा दिया जाना चाहिए। देश में सामुदायिक रेडियो कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें आशा है कि सरकार तथा अन्य संबंधित अधिकारी इस राष्ट्रीय संकट के समय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की महत्वपूर्ण भूमिका समझेंगे तथा आने वाले समय में जीवित रहने व बेहतर कामकाज के लिए उनको वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करेंगे।

# जारी है कांग्रेस की हाईकमान संस्कृति

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार उवं स्तम्भकार हैं)



महीनों के सस्पेंस के बाद इस हफ्ते पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को लाया गया है। पंजाब अस्सी के दशक में आतंकवाद से प्रभावित सीमावर्ती राज्य होने के कारण वहां जो कुछ भी हो रहा है वह संवेदनशील है। बदलाव और आसान हो सकता था, लेकिन आलाकमान ने अपने विवेक से विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गार्ड बदलने का फैसला किया, जबकि तीन महीने पहले, यह एक निश्चित शॉट था कि कमजोर विपक्ष के कारण कांग्रेस पंजाब को जीत लेगी, लेकिन कैप्टन के बाहर निकलने से स्थिति बदल सकती है। नए मुख्यमंत्री के सामने कई चुनौतियाँ हैं और वह केवल एक ठहराव की व्यवस्था है। इंदिरा गांधी ने अपने पूरे नेतृत्व में जिन प्रमुख प्रथाओं की कल्पना की और उनका पालन किया, उनमें से एक पार्टी की स्थापना में हाईकमान की अवधारणा थी। जवाहरलाल नेहरू के समय में, कांग्रेस के पास कोई आलाकमान नहीं था क्योंकि पटेल और जी.बी.पंत जैसे अन्य, समान रूप से ठोस राष्ट्रीय नेता थे।

इंदिरा गांधी ने अपनी पार्टी के लोगों को जब और जब चाहें प्रभावशाली पदों पर स्थापित या हटा दिया। एक पुरानी कांग्रेसी नेता याद करती हैं कि कैसे वह उस मुख्यमंत्री को बुलाती थीं जिसका वह बर्खास्त करना चाहती थीं और यह कहते हुए अपने निर्णय से अवगत कराती थीं : ''कोई जल्दी नहीं है, आप आज या कल इस्तीफा दे सकते हैं। पर्याप्त समय लो।'' यही उनके पद छोड़ने का संकेत होता था। राजीव गांधी ने भी आलाकमान की संस्कृति का पालन किया, लेकिन तब पार्टी मजबूत थी। यूपीए के समय में भी सोनिया गांधी ने इस परंपरा का पालन किया।

आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस उन कुछ राज्यों को अस्थिर क्यों करना चाहती है जहां उसे आराम से रखा गया है। राहुल और प्रियंका दोनों को लगता है कि वे पार्टी से निपटने में अपनी दादी का अनुकरण कर सकते हैं। पार्टी न तो केंद्र में सत्ता में है और न ही कई राज्यों में। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान को अपने मैदान में जो कुछ बचा है उसे बचाने की जरूरत है। इंदिरा गांधी की कार्यशैली अब नहीं चलेगी। राहुल और प्रियंका पुराने पहरेदारों को बदलने के लिए अधीर हैं और उन्हें उनके प्रति वफादार युवा चेहरों के साथ बदल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वे तीनों कांग्रेस शासित राज्यों में परिवर्तन की मांग करने वाले विद्रोहियों का खुलकर साथ देते हैं। परिणाम पार्टी में अधिक विभाजन, अधिक विद्रोह, अनुशासनहीनता और क्षरण है। पंजाब में एक समस्या के समाधान ने दूसरी समस्या खड़ी कर दी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से भी विद्रोह की गूंज सुनाई देती है। राजस्थान में परिवार ने सचिन पायलट के नेतृत्व वाले बागी धड़े का खुलकर समर्थन किया, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तो पल्ला झाड़ लिया था। पायलट को अस्थायी रूप से शांत किया गया, लेकिन उनके समर्थक अधीर हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बागी नेता टीएस सिंह देव के बीच सत्ता के बंटवारे पर सहमति जताई थी। ढाई साल बाद देव कुर्सी की मांग कर रहे हैं।



कांग्रेस आलाकमान पहले की तरह शक्तिशाली क्यों नहीं है? इसका सीधा सा जवाब है कि समय बदल गया है और सत्ता के समीकरण बदल गए हैं और कांग्रेस बस अपने अतीत के गौरव में जी रही है। अफसोस की बात है कि गांधी परिवार को यह एहसास नहीं हुआ कि आलाकमान की शक्ति सिकुड़ रही है।

सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के साथ, कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी 2019 में अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद भी पार्टी के वास्तविक शासक हैं। प्रियंका गांधी भी एक शक्ति केंद्र के रूप में उभर रही हैं, जैसा कि पंजाब के फैसले से देखा जाता है। पंजाब की कहानी गांधी परिवार के उन दो सदस्यों की बढ़ती ताकत की कहानी है जिन्होंने अपनी मां को कैप्टन अमरिंदर सिंह का बदलने के लिए राजी किया और उनकी जगह एक कमजोर नेता बना दिया। उन्होंने ही महत्वाकांक्षी नवजोत सिद्धू को बढ़ावा दिया, जिन्होंने कैप्टन की जगह लेने का लक्ष्य रखा था। कहानी खत्म नहीं हुई है क्योंकि सिद्धू अभी भी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस का जुआ पंजाब में काम करे या न करे क्योंकि समय बहुत कम है। कहानी का नैतिक यह है कि आलाकमान संस्कृति तभी तक सफल हो सकती है जब तक नेतृत्व मजबूत हो। यह इंदिरा गांधी के साथ क्लिक किया हो सकता है, लेकिन वर्तमान प्रशासन उनके राजनीतिक कौशल के करीब कहीं नहीं आता है। एक ही दवा हर समय काम नहीं करती। ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय क्षत्रप निरंकुश तरीके से व्यवहार करते हैं।

आलाकमान की संस्कृति को अपनाने वाली पार्टी के साथ भाजपा भी बदल गई है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक, उत्तराखंड और गुजरात में तीन मुख्यमंत्री बदले हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह सर्वशक्तिमान हैं। भाजपा की रणनीति इंदिरा गांधी युग के समान है। अंतत: वोटों को झोली में डालने की क्षमता रखने वाला ही होता है जो किसी भी राजनीतिक दल में मायने रखता है, यही वजह है कि वे सफल होते हैं।

## आप की बात

### स्कूल खुले, विश्वविद्यालय बंद

**वैश्विक** महामारी ने सभी क्षेत्रों को बुरी तरह हताहत किया है। लेकिन, लगातार हो रहे टीकाकरण ने, आकडों को नियंत्रित किया है। ऐसे में, फिर से लगभग सभी क्षेत्र खुल चुके हैं।फिर चाहें वो रेस्टोरेंट, होटल, टूरिज्म या फिर शिक्षा से जुड़े हों। भारत के कई राज्यों में पांचवी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को बुलाया जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारहवीं से नीचे कक्षा के विद्यार्थियों की उम्र अट्ठारह वर्ष से कम ही होती है।लेकिन बावजूद इसके, स्कूल पूर्ण रूप से खुल रहे, जिसमें बच्चों का टीकाकरण तक नहीं हुआ। वही दूसरी ओर वह विद्यार्थी जो स्नातकोत्तर और परा स्नातक के अंतिम वर्ष में हैं, उनके विश्विद्यालय और महाविद्यालय अभी भी बंद हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय समेत कई यूनिवर्सिटी हैं, जो अभी भी विद्यार्थियों को बुलाने में संकोच कर रहे। इसका विपरित असर, उनके भविष्य के आजीविका पर पड़ रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय को इस विषय को अति गंभीरता से लेते हुए, सही और स्पष्ट निर्णय लेने की आवश्यकता है। विश्विद्यालय प्रबंधन इस बात को सुनिश्चित करे कि एक टीका तो सभी को लग चुका हो, और साथ ही आरटी पीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव हो।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### ब्रिटेन का विवादास्पद निर्णय

**ब्रिटेन** ने भारत से टीकाकृत होकर आए भारतीयों को भी 10 दिन का क्वारंटाइन करने का निर्णय लिया है जिससे अनेक तरह के विवादों के संदेह का जन्म हुआ है। शायद ब्रिटेन को भारतीय टीकों पर भरोसा नहीं है। भारतीयों को 10 दिन का क्वारंटाइन आखिर किस लिए किया जा रहा है? हम इसे उचित नहीं मानते। इसीलिए स्वाभाविक रूप से आज भारत में इसी कारण इस निर्णय का काफी विरोध हो रहा है। आज हमारे देश की कोवीशील्ड वैक्सीन पर क्या ब्रिटेन संदेह कर रहा है कि वह कारगर नहीं है अत: ब्रिटेन से पूछना चाहते हैं कि हमारे देश में टीकाकृत होकर आए हुए नागरिकों पर संदेह करना क्या उचित है इस तरह के ब्रिटेन के आदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। आज हमारे विपक्षी दलों ने ब्रिटेन के आदेश को आश्चर्यजनक एवं नक्सलवादी भी कहा है हमारे देश भारत से भारतीय बच्चे ब्रिटेन में पढ़ाई के लिए जाते हैं तब यह आदेश इन सब के लिए परेशानी पैदा करने वाला है। हमारे भारतीय लोगों पर शक करना किसी भी तरह से उचित नहीं है हमारे यहां भी नियम कायदों का पालन होता है तब ब्रिटेन को भारतीयों को अपमानित नहीं करना चाहिए।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### आत्मनिर्भर भारत

**कैसे** कभी छोटी नजर आने वाली चीजें राष्ट्र को जोड़ने वाली बन कर सामने आ जाती हैं, इसका सबसे सटीक उदाहरण आज "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत का आह्वान" के रूप में देखने को मिल रहा है। कोविड-19 महामारी के भयावह आपदा काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता की अवधरणा को देश के सामने एक अवसर के रूप में रखा तो देश की जनता जर्नादन ने भी इसे अपनाने में पूरा उत्साह दिखाया। खिलौने के माध्यम से आत्मनिर्भरता और संस्कृति के साथ एक व्यवसायिक आत्मविश्वास की स्थापना हो सकती है, इसकी उम्मीद तो नहीं थी लेकिन नजर आने लगा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समग्र सोच और स्पष्ट इरादों के साथ शुरु की गई नई पहल आज एक श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करने में सहायक साबित हो रही है। गुजरात के केवडिया में "स्टेच्यू ऑफ यूनिटी" विश्व पर्यटन का आकर्षक केन्द्र बन चुका है। त्यौहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीदने की नई प्रवृत्ति जनमानस में दिखने लगी है।

- **नरेंद्र राठी**, मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




**इन** नोटिसों के जारी होने के समय पर दृष्टि डालें। ये तब जारी की गई हैं जब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

- **राघव चड्ढा**
आम आदमी पार्टी नेता



**इस** घोषणा के लिए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय का धन्यवाद कि भारत अत्यंत महत्वपूर्ण कोविड-19 वैक्सीनें भेजने की प्रक्रिया बहाल करेगा।

- **टीए घेब्रिएसस**
महानिदेशक डब्लूएचओ



**उग्रवादी** गुंडों ने मेरे दिल्ली स्थिति आवास में तोड़-फोड़ की? भीड़ ने साम्प्रदायिक नारे लगाए और मुझे जाने से मारने की धमकी दी।

- **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख

# भारत की वयस्क आबादी के करीब 66 फीसदी को टीके की एक खुराक दी जा चुकी है : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्र सरकार** ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की कुल वयस्क आबादी (18 साल से ज्यादा आयु वाले) में से कम से कम 66 प्रतिश लोगों ने कोविड-19 टीके की एक खुराक जरूर लगवा ली है। वहीं 23 प्रतिशत हिस्से ने दोनों खुराक लगवाई हैं।

यहां संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि टीके की 63.7 प्रतिशत खुराक ग्रामीण क्षेत्रों में जबकि 35.4 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में लगाई गई हैं। वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की श्रेणी में नहीं आने वाले कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर 68.2 लाख खुराक लोगों को लगाई गई हैं। को-विन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 टीके की 84 करोड़ से ज्यादा खुराक लगाई जा चुकी हैं। एक मई से 22 सितंबर तक निजी अस्पतालों में करीब छह प्रतिशत खुराक लगाई गईं जबकि बाकी खुराक सार्वजनिक (सरकारी) स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगाई गईं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी. के. पॉल ने कहा, भारत की कुल वयस्क आबादी के दो तिहाई हिस्से (66 प्रतिशत) को सार्स-सीओवी2 का टीका लगाया जा चुका है और करीब एक तिहाई आबादी (23 प्रतिशत) को टीके की दोनों खुराकें लगाई गई।

### टीकाकरण का आंकड़ा 84 करोड़ खुराक के पार

**नई दिल्ली।** देश में अब तक लगाए गए कोविड-19 के टीके की कुल खुराक की संख्या बृहस्पतिवार को 84 करोड़ के पार कर गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि बृहस्पतिवार को शाम सात बजे तक 65,26,432 खुराकें दी गईं। देर रात तक अंतिम रिपोर्ट के संकलन के साथ दैनिक टीकाकरण संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि देश में सबसे कमजोर जनसंख्या समूहों को कोविड-19 से बचाने के लिए एक उपाय के रूप में जारी टीकाकरण अभियान की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है और उच्चतम स्तर पर निगरानी की जा रही है। देशव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को शुरू किया गया था। पहले चरण मे स्वास्थ्य कर्मियो (एचसीडब्ल्यू) को टीका लगाया गया। अग्रिम मोर्चे के कर्मियो का टीकाकरण दो फरवरी से शुरू हुआ था। टीकाकरण का अगला चरण एक मार्च से 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और अन्य बीमारियो से पीड़ित 45 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगो के लिए शुरू हुआ था। देश में एक अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए टीकाकरण शुरू किया गया।

### टीका प्रमाणन प्रक्रिया पर भारत, ब्रिटेन के बीच हुई तकनीकी वार्ता

नई दिल्ली। ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के अध्यक्ष आर एस शर्मा ने बृहस्पतिवार को भारतीय यात्रियो को टीका प्रमाणन के मुद्दे पर चर्चा की जिसे एलिस ने शानदार तकनीकी चर्चा और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाना करार दिया। एलिस ने ट्वीट कर कहा कि किसी भी पक्ष ने तकनीकी चर्चा के दौरान एक-दूसरे की प्रमाणन प्रक्रिया को लेकर कोई तकनीकी चिंता जाहिर नही की।

## मोपला विद्रोह को हिन्दुओं का जनसंहार घोषित करे सरकारः आरएसएस

**भाषा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध एक थिंक-टैंक ने बुधवार को कहा कि 1921 के मोपला विद्रोह को जनसंहार के तौर पर याद किया जाना चाहिए और एक स्मारक का निर्माण भी किया जाना चाहिए। प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार ने कहा कि केरल में मलप्पुरम में सौ साल पहले हुई 1921 की मालाबार हत्याओं की याद में सरकार को एक जनसंहार स्मारक बनवाना चाहिए और 25 सितंबर को मालाबार हिन्दू जनसंहार दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मालाबार हत्याओं को अंग्रेजों या जमींदारों के विरुद्ध लड़ाई के रूप में मान्यता दिए जाने का संघ विरोध करता रहा है। नंदकुमार ने कहा कि यह हिन्दुओं को लक्षित कर किया गया जनसंहार था।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आजादी का अमृत महोत्सवश् समारोह के लिए सीआरपीएफकी साइकिल रैली को जम्मू में हरी झंडी दिखाई। रैली का 2 अक्टूबर को दिल्ली में राज घाट स्मारक पर समापन होगा

### मप्र : कर्ज में डूबे किसान एवं उसकी बेटी ने आत्महत्या की

**शाजापुर (मप्र)।** जिले के गांव सांपखेड़ा में कर्ज में डूबे 40 वर्षीय एक किसान एवं उसकी 17 वर्षीय बेटी ने बृहस्पतिवार को कथित तौर पर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली थाना प्रभारी उदय सिंह ने बताया कि सांपखेड़ा गांव के रहनेवाले ईश्वर सिंह राजपूत (40) ने बृहस्पतिवार सुबह सल्फास खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद किसान की बेटी खुशबू (17) ने भी जहर खा लिया जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किसान कर्ज में डूबा हुआ था और आर्थिक तंगी के चलते उसने आत्महत्या की। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### महिला अपने तीन बच्चों को लेकर कुएं में कूदी, चारों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में सवाईमाधोपुर जिले के सूरवार थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक महिला अपने तीन बच्चों को लेकर कुएं कूद में गई जिससे चारों की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए है। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक तेज सिंह ने बताया कि बनोठा गांव निवासी सफेदी (35) अपने पुत्र अजय (9), पुत्रियों- गौरी (4) और अनुष्का (18) के साथ 90 फुट गहरे कुएं में कूद गई जिससे चारों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 80 फुट पानी से भरे कुएं से चारों के शवों को ग्रामीणों की मदद से निकाल लिया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही

### जींद : नौकरी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार, मामला दर्ज

**जींद (हरियाणा)।** जिले की महिला थाना पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर युवती के साथ कथित रूप से बलात्कार करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवती की रोहतक रोड फाटक के पास कार्यालय चलाने वाले सुभाष के साथ जान-पहचान थी। आरोपी सुभाष ने 27 अगस्त को उसे काम दिलाने का झांसा देकर अपने कार्यालय में बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी ने घटना के संबंध में किसी को बताने पर पीड़िता को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी भी दी और उसके साथ दोबारा बलात्कार किया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सुभाष के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र के 43 शहर जलवायु परिवर्तन पर आधारित वैश्विक अभियान रेस टू जीरो में शामिल होंगे

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के पर्यावरण एवं पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि ग्लोबल सिटीजन लाइव अभियान के तहत राज्य के 43 शहर जलवायु सप्ताह एनवाईसी 2021 से पहले वैश्विक अभियान रेस टू जीरो में शामिल होंगे। चयनित शहर पहले से ही केंद्र सरकार के अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) योजना का हिस्सा हैं। रेस टू जीरो अभियान में शामिल होने वाले शहर भविष्य के जलवायु खतरों को रोकने, रोजगार सृजित करने और समान व सतत विकास को लेकर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इन शहरों को वैश्विक जलवायु आपातकाल को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने और पहचानने की जरूरत के साथ ही जलवायु लचीलेपन के अनुरूप निर्णय लेने चाहिए। साथ ही वर्ष 2040 तक या उससे पहले शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को लेकर संकल्प लेना चाहिए। शहर अगले दशक में प्राथमिकता वाले कार्यों की पहचान भी करेंगे। आदित्य ठाकरे ने कहा, रेस टू जीरो अभियान में शामिल होना जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमारा योगदान है।

### उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं देने को प्रतिबद्ध है सरकार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया आयुष्मान भारत योजना के नाम से लोकप्रिय प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तीन साल पूरा होने के अवसर पर आई है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, पिछले साल स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता समझ आई। अपने नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दृष्टि को साकार करने में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अहम है।

## ठाणे में किशोरी से कई बार सामूहिक दुष्कर्म 24 गिरफ्तार, दो नाबालिग भी पकड़े गए

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले में पिछले आठ महीनों में 15 वर्षीय किशोरी से अलग-अलग स्थानों पर कथित तौर पर कई बार सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने इस संबंध में अभी तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि लड़की की शिकायत पर कल्याण के डोम्बिवली में मनपाडा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 376 (एन) (बार-बार दुष्कर्म), 376 (डी) (सामूहिक दुष्कर्म), 376 (3) (16 साल की कम उम्र की लड़की से दुष्कर्म) और बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत 33 आरोपियों के खिलाफ बुधवार को एक मामला दर्ज किया गया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में साकीनाका इलाके में एक महिला के साथ नृशंस बलात्कार और हत्या हुई थी। जिसके बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर विधानसभा के विशेष सत्र में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा कराने के लिए कहा गया था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय कराले ने बताया कि ये अपराध इस वर्ष 29 जनवरी से 22 सितंबर के बीच अंजाम दिए गए।

### मुंबई के खार में इमारत में आग लगी, दम घुटने से महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई के उपनगर खार पश्चिम में बृहस्पतिवार शाम एक सात मंजिला इमारत में आग लगने से 40 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि 10 वर्षीय लड़की सहित दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि शाम करीब सात बजे नूतन विला इमारत में आग लग गई और दमकल की गाड़ियां 20 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गईं।

उन्होंने बताया कि आठ दमकल गाड़ियां और छह जेटी अन्य उपकरणों के साथ घटनास्थल पर भेजी गई हैं और आग बुझाने का काम देर रात तक जारी है।

## कश्मीर में की मौत मामले की हो उच्चस्तरीय जांच : भाजपा

**भाषा।** जम्मू

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक पुलिसकर्मी की मौत की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। अधिकारियों ने कहा था कि पुलिसकर्मी अजय धर की बुधवार को उस समय मौत हो गई थी जब उनके सहयोगी ने ही गलत पहचान की वजह से गोली चला दी। उन्होंने बताया कि धर पुलिस विभाग में फॉलोअर के पद पर कार्यरत थे और हंदवाड़ा में तैनात थे। अधिकारियों के मुताबिक मंदिर की सुरक्षा में तैनात संतरी ने देर रात करीब दो बजे धर को तब गोली मार दी जब वह कथित तौर पर कहने के बावजूद नहीं रुके। भाजपा ने घटना को नृशंस हत्या करार दिया और पुलिस पर मामले की लीपापोती करने का आरोप लगाया है। धर का पार्थिव शरीर जम्मू के जगती कैम्प स्थित उनके निवास पर लाया गया और बृहस्पतिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के उपाध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि अगर इस मामले में जांच के आदेश नहीं दिए गए तो इसका नकारात्मक असर कश्मीरी पंडितों का घाटी में पुनर्वास पर पड़ेगा उन्होंने आरोप लगाया, मामले की पुलिस द्वारा लीपापोती की जा रही है। यह झूठ (पुलिस) सामने आ रहा है।



ठाणे में मजीवाड़ा के पास ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रैफिक जाम

## पीएमओ के अधिकारियों ने किया बदरीनाथ और केदारनाथ का दौरा

**भाषा।** गोपेश्वर

**प्रधानमंत्री** कार्यालय में सलाहकार भास्कर खुल्बे और उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने बृहस्पतिवार को बदरीनाथ पहुंचकर बद्रीशपुरी के लिए प्रस्तावित मास्टर प्लान के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बद्रीश व शेष नेत्र झील, तप्तकुण्ड, ब्रह्म कपाल, नारद कुंड, सुग्रीव शिला, अलकनंदा नदी तटों, साकेत तिराहा, अस्पताल, बस स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने पर जोर दिया। इस दौरान खुल्बे और घिल्डियाल के साथ पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर सहित राज्य सरकार के अन्य अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मास्टर प्लान के सलाहकार धर्मेश गंगानी ने इसके तहत प्रस्तावित कार्यों की उन्हें विस्तार से जानकारी दी। खुल्बे ने कहा कि बदरीनाथ मास्टर प्लान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसमें बदरीनाथ धाम को एक छोटे स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की परिकल्पना है ताकि भविष्य में यहां आने वाले यात्रियों को बदरीनाथ धाम एवं मंदिर के दिव्य और भव्य स्वरूप की अनुभूति हो सके।



## महंत का सुसाइड नोट बताता है कि मंदिरों में चढ़ावे का कैसे हो रहा है दुरुपयोग : दिग्विजय

**भाषा।** भोपाल

**कांग्रेस** सांसद दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की रहस्यमई परिस्थितियों में मौत मंदिरों के चढ़ावे के दुरुपयोग को दर्शाती है। सोमवार को महंत ने उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज के अपने श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सिंह ने भोपाल से करीब 40 किलोमीटर दूर सीहोर में संवाददाताओं से कहा, कहा जा रहा है कि नरेंद्र गिरि ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसकी उत्तर प्रदेश पुलिस जांच कर रही है। लेकिन, उन्होंने अपने सुसाइड नोट में जो लिखा है वह चिंता का विषय है कि मंदिरों और मठों के चढ़ावे का कैसे दुरुपयोग हो रहा है। मठों पर कब्जा और मंदिरों की भूमि खरीद फरोख्त में धांधली हो रही है। उन्होंने कहा, जब कोई व्यक्ति साधु-संत बन जाता है तो वह माया-मोह सब त्याग देता है। हमारा धर्म त्याग के साथ आगे बढ़ता है। त्याग से मोक्ष की प्राप्ति होती है। लेकिन, वह (आनंद गिरी) महंगे वाहनों का आनंद ले रहे है। यहां तक कि जब वह ऑस्ट्रेलिया गए थे, तब महिलाओं ने भी उसकी शिकायत की थी।

## क्विक न्यूज

### युवक की हत्या के जुर्म में तीन दोषियों को उम्र कैद

**जींद (हरियाणा)।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरजीत सिंह की अदालत ने जमीन विवाद के चलते करीब पांच साल पहले युवक की गोली मार कर हत्या करने तथा युवती सहित चार लोगों को घायल करने के जुर्म में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दो दोषियो पर 17-17 हजार रुपए तथा एक दोषी पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, गांव निडानी निवासी कृष्ण ने 21 जुलाई 2016 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका सूरजा परिवार से खेतों में रास्ते को लेकर विवाद हो गया था। देर शाम को सूरजा परिवार के लोग उनके घर घुस आए और पिस्तौल तथा तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान चली गोलियां कृष्ण के चचेरे भाई मंगल तथा भतीजी मरजीना को लगी। इसके अलावा हमले में कृष्ण तथा जगमोहन भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना में मंगल की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर सूरजा परिवार के केवल कृष्ण, राजेश, मोनू समेत कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम, जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियो को गिरफ्तार किया।

### बलात्कार मामले में लोजपा सांसद प्रिंस राज की अग्रिम जमानत पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद प्रिंस राज की बलात्कार के एक मामले में राहत का अनुरोध करने वाली याचिका पर शनिवार को फैसला सुनाएगी। विशेष न्यायाधीश विकास धुल ने राज और दिल्ली पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सांसद की अग्रिम जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। दलीलें पेश करते हुए पुलिस ने आवेदन का विरोध किया और पूछताछ के लिए राज को हिरासत में देने की मांग की। राज की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील विकास पहवा ने अदालत को बताया कि कथित पीड़िता ने जिस तारीख को घटना होने दावा किया है उस दिन राज के सरकारी आवास के आगंतुक रजिस्टर में उसकी कोई एंट्री नही है। उन्होंने अदालत को बताया कि कथित पीड़िता और उसका पुरुष मित्र उनके मुवक्किल को 2020 से ही ब्लैकमेल कर रहे थे और उससे धन ऐंठ रहे थे। दिवंगत नेता रामविलास पासवान के भतीजे और चिराग पासवान के चचेरे भाई राज बिहार की समस्तीपुर सीट से सांसद है।

### आश्रितों की वित्तीय सुरक्षा देने की योजना

**मुंबई।** भारत में अक्सर लोग टर्म प्लान में निवेश टैक्स-बचत के मकसद से करते हैं, न कि आश्रितों की वित्तीय सुरक्षा के लिए जो कि इनका प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। जिन लोगों पर देनदारियां और वित्तीय आश्रित हैं। भारत सरकार चाहती है कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को बीमा का लाभ मिले उन्हें सलाह दी जाती है कि वे पर्याप्त कवरेज के साथ एक कम्प्रेसिव टर्म इंश्योरेंस प्लान में निवेश करें। यह कम से कम आपकी सेवानिवृत्ति की आयु तक आपकी सुरक्षा करता है। परिवार और दोस्तों के बीच मौत पर चर्चा करना किसी के लिए भी एक अप्रिय अनुभव हो सकता है, लेकिन फिर हम सभी को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डेथ यानी मृत्यु एक हकीकत है। भले ही कोई भी व्यक्ति मौत से बचने में सक्षम न होए वह बुद्धिमानी से अप्रत्याशित परिस्थितियों से सुरक्षित रह सकता है। मृत्यु के खिलाफ आर्थिक रूप से तैयार रहने के साथ-साथ रोग और विकलांगता के लिए भी योजना बनाना महत्वपूर्ण है। ये सभी परिस्थितियां आश्रितों वाले परिवार को एक बड़ा वित्तीय झटका दे सकती हैं। प्रवीण चौधरी हेड टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसीबाजार ने कहा कि जब हम तीन फेक्टर, डेथ डिसीज और डिसेबिलिटी यानी मौतए रोग और विकलांगता पर विस्तार से बात करते हैं तो टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का एकमात्र उद्देश्य पॉलिसीधारक की आकस्मिक मृत्यु के मामले में आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

### प्रधानमंत्री आवास से यूपी को लाभ

**नोएडा।** रियल एस्टेट सेक्टर ने अच्छी तरक्की की है। इसमे पीएम आवास की योजना का भी योगदान है। इसी के तहत लखनऊ में भी ये प्रभाव दिखा है। जहां सरकारी योजना का लाभ यहां मिल रहा है वहीं नीजि क्षेत्र भी यहां पर कई निवेश कर रहे हैं। यूपी की राजधानी में उसके हाई स्टैण्डर्ड ऑफ़ लिविंग के लिए भी जाना जाता है। शहर के बुनियादी ढांचे में तेजी से वृद्धि के कारण यहां निवेश की बेहतर संभावनायें देख रहे हैं। राज्य में पिछले कुछ सालों में रियल स्टेट क्षेत्र में कोई बड़ी वृद्धि नहीं देखी गई है लेकिन पिछले 2 दशकों के दौरान या पिछले 20 वर्षों से नवाबों के शहर में रियल एस्टेट बाजार में भारी तेजी देखी गई है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के निवेशक को राज्य के सर्वश्रेष्ठ रियल एस्टेट बाजार के रूप में देख रहे हैं। वर्तमान में वैश्विक महामारी कोविड-19 भी रियल स्टेट के लिये एक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। संदीप सिंह कटियार सीईओ ओक कहते हैं की अद्वितीय संस्कृति और विरासत के लिए प्रसिद्ध शहर पारंपरिक व विश्व आकर्षण को बरकरार रखे हुए है और अब यह शहर एक आधुनिक शहर के रूप में विकसित हुआ है जिसमें प्रोफेशनल्स, निजी कंपनी के अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों के बढ़ते मध्यम वर्ग का निवास है। अमृतांशु रॉय सीओओए ग्रीनफील्ड ने कहा कि हाल के वर्षों शहर एक ही समय में परंपरा और आधुनिकता दोनों को अपनाते हुए क्लासिक समन्वयवाद का प्रतीक बन गया है। बेहतर प्रशासन और कानून व्यवस्था के बल परए शहर को अब सबसे अनुकूल निवेश स्थलों में से एक के रूप में स्थान दिया गया है।

### भवानीपुर उपचुनाव के मद्देनजर साम्प्रदायिक संदेश प्रसारित करने के आरोप में एक शख्स गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील संदेशों और अश्लील सामग्री को व्हाट्सऐप समूहो के जरिए फैलाने के आरोप मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि कोलकाता पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने कालीघाट के एक निवासी की शिकायत पर यह गिरफ्तारी की। कालीघाट इलाके में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रहती है।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, भवानीपुर उपचुनाव के मद्देनजर कई व्हाट्सऐप समूह बनाए गए हैं। इन समूहों के एडमिन के साथ अन्य लोग साम्प्रदायिक संदेश पोस्ट करने के लिए इनका इस्तेमाल करते थे।

### जम्मू कश्मीर बैंक के पूर्व अध्यक्ष परवेज नेंगरू पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल

**श्रीनगर।** भ्रष्टाचार के आरोपो का सामना कर रहे जम्मू कश्मीर बैंक के पूर्व अध्यक्ष परवेज अहमद नेंगरू बृहस्पतिवार को पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हो गए। सरकार द्वारा 2019 में बैंक के अध्यक्ष पद से हटाए गए नेंगरू पीपुल्स कॉन्फ्रेंस प्रमुख सज्जाद गनी लोन की मौजूदगी में पार्टी मे शामिल हुए। पार्टी में नेंगरू का स्वागत करते हुए लोन ने कहा कि वह परिवर्तन लाने के लिए पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के आर्थिक एजेंडा को तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, मैं दिल से परवेज साहिब का बदलाव के कारवां में स्वागत करता हूं। बैंकिंग क्षेत्र मे उनका उल्लेखनीय करियर रहा है। लोन ने कहा, उनके कार्यकाल के दौरान, हमने देखा कि अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर बैंक के वित्तीय भाग्य को बदल दिया। वह जम्मू-कश्मीर के लोगों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के एजेंडे को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नेंगरू ने कहा कि वह जम्मू कश्मीर में सामाजिक-आर्थिक विकास के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए लोन के विचारों से प्रेरित हैं।



तिरुवनंतपुरम में वेल्लयानी किसान निर्माता कंपनी के शुभारंभ के दौरान किसानों को देखते हुए एक नहर से गुजरती नाव। केंद्र सरकार की नई कृषि नीति के हिस्से के रूप में सामूहिक जमीनी स्तर पर किसानों को जुटाएगा। स्तर और उन्हें संगठन के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने और अपनी उपज का विपणन करने में मदद करें

## अपनी ही सरकार पर लगाया छत्तीसगढ़ के विधायक ने उत्पीड़न का आरोप

**भाषा।** बिलासपुर

**सिंहदेव के समर्थक होने की वजह से पुलिस कर रही कार्रवाई**

**छत्तीसगढ़** में सत्ताधारी दल के विधायक ने आरोप लगाया है कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के समर्थक होने की वजह से उनके और उनके साथियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। बिलासपुर जिला मुख्यालय में स्थित सरकारी अस्पताल में कांग्रेस नेता और अस्पताल के कर्मचारी के बीच कथित विवाद और कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी के बाद स्थानीय विधायक शैलेष पांडेय ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के करीबी होने के कारण उनके समर्थकों के खिलाफ कार्वाई की जा रही है। बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने बुधवार को बताया कि इस महीने की 18 तारीख को जिला मुख्यालय में स्थित छत्तीसगढ आयुर्विज्ञान संस्थान में एक परिचित मरीज के इलाज के दौरान कांग्रेस नेता पंकज सिंह का अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग के टेक्नीशियन तुलाचंद टांडे से विवाद हो गया था। बाद में तुलाचंद ने कांग्रेस नेता सिंह के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद स्थानीय विधायक शैलेष पांडेय अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे थे। पांडेय ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि सिंहदेव के करीबी होने के कारण उनके और उनके समर्थकों के खिलाफ कार्वाई की जा रही है। विधायक शैलेश पाण्डेय ने कहा कि पंकज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज होने पर वह नैतिकता के आधार पर गिर{398}तारी देने के लिए थाने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कोरोना काल में लॉकडाउन के समय जब मैं गरीबों को राशन बांट रहा था तब मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और अब एक गरीब के इलाज के सिलसिले में बिना जांच किए पंकज सिंह पर कार्वाई की जा रही है।

# शिवसेना ने गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों की तुलना दुष्ट हाथी से की

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने महाराष्ट्र सहित गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों की तुलना दुष्ट हाथी से की और आरोप लगाया कि वे अपने पैरों तले लोकतांत्रिक संविधान, कानून और राजनीतिक संस्कृति को कुचल रहे हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का नाम लिए बगैर पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना में यह आरोप भी लगाया कि केंद्र उन राज्यों की सरकारों को अस्थिर करने के लिए राज्यपालों का इस्तेमाल कर रहा है जहां भाजपा की सरकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिवसेना नीत महा विकास आघाडी सरकार का राज्यपाल कोश्यारी के साथ असहज संबंध है। कोश्यारी अन्य मुद्दों के अलावा राज्य सरकार के कोटा से 12 विधान पार्षदों की नियुक्ति को मंजूरी देने में विलंब करने के मुद्दे पर भी प्रदेश



सरकार के निशाने पर हैं। शिवसेना ने कहा, गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपाल दुष्ट हाथी की तरह हैं और उनके महावत नई दिल्ली में बैठे हुए हैं। इस तरह के हाथी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, कानूनों, राजनीतिक संस्कृति को अपने पैरों तले कुचल रहे हैं और नए मानक गढ़ रहे हैं। संपादकीय में सवाल किया गया कि यह कितना उचित है कि राज्यपाल गैर भाजपा दलों की राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। शिवसेना ने कहा कि इस तरह के प्रयास से देश की एकता प्रभावित हो रही है और यह आग से खेलने जैसा है।

### उद्धव अच्छा काम कर रहे हैं : भाजपा विधायक

**ठाणे।** महाराष्ट्र में भाजपा की विधायक मंदा म्हात्रे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तारीफ करते हुए कहा कि वह राज्य में अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य में विपक्षी दल की विधायक ने बुधवार को नवी मुंबई में पत्रकारों से यह भी कहा कि जब भी विपक्षी पार्टी समेत कोई भी व्यक्ति किसी भी काम के लिए ठाकरे से संपर्क करता है तो वह ध्यान से उसकी बात सुनते हैं और उपयोगी सलाह देते हैं। म्हात्रे ने कहा, मुख्यमंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने नवी मुंबई में एक सुपर स्पैशेलिटी अस्पताल की मंजूरी दे दी है जिससे नागरिकों को काफी मदद मिलेगी।

इसने कहा कि याद रखा जाना चाहिए कि इस तरह का काम करने से अपना ही हाथ जल जाता है।

# टीएमसी कार्यालय के बाहर कतार में खड़े हैं भाजपा नेता: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से कई नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में जाने के बीच राज्य की सत्ताधारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर उनका संगठन अपने दरवाजे खोल देता है, तो भगवा खेमा कुछ ही समय में ढह जाएगा। मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली में बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा नेता, ज्यादातर विधायक, टीएमसी कार्यालय के सामने कतार में लगे हुए हैं, जिसके दरवाजे बंद हैं। उन्होंने कहा, हमने दरवाजे बंद रखे हैं। अगर दरवाजे खुले तो भाजपा निश्चित रूप से ढह जाएगी। समसेरगंज विधानसभा क्षेत्र में 30 सितंबर को मतदान होना है।

डायमंड हार्बर के सांसद ने आगे कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने मार्च-अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को भगा दिया और वह आगामी चुनावों में फिर से ऐसा करेगी।

टीएमसी अक्सर भाजपा का बाहरी लोगों की पार्टी कहती है। बनर्जी ने कहा, इन बाहरी लोगों को फिर से सबक सिखाने की जरूरत है आगामी चुनावों में भगवा पार्टी की हार होगी। जहां भी भाजपा सत्ता में होगी, हम वहां जाएंगे और पार्टी को उखाड़ फेंकेंगे। सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि त्रिपुरा में भाजपा सरकार ने उन्हें रैलियां करने से रोकने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा,त्रिपुरा में आदेश कब तक लागू रहेगा? टीएमसी त्रिपुरा में निश्चित रूप से जीत दर्ज करेगी। लोग देखेंगे कि टीएमसी अगले तीन महीनों में क्या हासिल कर सकती है। त्रिपुरा में 2023 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। टीएमसी ने समसेरगंज सीट से अमीरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है।



पूर्वी मिदनापुर में दीघा बीच पर समुद्र का नजारा लेते हुए पर्यटक।

### पुडुचेरी से भाजपा उम्मीदवार का राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना तय

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एस सेल्वगणपति का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सिर्फ उनका नामांकन ही सही पाया गया।विधानसभा के सचिव और चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी आर मौनीसामी ने कहा कि पांच निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन आज जांच के अंत में खारिज कर दिए गए क्योंकि उनके नामांकन के लिए आवश्यक संख्या में प्रस्तावक नहीं थे।उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश से सेल्वगणपति के निर्विरोध राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने जाने की आधिकारिक घोषणा 27 सितंबर को की जाएगी। 27 सितंबर को नामांकन वापस लेना का अंतिम दिन है। भाजपा ने पुडुचेरी के पूर्व मनोनीत विधायक सेल्वगणपति को एआईएनआरसी के समर्थन से अपना उम्मीदवार बनाया था।

# रास उपचुनाव: फडणवीस से मिले कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के नेता

**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष नाना पटोले और राज्य के राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट ने विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेन्द्र फडणवीस से बृहस्पतिवार को भेंट की और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी से अनुरोध किया कि वह अपनी उम्मीदवारी वापस ले ले ताकि राज्यसभा की सीट पर अगले महीने होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो सकें। राज्यसभा में कांग्रेस के सदस्य राजीव सातव की मृत्यु के कारण यह उपचुनाव हो रहा है। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठबंधन की सरकार में शामिल कांग्रेस ने रजनी पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं भाजपा ने संजय उपाध्याय को अपना प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा की इस सीट के लिए उपचुनाव चार अक्टूबर को होने वाला है।

कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया, थोराट और पटोले ने फडणवीस से भेंट की ताकि वे भाजपा को अपना प्रत्याशी वापस लेने के लिए मना सकें और कांग्रेस उम्मीदवार को निर्विरोध जीत मिल सके। नामांकन पत्रों की छंटनी बृहस्पतिवार को होनी है और नाम 27 सितंबर तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता होने पर चार अक्टूबर को मतदान और उसके तुरंत बाद वोटों की गिनती होगी। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा में भाजपा के पास सबसे ज्यादा 106 विधायक हैं। शिवसेना के पास 56, राकांपा के 53, कांग्रेस के 43, बहुजन विकास आघाडी के तीन, समाजवादी पार्टी के दो, एआईएमआईएम के दो, प्रहार जनशक्ति पार्टी के दो, मनसे का एक, भाकपा का एक, स्वाभिमानी पार्टी का एक, राष्ट्रीय समाज पक्ष का एक, क्रांतिकारी सेतकारी पार्टी का एक, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी का एक, जनसुराज्य शक्ति पार्टी का एक और 13 निर्दलीय विधायक हैं।

### कोर्ट ने आयोग को हलफनामा दायर करने की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भबानीपुर उपचुनाव के लिए जारी अधिसूचना की सामग्री को लेकर निर्वाचन आयोग को हलफनामा दायर करने की अनुमति बृहस्पतिवार को दी। अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अनुरोध किया गया था कि वह उपचुनाव की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करे क्योंकि निर्वाचन आयोग ने कथित रूप से कहा था कि भबानीपुर में उपचुनाव नहीं कराने से संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है। अर्जी में दावा किया गया है कि चुनाव आयुक्त ऐसा बयान नहीं दे सकता है। चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता ने याचिकाकर्ता के वकील बिकास भट्टाचार्य की दलीलों के आलोक में चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के दो पैराग्राफ की सामग्री पर हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति राजश्री भारद्वाज की खंड पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

# वसुंधरा ने नदी परियोजना को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने अपने कार्यकाल की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक द्रव्यवती नदी परियोजना में कथित अव्यवस्था को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय जनहित के नजरिए से देखें।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने ट्वीट किया, द्रव्यवती रिवर फ्रंट ना सिर्फ हमारी भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना थी, बल्कि जयपुर के लाखों लोगों की उम्मीद भी थी। इसके लिए हमने एक संकल्प लिया तथा हम।,400 करोड़ रुपए की लागत से एक गंदे नाले को सुंदर एवं स्वच्छ नदी के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में आगे बढ़े। इस परियोजना का कार्य पूरा होते ही करीब 47 किलोमीटर लम्बे रिवर फ्रंट (नदी किनारे का क्षेत्र) के रूप में एक नए, खूबसूरत एवं स्वच्छ जयपुर की छवि निखर कर सबके सामने आई थी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की संवेदनहीनता एवं लापरवाही के चलते द्रव्यवती परियोजना भी अब अव्यवस्था का शिकार हो गया है। भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने लिखा है, मेरा राज्य सरकार से आग्रह है कि द्रव्यवती रिवर फ्रंट परियोजना को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय जनहित के नजरिए से देखें, ताकि यह परियोजना पर्यटन स्थल के रूप में देश और दुनिया में एक उदाहरण बन सके तथा जयपुर की सुंदरता में चार चांद लगा सके।

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना में 14 माओवादी मिलिशिया ने आत्मसमर्पण किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडम जिले में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) से संबंधित 14 लोगों ने बृहस्पतिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 14 में से एक लड़की समेत तीन लोग नाबालिग हैं जो प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के लिए मिलिशिया सदस्य के तौर पर काम करते थे।ुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे पार्टी के लिए काम नही करना चाहते थे, फिर भी उन्हें इसमें शामिल होने के लिए मजबूर किया गया और उन्हें प्रशिक्षण लेना पड़ा।भद्राद्री कोठागुडम जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील दत्त ने बताया, प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी ने उन्हें बैठकों में भाग लेने, ग्रामीणों से राशन और जरूरी वस्तुओं को इकट्ठा करने के लिए मजबूर किया। वे माओवादी पार्टी कैडर के रवैए से तंग आ चुके थे और मुख्यधारा में शामिल होना चाहते थे। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने सभी मिलिशिया सदस्यों से सामान्य और बेहतर जीवन जीने के लिए आत्मसमर्पण करने के वास्ते अपने रिश्तेदारों या पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

### मोइली को प्रशांत के कांग्रेस में आने से कोई आपत्ति नहीं

**बेंगलुरु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली ने चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में संभावित प्रवेश का बृहस्पतिवार को स्वागत किया और कहा कि उन्हें किशोर को महत्वपूर्ण पद दिए जाने पर कोई आपत्ति नही है। मोइली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा, प्रशांत किशोर 99 प्रतिशत सफलता दर वाले चुनाव रणनीतिकार हैं और उन्होंने स्वेच्छा से हमारे साथ सहयोग करने को कहा है। (किशोर को पार्टी में लाने की) प्रक्रिया जारी है। उन्होंने किशोर के पार्टी में आने और अन्य आंतरिक सुधारों को कांग्रेस का पुनरुत्थान करार दिया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री से पूछा गया कि यदि किशोर को पार्टी में बड़ी भूमिका दी जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति तो नही है, मोइली ने कहा, मुझे कोई आपत्ति नही है। मै लगातार उनके संपर्क में हूं। पंजाब में अचनाक हुए नेतृत्व परिवर्तन पर मोइली ने कहा कि पार्टी ने स्थिति को बहुत अच्छी तरह से संभाला। उन्होने कैप्टन अमरिंदर सिंह की सहराना की है जिन्होने पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है और उनकी जगह चरणजीत सिंह चन्नी को राज्य की बागडोर सौंपी गई है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शरद रणपिसे का निधन

**पुणे।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद में पार्टी के नेता शरद रणपिसे का बृहस्पतिवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। सूत्रों ने इस आशय की जानकारी दी। पार्टी नेता ने बताया कि कुछ दिन पहले रणपिसे (71) को दिल का दौरा पड़ा था और उनका एक निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा था। महाराष्ट्र कांग्रेस ने ट्वीट किया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद में समूह के नेता शरण रणपिसे के निधन से कांग्रेस को बहुत क्षति पहुंची है। पार्टी ने एक अध्ययनशील व्यक्तित्व को खो दिया है। उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि। रणपिसे पुणे नगरपालिका परिषद में नगर सेवक रहे और जिले के पार्वती विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं। वह एमएलसी और राज्य विधान परिषद में कांग्रेस समूह के नेता थे।

### भारतीय मछुआरों की नौका एवं जाल क्षतिग्रस्त

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौका के कथित हमले में यहां भारतीय मछुआरो की नौकाएं एवं मछलियां पकड़ने के उनके जाल क्षतिग्रस्त हो गए। तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कच्चातीवु के निकट बुधवार देर रात हुई, जब करीब 10 गश्ती नौकाओं में आए श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने शीशे की बोतलें एवं पत्थर फेंके। उन्होंने बताया कि हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन 25 नौकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं और श्रीलंकाई कर्मियों ने करीब 40 नौकाओ में मछलियां पकड़ने के जाल क्षतिग्रत कर दिए। क्षतिग्रस्त नौकाओं को अन्य नौकाओ की मदद से खींचकर किनारे पर लाया गया। मछुआरा संघ के प्रतिनिधियों एन देवदास और पी सेसुराजा ने ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की घटनाओं के कारण मछुआरे समुद्र में जाने से डरते हैं। इस मामले को लेकर मत्स्य विभाग के अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई गई है।

### नियंत्रण रेखा के पास सैनिक ने खुद को गाली मारी, मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक सैनिक ने अपने सर्विस राइफल से कथित रूप से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सेना के 6 राष्ट्रीय राइफल के लोकिन्दर सिंह ने बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे नियंत्रण रेखा के पास केरन सेक्टर स्थित शिविर मे अपने सर्विस राइफल से कथित रूप से खुद को गोली मार ली। सिंह को तुरंत करीबी सैन्य स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नही चला है।



जम्मू में युवा राजपूत सभा के सदस्य महाराजा हरि सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर रैली निकालते हुए।

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बुधवार रात हुई गोलीबारी में शामिल आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ शोपियां जिले में हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र की पुलिस ने ट्वीट किया कल रात, आतंकवादी अनायत अशरफ डार ने जीवर हमीद भाटी में एक नागरिक पर गोलियां चला दी थी, जिससे वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और अब भी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ के धंधे में शामिल अनायत गैरकानूनी तरीके से हासिल किए गए हथियारों के दम पर अपने गांव वालों और उसके बाहर के लोगों को भी धमकाता था। पुलिस ने कहा, हमले के बाद पूर्ण जांच की गई और सूत्रों से मिली कुछ जानकारियों के आधार पर काशना गांव में एक घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया गया। इस दौरान अनायत ने तलाश दल पर गोलियां चलाईं।

# पाक सेना प्रमुख बाजवा पर बलूनी और रावत में जुबानी जंग

**देहरादून।** कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब प्रभारी हरीश रावत द्वारा हाल में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को प्रा (पंजाबी भाषा में भाई) कहे जाने पर भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कड़ी आपत्ति जताई है और इससे दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है।उत्तराखंड से राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ऐसे व्यक्ति को भाई कहा जा रहा है जिसके हाथ भारतीयों और उत्तराखंड के वीर जवानों के खून से रंगे हैं। उन्होंने रावत से कहा, आप देवभूमि के रहनेवाले हैं। यहां के प्रतएक घर से ोई न कोई सेना में है। इस तरह का देकर आप तुष्टीकरण की किस तरह की राजनीति कर रहे हैं, किस तरह के वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की प्रशंसा करने को लेकर भी रावत आलोचना की। आप सिद्धू के बयानों को उचित ठहरा रहे हैं जबकि आपकी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह उन्हें देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक बता रहे हैं। अगले साल की शुरुआत में उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रचार समिति के प्रमुख बनाए गए रावत ने हाल में एक ट्वीट में बाजवा को प्रा कहते हुए इस्लामाबाद में इमरान खान के शपथग्रहण समारोह के दौरान सिद्धू के उन्हें गले लगाने को उचित ठहराया था और का था कि एक पंजाबी का दूसरे पंजाबी ा को गले लगाना कैसे देशद्रोह हो कता है। रावत ने कहा था, विभाजन के बाद पंजाब का जो हिस्सा पाकिस्तान में रह गया, उसे भी पंजाब ही कहा जाता है और वहां रहने वालों को पंजाबी ही कहा जाता है। सिद्धू यदि दूसरे पंजाबी व्यक्ति से, जो पाकिस्तान का जनरल है, उससे गले मिले तो...श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर को खोलने के विषय में मिले।

# विनी महाजन को हटा अनिरुद्ध तिवारी मुख्य सचिव नियुक्त

**चंडीगढ़।** चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बृहस्पतिवार को विनी महाजन को हटाकर उनकी जगह अनिरुद्ध तिवारी को मुख्य सचिव नियुक्त किया है। तिवारी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1990 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास, अतिरिक्त मुख्य खाद्य प्रसंस्करण, अतिरिक्त मुख्य सचिव बागवानी और अतिरिक्त मुख्य सचिव शासन सुधार एवं लोक शिकायत का पदभार संभाल रहे हैं। 1987 बैच की अधिकारी महाजन को पिछले साल अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था और वह राज्य में इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी थीं। महाजन को अमरिंद सिंह का करीबी माना जाता है, जिन्होंने पिछले हफ्ते कांग्रेस में सत्त ा संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

महाजन का पदस्थापन आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आदेश के अनुसार, रवनीत कौर (1988 बैच-आईएएस अधिकारी), संजय कुमार (1988-बैच), वी के जंजुआ (1989-बैच) और कृपा शंकर सरोज (1989-बैच) को तत्काल प्रभाव से विशेष मुख्य सचिव के रूप में नामित किया गया है। सरकार बदलने के बाद नौकरशाहों का तबादला तय माना जा रहा था। पुलिस महानिदेशक के तबादले की अटकलें भी तेज हैं। गुप्ता महाजन के पति हैं। चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को नौ आईएएस और दो पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था। इससे पहले, इसने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और विशेष प्रमुख सचिव का तबादला किया था। कांग्रेस ने रविवार को चरणजीत सिंह चन्नी को राज्य के कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना था। उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### बेंगलुरू में विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू में बृहस्पतिवार की दोपहर को एक विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेंगलुरू दक्षिण के पुलिस उपायुक्त हरीश पांडेय ने यहां पत्रकारों को बताया, पंक्चर ठीक करने की एक दुकान के साथ बने एक परिवहन गोदाम में विस्फोट हुआ। तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि थारागुपेट इलाके में हुए विस्फोट के पीड़ितों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुछअस्थिर रसायन के कारण विस्फोट हुआ जो एक औद्योगिक खेप का हिस्सा था। पांडेय नेबताया, विस्फोट की जांच की जा रही है। यह न सिलेंडर विस्फोट था और न ही पटाखे से हुआ विस्फोट या शॉर्ट सर्किट से हुआ विस्फोट था। कम्प्रेसर के टुकड़े भी नहीं मिले। उन्हेंने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ विस्फोट की वजह पर अपनी राय देंगे।

# मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पुलिसकर्मी की हत्या कर शव दफनाया गया

**भाषा।** सिवनी (मप्र)

**मध्य प्रदेश** के छिंदवाड़ा जिले के चांद पुलिस थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय बघेल (46) की कथित रूप से अपहरण कर हत्या करने और उसके शव को दफनाने का मामला सामने आया है। बघेल का शव सिवनी जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर डूंडासिवनी थाना अंतर्गत बम्होड़ी सैलुआ क्षेत्र में जेसीबी से घंटों तक खुदाई कर बृहस्पतिवार को एक कब्र से निकाला गया। वह पड़ोसी छिंदवाड़ा जिले के चौरई में अपने परिवार के साथ रहता था और दो दिन पहले वहां से अचानक लापता हो गया था। प्रारंभिक जांच में रूपयों के लेन-देन को लेकर हत्या का अंदेशा जताया जा रहा है। इस मामले में भाजपा के नगर मंत्री राहुल नेमा का नाम आने पर उन्हें भाजपा की प्राथमिक सदस्यता एवं पदों से निष्कासित कर दिया गया है। सिवनी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह मरावी ने भाषा को बताया, छिंदवाड़ा जिले में पदस्थ पुलिस कर्मचारी की हत्या कर शव को सिवनी के बम्होड़ी सैलुआ क्षेत्र में दफनाने का मामला सामने आया है। चौरई पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, छिंदवाड़ा जिले के चौरई इलाके के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) पी एस बालरे ने बताया कि मृतक प्रधान आरक्षक मूलत: सिवनी के जैतपुर गांव का रहने वाला है, जो छिंदवाड़ा पुलिस लाइन में पदस्थ था। हाल ही में उसका तबादला छिंदवाड़ा जिले स्थित चांद पुलिस थाने में किया गया था। मृतक चौरई में परिवार के साथ रहता था। उन्होंने कहा, 21 सितंबर को बघेल के लापता होने की रिपोर्ट उसके परिवार के सदस्यों ने चौरई पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। इस पर छानबीन शुरू कर संदिग्धों से पूछताछ की गई। संदिग्धों से पूछताछ में पता चला कि उसकी हत्या कर शव को सिवनी लाकर बम्होड़ी सैलुआ घाटी में दफनाया गया है। संदिग्धों की निशानदेही पर चौरई पुलिस बृहस्पतिवार को उस स्थान पर पहुंची जहां शव को दफनाया गया था।



पिथौरागढ़ में भारत-नेपाल की संयुक्त मिलिट्री सेना ट्रेनिंग अभ्यास करती हुई।

# शेयर बाजारों में रिकार्ड तेजी

## चौतरफा लिवाली से सेंसेक्स में 958 अंक का उछाल, बाजार नई ऊंचाई पर

**भाषा।** मुंबई

**देश के** शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 958 अंक उछलकर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ। फेडरल रिजर्व के मासिक बांड खरीद कार्यक्रम में कमी लाने के संकेत के बावजूद वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती से भी कारोबारी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 958.03 अंक यानी 1.63 प्रतिशत के उछाल के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 59,885.36 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 276.30 अंक यानी 1.57 प्रतिशत उछलकर रिकार्ड 17,822.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 17,843.90 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 5.15 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में बजाज फिनसर्व रहा। इसके अलावा एल एंड टी, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडसइंड बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।कुल तेजी में सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले आरआईएल, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक का योगदान करीब आधा रहा। केवल पांच शेयर डा. रेड्डीज, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, एचयूएल और भारती एयरटेल में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज



के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख और रियल्टी, धातु तथा बैंक शेयरों की अगुवाई में तेजड़िए बाजार पर हावी रहे। फेडरल रिजर्व के नवंबर में मासिक बांड खरीद कार्य्रक्रम में कमी लाने की संभावना और प्रक्रिया 2022 के मध्य में समाप्त करने की सूचना के बावजूद वैश्विक बाजारों में रुख कुल मिलाकर सकारात्मक रहा। उन्होंने कहा, हालांकि निवेशकों को अभी चीनी अर्थव्यवस्था को लेकर स्पष्टता का इंतजार है। रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग बढ़ने के साथ इस क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। क्षेत्रवार बीसई रियल्टी, बैंक, ऊर्जा, वित्त, पूंजीगत सामान और औद्योगिक सूचकांक 8.71 प्रतिशत तक मजबूत हुए। हालांकि, दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों का शेयर सूचकांक (एफएमसीजी) नुकसान में रहा।बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप (मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांक) 1.28 प्रतिशत मजबूत हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बांड खरीद कार्यक्रम में कमी के बयान के बाद भी वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक बांड खरीद में नवंबर से कमी कर सकता है और अगले साल नीतिगत दर में वृद्धि के भी संकेत दिए। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और हांगकांग लाभ में रहें जबकि सियोल में गिरावट रही। जापान का बाजार अवकाश के कारण बंद था। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत फिसलकर 76.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 23 पैसे की तेजी के साथ 73.64 पर बंद हुई। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार निवेशक बुधवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने 1,943.26 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## एलआईसी एचएफएल ने दो करोड़ रुपए तक के आवास ऋण की दर 6.66 प्रतिशत की

**एजेंसी।** मुंबई

**एलआईसी हाउसिंग** फाइनेंस (एलआईसी एचएफएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो करोड़ रुपए तक के आवास ऋण के लिए अब न्यूनतम 6.66 प्रतिशत ब्याज देय होगा। एलआईसी एचएफएल ने इससे पहले जुलाई में आवास ऋण की 50 लाख रुपए तक राशि के लिए 6.66 प्रतिशत की ब्याज दर की पेशकश की थी। एलआईसी एचएफएल ने एक बयान में कहा कि यह दर 700 या उससे अधिक के सिबिल स्कोर वाले सभी कर्ज लेने वालों के लिए उपलब्ध है, चाहे उनका पेशा कुछ भी हो। यह दर 22 सितंबर से 30 नवंबर 2021 तक स्वीकृत ऋणों के लिए है।

## क्विक न्यूज

### जेएसपीएल को ओडिशा में 27.8 करोड़ टन की कासिया लौह अयस्क खदान मिली

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ओडिशा में कासिया लौह अयस्क ब्लॉक हासिल किया है। जेएसपीएल ने एक बयान में कहा कि 27.8 करोड़ टन भंडार वाली यह खदान राज्य के बारबिल में कंपनी के पेलेट संयंत्र से लगभग 17 किलोमीटर की दूरी पर है। कंपनी ने बताया कि इस समय कासिया खदान में प्रति वर्ष 75 लाख टन खनिज उत्खनन के लिए पर्यावरण मंजूरी (ईसी) मिली है। कंपनी ने बताया, जेएसपीएल को कासिया आयरन और डोलोमाइट खदान का खनन पट्टा मिलने के संबंध में ओडिशा सरकार से आधिकारिक रूप से सूचना मिली है। जेएसपीएल को 118.10 प्रतिशत प्रीमियम पर खदान के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया। इस खदान की नीलामी 18 सितंबर 2021 को आयोजित की गई थी।

### विस्तारा सात नवंबर से दिल्ली-पेरिस के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी

**मुंबई।** विमानन कंपनी विस्तारा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और फ्रांस के बीच एयर बबल समझौते के तहत वह दिल्ली और पेरिस के बीच सात नवंबर से सीधी उड़ान शुरू करेगी। टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा संचालित विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि नए मार्ग पर उड़ान बोइंग 787-900 (ड्रीमलाइनर) विमान द्वारा संचालित की जाएंगी। दोनों शहरों के बीच सप्ताह में दो दिन बुधवार और रविवार को सीधी उड़ानें चलेंगी। उसने कहा कि दोनों शहरों के बीच की उड़ानों को कंपनी की वेबसाइट, मोबाईल एप्लिकेशन और बिचौलियों समेत अन्य माध्यमों से भी बुक किया जा सकता है। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेस्ली थंग ने कहा, हम पेरिस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे के लिए उड़ानें शुरू करने को लेकर बहुत खुश हैं। यह कदम हमारे वैश्विक नेटवर्क को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ए उड़ानें हमें यूरोप में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने और दुनिया के सामने भारत की बेहतरीन सेवा पेश करने का मौका देती हैं। विस्तारा के पास कुल मिलाकर 48 विमान हैं जिनमें 37 एयरबस ए320, तीन एयरबस ए321नियो, छह बोइंग 737-800एनजी और दो बोइंग 787.9 ड्रीमलाइनर एयरक्राफ्ट हैं।


### भूमि विकास बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों को मिलेगा पांच प्रतिशत अनुदान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने दीर्घकालिक कृषि ऋण लेने वाले काश्तकारों के लिए पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की योजना लागू की है। इसके अमल में आने पर सही समय पर ऋण चुकाने वाले काश्तकारों को पांच प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण मिल पाएगा।सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना 31 मार्च 2022 तक लागू रहेगी। आंजना ने बताया कि योजना सहकारी भूमि विकास बैंकों से दीर्घ कालीन अवधि के लिए लेने वाले ऋणों पर लागू होगी। उन्होंने बताया कि यह ब्याज दर किसी भी वाणिज्यिक बैंक द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर से सबसे कम है। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, लेकिन ब्याज दर अधिक होने के कारण किसान को ब्याज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था और कृषि कार्यों में रुकावट भी पैदा होती थी।एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों के हित में फैसला लेते हुए इसे। अप्रैल, 2021 से लागू किया गया है। एक अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि में ऋण लेने वाले सभी किसानों को योजना का लाभ मिलेगा।उन्होंने बताया कि दीर्घकालीन कृषि ऋण 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर देय होता है तथा समय पर ऋण चुकता करने वाले कृषकों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान देकर उन्हे राहत प्रदान की गई है।

### आईटी मंत्रालय की कार्यशाला में इंटरनेट पहुंच बढ़ाने के मसौदे पर चर्चा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यशाला में देश के वंचित और अछूते क्षेत्रों में इंटरनेट उपलब्धता सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि कार्यशाला के दौरान दुनिया की सबसे बड़ी फाइबर आधारित ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी परियोजना भारतनेट की भी समीक्षा की गई। बयान के मुताबिक कनेक्टिंग ऑल इंडियंस नाम से आयोजित कार्यशाला में छूटे हुए भौगोलिक क्षेत्रों और गांवों को तुरंत इंटरनेट आवरण में शामिल करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने की।

## भारत औद्योगिक इंजीनियरिंग अनुसंधान के क्षेत्र में शुरूआती अवस्था में: गोयल



**भाषा।** मुंबई

**केंद्रीय वाणिज्य** मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत औद्योगिक इंजीनियरिंग अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में अभी शुरूआती अवस्था में है। उन्होंने यह भी कहा कि मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है।राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान (एनआईटीआईई) के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमें इस मोर्चे पर काफी कुछ करने की जरूरत है और इस क्षेत्र में अवसर भी काफी ज्यादा हैं। रेल मंत्री रहे गोयल ने कहा कि एक समय भारतीय रेलवे को संगठन अनुसंधान के मामले में समाधान प्राप्त करने को परेशानी हो रही थी। यह आईआईटी बाम्बे के समाधान पेश करने तक समस्या बनी रही थी। आईआईटी के कार्यों से रेलवे को मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मामले में उल्लेखनीय मूल्य वर्धन की जरूरत है। इसमें पैकेजिंग को लेकर प्रक्रियाओं में सुधार तथा भंडारण व्यवस्था शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला के लिए शोध और नियोजन केवल निजी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए और हमें सार्वजनिक सेवाओं की डिलिवरी को लेकर भी ऐसे प्रयासों की जरूरत है। इससे पहले, गोयल ने लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। एनआईटीआईई के संचालन बोर्ड के चेयरमैन और अलकार्गो लॉजिस्टिक्स के प्रमुख शशि किरण शेट्टी ने कहा कि संस्थान, आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) और आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) की तरह स्वायत्ता चाहता है और इस मामले में उन्होंने मंत्री से मदद का आग्रह किया।

## सुधारों को लागू करने के लिए उद्योग जगत को सरकार के साथ काम करना चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति एम** वेंकैया नायडू ने बृहस्पतिवार को आयोजित एक सम्मेलन में उद्योग जगत से विभिन्न सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के साथ मिलकार काम करने का आह्वान किया ताकि आने वाले दशक में सतत आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित मिस्टिक साउथ-ग्लोबल-लिंकेज-टुवर्ड्स ए 1.5 ट्रीलियन इकोनोमी बाय 2025 सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब अपनी प्रगति को दोबारा हासिल करने के निर्णायक बिंदु पर खड़ा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, अब सभी हितधारकों के लिए हाथ मिलाने और निरंतर आर्थिक गति सुनिश्चित करने



का समय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं और उद्योग को अपनी तरफ से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विकास की उच्च गति बनी रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समय की मांग है कि ऐसे कार्य शुरू किए जाएं जो अर्थव्यवस्था को उच्च विकास की पटरी पर वापस ले आएं, जिससे 2030 तक लाखों कामगारों के लिए लाभकारी रोजगारों का सृजन हो सके। उपराष्ट्रपति सचिवालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार नायडू ने आवश्यक रोजगार और उत्पादकता वृद्धि हासिल करने के लिए भारत को आगे बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण, स्वचालन, शहरीकरण, बढ़ती हुई आय, स्थिरता, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे वैश्विक रुझान महामारी को ध्यान में रखते हुए एक नया महत्व हासिल कर रहे हैं। ए रुझान भारत के लिए विकास को उत्प्रेरित कर सकते हैं और महामारी के बाद की अर्थव्यवस्था के लिए हॉल मार्क भी बन सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने इस दौरान कहा कि दक्षिण भारत विनिर्माण को सेवाओं के साथ, संस्कृति को आधुनिक मूल्यों के साथ और शिक्षा को कौशल के साथ जोड़ता है तथा ज्यादातर दक्षिणी राज्य ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग के मामले में शीर्ष पर हैं।

## आईटी पोर्टल को सुविधाजनक बनाने पर काम जारी:इंफोसिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रमुख आईटी** कंपनी इंफोसिस ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि कुछ उपयोगकर्ताओं को अभी भी आयकर पोर्टल तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और भरोसा दिया कि वह आयकर विभाग के सहयोग से पोर्टल को सुविधाजनक बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। जून में पोर्टल की शुरुआत के बाद के महीनों में लगातार गड़बड़ियों के चलते इंफोसिस को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। आईटी कंपनी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में पोर्टल के उपयोग में लगातार वृद्धि देखी गई है, और तीन करोड़ से अधिक करदाताओं ने पोर्टल में लॉग इन किया है और सफलतापूर्वक विभिन्न लेनदेन को पूरा किया। इंफोसिस ने एक बयान में कहा, पोर्टल ने करोड़ों करदाताओं के लेनदेन को सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ लगातार सुधार किया है। कंपनी कुछ उपयोगकर्ताओं को अभी भी पेश आ रही कठिनाइयों को स्वीकार करती है और आयकर विभाग के सहयोग से इस पर तेजी से काम किया जा रहा है, ताकि उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सके। बयान में कहा गया कि पिछले कुछ हफ्तों में पोर्टल ने करदाताओं की चिंताओं का समाधान किया है और इसके उपयोग में लगातार बढ़ोतरी हुई है। बयान के मुताबिक अब तक तीन करोड़ से अधिक करदाताओं ने पोर्टल में लॉग इन किया है और सफलतापूर्वक विभिन्न लेनदेन पूरे किए हैं। इंफोसिस ने कहा कि वह कुछ उपयोगकर्ताओं को पेश आ रही दिक्कतों को स्वीकार करती है और उनकी चिंताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए 1,200 से अधिक करदाताओं के साथ सीधे जुड़ी हुई है। कंपनी ने कहा कि वह चार्टर्ड एकाउंटेंट समुदाय के साथ मिलकर इन चुनौतियों को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है।

## पेट्रोल कीमतें कम नहीं हो रही, क्योंकि राज्य इसे जीएसटी के तहत लाना नहीं चाहते हैं: पुरी

**भाषा।** कोलकाता

**पेट्रोलियम मंत्री** हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं हो रही हैं, क्योंकि राज्य ईंधन को जीएसटी के दायरे में नहीं लाना चाहते हैं। पुरी ने यहां एक साक्षात्कार में बताया कि पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपए के पार हो गई हैं क्योंकि टीएमसी सरकार भारी कर लगा रही है। उन्होंने कहा, अगर आपका सवाल है कि क्या आप चाहते हैं कि पेट्रोल की कीमतें कम हों, तो इसका जवाब हां है। अब, अगर आपका सवाल है कि पेट्रोल की कीमतें नीचे क्यों नहीं आ रही हैं, तो इसका जवाब है क्योंकि राज्य इसे जीएसटी के तहत लाना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा, केंद्र 32 रुपए प्रति लीटर (पेट्रोल पर कर के



रूप में) लेता है। हमने 32 रुपए प्रति लीटर कर लिया, जब ईंधन की कीमत 19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, और हम अभी भी वही ले रहे हैं, जबकि कीमत बढ़कर 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। पुरी ने कहा कि पेट्रोल पर लिए गए कर का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने जुलाई में कीमतों में 3.51 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, जिसके चलते पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर से महंगा हो गया। उन्होंने आगे कहा, संयुक्त कराधान यहां (पश्चिम बंगाल) लगभग 40 प्रतिशत है। बयान देना बहुत आसान है। अगर आपने (टीएमसी सरकार) 3.51 रुपए की बढ़ोतरी नहीं की होती, तो यह अभी भी 100 रुपए प्रति लीटर से कम होती। पुरी बुधवार को भवानीपुर उपचुनाव के प्रचार के लिए कोलकाता में थे। इस चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, भाजपा की प्रियंका टिबरेवाल और माकपा के श्रीजीब बिस्वास के बीच मुकाबला है।

## जियो, एयरटेल की ग्राहक संख्या जुलाई में बढ़ी, वोडा-आईडिया ने 14.3 लाख उपभोक्ता गवाएं: ट्राई

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्तीय संकट** का सामना कर रही वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) ने जुलाई में 14.3 लाख मोबाइल ग्राहक गंवाए जबकि देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो और भारती एयरटेल की ग्राहक संख्या में अच्छी-खासी वृद्धि हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार रिलायंस जियो ने बाजार में अपनी पकड़ को मजबूत करते हुए जुलाई में 65.1 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। वहीं भारती एयरटेल की ग्राहक संख्या में 19.42 लाख का इजाफा हुआ।ट्राई की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई, 2021 में जियो की कुल मोबाइल ग्राहक संख्या तेजी से बढ़ते हुए 44.32 करोड़ पर पहुंच गई। एयरटेल का ग्राहक आधार भी बढ़कर 35.40 करोड़ पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ जुलाई महीने में वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या 14.3 लाख घटकर 27.19 करोड़ रह गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में दबाव में फंसे दूरसंचार क्षेत्र के लिए बड़े सुधार पैकेज को मंजूरी दी है। इस पैकेज में सांविधिक बकाए के भुगतान से चार साल की मोहलत देना, दुलर्भ रेडियो तरंगों को साझा करने की अनुमति, सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) की परिभाषा में बदलाव तथा स्वत: मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति शामिल हैं। सरकार के इस कदम से वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें पिछले वैधानिक बकाया के रूप में हजारों करोड़ का भुगतान करना पड़ता है।

### गूगल ने गोपनीय रिपोर्ट के लीक होने पर सीसीआई के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की

**नई दिल्ली।** गूगल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा उसके खिलाफ की गई जांच की गोपनीय रिपोर्ट के लीक होने के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की है। गूगल ने एक बयान में कहा कि इस कवायद का मकसद सीसीआई की जांच शाखा को मिली किसी भी गोपनीय जानकारी को गैरकानूनी रूप से बाहर आने से रोकना है। गूगल ने कहा कि उसे अभी तक यह गोपनीय रिपोर्ट नही मिली है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने आगे कहा, गूगल ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर इस मामले के समाधान की मांग की है और विशेष रूप से भरोसे के उल्लंघन पर आपत्ति जताई, जिससे गूगल और उसके सहयोगियों को नुकसान पहुंचाता है। पिछले हफ्ते आई रिपोर्टों में कहा गया था कि सीसीआई की जांच शाखा महानिदेशक ने पाया है कि एंड्रायड के संबंध में गूगल अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं में शामिल है।

## पेज एक का शेष

### भारत के...

सॉफ्टवेयर बनाने के साथ वायरलेस प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाएं देती है। भारत क्वालकॉम से बड़े स्तर पर निवेश चाहता है। अपनी यात्रा के पहले दिन उन्होंने क्वालकॉम, एडोब, फर्स्ट सोलर, जनरल एटॉमिक्स और ब्लैकस्टोन जैसी पांच प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष (सीईओ) के साथ एक-एक करके मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन पांच कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, उनमे एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और जनरल एटॉमिक्स के सीईओ विवेक लाल भारतीय मूल के अमेरिकी हैं। उद्योग जगत के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी बैठक से पहले मोदी ने कहा था कि वह भारत में आर्थिक अवसरों से अवगत कराने के लिए अलग-अलग क्षेत्र की पांच कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात करेंगे।

### भारत या...

सवाल किया गया था कि क्या भारत या जापान को इस गठबंधन में शामिल किया जाएगा, जिसके जवाब में उन्होंने उक्त जवाब दिया। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के लिए नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन ऑकस (एयूकेयूएस) की 15 सितंबर को घोषणा की थी, ताकि वे अपने साझा हितों की रक्षा कर सकें और परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियां हासिल करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करने समेत रक्षा क्षमताओं को बेहतर तरीके से साझा कर सकें। इस समझौते के कारण उसने फ्रांस के साथ अनुबंध रद्द कर दिया है। फ्रांस ने गठबंधन में उसको शामिल ना करने की आलोचना की थी और कहा था कि जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आम चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है तो यह सुसंगतता की कमी को दर्शाता है। साकी ने कहा, यकीनन, इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष रुचि रखने वाले फ्रांस समेत कई देशों के साथ बातचीत के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है।

### भारतीय प्रवासियों...

स्वागत करने के लिए वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय समुदाय का आभारी हूं। भारतीय प्रवासी हमारी ताकत हैं। मोदी ने कहा, भारतीय प्रवासियों ने जिस प्रकार दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है, वह प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की सभाएं तथा बैठकें उनके कार्यक्रम का अहम हिस्सा रही हैं, लेकिन कोविड-19 संबंधी मौजूदा हालात के कारण प्रधानमंत्री इस बार कोई बड़ी सभा संभवत: नहीं करेंगे। भारतीय-अमेरिकियों के बीच मोदी खासे लोकप्रिय हैं। अमेरिका की जनसंख्या में 1.2 प्रतिशत से अधिक लोग भारतीय-अमेरिकी हैं। यह समुदाय अमेरिकी राजनीति समेत कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से सातवीं बार अमेरिका की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी और जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को मजबूत करने का अवसर होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात के अलावा मोदी का ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है।

### गोरक्षा, संस्कृति...

होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोरक्षा के लिए सरकार तीन व्यवस्थाओं पर कार्य कर रही है। पहला निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जिनमें वर्तमान में छह लाख गोवंश संरक्षित हैं। दूसरा सहभागिता योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति आश्रय स्थलों से चार गोवंश लेकर उन्हें पालता है तो प्रति गोवंश के लिए सरकार उसे प्रतिमाह 900 रुपए देती है, जबकि गाय का दूध व अन्य सभी उत्पाद उसी व्यक्ति के हिस्से में आता है। तीसरी व्यवस्था कुपोषित महिलाओं व बच्चों के लिए की गई है। इसमें भी संबंधित परिवार को एक गाय व उसके पालन के लिए प्रतिमाह 900 रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, एक भी धार्मिक संस्था ने सरकार से गाय नहीं ली है। हमें यह समझना होगा कि धर्म की रक्षा तभी होगी जब हम उसके मूल और मूल्यों को जानेंगे। गोरक्षा भाषणों से नहीं बल्कि श्रद्धा और व्यवस्था से जुड़ने से होगी।

### दिव्यांगों व...

तहत निरूद्ध क्षेत्रों और पांच फीसदी से अधिक संक्रमण दर वाले जिलों में भीड़भाड़ से बचना होगा। टीकाकरण अभियान के बारे में उन्होंने कहा कि देश की करीब 66 फीसदी आबादी को टीके की कम से कम एक खुराक दी गई है और 23 फीसदी आबादी का पूरी तरह टीकाकरण हो गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 टीकों में 63.7 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए हैं और 35.4 फीसदी शहरी क्षेत्रों में लगाए गए हैं।

### कोविड से...

कई सारी समस्याओं के बावजूद कुछ किया जा रहा है। भारत ने जो किया है, कोई अन्य देश नहीं कर सका है। न्यायालय अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल और कोविड-19 के चलते अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले कुछ लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। मामले की सुनवाई शुरू होने पर शीर्ष अदालत ने कुछ चिंता जताते हुए सवाल किया कि क्या होगा यदि कोविड बाद की समस्याओं के चलते व्यक्ति की जान गई हो और अस्पतालों ने मौत की वजह के तौर पर कोविड-19 का उल्लेख नहीं किया होगा। मेहता ने कहा कि निकट परिजन जिला स्तरीय समित से संपर्क कर सकते हैं, जिसका गठन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) दिशानिर्देशों के तहत, मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने को लेकर शिकायतों के निवारण के लिए किया जाना है।

### जज को...

अधिकारी उससे कड़ाई से पूछताछ कर रहे हैं और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि धनबाद में गत 28 जुलाई को सुबह की सैर पर निकले न्यायाधीश को एक ऑटो ने टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### पिछड़े वर्गों...

के आंकड़ों को सार्वजनिक करने की मांग की और कहा कि बार-बार आग्रह के बावजूद उसे यह उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव की तरफ से दायर हलफनामे में कहा गया है कि केंद्र ने पिछले वर्ष जनवरी में एक अधिसूचना जारी कर जनगणना 2021 के लिए जुटाई जाने वाली सूचनाओं का ब्यौरा तय किया था और इसमें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति से जुड़े सूचनाओं सहित कई क्षेत्रों को शामिल किया गया लेकिन इसमें जाति के किसी अन्य श्रेणी का जिक्र नहीं किया गया है।

### टेक्नीकल एक्सपर्ट...

हफ्ते पारित किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इस हफ्ते आदेश देना चाहते थे, लेकिन उसे इसलिए रुकना पड़ा क्योंकि अदालत जिन लोगों को तकनीकी समिति का सदस्य बनाना चाहती थी, उनमें से कुछ ने इसका हिस्सा बनने में 'निजी मुश्किलें' बतायी हैं। न्यायालय ने कहा कि इसलिए वह समिति गठित करने में वक्त ले रहा है। हम अगले सप्ताह तक तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के नाम तय कर पाएंगे और फिर अपना आदेश देंगे। प्रधान न्यायाधीश ने सिंह को बताया कि वह उन्हें यह बता रहे हैं, क्योंकि वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पिछले कुछ दिनों से अदालतों में नहीं आ रहे हैं। इस पर सिंह ने पीठ को बताया कि वह सिब्बल को सूचित कर देंगे। न्यायालय ने 13 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि वह कुछ दिनों में फैसला सुनाएगा और उसने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा था कि अगर सरकार ने विस्तारपूर्वक हलफनामा दाखिल करने के बारे में पुन: विचार किया है तो वह इस मामले को रखे।

### सीमा पार...

तरफ से घुसपैठ की गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, हालांकि साल की शुरुआत से कोई घुसपैठ नहीं हुई है। थोड़ी बहुत गतिविधियां हुई हैं जो पाकिस्तानी सेना के कमांडरों की जानकारी के बिना नहीं हो सकती। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने कहा कि घुसपैठ की यह कोशिश बृहस्पतिवार को नाकाम की गई और यह उससे पहले 18-19 सितंबर को हुए प्रयास से अलग है। सेना के अधिकारी ने मारे गए घुसपैठियों की पहचान और राष्ट्रीयता के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनके पास से बरामद दस्तावेजों के अनुसार, उनमें से एक पाकिस्तानी था, जबकि दो अन्य के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। गोहलान और उरी के आस-पास के इलाकों में पांच दिवसीय तलाशी अभियान की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अभियान फिलहाल बंद कर दिया गया है।उन्होंने कहा, कुल छह आतंकवादी थे। इनमें से चार एलओसी के दूसरी तरफ थे और दो हमारे इलाके में घुसने में कामयाब रहे थे। खोज अभियान को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

# त्रिपाठी, अय्यर के अर्द्धशतक से जीता केकेआर

**भाषा।** अबुधाबी

**मुंबई की लगातार दूसरी हार**

**राहुल त्रिपाठी 42 गेंद पर 74 रन**

**वेंकटेश अय्यर 30 गेंद पर 53 रन**



**नए खिलाड़ी** वेंकटेश अय्यर के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के इस सत्र के बहाल होने के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज की और मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बना ली।

मुंबई की यह लगातार दूसरी हार थी। अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अय्यर ने 30 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। वहीं राहुल त्रिपाठी 42 गेंद में 74 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर ने मुंबई को छह विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद 29 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

वहीं क्विंटन डिकॉक के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस छह विकेट पर 155 रन ही बना सकी। केकेआर के गेंदबाजों ने आखिर दस ओवर में सिर्फ 75 रन देकर पांच विकेट लिए। शुभमन गिल और अय्यर ने केकेआर को शानदार शुरूआत दिलाई। ट्रेंट बोल्ट और एडम मिल्ने ने पहले दो ओवर में 15-15 रन दिए। तीसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने गिल को आउट किया। इसके बाद अय्यर और त्रिपाठी ने 88 रन की साझेदारी करके केकेआर की जीत तय कर दी। इससे पहले मुंबई के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने 30 गेंद में 33 रन बनाकर शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहित चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेले थे। स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या लगातार दूसरे मैच से बाहर रहे जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। रोहित ने चौथे ओवर में स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को लगातार दो चौके लगाए। दूसरे छोर पर डिकॉक ने 42 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन को मैच का पहला छक्का जड़ा। छठे ओवर में आए प्रसिद्ध कृष्णा को डिकॉक ने उनके पहले ही ओवर में दो छक्के लगाकर 16 रन लिए। उस समय स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। डिकॉक ने आंद्रे रसेल को लगातार दो चौके लगाए। आखिर में सुनील नारायण ने रोहित को सीमारेखा के पास शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में नौवीं बार रोहित का विकेट लिया। सूर्यकुमार यादव पांच रन बनाकर कृष्णा का शिकार हुए जिन्होंने विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक को कैच थमाया। इस बीच डिकॉक ने 14वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। केकेआर के गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच में 26 रन ही दिए और दो विकेट चटकाए। पोलार्ड ने आखिरी पांच ओवर में बड़े शॉट खेलकर टीम को 150 के पार पहुंचाया। आखिरी ओवर में फर्ग्यूसन ने पोलार्ड और कृणाल पंड्या (12) के विकेट चटकाए।

# चेन्नई के खिलाफ जीत की लय में लौटने की कोशिश करेगा बेंगलोर

**भाषा।** शारजाह



**स्टार** खिलाड़ियों से सजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम पिछले मैच की करारी शिकस्त को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को यहां महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लय में लौटने की कोशिश करेगी। आरसीबी जहां नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगा वहीं चेन्नई ने रविवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की थी। आरसीबी को यदि अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बनाना है तो उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसे देवदत्त पडिक्कल और कप्तान विराट कोहली की सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की दरकार है। लेकिन उन्हें मध्यक्रम से भी सहयोग की जरूरत है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई थी। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स जैसे बल्लेबाजों को अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के गेंदबाजों को भी केकेआर के खिलाफ लचर प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, काइल जेमीसन, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और आलराउंडर वाहिंदु हसरंगा में से कोई भी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाया था।

दूसरी तरफ चेन्नई ने मुंबई के खिलाफ युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की 58 गेंदों पर 88 रन की पारी से शानदार वापसी करके जीत दर्ज की थी। टीम के मुख्य बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और मोईन अली खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि अंबाती रायुडु रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। अनुभवी सुरेश रैना और धोनी भी नहीं चल पाए थे जिससे स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया था। लेकिन गायकवाड़ ने रविंद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो के साथ मिलकर टीम को छह विकेट पर 156 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया था। इसके बाद दीपक चाहर और ब्रावो ने गेंदबाजी में भी अपना कमाल दिखाया और अपनी टीम को सत्र की छठी जीत दिलाई। चेन्नई के पास इंग्लैंड के आलराउंडर सैम कुरेन के रूप में अच्छा विकल्प है जिन्होंने पिछले साल आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था।

**टीम**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान) रुतुराज गायकवाड़, मोइन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडु, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीसन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी, भगत वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटीं नाओमी ओसाका



**इंडियन वेल्स।** दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियो मे से एक नाओमी ओसाका इंडियन वेल्स बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है। इस महीने के शुरू मे यूएस ओपन मे हारने के बाद ओसाका ने कहा था कि वह टेनिस से लंबे समय का अवकाश लेना चाहती है जिसके बाद संभावना बन गई थी कि वह इस सत्र के आखिरी टूर्नामेंटो से हट सकती है। ओसाका ने अपने ट्विटर हैंडल पर चार से 17 अक्टूबर तक इंडियन वेल्स मे होने वाले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि मै अपना अगला टेनिस मैच कब खेलूंगी। ओसाका चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी है। वह अभी विश्व रैंकिंग मे आठवें स्थान पर है।

### युवेंटस की सेरी ए में पहली जीत, एसी मिलान भी जीता

**रोम।** युवेंटस ने मोइज कीन, फेडरिको चीसा और मैथियास डि लिट के गोल की मदद से स्पेजिया को 3-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के वर्तमान सत्र में पहली जीत दर्ज की।मैनुएल गियासी ने 33वें मिनट मे बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद यानिस एंटिस्ते ने 49वें मिनट मे स्पेजिया को 2-। से आगे कर दिया। ऐसे मे चीसा ने 66वें और मैथियास ने 72वें मिनट मे गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। युवेंटस की पांच मैचो मे यह पहली जीत है। उसके पांच अंक है तथा वह शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान और एसी मिलान से आठ अंक पीछे है। एसी मिलान ने एक अन्य मैच मे ब्राहिम डियाज और थियो हर्नानडेज के दूसरे हाफ मे किए गए गोल की बदौलत वेनेजिया पर 2-0 से जीत दर्ज की।

### दिसंबर में आयोजित होगी श्रीलंका प्रीमियर लीग

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का आयोजन चार से 23 दिसंबर तक किया जाएगा। यह श्रीलंका प्रीमियर लीग का दूसरा चरण होगा। इस द्वीपीय घरेलू टी20 प्रतियोगिता के लिए विदेशी खिलाड़ियों का पंजीकरण 24 सितंबर से शुरू होगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि 2021-21 घरेलू सत्र के शुरू होने की घोषणा नही की जो पांच सितंबर से आरंभ होनी थी, पर ऐसा नही हुआ।

### शीर्ष वरीय करातसेव अस्ताना ओपन के शुरुआती मैच में हारे

**नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)।** शीर्ष वरीय अस्लान करातसेव और तीसरे वरीय दुसान लाजोविच दोनो गुरुवार को अस्ताना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैचों मे हार गए। इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे करातसेव को फिनलैंड के खिलाड़ी एमिल रूसूवोरी से 6-7, 4-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। वही लाजोविच को दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी क्वोन सून-वू ने 7-4, 6-4 से शिकस्त दी। रूसूवोरी का सामना क्वार्टरफाइनल मे आठवे वरीय एलिया इवाशका से होगा जबकि क्वोन सातवे वरीय लास्लो जेरे के सामने होंगे।

### स्टीव एलवर्दी सरे काउंटी टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के टूर्नामेंट एवं विशेष परियोजनाओ के प्रबंध निदेशक स्टीव एलवर्दी को काउंटी टीम सें का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एलवर्दी ने 1998 और 2002 के बीच चार टेस्ट मैचो और 39 वनडे मे अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने बोर्ड के ट्विटर हैंडल पर एक बयान में इस नियुक्ति की पुष्टि की। हैरिसन ने कहा, उन्होने (स्टीव एलवर्दी) ने इतने वर्षों से इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के विकास में बड़ी भूमिका अदा की है जिसमें 2017 और 2019 में आईसीसी महिला और पुरूष क्रिकेट विश्व कप तथा इस साल द हंड्रेड जैसी बड़ी प्रतियोगितो की सफलता शामिल है।

### मैनचेस्टर यूनाईटेड लीग कप से बाहर, चेल्सी जीता

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड का 2017 के बाद पहली ट्राफी जीतने का एक रास्ता इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट मे वेस्ट हैम के हाथों हार के साथ ही बंद हो गया। वेस्ट हैम ने तीसरे दौर के इस मैच मे मैनुएल लानजिनी के गोल से।-0 से जीत दर्ज की। चौथे दौर मे वेस्ट हैम का सामना मैनचेस्टर सिटी से होगा जो पिछले चार बार का चैंपियन है। चेल्सी ने एस्टन विला को पेनल्टी शूट आउट मे 4-3 से हराकर अगले दौर मे जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनो टीमें।-। से बराबरी पर थी। चेल्सी चौथे दौर मे साउथम्पटन का सामना करेगा। आर्सनल ने एएफसी विंबलडन को 3-0 से हराया और अब वह लीड्स की मेजबानी करेगा।

# एएफसी दल ने भारत में महिला एशियाई कप के लिए स्थलों का मुआयना किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**एशियाई** फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अगले साल होने वाले महिला एशियाई कप के मैचों की मेजबानी करने वाले तीन स्टेडियमों और अभ्यास स्थलों का 16 से 21 सितंबर तक मुआयना किया। एशिया में फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था के दल ने मुआयना करने के बाद सभी सुविधाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

एएफसी दल ने 2022 चरण के टूर्नामेंट के लिए जिन तीन स्टेडियम और उनसे जुड़ी सुविधाओं का दौरा किया, उनमें नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई में मुंबई फुटबॉल एरीना - अंधेरी खेल परिसर और पुणे के बालेवाड़ी में शिवर छत्रपति खेल परिसर शामिल हैं। दल ने टूर्नामेंट के लिए खारघर और पुणे में नई ट्रेनिंग सुविधाओं की प्रगति भी देखी और संबंधित अधिकारियों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इनका काम पूरा होने का आश्वासन भी दिया। एएफसी दल के साथ भारत 2022 स्थानीय आयोजन समिति के सदस्य भी थे। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी। पहली बार इस प्रतियोगिता में इतनी टीमें शिरकत करेंगी जो 2023 फीफा महिला विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफिकेशन के अंतिम चरण का काम भी करेगा। एशियाई कप के क्वालीफायर चल रहे हैं और टूर्नामेंट 20 जनवरी से छह फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

# झूलन के लिए दूसरे छोर पर मद्द की कमी भारतीय महिला क्रिकेट के लिए चिंता का विषय : चोपड़ा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान अंजुम चोपड़ा को लगता है कि अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की मदद के लिए दूसरे छोर पर किसी बेहतरीन तेज गेंदबाज का नहीं होना देश की महिला क्रिकेट टीम के लिए चिंता का विषय बना रहेगा।

महिलाओं के खेल में महान सर्वकालिक तेज गेंदबाजों में से एक झूलन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी यात्रा करीब दो दशक पूर्व शुरू की थी। अब वह 38 वर्ष की हैं और अब भी मजबूती से भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाल रही हैं लेकिन उन्हें लगातार दूसरे छोर से काफी मदद नहीं मिल रही है। चोपड़ा ने बातचीत के दौरान पीटीआई से कहा, झूलन की मदद के लिए कोई गेंदबाज नहीं है और ऐसा लंबे समय से हो रहा है। टीम के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है कि झूलन गोस्वामी के साथ सहयोगी की भूमिका के लिए कोई नहीं है। वहीं कई टीमें तीन तेज गेंदबाज उतारने की तैयारी कर रही हैं और हमें दो तेज गेंदबाज खिलाने में भी जूझना पड़ रहा है। चोपड़ा ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए शिखा पांडे को नहीं चुना गया लेकिन वह इस साल के शुरू में इंग्लैंड गई थी। मेघना सिंह है, लेकिन यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि वे इन मिले मौकों का फायदा उठाएं। सत्ताईस वर्षीय मेघना एक तेज गेंदबाज हैं और आस्ट्रेलिया के मौजूदा दौरे पर गई भारतीय टीम में शामिल तीन ऐसे खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। हाल के समय में भारतीय टीम प्रबंधन ने वनडे में नियमित रूप से 250 से ज्यादा रन बनाने पर जोर दिया है जिसमें मुख्य कोच रमेश पोवार और बल्लेबाज स्मृति मंधाना शामिल हैं लेकिन चोपड़ा ने कहा कि यह रातों रात नहीं होगा। उन्होंने कहा, 250 से ज्यादा रन का लक्ष्य बनाना रातों रात नहीं हो सकता, हमें इसके लिए रणनीति, तैयारी और कौशल के स्तर की जरूरत है।

# भारतीय महिला टीम के सामने आस्ट्रेलिया का विजय अभियान रोकने की बड़ी चुनौती

**भाषा।** मैकॉय (आस्ट्रेलिया)



**पहले** मैच में करारी हार झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के 25 मैचों से चले आ रहे विजय अभियान को थामकर तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

भारत को अपने बल्लेबाजों विशेषकर शीर्ष क्रम में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना से बड़ी पारियों की उम्मीद है। पिछले मैच में ए दोनों अच्छी शुरुआत नहीं दे पाई थी। भारत ने यह मैच नौ विकेट से गंवाया था। शेफाली और स्मृति के पास विरोधी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने के लिए पर्याप्त कौशल है और इन दोनों को सुनिश्चित करना होगा कि एलिस पैरी और डार्सी ब्राउन उन पर हावी न हो सके जैसा कि पहले मैच में हुआ था।

पैरी और ब्राउन ने अभ्यास मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। ब्राउन ने छठे ओवर तक शेफाली और स्मृति को पवेलियन भेज दिया था जिसके बाद बाकी भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के बजाय पारी संवारने पर अधिक ध्यान लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों में से कम से कम किसी एक को टिककर खेलना होगा जबकि कप्तान मिताली राज के अगुवाई वाले मध्यक्रम को भी अच्छी रन गति से रन बनाने पर ध्यान देना होगा। अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर अंगूठे की चोट के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। वह दूसरे मैच में भी नहीं खेल पाएगी औरे ऐसे में दीप्ति शर्मा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। भारत के बल्लेबाजी कोच शिव सुंदर दास ने पुष्टि की कि हरमनप्रीत अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुई हैं।

**टीम**

**भारत:** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर (उप-कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी , मेघना सिंह, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष, एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलिया:** मेग लैनिंग (कप्तान), राचेल हेन्स (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला केरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशले गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रानो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक, जॉर्जिया वेयरहैम।

**मैच सुबह 10 बजकर 40 मिनट से शुरू होगा।**

# नवंबर-दिसंबर में जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा ओडिशा

**भाषा।** भुवनेश्वर



**इस साल** नवंबर दिसंबर में होने वाला जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप ओडिशा में होगा जो भारत में खेलों के गढ के रूप में अपनी पहचान बनाकर कई बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी कर चुका है। यह टूर्नामेंट 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक कलिंगा स्टेडियम पर खेला जाएगा जो सीनियर पुरूष विश्व कप 2018 की मेजबानी कर चुका है। ओडिशा और उत्तर प्रदेश दोनों ने मेजबानी की इच्छा जताई थी लेकिन राष्ट्रीय टीम का टाइटल प्रायोजक होने के कारण ओडिशा को तरजीह दी गई। भारत ने 2016 में लखनऊ में जूनियर हॉकी विश्व कप जीता था। आगामी टूर्नामेंट में 16 टीमें खिताब के लिए खेलेंगे। ओडिशा में सीनियर विश्व कप 2018 के अलावा एफआईएच विश्व लीग 2017 और चैम्पियंस ट्रॉफी 2014 भी हो चुकी है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरूवार को यहां एक समारोह में उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया ने हाल ही में ओडिशा सरकार से दो महीने के भीतर पुरूष हॉकी जूनियर विश्व कप की मेजबानी में मदद मांगी थी।

पटनायक ने कहा , महामारी के बीच ऐसे टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी के लिए समय बहुत कम है। लेकिन चूंकि देश की प्रतिष्ठा का सवाल है तो हमने हामी भर दी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम घरेलू हालात का फायदा उठाकर फिर खिताब जीतेगी। पटनायक ने टूर्नामेंट के लोगो और ट्रॉफी का भी अनावरण किया। भारतीय पुरूष टीम के तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने और महिला टीम के चौथे स्थान पर रहने के बाद से ओडिशा की भारतीय हॉकी के पुनरोत्थान में भूमिका की तारीफ की जा रही है।। जूनियर विश्व कप में भारत के अलावा कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, बेल्जियम, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, अमेरिका, कनाडा, चिली और अर्जेंटीना भाग लेंगे। आस्ट्रेलिया ने कोरोना महामारी के कारण यात्रा प्रतिबंधों के चलते नाम वापिस ले लिया है। ओडिशा में 2023 सीनियर पुरूष विश्व कप भी होना है। पटनायक ने कहा , ओडिशा देश में हॉकी का गढ है और राज्य सरकार खेल के विकास के लिए आगे भी सहयोग करती रहेगी।

# उच्च न्यायालय ने केंद्र से टीटीएफआई के खिलाफ मनिका के आरोपों की जांच करने का कहा


**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयन के लिए राष्ट्रीय अभ्यास शिविर में अनिवार्य उपस्थिति के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी और केंद्र से इस खेल संस्था के खिलाफ मनिका बत्रा की शिकायत पर जांच करने करने को कहा। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने आगे कहा कि यदि जरूरी हुआ तो केंद्रीय खेल मंत्रालय टीटीएफआई के कार्यों की भी जांच कर सकता है। न्यायमूर्ति पल्ली शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी बत्रा की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बत्रा को आगामी एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय ने ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान एक मैच गंवाने के लिए उन पर दबाव बनाया था। न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर में उपस्थिति को अनिवार्य करने वाला नियम ऐसे समय पर लागू किया गया जबकि राष्ट्रीय कोच के खिलाफ शिकायत लंबित थी और उसी कारण विश्वास पैदा नहीं होता है। आरोपों की जांच के लिए महासंघ द्वारा गठित समिति को इस मुद्दे पर केंद्र का रूख जानने के बाद जिस तरह से पुनर्गठित किया गया उस पर भी अदालत ने नाराजगी व्यक्त की। न्यायाधीश ने कहा, वे अदालत से आगे निकल रहे हैं। अवमानना का नोटिस जारी करूंगी। मैं एक आदेश पारित करती हूं और आप एक नए व्यक्ति को नियुक्त करते हैं। यह चौंकाने वाला है, मैं अपनी नाराजगी व्यक्त कर रही हूं। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर मुद्दों को देखने के लिए वह किसी समिति की नियुक्ति नहीं कर रही है और निर्देश दिया कि केंद्र की जांच रिपोर्ट चार सप्ताह में उसके सामने रखी जानी चाहिए।

## तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम फाइनल में, पुरुष क्वार्टर फाइनल में हारे

**भाषा।** यांकटन (अमेरिका)



ज्योति सुरेखा



प्रिया गुर्जर



मुस्कान किरार

**भारतीय** महिला कंपाउंड टीम ने मेजबान अमेरिका को 226-225 से हराकर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही। प्रिया गुर्जर, मुस्कान किरार और ज्योति सुरेखा की सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने बुधवार को लिंडा ओचोआ एंडरसन, पीग पियर्स और मकेन्ना प्रॉक्टर की अमेरिकी टीम के खिलाफ करीबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखकर रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन अनुभवी अभिषेक वर्मा की अगुवाई वाली पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रिया से 235-238 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में फ्रांस को 234-220 से हराया था। वर्मा और सुरेखा की मिश्रित टीम भी फाइनल में पहुंच गई है। उन्होंने कोरिया के किम युनही और किम जोंगहो को 159-156 से हराया। खिताबी मुकाबले में उन्हें कोलंबिया का सामना करना है। पुरुष वर्ग में विश्व कप में तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा के अलावा संगम बिस्ला और रोशाब यादव ने भी अच्छा मुकाबला किया लेकिन वे आगे बढ़ने में असफल रहे। भारतीय पुरुष टीम को ड्रा में पांचवीं वरीयता दी गई थी।

# अभिषेक वर्मा विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुने गए



**यांकटन (अमेरिका)।** विश्व कप में तीन बार स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा को चार साल के कार्यकाल के लिए विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुना गया है। विश्व चैंपियनशिप के दौरान प्रतिभागी तीरंदाजों ने मतदान के जरिए 32 वर्षीय वर्मा और रूस की मौजूदा विश्व चैंपियन नतालिया अवदीवा का चयन किया। कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां अपने नए प्रतिनिधि के लिए मतदान किया था। एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा अकेले पुरुष उम्मीद्वार थे। महिलाओं में अवदीवा और जर्मनी की जेनिन मीसनर उम्मीद्वार थी। रूसी तीरंदाज को 69 प्रतिशत मत मिले। वर्मा और अवदीवा का कार्यकाल चार साल का होगा। समिति की अध्यक्ष नाओमी फॉकार्ड हैं। सजेफ वान डेन बर्ग और क्रिस्टल गॉविन इसके अन्य सदस्य हैं।

# अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए न होने दे तालिबानः जयशंकर

भाषा। न्यूयॉर्क



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने जी-20 देशों से कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किसी भी प्रकार से नहीं करने देने की अपनी प्रतिबद्धता लागू करनी चाहिए और दुनिया को एक ऐसी व्यापक एवं समावेशी प्रक्रिया की अपेक्षा है जिसमें अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें उच्चस्तरीय सत्र के इतर बुधवार को जी-20 के विदेश मंत्रियों की एक बैठक को संबोधित किया, जिसमें अफगानिस्तान में मौजूदा हालात पर चर्चा की गई। जयशंकर ने डिजिटल बैठक के बाद ट्वीट किया कि मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर काम करना चाहिए। सहायता देने वालों को निर्बाध, बिना किसी प्रतिबंध के और सीधी पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किसी भी प्रकार से नहीं करने देने की तालिबान की प्रतिबद्धता का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। दुनिया को एक ऐसी व्यापक एवं समावेशी प्रक्रिया की उम्मीद है, जो अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हो। अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की वापसी के बाद तालिबान ने पिछले महीने वहां अपना कब्जा कर लिया है। तालिबान ने कहा है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ नहीं किया जाएगा। जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2593 वैश्विक भावना को दर्शाता है और इसे हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करना जारी रखना चाहिए। भारत की भागीदारी अफगान लोगों के साथ उसकी ऐतिहासिक मित्रता से संचालित होगी। भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अगस्त में एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान के क्षेत्र का इस्तेमाल किसी अन्य देश को धमकाने या हमला करने या आतंकवादियों को शरण देने तथा उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए नहीं किए जाने की मांग की।

## संयुक्त राष्ट्र दूत ने समूह को जल्द वैश्विक मान्यता देने का किया आग्रह

**काबुल**। संयुक्त राष्ट्र के लिए तालिबान द्वारा नामित दूत ने मुल्क के नए शासकों को जल्द वैश्विक मान्यता देने का बुधवार को अनुरोध किया। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने युद्धग्रस्त देश में स्वास्थ्य देखभाल आपदा की आशंका जताई है।

पिछले महीने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद से तालिबान के सामने कई चुनौतियों में से एक मानवीय संकट भी है। इसके अलावा आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट से खतरा भी है जिसने अपने हमले तेज कर दिए हैं और वह देश के पूर्वी क्षेत्र में अपने गढ़ में तालिबानियों को निशाना बना रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के सहायता समन्वयक मार्टिन ग्रिफिथ ने आपात उपाय के तौर पर विश्व निकाय की आपात निधि से अफगानिस्तान के लिए बुधवार को 4.5 करोड़ डॉलर की सहायता राशि जारी की। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि अफगानिस्तान की स्वास्थ्य व्यवस्था ढहने के कगार पर है और तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। यह बयान डब्ल्यूएचओ के एक दल के काबुल की हालिया यात्रा के बाद आया है। इस दल का नेतृत्व एजेंसी के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेब्रेएसस ने किया और उन्होंने तालिबानी नेताओं तथा अन्य लोगों से भी मुलाकात की।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देश एक आसन्न मानवीय आपदा का सामना कर रहा है। उसने बताया कि हजारों स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सामान नहीं हैं और स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन नहीं मिला है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इनमें से कई केंद्र बंद हो गए है जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ए कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर हो गए हैं कि किसे बचाया जाए और किसे मरने के लिए छोड़ दिया जाए। उसने महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य कार्यबल तक पहुंच बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इससे पहले तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर पूर्व शांति वार्ताकार और तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रवक्ता सुहल शाहीन को अपना नया संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधि बनाने की घोषणा की।

## अफगानिस्तान में बौद्ध धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित करे संयुक्त राष्ट्र : राजपक्षे

**संयुक्त राष्ट्र**। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में तालिबान के शासन में बौद्ध धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। दरअसल, तालिबान ने 2001 में बामियान में महात्मा बुद्ध की एक विशाल प्राचीन प्रतिमा को नष्ट कर दिया था।

राजपक्षे ने यहां बुधवार को संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय आम चर्चा को संबोधित करते हुए कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान की बौद्ध धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्य देशों से सहयोग की सच्ची भावना, सद्भावना और परस्पर सम्मान के साथ एकजुट होकर काम करने की अपील करते हैं, ताकि सभी के लिए बेहतर और कहीं अधिक सतत भविष्य तैयार हो सके।

उल्लेखनीय है कि तालिबान ने 2001 में बामियान में बुद्ध की बलुआ पत्थर की एक प्राचीन प्रतिमा को नष्ट कर दिया था। तालिबान सरकार के नेता मुल्ला मोहम्मद उमर ने टैंकों और तोपखाने से विशाल प्रतिमा पर गोलाबारी करने और डायनेमाइट विस्फोट से इसे नष्ट करने का आदेश दिया था। विश्व धरोहर स्थल में शामिल बामियान स्थित बुद्ध प्रतिमा को नष्ट किए जाने के 20 साल बाद और पिछले महीने तालिबान के काबुल पर नियंत्रण करने के बाद, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के महानिदेशक आउद्रे अजौले ने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप अफगानिस्तान की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की थी। यूनेस्को ने कहा था कि वह जमीनी स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है और अफगानिस्तान की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा के लिए हरसंभव कोशिश करने को प्रतिबद्ध है।

## स्थाई शांति हासिल करने के लिए तमिल समुदाय के साथ सार्थक सुलह आवश्यक है : राजपक्षे

**संयुक्त राष्ट्र**। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा कि देश में स्थाई रूप से शांति हासिल करने के लिए घरेलू संस्थानों के जरिए तमिल समुदाय से सार्थक सुलह आवश्यक है। उन्होंने इस बार पर जोर दिया कि उनकी सरकार इस प्रक्रिया में सभी पक्षकारों को शामिल करने तथा अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का सहयोग हासिल करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा को बुधवार को संबोधित करते हुए राजपक्षे ने कहा, 2009 तक देश को 30 वर्षों तक अलगावादी उग्रवादी युद्ध का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि 2019 में श्रीलंका ने ईस्टर संडे हमलों में चरमपंथी धार्मिक आतंकवादियों द्वारा मचाई गई तबाही देखी जिसमें 250 से अधिक लोग मारे गए थे। उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के साथ क्रूर संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा, उससे पहले 2009 तक देश को 30 वर्षों तक एक अलगाववादी उग्रवादी युद्ध का सामना करना पड़ा। आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती है जिससे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अति आवश्यक हैः जी 4

भाषा। न्यूयॉर्क

**भारत**, ब्राजील, जर्मनी और जापान ने फिर दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई सदस्यों की संख्या में विस्तार के जरिए उसमें सुधार करना अति आवश्यक है ताकि यह वैश्विक निकाय अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में जटिल और बदलती चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सकें।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री कार्लोस अल्बर्टो फ्रांको फ्रैंका, जर्मनी के संघीय विदेश मंत्री हीको मास और जापान के विदेश मंत्री मोतेगी तोशिमित्शू ने बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के दौरान मुलाकात की। जी4 मंत्री स्तरीय संयुक्त प्रेस बयान में कहा गया है कि इन देशों ने सुरक्षा परिषद को अधिक तर्कसंगत, प्रभावी और सभी का प्रतिनिधित्व करने वाला बनाने के लिए उसमें सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

### स्थाई शांति के लिए सार्थक सुलह आवश्यक हैः राजपक्षे

**संयुक्त राष्ट्र**। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा कि देश में स्थाई रूप से शांति हासिल करने के लिए घरेलू संस्थानों के जरिए तमिल समुदाय से सार्थक सुलह आवश्यक है। उन्होंने इस बार पर जोर दिया कि उनकी सरकार इस प्रक्रिया में सभी पक्षकारों को शामिल करने तथा अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का सहयोग हासिल करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा को बुधवार को संबोधित करते हुए राजपक्षे ने कहा, 2009 तक देश को 30 वर्षों तक अलगावादी उग्रवादी युद्ध का सामना करना पड़ा था।

बयान में कहा गया है, कि जी4 मंत्रियों ने पुनः दोहराया कि सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई सदस्यों की दोनों श्रेणियों में विस्तार के लिए उसमें सुधार अति आवश्यक है ताकि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए जटिल और बदलती चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सकें और अपने कर्तव्यों का प्रभावी तरीके से निर्वहन कर सकें। जी4 मंत्रियों ने सुरक्षा परिषद में नए स्थाई सदस्यों के तौर पर शामिल होने के लिए एक-दूसरे की उम्मीदवारी का समर्थन किया।

इस साल जनवरी में भारत दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थाई सदस्य के तौर पर सुरक्षा परिषद में शामिल हुआ है और उसका कार्यकाल दिसंबर 2022 में समाप्त हो जाएगा। भारत ने अगस्त में सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता भी की। जी4 देश पारंपरिक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय वार्षिक सत्र के इतर मुलाकात करते हैं। इस बैठक के बाद जयशंकर ने जी4 विदेश मंत्रियों की एक तस्वीर ट्वीट की और कहा कि भारत ने बहुपक्षवाद में सुधार की आवश्यकता पर स्पष्ट संदेश भेजा है। तय समय सीमा में ठोस नतीजों का आह्वान किया है।

# संरा के नस्लवाद विरोधी लक्ष्यों को लेकर फिर जताई गई प्रतिबद्धता

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा ने 2001 के एतिहासिक लेकिन विवादास्पद नस्लवाद विरोधी सम्मेलन की स्मृति में वर्षगांठ बैठक आयोजित कर दुनिया भर में नस्लवाद से निपटने के लिए प्रयासों को दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई लेकिन इस पर एक बार फिर मतभेद देखने को मिले।

दक्षिण अफ्रीका के डरबन में दो दशक पहले हुए सम्मेलन को याद करते हुए महासभा ने एक प्रस्ताव को स्वीकार किया जिसमें कुछ प्रगतियों को स्वीकार किया गया लेकिन अफ्रीकी विरासत और कई अन्य समूहों जैसे रोमा शरणार्थियों के खिलाफ, युवा से लेकर बूढ़ों तक, विकलांग लोगों से लेकर विस्थापित हुए लोगों को निशाना बनाकर किए जाने वाले भेदभाव, हिंसा और असहिष्णुता में वृद्धि की निंदा की। अफ्रीकी विरासत वाले लोगों के लिए मुआवजे और नस्ली न्याय पर केंद्रित एक बैठक में, महासभा ने गुलामी, उपनिवेशवाद और नरसंहार के प्रभावों की ओर इशारा किया और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अफ्रीकी मूल के लोग राष्ट्रीय संस्थानों के माध्यम से पर्याप्त हर्जाना या संतुष्टि प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वीडियो के माध्यम से सभा से कहा कि अफ्रीकियों के लाखों वंशज जिन्हें गुलामी में बेच दिया गया था, वे अल्पविकास, नुकसान, भेदभाव और गरीबी के जीवन में अब भी फंसे हुए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से मानव जाति के इतिहास में सबसे स्याह समय में से एक और अद्वितीय बर्बरता के अपराध के लिए क्षतिपूर्ति के मुद्दे को उठाने का आग्रह किया।

महासभा के प्रस्ताव में धार्मिक पूर्वाग्रहों- विशेष रूप से मुस्लिम विरोधी, यहूदी विरोधी और ईसाई विरोधी पूर्वाग्रहों के कारण होने वाली बुराइयों का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन 20 साल पहले डरबन बैठक के बारे में लगातार शिकायतें किए जाने के कारण इजराइल, अमेरिका और कुछ अन्य देशों ने बैठक का बहिष्कार किया। वहां, अमेरिका और इजराइल इसलिए पीछे हट गए थे।

## बाइडन-मैक्रों की बातचीत के बाद मनमुटाव कम हुआ

एपी। पेरिस

**अमेरिका** और फ्रांस के रिश्तों में दशकों में आई सबसे बड़ी दरार फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद भरती दिखाई दे रही है। बुधवार को फोन पर आधे घंटे तक हुई बातचीत को व्हाइट हाउस ने मैत्रीपूर्ण करार दिया है जिसमें दोनों नेताओं ने आगे की रणनीति पर बात करने के लिए अगले महीने मुलाकात करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के रिश्तों में उस वक्त कड़वाहट आ गई थी जब अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने पिछले हफ्ते नए हिंद-प्रशांत रक्षा सौदे की घोषणा की थी और फ्रांस ने इस पर आपत्ति जताई थी क्योंकि इसके कारण पनडुब्बी को लेकर उसका ऑस्ट्रेलिया के साथ अरबों का एक अनुबंध समाप्त हो गया था।



न्यूयार्क में यूनाइटेड नेशन की बैठक के दौरान युक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दिमोर जेलेंसकी से मिलते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन

# सऊदी अरब के शाह सलमान ने ईरान के साथ सीधी बातचीत की उम्मीद जाहिर की

एपी। दुबई

**सऊदी** अरब के शाह सलमान ने ईरान के साथ उनके साम्राज्य की सीधी बातचीत से विश्वास कायम होने की उम्मीद जाहिर की है। दोनों कटु क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी कई वर्षों के तनाव के बाद बातचीत की दिशा में अब छोटे-छोटे कदम उठा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में बुधवार को उनका पूर्व रिकॉर्डेड भाषण प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा कि ईरान, सऊदी अरब का एक पड़ोसी है और उनके साम्राज्य को उम्मीद है कि दोनों देश ऐसे परिणाम पर पहुंच सकते हैं, जो क्षेत्रीय आकांक्षाओं को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

उन्होंने हालांकि आगाह किया कि उनके बीच संबंध राष्ट्रीय संप्रभुता के सम्मान और सांप्रदायिक विद्रोहियों की मदद बंद करने पर ही कायम हो सकते हैं। ईरान की अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर दोनों देशों के अधिकरियों के बीच न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई। खबर के अनुसार, ईरान, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, मिस्र, कुवैत, जॉर्डन और फ्रांस के विदेश मंत्रियों और अधिकारियों ने बैठक की।

इसमें यूरोपीय संघ के नीति प्रमुख भी शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता इराक के विदेश मंत्री ने की। मेहर ने इरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दोल्लाहियां के हवाले से कहा कि ईरान सरकार की प्राथमिकता अपने पड़ोसियों के साथ और क्षेत्र में संबंधों को मजबूत और विकसित करना है।

मेहर के अनुसार उन्होंने मंगलवार को न्यूयॉर्क में फिनलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्विटजरलैंड और क्रोएशिया के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात की।

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण ईरान में ही हैं। उनका भी पहले से रिकॉर्डेड भाषण मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रसारित किया गया था।

## यमन में 1.6 करोड़ लोग भुखमरी की कगार परः संयुक्त राष्ट्र

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र खाद्य एजेंसी के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि यमन में 1.6 करोड़ लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं और अगर फिर से वित्त पोषण नहीं मिला तो अक्टूबर में युद्धग्रस्त देश में लाखों लोगों के लिए राशन में कटौती की जाएगी। डेविड बीसले ने यमन मानवीय संकट पर एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि इस साल की शुरुआत में जब विश्व खाद्य कार्यक्रम में वित्त पोषण की कमी हो रही थी तो अमेरिका, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और अन्य दानदाता आगे आए और उसकी वजह से हम अकाल और विपत्ति को टाल सके। उन्होंने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम में फिर से वित्त पोषण की कमी हो रही है और बिना वित्त पोषण के अक्टूबर में 32 लाख और दिसंबर तक 50 लाख लोगों के लिए राशन में कटौती की जाएगी। मार्च में एक वर्चुअल सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस साल यमन के लिए 3.85 अरब डॉलर की सहायता देने की अपील की थी।

# स्पेन के द्वीप पर लावा फैलने से और अधिक नुकसान का खतरा

एपी। तोदोक

**स्पेन** के कैनरी आयलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट से निकले लावे की गति काफी धीमी हो गई है, जिससे बृहस्पतिवार को यह संदेह पैदा हो गया कि कहीं यह पूरे आयलैंड में तो नहीं फैल जाएगा तथा समुद्र में बहने के बजाय कहीं अधिक घरों को तो नष्ट नहीं कर देगा।

बुधवार को मैदानी इलाके में पहुंचने के बाद लावे की विशाल नदी की रफ्तार चार मीटर (13 फुट) प्रति घंटे तक धीमी हो गई। ला पाल्मा द्वीप पर विस्फोट के एक दिन बाद सोमवार को यह 700 मीटर (2,300 फुट) प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे इसका प्रवाह धीमा हुआ, लावे की परत मोटी होती गई। कई जगहों पर यह 15 मीटर (50 फुट) तक ऊंचा हो गया है। लावा अब 166 हेक्टेयर (410 एकड़) में फैला है और लगभग 350 घरों को निगल चुका है। लावे की गति धीमी होने से इसके रास्ते में आने वाले शहरों के निवासियों को अपना सामान एकत्रित करने के लिए समय मिल गया। साथ ही गार्डिया सिविल पुलिस बल बृहस्पतिवार सुबह तट के करीब तोदोक में रहने वाले लोगों को उनके घरों तक ले गए।

गार्डिया सिविल ने कहा कि क्षेत्र में विस्फोट से पहले बढ़ी भूकंपीय गतिविधियां अब थम गई हैं। कैनरी आइलैंड्स ज्वालामुखी संस्थान ने कहा कि ज्वालामुखी के मुख से पिघला हुआ लावा, राख और धुआं निकलता रहा, जिसकी ऊंचाई 4,200 मीटर (लगभग 14,000 फीट) थी। इससे इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि क्या द्वीप के ऊपर का हवाई क्षेत्र खुला रखा जा सकता है। स्पेन के हवाई क्षेत्र का प्रबंधन करने वाले ईएनएआईआरई ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के ऊपर के दो क्षेत्रों को नो-फ्लाई जोन घोषित किया जा रहा है ताकि आपातकालीन सेवाओं को स्वतंत्र रूप से संचालित किया जा सके। ला पाल्मा में आने और जाने वाली कुछ उड़ानों में बृहस्पतिवार को देरी हुई।

द्वीप पर तैनात आपातकालीन सैन्य इकाई ने कहा कि उसने हवा की जांच की है, उसमें स्वास्थ्य के लिए कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि संपत्ति, बुनियादी ढांचे और खेतों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

वैज्ञानिक ज्वालामुखी गतिविधि की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने संभावित विस्फोट की चेतावनी दी थी। इससे लगभग 7,000 लोगों को समय पर निकाला जा सका।

# टीका लगवा चुकी गर्भवती महिलाओं से नवजातों को भी मिलती है एंटीबॉडीः अध्ययन

भाषा। वाशिंगटन

**जो** महिलाएं गर्भावस्था के दौरान कोविड-19 रोधी मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड टीके की खुराक लेती हैं वे अपने शिशुओं को उच्च स्तर की एंटीबॉडी देती हैं। एक अध्ययन में यह सामने आया है। अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि कोविड-19 रोधी टीकों की प्रभाविता सही एंटीबॉडी और संक्रमण से लोगों को बचाने में सक्षम रक्त प्रोटीन का उत्पादन करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि क्या यह सुरक्षा माताएं जन्म से पहले अपने शिशुओं तक पहुंचा सकती है, यह अब भी एक सवाल बना हुआ है। अमेरिकन जर्नल ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकोलॉजी मैटरनल-फीटल मेडिसिन में बुधवार को प्रकाशित अध्ययन उन 36 नवजातों पर किया गया जिनकी माताओं ने गर्भावस्था के दौरान फाइजर या मॉडर्ना के कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ली थी।

अमेरिका में एनवाईयू ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के अगुवाई वाले दल ने पाया कि 100 प्रतिशत शिशुओं में जन्म के समय सुरक्षात्मक एंटीबॉडी थे।

एनवाईयू लैंगोन में हैसनफेल्ड चिल्ड्रंस हॉस्पिटल में सहायक प्रोफेसर और अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका जेनिफर एल लाइटर ने कहा कि हालांकि नमूने का आकार छोटा है लेकिन यह प्रोत्साहित करने वाला है कि यदि महिलाएं टीका लगवाती हैं तो नवजात शिशु में एंटीबॉडी का स्तर अधिक होता है।

# हर व्यक्ति की रोग प्रतिरोधी क्षमता अलग-अलग होती है

अध्ययन

भाषा। यूट्रेक्ट (नीदरलैंड)

**ऐसा** प्रतीत होता है कि हर व्यक्ति की रोग प्रतिरोधी प्रणाली अलग होती है। मैंने और मेरे सहयोगियों ने स्वस्थ और बीमार लोगों के रक्त में एंटीबॉडी को मापने के बाद रोग प्रतिरोधी क्षमता में इस विविधता का पता लगाया। यह अनुसंधान यह बता सकता है कि कोविड-19 के टीके कुछ लोगों के लिए कम प्रभावी क्यों प्रतीत होते हैं। इसी के साथ यह व्यक्तियों में विशेष रूप से प्रभावी एंटीबॉडी की पहचान करने और उन्हें प्राप्त करने तथा दूसरों को ठीक करने में उनके उपयोग की संभावना की जानकारी देता है।

हमारे रोजाना जीवन में हमारे शरीर का कई कीटाणुओं से सामना होता है और वे उस पर हमला करते हैं। वे हमारे शरीर पर नियंत्रण हासिल करने के लिए हमारे शरीर में बड़ी चतुराई से प्रवेश करते हैं। सौभाग्य की बात है कि हमारे पास एक शक्तिशाली सुरक्षा प्रणाली, हमारी रोग प्रतिरोधी क्षमता है। यदि हमारी रोग प्रतिरोधी क्षमता अच्छे से काम करती है, तो हम लगातार एवं आक्रामक तरीके से हम पर हमला करने वाले अधिकतर कीटाणुओं से सफलतापूर्वक लड़ सकते हैं।

हमलावर कीटाणुओं को बेअसर करने के लिए हमारे शस्त्रागार में प्रोटीन अणु हमारे हथियार होते हैं जिन्हें एंटीबॉडी कहा जाता है।

हर कीटाणु से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए अलग हथियारों (एंटीबॉडी) की आवश्यकता होती हैं। अच्छी बात यह है कि हमारे शरीर ने अरबों विभिन्न एंटीबॉडी मुहैया कराए हैं, लेकिन ए सभी एंटीबॉडी एक ही समय पर नहीं बन सकते। अक्सर कुछ विशेष एंटीबॉडी किसी एक विशेष कीटाणु के हमले के समय ही बनते हैं। यदि हम जीवाणुओं से संक्रमित होते हैं, तो हम उन जीवाणुओं पर हमला करने और उन्हें मारने के लिए एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देते हैं। यदि हम कोरोना वायरस से संक्रमित होते हैं, तो हम उस वायरस को बेअसर करने के लिए एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देते हैं। फ्लू वायरस से संक्रमित होने पर भी हम फिर से अन्य एंटीबॉडी बनाते हैं।

एक समय यह ज्ञात नहीं था कि रक्त में कितने अलग-अलग एंटीबॉडी बनते हैं और हमारे रक्त में कितने एंटीबॉडी मौजूद होते हैं। कई वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि यह कई अरब से अधिक हैं और इसलिए लगभग अथाह है।

हैरान करने वाली दो बातें सैद्धांतिक रूप से, हमारे शरीर में हजारों अरबों विभिन्न एंटीबॉडी बनाने की क्षमता है, लेकिन पहला आश्चर्य तब हुआ जब हमने देखा कि स्वस्थ और रोगग्रस्त दोनों लोगों के रक्तप्रवाह में उच्च सांद्रता में केवल कुछ सौ अलग-अलग एंटीबॉडी मौजूद थे। हमें दूसरी बार हैरानी तब हुई, जब रक्त की कुछ बूंदों से इन प्रोफाइलों का अध्ययन करते समय हमने देखा कि रोगाणुओं के खिलाफ हर व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग प्रतिक्रिया देती है और प्रत्एक व्यक्ति की एंटीबॉडी प्रोफाइल अलग होती है।

इन एंटीबॉडी की सांद्रता बीमारी के दौरान या टीकाकरण के बाद एक अनोखे तरीके से बदल जाती है। परिणाम यह बता सकते हैं कि क्यों कुछ लोगों को फ्लू या कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा अधिक होता है या वे दूसरों की तुलना में कुछ बीमारियों से तेजी से ठीक क्यों होते हैं। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि रक्त में एंटीबॉडी के अत्यधिक जटिल मिश्रण का सटीक रूप से पता लगाना असंभव है, लेकिन मास स्पेक्ट्रोमेट्री पदार्थों को उनकी आणविक संरचना के आधार पर अलग करती है, और चूंकि प्रत्एक विशिष्ट एंटीबॉडी की एक अलग आणविक संरचना होती है, इसलिए हम सभी एंटीबॉडी को व्यक्तिगत रूप से मापने के लिए तकनीक का पता लगाने में सफल रहे।

इस पद्धति का उपयोग लगभग 100 लोगों में एंटीबॉडी प्रोफाइल को मापने के लिए किया गया है। इन लोगों में कोविड-19 रोगी और कोविड-19 के टीके वाले लोग शामिल थे।

एक बार भी ऐसा नहीं हुआ, जब हमें दो अलग-अलग लोगों में एक ही एंटीबॉडी मिली हों, भले ही उन्होंने एक ही टीका लगवाया हो। यह कहना उचित है कि हर किसी की एंटीबॉडी प्रोफाइल उनके फिंगरप्रिंट यानी उंगलियों के निशान की तरह ही अद्वितीय होती है।



# बदलते समय के अनुकूल

## इंटीरियर डिजाइनिंग तत्वों में संतुलन बनाने की बात कर रहे हैं अभिषेक चड्ढा

महामारी ने कई लोगों के जीवन में उथल-पुथल मचा दी है और अनगिनत व्यावसायिक प्रयासों को प्रभावित किया है। वैश्विक मंदी के कारण मुनाफे में भारी कमी होने से छोटे परिवारिक व्यवसायों और कंपनियों को फसल की मार का सामना करना पड़ रहा है। महामारी से बचने और सफल होने के बीच संतुलन बनाने हेतु, कंपनियां प्रदर्शन-योग्य योग्यताओं के खाते बनाती हैं। वायरस के प्रकोप और उसके कारण लगे लॉकडाउन ने अथाह काम को रोक दिया और लंबित कर दिया और कई उद्यमों के लिए परीक्षा के रूप में सामने आया। इस कठिन समय के दौरान, नेताओं के लिए यह समय की आवश्यकता है कि वे पहल करें और संघर्षरत उद्योग में 'पेशेवर' होने के मूल अर्थ को आगे बढ़ाएं और उसे पुनः परिभाषित करें। नयी वास्तविकता के उभार के कारण - जो हर एक के लिए साझा कहानी बनकर सामने आई है, लॉकडाउन ने नागरिकों के दिलों में अनेक नकारात्मक भावनाओं को जन्म दिया है। चूंकि लोग घर पर रहने के लिए बाध्य हैं, इसलिए हर व्यक्ति आज अपने नए सामान्य का मूल्यांकन करने की कोशिश कर रहा है। महामारी ने खुले या बाह्य स्थलों और पर्याप्त तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता को मजबूती दी है। हालांकि, आज लोग उन बाहरी सुविधाओं के साथ भी उत्साहित हैं, जिन्हें उन्होंने इस लॉकडाउन अवधि के दौरान सबसे अधिक याद किया है। उच्च -स्तरीय

आरामदायक आवासीय डिजाइनरों के लिए भविष्य एक उपजाऊ जमीन बन गया है। अपने परिसरों के आराम के साथ लुभावने दृश्यों को प्रेरित करने के लिए बेसमेंट और छतों को नवीनीकृत करने का समय आ गया है। इसलिए, आर्किटेक्ट डिजाइन में संतुलन बनाने के लिए विभिन्न क्रमपरिवर्तन और संयोजन के साथ प्रयोग कर रहे हैं जहां वे इन सुविधाओं और चिकित्सीय जीवन को एक साथ शामिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### माफी से बेहतर सुरक्षित

घरों की योजना बनाते समय हमें जिस चीज को प्राथमिकता देने की जरूरत है, वह है रहने की जगह की जवाबदेही और अनुकूलन क्षमता। बाह्य स्थल, महत्व प्राप्त करते हुए, अतिआवश्यक मनोरंजक समय के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। इन स्थानों में आंगन, गैलरी और पोर्च शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में बाहरी स्थल एक वरदान हैं। इस तरह के स्थान एक परिवार, या व्यक्तियों को, अपने लिए गुणवत्तापूर्ण समय प्रदान करते हैं, जिससे घर को अधिक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है। बाहर की ओर के जो रिक्त स्थान हैं और बैठने की जगहें हैं, रहने वालों को बहुत जरूरी राहत देते हैं। बैठने की जगह लाउंज और झूलों के रूप में मौजूद हैं।



यदि कोई महामारी के दौरान या बाद में लोगों से मिलना जुलना चाहता है तो सामाजिक दूरी होना महत्वपूर्ण है। इसलिए, कोविड के बाद की दुनिया में डिजाइन किए गए सभी स्थानों को परस्पर सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए बनाना चाहिए जहां लोगों के घुलने-मिलने के लिए पर्याप्त जगह मिलनी चाहिए। चूंकि महामारी ने लोगों को घर के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया है, इसलिए रसोई घर का केंद्र बिंदु बन गया है। अति-अपेक्षित कार्यक्षमता को पूरा करने के लिए, पेंट्री आकार बढ़ रहे हैं जो अतिरिक्त भंडारण स्थान से लैस हैं।

### घर से काम करना - नया सामान्य

जैसे-जैसे वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) मामलों का अनुपात बढ़ता है, मनभावन और रचनात्मक स्थान मौज-मस्ती के लिए होते हैं और घर के अन्य अनौपचारिक क्षेत्रों के साथ सह-अस्तित्व के लिए विश्राम को शामिल किया जा रहा है। बेहतर डब्ल्यूएफएच संस्कृति की पूर्ति के लिए नए इंटीरियर डिजाइन मॉडल को लचीला बनाया जा रहा है। बेरोकटोक आवाजाही के लिए पर्याप्त भंडारण स्थान और अलमारियों का प्रावधान शामिल किया जा रहा है। आदर्श घर-कार्यालय वातावरण की पेशकश करने के लिए पर्याप्त धूप, सुव्यवस्थित डेस्क, ताजा रंग और आरामदायक फर्नीचर के साथ तटस्थ, अल्पतम सौंदर्यशास्त्र की रचना करना अब धीरे-धीरे एक आदर्श बन गया है। खुली अलमारियों के साथ एक काम करने वाला कोना निर्मित करना एक संगठित फाइलिंग सिस्टम बनाता है, जो कार्यक्षेत्र को एक अतिव्यवस्थित संरचना प्रदान करता है। क्लाइंट की प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए, आरामदायक कामकाजी माहौल की पूर्ति के लिए होम ऑफिस ढांचे तैयार किए जा रहे हैं।

बेहतर कोविड उपरांत डिजाइन -समय की मांग

न्यूनतम संपर्क सुनिश्चित करने के लिए, हाल ही में होम ऑटोमेशन सिस्टम पर अधिक ध्यान दिया गया है। नो-टच डोर, स्मार्ट लाइट सहित, इंटेलिजेंट होम स्ट्रक्चर ने अधिकतम आराम और उत्पादकता प्रदान करते हुए घरेलू दक्षता में सुधार किया है। महामारी ने साबित कर दिया है कि स्थानों को सामान्य दृष्टि से भिन्न ढंग से सोचने की आवश्यकता है। पारंपरिक प्रथाओं के साथ आधुनिक तकनीक के सम्मिश्रण का नया रोजगार सामने आया है। सतहों पर तांबे को फिर से देखा जा रहा है क्योंकि यह बैक्टीरिया नाशक माना जाता है। धूल उपचार प्रणाली और जीवाणुरोधक फिनिश जैसी सुविधाओं का उपयोग करना आज मांग में आ गया है।

घर पर रहने ने हर किसी को मजबूर किया है कि वह अपनी वास्तविक जरूरतों पर पुनर्विचार करे और समस्त पीढ़ियों हेतु सुरक्षित वातावरण के लिए बहुआयामी, सुरक्षित स्थान निर्मित करें जो सिर्फ चलन नहीं बल्कि एक नई डिजाइन आवश्यकता बन गया है। इस महामारी ने लोगों को एक कदम पीछे खींचने के लिए प्रेरित किया कि वे आराम व शांति के लिए इसमें बदलाव लाएं और अपने मौजूदा वातावरण को ठीक करें। अंततोगत्वा, हम सभी मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से आरामदायक जीवन पाना चाहते हैं और हमारे घर हमारी जीवन शैली का चित्रण होने के अलावा, बस यही चीज को प्रदान करते हैं।

**(लेखक बैंगलोर स्थित इंटीरियर डिजाइन कंपनी द कारीगर्स के संस्थापक और सीईओ हैं)**

# मिड मैड मॉड

## मध्य सदी के आधुनिक डिजाइन

कीया और मंडावी की कहानी को सामने लाते हुए उमा नायर मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों के पुनरुत्थान की बात कर रही हैं, जो घर की सजावट में उच्च गुणवत्ता की पेशकश करते हैं।

वैश्विक महामारी के बीच कहीं, दो महिलाओं ने विलाप किया कि शहर में अच्छे, किफायती और सुलभ घरेलू सजावट की चीजें खोजना इतना मुश्किल क्यों है? कीया और मंडावी ने दुनिया भर से दुर्लभ चीजों की खोज करने का अपना जुनून साझा किया और सोचा कि क्या उन्हें सभी के लिए सुलभ बनाना संभव हो सकता है। वे हर रोज कम कीमत पर लेकिन उच्च महत्तावाले उच्च गुणवत्तापूर्ण डिजाइन चाहते थे। मिड मॉड मैड इंस्टाग्राम पर स्टाइल का एक असामान्य और विचित्र रूप से जिज्ञासु एम्पोरियम है। यह एक लार्क के रूप में शुरू हुआ, जो एक साधारण विचार था और कई वार्तालापों के इर्द-गिर्द रचा गया था। दो दोस्तों - एक रणनीति और स्थिरता सलाहकार, एयरबीएनबी सुपरहोस्ट और उद्यमी, दूसरा (बहुत) वरिष्ठ कॉर्पोरेट एक्जीक्यूटिव, एयरबीएनबी सुपरहोस्ट और उद्यमी - ने इस बात पर अफसोस जताया कि भारत में घर की सजावट और डिजाइन की दुनिया को कैसे उदासीन, अनिच्छुक और अत्यधिक बॉक्सी और कुकी-कटर महसूस किया गया।



जिज्ञासु, व्यापक दृष्टि वाला प्रयोग कहां था जिसके लिए विदेशी, डिजाइन के शौकीन, मैन्युफैक्चरर्स और सौदागर भारत आते रहे थे?

कीया का कहना है, "हम दोनों ने साइबरस्पेस में कहीं एक मंच का सपना देखा था, जहां शहर के साहसी गृह-स्वामी और सज्जाकार विशिष्टता के साथ अने किफायती घरेलू सामान, सजावट और कलाकृतियां खोज सकें। आप जानते हैं, बिलकुल, विदेशों में उन पुराने स्टोरों की तरह? मुझे लगता है कि हम दोनों हमेशा अपने पसंदीदा सस्ते / विंटेज स्टोर और वैश्विक बाजारों की सुंदरता और उत्साह को एक आम बैठक स्थल पर लाना चाहते थे।"

मांडवी हंसती हैं, "हम यह विचार पसंद है कि हम जो पेशकश करते हैं वह हमेशा बदल जाएगा और हमारे जीवन से पसंदीदा स्मृति चिन्हों की तरह, प्रत्येक के पास साझा करने लायक कहानी होगी - चाहे वह हाथ से पीटा गया, तांबे के फूलों का झूमर हो जिसे थाईलैंड से घर वापस खींच लिया गया था या वह आश्चर्यजनक विंटेज एक गैलरी रिम वाला सिल्वर ट्रे हो जिसे मैं बार्सिलोना के पिस्सू बाजार या कंबोडियाई अप्सराओं में खोजने के लिए सुबह 6 बजे उठी, जिसे कीया ने एक सड़क के कलाकार को चाकू के अलावा कुछ भी नहीं पेंट करने के लिए मजबूर किया क्योंकि उसके पास ब्रश नहीं था हालांकि उसने उसे समझाने की भरपूर कोशिश की थी कि वह एक इंप्रेशनिस्ट था, जबकि उसे खुद नहीं पता था कि इसका मतलब क्या है।" मिड मॉड मैड का मतलब भव्य सामानों से भरा एक छिपा हुआ रत्न है, जो सभी किस्म के कुछ सेकंड हैं। यदि आपने इसके बारे में नहीं सुना है, तो आश्चर्यचकित न हों, उनके पास कोई गोदाम या ईंट और मोर्टार की दुकान नहीं है, न ही उनके पास कोई वेबसाइट है। इन्वेंट्री, जो नए अधिग्रहणों और बिक्री की वजह से बदलती रहती है, जो इंस्टाग्राम पर कलात्मक पोस्ट /कहानियों के माध्यम से अपडेट की जाती है। उनका वर्तमान स्टॉक घरेलू सजावट के पीसेस के लिए समर्पित है जो या तो फैक्टरी सेकंड हैं, या सुरुचिपूर्ण ढंग से पुराने या कोमलता से उपयोग किए जाते हैं। कुछ निर्यात सरप्लस, दिनांकित डिजाइन नमूने, या प्रयोग हैं जो थोड़ा गलत हो गए हैं।

**मध्य शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों का क्रैश कोर्स**

अमेरिका में मध्य-शताब्दी की आधुनिक शैली का इतिहास लगभग 1940 के दशक में शुरू होता है, हालांकि इसका उदय 1950 के दशक के मध्य से 1960 के दशक के मध्य तक था। इस आंदोलन की उत्पत्ति जर्मनी, हॉलैंड और फ्रांस में हुई है। यह बॉहॉस - जर्मनी में एक कला विद्यालय - द्वारा ऐसे लोकप्रिय विचार केन्द्र से काफी प्रभावित है - जिसने प्रथम विश्व युद्ध (डब्ल्यूडब्ल्यू -1) को पोस्ट करना शुरू किया था। मौलिक रूप से सरलीकृत डिजाइनों के बारे में सोचें जहां आकार कार्य का पालन करता है, सामग्री का उत्सव, दृश्य निर्माण तत्व, अतिसूक्ष्मवाद और सबसे महत्ववपूर्ण है एक महान डिजाइन के प्रति समर्पण। अमेरिका में इस आधुनिक दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति अधिक जैविक थी और प्रकृति से जुड़ी हुई थी। जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के अमेरिका में उपनगरीय क्षेत्रों का विस्तार शुरू हुआ, तो मध्य-शताब्दी की आधुनिक शैली भी विकसित हुई।

"मध्य-शताब्दी आधुनिक" शब्द आंदोलन समाप्त होने के बाद बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया गया था, जब लेखक कारा ग्रीनबर्ग ने दौर से संबंधित अपनी पुस्तक के शीर्षक के लिए इस वाक्यांश का इस्तेमाल किया था। पुस्तक 1984 में लिखी गई थी, और तब से इस शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।

**नियोजित सामग्री**- मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइन उन सामग्रियों का जश्न मनाते हैं जिनका वे छिपाने या दबाने के बजाय उपयोग करते हैं। 50 और 60 के दशक में, डिजाइनर अपेक्षाकृत नई सामग्री, जैसे प्लास्टिक, ल्यूसाइट और प्लाईवुड का उपयोग करने को लेकर उत्साहित थे, लेकिन वे लकड़ी जैसी अधिक पारंपरिक सामग्रियों पर भी बहुत अधिक निर्भर थे - विशेष रूप से पुनः प्राप्त लकड़ी और कांच और संगमरमर से अपसाइक्लिंग अपशिष्ट सामग्री उद्योग (मसलन टेराजो)। आज के डिजाइन मोल्डेड फाइबरग्लास और प्लास्टिक के साथ-साथ जैविक सामग्री के अनुरूप हैं।

मध्य शताब्दी की आधुनिक शैली में, अल्प अधिक है, लेकिन यह निश्चित रूप से उबाऊ नहीं है। सामग्री को सावधानी से चुना जाता है और दिलचस्प तरीकों से उपयोग किया जाता है। रंग के चबूतरे दिलचस्पी बढ़ाते हैं। और पूर्वगामी फुलाव और अलंकरण मध्य-शताब्दी के फर्नीचर के लुभावने आकार को केन्द्र में ले जाने का मौका देता है।

**मिडमॉड वापसी क्यों कर रहा है?**

हालांकि यह लगभग 75 वर्षों से ज्यादा समय से है, मगर यह शैली कुछ भी हो, लेकिन पुरानी है। मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइन ने हाल ही में वापस लोकप्रियता पाई है, और यह देखना आसान है कि क्यों। डिजाइन का स्वच्छ, सरल आकार में होना एक स्थायी गुण होता है जो अभी भी आवेग महसूस करता है। लोग आज अव्यवस्था को कम करने और अपने रिक्त स्थान को भरने का लक्ष्य बना रहे हैं, और मध्य शताब्दी का न्यूनतम दृष्टिकोण (स्कैंडिनेवियाई डिजाइन के समान) इसमें सही बैठता है जैसे-जैसे लोग तेजी से प्रकृति के साथ संबंध बनाने की ओर अग्रसर हैं, मध्य शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों के जैविक तत्व लोकप्रियता की अपील को वापस प्राप्त करते हैं। दोनों तरफर सेउस युग के प्रति रूमानी यादों की भावना है, एक तरफ वे लोग जो इसे जीते थे और दूसरे वे जिन्होंने इसे देखा है, जिसे शो में मैडमेन के रूप में हाइलाइट किया गया है। डिजाइन को अपनाना आज एक व्यापक निरंतरता का हिस्सा बनता है, जिसमें कुछ लोग समूचे घरों को शैली में सजाते हैं तो कुछ अन्य कुछ ऐसे खास टुकड़ों को चुनते हैं जो उनके स्वाद के अनुकूल होते हैं।

# प्रकृति, परंपरा और बहुत कुछ

## इंडिया कॉउचर वीक में कढ़ाई और शिल्प का बोलबाला रहा

### रेनू टंडन

प्रकृति के उपहारों को ध्यान में रखते हुए, डिजाइनर रेनू टंडन ने एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2021 में अपने संग्रह के लिए सनकी अतियथार्थवाद को थीम के रूप में मनाया।

रेनू ने व्यक्त किया कि संग्रह, जूरी, एक रोमांचक असामान्य अनुभव था। भारी स्वारोवस्की अलंकृत साग, नूड्स, पिंक से लेकर समृद्ध क्लासिक पीस, टोन-ऑन-टोन मिरर किए गए लहंगे, अनारकली, पारंपरिक साड़ी, शरारा और घरारा संग्रह एक बयान देने के लिए बाध्य था।









संग्रह को तीन भागों में विभाजित किया गया था जिसमें हरे, गुलाबी और नग्न रंगों का प्रदर्शन किया गया था। रेनू के लिए, यह सीज़न रंगों के टकराव वाले बहुरूपदर्शक में छलांग लगाने वाला था।

सुंदर पेस्टल रंगों में युवा लड़कियों के लिए हल्के और आकर्षक पोशाक के साथ संग्रह खोला गया, जो बहुत सारे फूलों, गुलाब की पंखुड़ियों, पत्तियों और एक स्वप्निल रूप के साथ दिखाया गया था, जो इसे प्रकृति के जितना संभव हो सके रखने के लिए सूरज की किरणों के साथ खेल रहा था। इसके बाद यह मोती और स्वारोवस्की के साग और बहु-रंगों के साथ जटिल कढ़ाई में परिवर्तित हो गया - मेहंदी, कॉकटेल और पूर्व-विवाह कार्यों के लिए आज दुल्हन और परिवारों द्वारा पसंद किए जाने वाले रंग। संग्रह के अंतिम हिस्से में कारमेल, बेज और न्यूट्रल की एक श्रृंखला दिखाई गई - एक क्लासिक लुक जिसे आप कॉकटेल और संगीत से लेकर रिसेप्शन तक किसी भी समारोह में पहन सकते हैं, अपने पहनावे में रंग जोड़ने के लिए विभिन्न आभूषणों के साथ जोड़ा जा सकता है।

"जूरी के सिल्हूट को सभी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था, जिससे संग्रह बहुमुखी और कालातीत हो गया। नग्न मेरे पसंदीदा हैं, क्योंकि इसे किसी भी समारोह में पहना जा सकता है। मैं चाहता हूं कि मेरी दुल्हनें सुरुचिपूर्ण दिखें, जबकि पुरानी दुनिया की शादी के आकर्षण को समकालीन तरीके से बनाए रखें", डिजाइनर ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा।

### वरुण बहल


दुनिया भर के महान डिजाइनर भारत के मास्टर कारीगरों के हाथों से बनाई गई सबसे उत्तम कढ़ाई का उपयोग करते हैं। लेकिन घर पर, हमने दशकों से किसी न किसी तरह से दुल्हन के पहनावे के साथ अलंकरण की बराबरी की है। इस गहरे जुड़ाव ने वरुण को फिर से परिभाषित किया कि हाउते कॉउचर कैसे पहना जाता है, और आज के सूचित और स्टाइल के प्रति जागरूक उपभोक्ता के लिए इसका क्या अर्थ है। अपने संग्रह, मेमोरी / मोज़ेक के माध्यम से, वरुण ने कुछ विषयों को एक साथ खींचने की कोशिश की, जो पिछले एक साल में उनके दिमाग में मजबूत हुए हैं। अलंकरणों के अलावा, उन्होंने हाउते कॉउचर की मांगों के अनुसार सिल्हूट और नाटक के विचार के बारे में भी गहराई से सोचा। यहां, उन्होंने हाउते कॉउचर पहनने की रस्म को कम करने के लिए अपने डिजाइन और कटौती को सरल बनाने की कोशिश की, उन्हें एक निश्चित ताज़ा हल्कापन प्रदान किया ताकि किसी को उन्हें अधिक बार और अलग-अलग तरीकों से पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।



उन्होंने अपने हस्ताक्षर वाले पुष्प-प्रेरित प्रिंट भी लाए, और उन्हें मिश्रण में जोड़ा। यह थोड़ा बोहेमियन था, ग्लैमर के संकेत के साथ, और एक बारीक-निष्पादित मोज़ेक की तरह, इसने उनके विचारों को एक साथ लाया कि हाउते कॉउचर क्या हो सकता है। आपको ड्रेप्ड स्कर्ट और ब्रालेट के साथ पेयर किए गए कपड़े, पावर शोल्डर के साथ जैकेट, लहंगा, स्कर्ट के साथ पेप्लम टॉप, लंबी जैकेट के साथ स्लिप ड्रेस, ट्राउजर के साथ केप, साथ ही सुरुचिपूर्ण साड़ी, सभी ऑर्गेना, सिल्क जैसे कपड़ों में मिल जाएंगे। मेमोरी / मोज़ेक में साटन, ट्यूल, मखमल, और यहां तक कि डेनिम। डिजाइनर का रंग पैलेट हाथीदांत, काला, लाल, ऋषि हरा, और ब्लशिंग पिंक के साथ खेला जाता है - हल्का, विपरीत, और ताज़ा, आने वाले उत्सवों के लिए आदर्श, चाहे आप दुनिया में कहीं भी हों।







### फाल्गुनी शेन पीकॉक

संग्रह, लव इज, प्रेम के स्मारक- ताजमहल से प्रेरित था। संग्रह का विवरण ताजमहल की सुंदरता से उधार लेकर प्रेम की दूरदर्शी गाथा का अनुवाद करने की मांग करता है; पहनावे पर स्थापत्य रत्न के असंख्य रूपांकनों को लिखने से लेकर स्वारोवस्की क्रिस्टल, मोती, दर्पण, सेक्विन और मोतियों के परिष्कृत अलंकरण के साथ उन्हें वार्निश करने तक।





संग्रह रंगों का एक मिश्रण था जो बेक्ड बेज और मोती हाथीदांत जैसे मधुर म्यूट टोन से गुलाब गुलाबी और टकसाल हरे रंग के पेस्टल तक बढ़ाया गया था, यहां तक कि पन्ना हरा, शाही बैंगनी, फ़िरोज़ा और बहादुर पोस्पी जैसे गहरे स्वर तक फैला हुआ था। धात्विक रंगों के लिए एक स्पलैश अर्थात। चांदी और सोने ने ग्लैमर का तड़का लगाते हुए भव्यता को बढ़ा दिया। जटिल क्राफ्टिंग तकनीकों ने गुंबदों और मीनारों के स्थापत्य रूपांकनों, पत्ते के फिलाग्री और सदी के जीवों और पक्षियों के रूपांकनों के माध्यम से कपड़े पर संरचनात्मक चमत्कार को दोहराया। विधि के संदर्भ में यह रेखा नवीन है, लेकिन दृष्टिकोण के संदर्भ में दृढ़ता से निहित है, जो लेबल का एक हस्ताक्षर सौंदर्य है। कट्स पारंपरिक थे फिर भी, थिंक ट्रेल्ड लहंगा, फिट-एंड-फ्लेयर सिल्हूट, और बॉल गाउन-स्टाइल लहंगा जो शादी के दिन ब्राइडल ट्राउसेउ के लिए बनाया गया था।

2 न्यूज-व्यूज
गोरखपुर में अक्टूबर से चालू हो जाएगा खाद कारखाना

6 अभिमत
भारत में सामुदायिक रेडियो का महत्व

12 विविध
बदलते समय के अनुकूल

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 329
लखनऊ, शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटी नाओमी ओसाका
स्पोर्ट्स-11

www.dailypioneer.com

# असमर्थ लोगों को घर पर ही लगेगा टीका



मुंबई में एक केंद्र पर कोरोनारोधी टीका लगवाते लोग। गुरुवार तक करीब 66 प्रतिशत वयस्क लोगों का टीकाकरण हो चुका था

**भाषा** । नई दिल्ली

● सरकार ने की घोषणा, कहा- दैनिक नए मामलों में कमी आ रही है लेकिन देश में कोविड-19 की दूसरी लहर अब भी जारी

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दिव्यांगों तथा चलने-फिरने में असमर्थ लोगों को उनके घर पर ही कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भले ही दैनिक नए मामलों में कमी आ रही हो, लेकिन देश में कोविड-19 की दूसरी लहर अब भी जारी है। बहरहाल, उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते सामने आए संक्रमण के कुल मामलों में से 62.73 फीसदी अकेले केरल में आए। केरल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां उपचाराधीन मरीजों की संख्या एक लाख से अधिक है।अधिकारियों ने कहा कि देश में 33 जिलों में फिलहाल संक्रमण दर 10 फीसदी से अधिक है, जबकि 23 जिलों में संक्रमण दर पांच से 10 फीसदी के बीच हैं। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों के लिए कोविड-19 दिशानिर्देशों के तहत निरुद्ध क्षेत्रों और पांच फीसदी से अधिक संक्रमण दर वाले जिलों में भीड़भाड़ से बचना होगा। टीकाकरण अभियान के बारे में उन्होंने कहा कि देश की करीब 66 फीसदी आबादी को टीके की कम से कम एक खुराक दी गई है और 23 फीसदी आबादी का पूरी तरह टीकाकरण हो गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 टीकों में 63.7 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए हैं और 35.4 फीसदी शहरी क्षेत्रों में लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 68.2 लाख खुराक (करीब 0.95 फीसदी) ऐसे कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों पर दी गई जिन्हें ग्रामीण या शहरी क्षेत्र के तौर पर चिह्नित नहीं किया गया। भारत में टीका लगवा चुके लोगों को ब्रिटेन की यात्रा करने पर वहां दस दिनों के पृथक-वास में रहने के बारे में मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह भेदभाव है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही हे। भूषण ने कहा, हमारा मानना है कि जो नियम चार अक्टूबर से लागू होने वाला है वह भेदभावपूर्ण है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी है और हमारा मानना है कि समाधान निकल आएगा। हमे उसी भाषा में जवाब देने का अधिकार है। टीकाकरण अभियान में तेजी लाने की घोषणा करते हुए अधिकारियों ने कहा कि दिव्यांगों एवं चलने-फिरने में असमर्थ लोगों को उनके घर पर ही टीका लगाया जाएगा।

## कोविड से मृतकों के परिजन को अनुग्रह राशि की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सराहा

**भाषा** । नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कोविड-19 से मरने वाले लोगों के परिजन को अनुग्रह राशि देने के केंद्र के कदम की बृहस्पतिवार को सराहना करते हुए कहा कि इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेना होगा कि भारत ने जो किया है, वह कोई अन्य देश नहीं कर सका है। शीर्ष अदालत ने कहा, हम खुश हैं कि कई परिवारों के आंसू पोंछने के लिए कुछ किया गया है। केंद्र की ओर से सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, हम जीवन को पहुंची क्षति की भरपाई नहीं कर सकते लेकिन पीड़ित परिवारों के लिए देश जो कुछ कर सकता है, किया जा रहा है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने केंद्र द्वारा दाखिल दो हलफनामों पर गौर करते हुए कहा कि वह कुछ निर्देशों के साथ चार अक्टूबर को आदेश जारी करेगी। पीठ ने संकेत दिया कि इसमे मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में किसी तरह का विवाद होने पर जिला स्तर पर शिकायत निवारण समितियों को मृतक का अस्पताल का रिकार्ड मंगाने के लिए अधिकृत किया जा सकता है। पीठ ने कहा, हम खुश हैं कि पीड़ितों को कुछ सांत्वना मिलेगी। यह कई परिवारों के आंसू पोंछेगा। हमें इस तथ्य का अवश्य ही न्यायिक संज्ञान लेना चाहिए कि लोगों की कई सारी समस्याओं के बावजूद कुछ किया जा रहा है। भारत ने जो किया है, कोई अन्य देश नहीं कर सका है। न्यायालय अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल और कोविड-19 के चलते अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले कुछ लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

# गोरक्षा, संस्कृति और संस्कृत के लिए आगे आएं धार्मिक संस्थाएं

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया आह्वान



**पायनियर समाचार सेवा** । गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी धार्मिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वे गोरक्षा, संस्कृत व संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आएं और इसमें सरकार पूरा सहयोग करेगी। साथ ही कहा कि गोरक्षा केवल भाषणों से नहीं बल्कि श्रद्धा और व्यवस्था से जुड़ने से होगी। उन्होंने भारत और भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए हर देशवासी को तैयार रहने का भी संदेश दिया। योगी महंत दिग्विजयनाथ की 52वीं व ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की 7वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हर धार्मिक पीठ संस्कृत विद्यालय खोले, सरकार इसमें हर संभव सहयोग करेगी। संस्कृत और संस्कृति को प्रोत्साहन हमारे आश्रमों को देना होगा। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए योग्यता के आधार पर शिक्षकों का चयन करना होगा। अयोग्य व्यक्ति संस्था को नष्ट कर देगा, ऐसे में योग्य को तराशने की जिम्मेदारी धर्माचार्यों व आश्रमों को लेनी होगी। इससे संस्कृत, संस्कृति की रक्षा के साथ गोरक्षा भी होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोरक्षा के लिए सरकार तीन व्यवस्थाओं पर कार्य कर रही है। पहला निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जिनमें वर्तमान में छह लाख गोवंश संरक्षित हैं। दूसरा सहभागिता योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति आश्रय स्थलों से चार गोवंश लेकर उन्हें पालता है तो प्रति गोवंश के लिए सरकार उसे प्रतिमाह 900 रुपए देती है, जबकि गाय का दूध व अन्य सभी उत्पाद उसी व्यक्ति के हिस्से में आता है। तीसरी व्यवस्था कुपोषित महिलाओं व बच्चों के लिए की गई है। इसमें भी संबंधित परिवार को एक गाय व उसके पालन के लिए प्रतिमाह 900 रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, एक भी धार्मिक संस्था ने सरकार से गाय नहीं ली है।

## रक्षा मंत्रालय ने 118 टैंकों के लिए आर्डर दिया

**भाषा** । नई दिल्ली

**सेना** की लड़ाकू क्षमताओं में इजाफे के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 7,523 करोड़ रुपए की लागत से भारतीय सेना की खातिर 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन की खरीद को लेकर एक करार को अंतिम रूप दिया। मंत्रालय ने अर्जुन एमके-1ए टैंकों के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री (एचवीएफ), अवडी, चेन्नई को यह ऑर्डर दिया है। यह एमबीटी एमके-1ए अर्जुन टैंक का नया संस्करण है, जिसमें 72 नई विशेषताएं और एमके-1 संस्करण से अधिक स्वदेशी उपकरण हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहाकि रक्षा मंत्रालय ने 23 सितंबर को भारतीय थल सेना के लिए 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन एमके -1 ए की आपूर्ति के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री, अवडी, चेन्नई को एक ऑर्डर दिया। इसमें कहा गया है कि 7,523 करोड़ रुपए के इस ऑर्डर से रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा मिलेगा तथा यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# भारतीय प्रवासियों ने दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई: मोदी

● अमेरिका पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भारतीय अमेरिकी समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया

**भाषा** । वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए भारतीय प्रवासियों की प्रशंसा की है। मोदी के यहां पहुंचने पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री का विमान बुधवार को जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा, उसके तुरंत बाद भारतीय अमेरिकियों के एक समूह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मोदी ने होटल में समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ अपने संवाद की तस्वीरें ट्वीट कीं और लिखा, मैं गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय समुदाय का आभारी हूं। भारतीय प्रवासी हमारी ताकत हैं। मोदी ने कहा, भारतीय प्रवासियों ने जिस प्रकार दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है, वह प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की सभाएं तथा बैठकें उनके कार्यक्रम का अहम हिस्सा रही हैं, लेकिन कोविड-19 संबंधी मौजूदा हालात के कारण प्रधानमंत्री इस बार कोई बड़ी सभा संभवत: नहीं करेंगे। भारतीय-अमेरिकियों के बीच मोदी खासे लोकप्रिय हैं। अमेरिका की जनसंख्या में 1.2 प्रतिशत से अधिक लोग भारतीय-अमेरिकी हैं। यह समुदाय अमेरिकी राजनीति समेत कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



वाशिंगटन में भारतीय मूल के लोगों से भेंट करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## जज को जानबूझकर टक्कर मारी थी ऑटो चालक ने : सीबीआई

**पायनियर समाचार सेवा** । रांची

**झारखंड हाईकोर्ट** को सीबीआई ने बृहस्पतिवार को बताया कि ऑटो चालक ने जानबूझकर धनबाद के न्यायाधीश उत्तम आनंद को टक्कर मारी थी जिससे उनकी मौत हो गई।उच्च न्यायालय में आज उपस्थित हुए के सीबीआई के संयुक्त निदेशक शरद अग्रवाल ने अदालत को यह जानकारी दी और कहा कि इस घटना के पीछे षड्यंत्र की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई के 20 अधिकारी दिन-रात इस घटना की जांच में जुटे हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ रवि रंजन व न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत के आदेश पर सीबीआई के संयुक्त निदेशक आज पीठ के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने सुनवाई के दौरान कहा कि अब तक की जांच से पता चला है कि ऑटो चालक ने न्यायाधीश को जानबूझकर टक्कर मारी थी और यह कोई हादसा नहीं था। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे के षड्यंत्र की जांच की जा रही है।

## सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकवादी ढेर



बारामूला में मारे गए आतंकियों से मिले हथियारों को प्रदर्शित करते सेना के जवान

**भाषा** । श्रीनगर

**सेना** ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए और हथियारों तथा गोला-बारूद का जखीरा बरामद हुआ। सेना के एक अधिकारी ने कहा, हमने नियंत्रण रेखा के पास हाथलंगा इलाके में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। घुसपैठियों को चुनौती दी गई और उनमें से तीन को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि पांच असॉल्ट राइफल, सात पिस्तौल और हथगोले सहित बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद हुआ है। यहां सेना के चिनार कोर मुख्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडे ने कहा कि हाल ही में नियंत्रण रेखा के दूसरी तरफ से घुसपैठ की गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, हालांकि साल की शुरुआत से कोई घुसपैठ नहीं हुई है। थोड़ी बहुत गतिविधियां हुई हैं जो पाकिस्तानी सेना के कमांडरों की जानकारी के बिना नहीं हो सकती। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने कहा कि घुसपैठ की यह कोशिश बृहस्पतिवार को नाकाम की गई।

## मदीना में सिनेमाहॉल खोलने के फैसले पर बरेलवी उलमा नाराज

**भाषा** । बरेली

**सऊदी** अरब की हुकूमत के पैगंबर मोहम्मद साहब की कर्म स्थली पवित्र शहर मदीना शरीफ में सिनेमाहॉल खोलने के फैसले पर बरेलवी उलमा ने सख्त नाराजगी जताई है। उल्लेखनीय है कि इस्लाम में गाने बजाने को हराम करार दिया गया है। सऊदी अरब सरकार के इस फैसले पर पूरी दुनिया के उलमा सख्त नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। तंजीम उलमा इस्लाम ने चेतावनी दी है कि अगर सऊदी अरब ने फौरन सिनेमाघरों के निर्माण की योजना पर रोक नहीं लगाई गई तो पूरी दुनिया के बरेलवी मुसलमान सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। तंजीम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि सऊदी हुकूमत सिनेमाघर खोलकर इस्लाम को बदनाम करना चाहती है। उसे मक्का और मदीना शरीफ की पवित्रता भंग नहीं करने दी जाएगी, क्योंकि इन शहरों से दुनिया भर के मुसलमानों की आस्था जुड़ी है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,885 | ↑ | 958 | |
| निफ्टी | 17,822 | ↑ | 276 | |
| सोना | 45,401 | ↓ | 294 | /10g |
| चांदी | 59,609 | ↑ | 26 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जाली नोट रैकेट में वांछित ठाणे में पकड़ा गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने उत्तर प्रदेश के अपने समकक्ष के साथ एक संयुक्त अभियान में पड़ोसी ठाणे शहर के मुंब्रा से जाली मुद्रा रैकेट में वांछित 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान अब्दुल रज्जाक अब्दुल नबी मेमन के रूप मे हुई है, जो मुंब्रा के ठाकुरपाड़ा का रहने वाला है। उन्होंने कहा कि मेमन के खिलाफ जाली नोटो के रैकेट से जुड़े मामले में भारतीय दंड संहिता और आईटी कानून की संबंधित धाराओं के तहत लखनऊमें मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही उत्तर प्रदेश एटीएस की लखनऊ इकाई ने भी मेमन को देश से भागने से रोकने के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया था।

## भारत में टीका लगवाने वालों के लिए ब्रिटेन का नियम भेदभावपूर्ण: सरकार

**भाषा** । नई दिल्ली

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का मानना है कि यहां कोविशील्ड टीका लगवाने वालों के लिए 10 दिन के पृथक-वास का ब्रिटेन का नियम भेदभावपूर्ण है और नई दिल्ली के पास भी इसी तर्ज पर जवाबी कदम उठाने का अधिकार है। साथ ही उम्मीद जताई कि जल्द ही इस मुद्दे का हल निकाल लिया जाएगा। ब्रिटेन के नए यात्रा नियम को लेकर देश में उठे रोष के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने यहां प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत जारी है।

एक सवाल के जवाब में भूषण ने कहा, हमारा मानना है कि चार अक्टूबर से जो व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव है, वह भेदभावपूर्ण तरीका है। दोनों पक्षों में वार्ता जारी है और हमें भरोसा है कि जल्द ही समाधान निकल आएगा। हमें भी इसी तरह के जवाबी व्यवहार का अधिकार है।

### टीका प्रमाणन प्रक्रिया पर भारत, ब्रिटेन के बीच वार्ता हुई

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच टीका प्रमाणन के मुद्दे पर शानदार तकनीकी चर्चा हुई। ब्रिटेन के नए यात्रा नियमों का हवाला देते हुए एलिस ने बुधवार को कहा था कि कोविशील्ड टीके से कोई समस्या नहीं है और मुख्य मुद्दा कोविन ऐप के जरिए होने वाला कोविड-19 टीका प्रमाणन है। उन्होंने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, आर. एस. शर्मा, आयुष्मान एनएचए के साथ शानदार तकनीकी चर्चा हुई।

# तकनीकी विशेषज्ञ समिति गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

**भाषा** । नई दिल्ली

पेगासस मामला
● न्यायालय स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अगले हफ्ते सुनाएगा फैसला



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को मौखिक रूप से कहा कि वह पेगासस जासूसी प्रकरण की जांच के लिए एक तकनीकी विशेषज्ञ समिति गठित करेगा और इस मामले की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अगले हफ्ते अंतरिम आदेश पारित करेगा।

ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि केंद्र ने इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर कुछ प्रतिष्ठित भारतीयों के फोन हैक करके कथित तौर पर उनकी जासूसी करने की शिकायतों की जांच करने के लिए खुद विशेषज्ञ समिति गठित करने की पेशकश की थी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील सी यू सिंह से कहा कि आदेश अगले हफ्ते पारित किया जाएगा। सीजेआई ने कहा, हम इस हफ्ते आदेश देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि उसे इसलिए रुकना पड़ा क्योंकि अदालत जिन लोगों को तकनीकी समिति का सदस्य बनाना चाहती थी उनमें से कुछ ने इसका हिस्सा बनने में निजी मुश्किलें जताई हैं। न्यायालय ने कहा, इसलिए वह समिति गठित करने में वक्त ले रहा है। हम अगले सप्ताह तक तकनीकी विशेषज्ञ दल के सदस्यों के नाम तय कर पाएंगे और फिर अपना आदेश देंगे। प्रधान न्यायाधीश ने सिंह को बताया कि वह उन्हें यह बता रहे हैं क्योंकि वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार की पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पिछले कुछ दिनों से अदालतों में नहीं आ रहे हैं। इस पर सिंह ने पीठ को बताया, मैं सिब्बल को सूचित कर दूंगा। न्यायालय ने 13 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि वह कुछ दिनों में फैसला सुनाएगा और उसने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा था कि अगर सरकार ने विस्तारपूर्वक हलफनामा दाखिलकरने के बारे में पुन: विचार किया है तो वह इस मामले को रखे। न्यायालय ने कहा था कि वह केवल यह जानना चाहता है कि केंद्र ने नागरिकों की कथित तौर पर जासूसी करने के लिए गैरकानूनी तरीकों से पेगासस जासूसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया या नहीं।

केंद्र ने जासूसी विवाद की स्वतंत्र जांच के लिए दायर याचिकाओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए विस्तृत हलफनामा दाखिल करने से दृढ़तापूर्वक इनकार कर दिया था। पेगासस विवाद में निजता के उल्लंघन को लेकर पत्रकारों और अन्य द्वारा उठाई गई चिंताओं का जिक्र करते हुए न्यायालय ने कहा था कि वह उनकी याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करेगा। साथ ही उसने कहा था कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को जाने में इच्छुक नहीं है। केंद्र ने कहा था कि वह यह जानने के लिए विस्तारपूर्वक हलफनामा दाखिल नहीं करना चाहता कि कोई खास सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया या नहीं क्योंकि यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है और यह वृहद राष्ट्रीय हित में नहीं होगा। विधि अधिकारी ने दलील दी थी कि इसका खुलासा करना कि देश कोई खास सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा है या नहीं, इससे नुकसान हो सकता है और आतंकवादी समूह समेत सभी संभावित खतरे सतर्क हो सकते हैं। स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाएं उन खबरों से संबंधित हैं जिसमें सरकारी एजेंसियों पर कुछ प्रतिष्ठित नागरिकों, नेताओं और पत्रकारों की इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर जासूसी करने का आरोप है। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ ने खबर दी थी कि पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए जासूसी की संभावित सूची में 300 से अधिक पुष्ट भारतीय मोबाइल फोन नंबर थे।

# अक्टूबर में चालू हो जाएगा गोरखपुर का खाद कारखाना

## गोरखपुर विवि में बनेगी बाबा गंभीरनाथ शोधपीठः धर्मेंद्र प्रधान

● ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा का अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ पार्क में गुरुवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा और म्यूरल पेंटिंग के जरिए महंत दिग्विजयनाथ की जीवन यात्रा को चित्रित करने वाली पेंटिंग का अनावरण किया। धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में महंत बाबा गंभीरनाथ जी के नाम पर एक शोध पीठ की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुप्रतिक्षित गोरखपुर का खाद कारखाना अक्टूबर में चालू हो जाएगा।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंतश्री जीवनपर्यंत राष्ट्रीयता की भावना को आगे बढ़ाते रहे। गोरखपुर में उनका आगमन दैवयोग से हुआ था। वह इतिहास प्रसिद्ध उस राणा राजवंश से थे जिसने राष्ट्र रक्षा में किसी भी प्रकार का बलिदान देने से संकोच नहीं कियाण् वंशानुगत संस्कार आजीवन उनके में परिलक्षित होता रहा। केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में महंत बाबा गंभीरनाथ जी के नाम पर एक चेयर की स्थापना की जायेगी। महिलाओं-बालिकाओं को समान शिक्षा अधिकार की दिशा में महंत दिग्विजयनाथ का निरन्तर प्रयास रहा और इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गयी, नई शिक्षा नीति का आना एक सुखद संदेश है। जब सभी जाति, सभी वर्ग को समान शिक्षा मिलेगी तो विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश-केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के भाव से निरन्तर कार्य कर रही है। आजादी के 75 साल पूरा होने पर पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है। गोरक्षनाथ एक शिक्षा का धाम है जो सदियों से समाज की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। आजादी की लड़ाई में महंत दिग्विजयनाथ की अहम भूमिका रही है। श्री प्रधान ने कहा कि कोरोना काल खण्ड में मोदी-योगी के कुशल नेतृत्व में इस बीमारी पर नियंत्रण पाया गया।

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर उप्र में 40 लाख वैक्सीन लगाकर रिकार्ड कायम किया गया। जब केन्द्र की सरकार बनी थी तो उज्जवला योजना आरम्भ की गयी। इसके तहत देश में 8 करोड़ महिलाओं को निशुल्क कनेक्शन प्रदान किया गया। जिसमें ढाई करोड़ कनेक्शन उत्तर प्रदेश में दिये गये। शीघ्र ही गैस पाइप लाइन के माध्यम से गोरखपुर में गैस की आपूर्ति की जायेगी जिससे महिलाओं को गैस सिलेंडर के लिए इन्तजार नही करना होगा।

# देश का गौरव बढ़ाने व सेवा में पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं पीएमः धर्मेंद्र प्रधान



● पीएम मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री व चुनाव सह प्रभारी अनुराग ठाकुर के द्वारा शुभारंभ किया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रतिनिधि के रूप में 20 साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। पार्टी ने सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत 17 सितंबर से लेकर 7 अक्टूबर तक 20 दिन तक जन जागरण व जनसंपर्क के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर भाजपा द्वारा हर जिले में प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यकाल की चुनौतियों, निर्णयों, सेवा व समर्पण के कार्यों को जनता के बीच दिखाया व पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे वर्षों से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब देश के प्रधानमंत्री के रुप में मोदी जी जन कल्याण, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और अब सब के प्रयास से देश का गौरव बढ़ाने और देश सेवा में पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं। आज इस प्रदर्शनी को लगाने का उद्देश्य भी यही है कि नई पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे।

**कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का संकल्प पत्र वितरण अभियान आज से:** लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने हर ज़िले में शुक्रवार से एक महीने तक चलने वाले संकल्प पत्र वितरण अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की। 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर शुक्रवार को प्रत्येक विधान सभा की 6 बड़ी मस्जिदों में नमाज़ बाद ये संकल्प पत्र बांटे जाएंगे।

**सूचना**

मेसर्स एकोसेफ एग्री साइन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आईईसी कोड AAFCE7506B गुजरात सानंद तहसील अहमदाबाद पिन कोड नम्बर 382170 हम एनपीके फेर्टिलिज़र ग्रटे 19:19:19, 13:40:13, 6:12:36, 13:05:26, 16:08:24, 20:20:20, 12:30:15, 12:32:34 आयात करके मार्केट में किसान के हित के लिए बिक्री करते हैं जो किसान को उत्पादन एवं अच्छी गुणवत्ता के लिए लाभदाई है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम अशोक कुमार से बदलकर अशोक कुमार गुप्ता कर लिया है भविष्य में मुझे अशोक कुमार गुप्ता S/O मूल चंद गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाए 128/169/12-A, K-Block Kidwai Nagar Kanpur 208011

**सूचना**

मैंने अपना नाम अंजना से बदल कर अंजना गुप्ता कर लिया है भविष्य में मुझे अंजना गुप्ता वाइफ ऑफ अशोक कुमार गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाए 128/169/12-A, K-Block Kidwai Nagar Kanpur 208011

**सूचना**

मेरे भवन जो प्लॉट नंबर-B/3/0147, सेक्टर –B , पॉकेट–3, 0147 सेक्टर– बी पॉकेट–3, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र दिनांक–07.03.2007 और मूल कब्जा प्रमाण पत्र दिनांक 5.12.2012 जो कि वास्तव में खो गया है

**सूचना**

मेरे मूल दस्तावेज विक्रय विलेख नंबर 4904 दिनांक– 02.06.1997 जो दिवेश दीपक ने श्रीमती अफाक फातिमा के पक्ष में निष्पादित है और रजिस्टर प्रथम लखनऊ में पंजीकृत है वास्तव में खो गया है

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 4/55 विरामखण्ड गोमती नगर लखनऊ का मूल आवंटन–पत्र कहीं खो गया है। उक्त आवंटन–पत्र का उपयोग अवैध माना जाय। अजय कुमार नि0 4/55 विराम खण्ड गोमती नगर लखनऊ मो0 9140441348

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने दोनों पुत्रों आदित्य सिंह व सोनू सिंह को उनका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। जय सिंह पुत्र स्व0 तेजपाल सिंह निवासी–ग्राम दलेलनगर थाना कोतवाली देहात, तहसील व जिला सीतापुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम अहमद फराज दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में उसका नाम अहमद फराज खान दर्ज है जो कि सही है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अहमद फराज खान ही पढ़ा व समझा जाये। तस्लीमुर्रहमान खान पुत्र जियाउर्रहमान खान निवासी – म0नं0 259, मिरदही टोला, तहसील व जिला सीतापुर

**सूचना**

मेरे भवन सं0–456 ब्लाक–सी स्कीम एलआईजी–4 गुजैनी के0यू0डी0पी0 कानपुर के फ्री होल्ड डीड दिनांकित 01.04.1997 बही सं0 । खण्ड 937 पेज 311–340 क्रमांक 908 जोन III कानपुर में पंजीकृत जो कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निष्पादित (फ्री होल्ड डीड) अशोक कुमार साहनी पुत्र सी0एल0 साहनी को फ्री होल्ड डीड दिनांक 01.04.1997 को किया था। दिनांक 02.09.2021 को फ्री होल्ड डीड दिनांक 01.04.1997 के स्टाम्प मेरे घर से बर्रा कानपुर के बीच गिरकर खो गये जिसका प्रयोग अवैध होगा।

## भाजपा के विकास के दावे को मायावती ने बताया हवाहवाई

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से चुनावी तैयारियों में लग गई हैं। वही तैयारियों के बीच एक बार फिर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के विकास के दावे हवाहवाई व जुमलेबाजी साबित हो रहे हैं। गुरुवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी के लोगों की प्रति व्यक्ति आय सही से नहीं बढ़ने अर्थात यहाँ के करोड़ों लोगों के गरीब व पिछड़े बने रहने सम्बंधी रिजर्व बैंक के ताजा आँकड़े इस आमधारणा को प्रमाणित करते हैं कि भाजपा के विकास के दावे हवाहवाई व जुमलेबाजी हैं। यहाँ इनकी डबल इंजन की सरकार में भी ऐसा क्यों? मायावती ने आगे कहा कि यूपी चुनाव से पहले यहाँ भाजपा के विकास के दावों के खोखले होने का पर्दाफाश होने से अब यह पार्टी धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ व हिन्दू-मुस्लिम विवाद आदि के पुराने संकीर्ण मुद्दे पर वापस आ गई है लेकिन लोग फिर से इनके छलावे में आने वाले नहीं हैं।

## घोटाला, धांधली और जालसाजी हो गया है भाजपा का दूसरा नाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की राज्य सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह और पूरी तरह विफल है। उसने अपने किए वादे तो निभा, नहीं, प्रदेश को बदहाली और बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया। भाजपा का दूसरा नाम ही घोटाला, धांधली और जालसाजी हो गया है। भाजपा ने राज्य की जनता को सिर्फ परेशानियां, मंहगाई और भ्रष्टाचार के ही उपहार दिए हैं। 2022 का चुनाव प्रदेश को नई सरकार मिलने का चुनाव होगा। साढ़े चार साल में जनता ने देखा है कि कैसे प्रदेश विकास और प्रगति में पीछे हुआ है। आज उत्तर प्रदेश की जनता चाहती है कि प्रदेश में प्रोग्रेसिव पॉलिटिक्स हो और लोक कल्याणकारी सरकार सत्ता में आए।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने सपा सरकार की व्यवस्थाओं को चौपट करने के अलावा कुछ और नहीं किया है। भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते शिक्षा व्यवस्था गर्त में है। देश का भविष्य विद्यालय परिसरों में जलभराव के कारण छप्पर में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का एक नमूना बरेली जिले में देखने को मिला, जहां एक बच्ची की मृत्यु डेंगू से होने पर स्वास्थ्य महकमा छह दिन तक रिपोर्ट दबाए बैठा रहा। कोरोना की तरह डेंगू से मौतों को भी प्रशासन दबाने पर तुला हुआ है। वाराणसी में बीएचयू अस्पताल में बेड न होने से स्ट्रेचर पर इलाज हो रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पहले ढिंढोरा पीटती है फिर विज्ञापन में विकास का हल्ला मचाती है। उन्नाव में सन 2018 में महिलाओं के लिए बने पिंक शौचालयों को कागजों में नया दिखाकर निर्माण वर्ष 2021 में कर दिया गया। ईंट लगी न सीमेंट बस बन गया शौचालय। यही है भाजपा का हवाई विकास। सच्चाई यही है कि प्रदेश में भाजपा ने एक भी योजना को धरती पर नहीं उतारा है।

## अखिलेश को दिखाई और सुनाई नहीं देताः सिद्धार्थ नाथ



**लखनऊ।** योगी सरकार के मंत्री और सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा है कि ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरी के मामले में न शासन चुप और न प्रशासन मौन लेकिन सपा मुखिया अखिलेश यादव को कुछ सुनाई और दिखाई नहीं देता। ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरि के मामले से संबंधित जो गिरफ्तारियां हुईं हैं। सरकार ने बिना देर किए सीबीआई जांच की जो सिफारिश की है। अखिलेश ने अपने ट्वीट में लिखा है कि शासन की चुप्पी, प्रशासन का मौन पूज्य स्वर्गीय नरेंद्र गिरि जी को माननेवालों के लिए गहरे अवसाद का कारण बन रहा है। सत्य का प्रकाशन, शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए न कि सत्य का आच्छादन। इसके जवाब में सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि अखिलेश जी पूर्व मुख्यमंत्री और एक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की मर्यादा का तो ख्याल रखिए। लाश पर राजनीति आपको शोभा नहीं देती। यह काम तो गिद्धों का है। आपको भाजपा का कोई भी अच्छा काम दिखता नहीं है तो दोष आपका है। थोड़ा धैर्य रखना सीखें। इस अधीरता से सत्ता में आने का आपका ख्वाब पूरा होने से रहा। अलबत्ता जगहंसाई जरूर होगी हो भी रही है।

## हाईकोर्ट व सचिवालय के कर्मियों से सम्मानजनक व्यवहार करे पुलिस-प्रशासन

**लखनऊ।** शासन ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पुलिस प्रशासन के लोगों द्वारा सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उनसे संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किए जाने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से परिपत्र जारी किया गया है। राज्य के सभी मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, जिलाधकारी और पुलिस कप्तानों को दिए गए निर्देश में अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय प्रदेश की सर्वोच्च संस्थाएं है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों की कार्यालयी व्यस्तता के कारण उनके द्वारा अपने प्रकरणों की पैरवी के लिए समयाभाव रहता है। अतएव उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियोंए कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किये जाना तथा उनसे संबंधित प्रकरणों में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए संवेदनशीलता एवं उदारता पूर्वक समयबद्ध निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करे।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–5, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्र सं0 : 151/EE-5/2021–22/निविदा सूचना, दिनांक : 23.09.2021

**(अति–अल्पकालीन निविदा–सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 30.09.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–5 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाऐं दिनांक 30.09.2021 को अधिशासी अभियन्ता, जोन–5 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 30.09.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–5 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. गुरुनानक नगर वार्ड के अन्तर्गत मोहल्ला प्रेमनगर में गुप्ता मार्केट के पास म0नं0–569च/541/श्री मनोज कुमार के घर के निकट एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200 एमएम) का कार्य, धरोहर राशि रु० 8300/– एवं निविदा मूल्य रु० 400/–

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–5**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

## ऑनलाइन ठगी का शिकार पीड़ितों के लिए मरहम साबित हो रहे हैं साइबर क्राइम थाने

● 18 रेंज में साइबर क्राइम थानों ने अब तक पीड़ितों के खाते में वापस कराए 2 करोड़ 2 लाख 35 हजार 407 रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल साइबर क्राइम की चुनौतियों को काफी गंभीरता से लिया है। उनके प्रयासों का नतीजा है कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रदेश के साइबर क्राइम थाने पीड़ितों के लिए मरहम साबित हो रहे हैं। इन थानों द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ितों के खातों में ठगी के रुपए वापस कराने में व्यापक सफलता प्राप्त की गयी। प्रवक्ता ने बताया कि 15 से 30 सितंबर तक पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम के प्रति प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। विगत वर्षों में साइबर ठगों द्वारा सुदूर राज्यों में बैठकर आनलाइन साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के अपराध के सम्बन्ध में साइबर क्राइम उप्र पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए यथा सम्भव आनलाइन साइबर ठगी से पीड़ित व्यक्तियों के ठगे गये रुपए वापस कराए गए। अभी तक 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों द्वारा अभियोगो से सम्बन्धित प्रकरणों में कुल 20235407 रुपए पीड़ित के खातों में बरामद कराए गए हैं तथा 50099534 रुपए बैंकों में फ्रीज कराये गये हैं। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जरूरी निर्देश साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 155260-112 पर दें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके। साइबर अपराध एनसीआरपी पोर्टल की वेबसाइट पर दर्ज करें।

खाते में केवाईसी अपडेट कराने के लिए बैंको द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीवीए पिन नम्बर नहीं मांगी जाती है। किसी के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी बेवसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जनकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जांच लें। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभागए कम्पनियों के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। अज्ञात व्यक्ति, अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

## यूपी में 54 फीसदी लोगों मिली वैक्शीन की पहली खुराक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 54 फीसदी को टीके की पहली खुराक मिल गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक यूपी में टीके की पहली खुराक पाने वालों का आंकड़ा 8 करोड़ के पार हो गया जबकि 178 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश 9 करोड़ 85 लाख से अधिक वैक्सीन लगाने वाला पहला राज्य बन गया है।

प्रदेश में कोविड की रोकथाम के लिए जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यूपी में कोरोना संक्रमण किस कदर कमजोर पड़ चुका है। बीते 24 घंटों में हुई टेस्टिंग से सहज ही लगाया जा सकता है। विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 20 हजार 65 सैम्पल टेस्टिंग में मात्र 11 नए मरीजों मिले। इसी अवधि में 20 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 186 रह गई है। प्रदेश के 30 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 69 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 71 लाख 45 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 644 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमण की न्यूनतम दर पर सन्तोष जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नियोजित प्रयासों से कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है।

## सिंगापुर की कंपनियां निवेश की इच्छुक, भूमि उपलब्ध कराने के लिए दिया प्रस्ताव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सतीश महाना से सिंगापुर के उच्चायुक्त के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने की भेंट

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना से विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग वी कुन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टक, इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप एवं डाटा सेंटर के क्षेत्र में निवेश करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर की दो कंपनियां नोएडा में डाटा सेंटर की स्थापना करना चाहती हैं। साथ ही एक अन्य कंपनी कानपुर में एग्रो के क्षेत्र में निवेश की इच्छुक है। इसके अलावा वाराणसी में भी निवेशक स्किल सेंटर के क्षेत्र में निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने उद्यम स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया।

सिंगापुर के प्रतिनिधि मण्डल ने अवगत कराया कि सिंगापुर के निवेशक यूपी में एमएसएमई के क्षेत्र में निवेश के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच व्यापारिक रिश्ते काफी मजबूत हैं। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में सिंगापुर के उद्यमी अपना अहम योगदान दे सकते हैं। लॉजिस्टिक, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं। सिंगापुर के उद्यमी ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से काफी प्रभावित हैं। दादरी एवं जेवर का मास्टर प्लान उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में विश्व की बहुत सी इलेक्ट्रानिक कंपनियां चीन से बाहर जा रही हैं। उत्तर प्रदेश ऐसी कंपनियों को अपने यहां आकर्षित करने के लिए बेहतर विकल्प साबित होगा। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। यहां उद्योग लगाने पर आसानी से दक्ष कारीगर उपलब्ध होंगे और निवेशकों को बड़ा उपभोक्ता बाजार भी मिलेगा।

प्रदेश में आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर विकास हुआ है। इसके फलस्वरूप उप्र सिंगापुर के निवेशकों के लिए नम्बर वन हाट-स्पाट बन गया है। महाना ने कहा कि सरकार निवेशकों को हर प्रकार की सहूलियत एवं सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। जिसके कारण कई देशों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और शीघ्र ही बहुत से क्षेत्रों में उद्योग स्थापित होने की संभावना है। सिंगापुर के साथ भी निवेश के विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क एवं वायु परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया गया है। डिमाण्ड एवं सप्लाई चेन को मजबूत किया गया है। निवेश को आकर्षित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की गई है।

### सिंगापुर के उच्चायुक्त ने की मुख्य सचिव से मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी से सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। इस मौके पर मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के कारण दुनियाभर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो रहा है। प्रदेश निवेशकों को अनुकूल एवं भयमुक्त वातावरण प्रदान कर रहा है। प्रदेश में 21 नई इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली नीतियाँ लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता की हुगली नदी से वाराणसी तथा प्रयागराज तक जलमार्ग भी बहुत तेजी से विकसित किया जा रहा है जिससे उद्योगों को और अधिक गति मिलेगी। प्रदेश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है तथा उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में स्किल्ड मैन पावर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये तथा सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग ने मुख्य सचिव को एक पुस्तक भेंट की।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) प्रथम तल 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र सेक्टर–5 गोमती नगर विस्तार लखनऊ। मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) E-mail : eecivildlko@rediffmail.com अल्पकालीन निविदा सूचना (ई–निविदा) संख्या 13/विजाखं(वि0)/एल/ई–टेन्डर/2021–22 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अलग–अलग निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट www.mvvnl.in तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है निविदा का प्रथम एवं द्वितीय भाग बेवसाईट पर लोड करने की अन्तिम तिथि 07.10.2021 समय 170:0 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी) तिथि 08.10.2021 समय 14:30 बजे से खोला जायेगा। जिसके परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाग (भाग–द्वितीय) बाद में खोले जायेगें। निविदा के भाग–1 जिसमें निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि, अनुभव प्रमाण पत्र, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति, जी0एस0टी0 एवं लेबर सेस में पंजीकरण का प्रमाणपत्र, विगत तीन वर्षों का ITR एवं विशेष नियम एवं शर्तें होंगी। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग – 2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रस्ताव केवल ई–टेण्डरिंग वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते है। निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, हलवासिया हजरतगंज, लखनऊ के खाता संख्या – 0294002100078232 आई0एफ0एस0सी0 कोड– PUNB0029400 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी। निविदा का भाग–1 व 2 (प्राइस बिड) केवल बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा, निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि की आर०टी0जी0एस0 साक्ष्य (रसीद) को ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवं किसी भी प्रकार की है हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी, निविदा के प्रथम भाग प्राप्त/खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होनी चाहिए। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना उपरोक्त अंकित बेवसाइटों पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करना अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **(1) निविदा विशिष्ट सं0 19/ विजाखं (वि0)/एल/टेन्डर/2021–22** । कार्य का नामः– 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र अमराई गाँव, लखनऊ के कन्ट्रोल रूम की छत पर रूफट्रीटमेन्ट का कार्य। I I धरोहर धनराशि :– रु0 4,000.00 (रु0 चार हजार मात्र) I I I समयावधि :– एक माह। IV निविदा प्रपत्र का मूल्यः– रू0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण), 33/11 के0वी० विद्युत उपकेन्द्र, (प्रथम तल) सेक्टर–5 गोमतीनगर (विस्तार), लखनऊ पत्रांक– 1144 दिनांक 22.9.2021 हेल्पलाईन नम्बर– 18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्व की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

# मड़िहान के पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कमलापति** त्रिपाठी के प्रप्रौत्र ललितेशपति त्रिपाठी ने हाल ही में कांग्रेस में अपने पद से इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है। इसके बाद उनका कोई भी बयान सामने नहीं आया था। ऐसे में गुरुवार को मिर्ज़ापुर की मड़िहान सीट से पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी ने वाराणसी में अपने पुश्तैनी मकान औरंगाबाद हॉउस में एक प्रेस कांफ्रेंस कर सभी कयासों से पर्दा हटा दिया। ललितेशपति त्रिपाठी ने बताया कि मैंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि मेरे मन के भीतर किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है और ना ही मन में कोई गांठ हैं। बहुत तकलीफ होती है जब कांग्रेस के हज़ारों समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार और नज़रअंदाज़ होते हुए देखता हूं, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा। ललितेशपति त्रिपाठी ने आगे कहा कि पार्टी ने बुरे वक्त में साथ देने वाले कैडर को नज़र अंदाज़ किया है वहां सांसद, विधायक और नेता बने रहने के लिए मेरा ज़मीर गवाही नहीं दे रहा था। 100 वर्षों से हमारा कांग्रेस के साथ इतिहास है और औरंगाबाद हॉउस ने कई आंदोलन की गवाही दी है। उन्होंने कहा कि मेरा यह निर्णय किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं है। मैं किसी दल में शामिल होकर त्वरित राजनीतिक लाभ के लिए पार्टी नहीं छोड़ रहा हूँ बल्कि एक वृहद् परिदृश्य को देखते हुए यह फैसला लिया है। ललितेशपति त्रिपाठी ने कहा कि मुझे क्रिकेट का शौक है और इस खेल में पिच पर दो तरह के बल्लेबाज़ उतरते हैं। एक जो रन बनाता है और एक टाइम पास करता है, तो मुझे रन बनाना है टाइमपास नहीं करना। मैं टाइमपास करने के लिए राजनीति से नहीं जुड़ा। मैं जनता की आकाँक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। मैंने अपना अलग रास्ता बनाने का निणय लिया है। इसके अलावा उन्होंने किसी अन्य पार्टी को ज्वाइन करने की अफ्वाहों का भी खंडन किया और कहा कि ऐसा कुछ नहीं है मैं किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहा हूं।

**● प्रेस कॉन्फ्रेंस में छलका ललितेशपति त्रिपाठी का दर्द, कहा- जमीनी कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर रहा कांग्रेस आलाकमान**

# बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा गजेन्द्रा में चौपाल का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बडौदा यूपी** ग्रामीण बैंक शाखा गजेन्द्रा की तरफ से ग्राम सभा कोर्रा के बूची गांव में निरंकार मिश्र के घर के प्रांगण में एक विशाल ग्रामीण चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बडौदा यू0पी0 ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक एम के. हलधार ने बैंक की सभी ऋण एवं जमा योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैंक के वाराणसी क्षेत्र के प्रबंधक एके झा ने केसीसी एवं तमाम ऋण योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया, बैंक के मुख्य प्रबंधक डीआरएम वाराणसी नवीन श्रीवास्तव ने ग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा से संबंधित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना पर प्रकाश डाला। बैंक के एफएलसी दयाशंकर पाण्डेय ने एवं नावार्ड के डीडीएम अनुज कुमार सिंह ने उपस्थित समूह को महिलाओं के समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापित डी0 के सिंह शाखा प्रबंधक गजेन्द्रा ने किया।सभा की अध्यक्षता कर करे ग्राम प्रधान कोर्रा ने ग्रामीणों को उपरोक्त योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

## क्विक न्यूज

### कुपोषण से घटती हैं उत्पादकता भी : सीएमओ

**मिर्ज़ापुर।** भोजन में पोषक तत्व कम या ज्यादा होना दोनों नुकसानदेह है। कुपोषित होने से उत्पादकता प्रभावित होती हैं इस लिए सभी को नियमित पोषित भोजन लेना चाहिये ये कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् पीण्डी गुप्ता का। डॉ गुप्ता गुरुवार को सेन्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में बोल रहे थे। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एक स्वस्थ मां ही स्वास्थ्य बच्चे को जन्म देती है इसलिए बच्चे के गर्भ में आते ही मां को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। बच्चे का पोषण गर्भ में मां के खून से प्राप्त होता है इसलिए गर्भवती महिला को अपने पोषण का पूर्ण ध्यान रख कर हीमोग्लोबिन की जांच एवं प्रसवपूर्व की जांच समय.समय पर कराती रहनी चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी वीणा वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से पोषण माह में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी द्य साथ ही जनपद में हो रहे कार्यों के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत सैम गंभीर रूप से कुपोषितद्ध बच्चों का चिन्हीकरण पोषण वाटिका का स्थापनाए योगासन सत्र, तथा बच्चों का वजन किया गया जिसमें गांव के हर स्तर पर आंगनबाड़ी द्वारा बच्चों का वजन कर लंबाई नापी गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय ने बताया कि जिले स्तर पर कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र का संचालन किया जाता है जिसमें कुपोषित बच्चों का इलाज किया जाता है साथ ही बच्चे के मा-बाप बच्चे के सही आहार की जानकारी दी जाती है सही पोषण के लिए जरूरी है स्वच्छता का ध्यान रखना। कार्यक्रम प्रविन्द्र जसवाल, मनोज त्रिपाठी, राजेन्द्र त्रिपाठी, समीर वर्मा अमरेश मिश्र, शिव भोला समेत कई पत्रकार बंधू उपस्थित रहे।

### जनपद में वन स्टाप सेंटर शुरू होने से महिलाओं को होगी सहूलियत

**सोनभद्र।** जिले मे घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को अब एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके लिए जनपद में वन स्टॉप सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण के लिए धनराशि जारी कर दी गयी है। इस सेंटर पर पीड़ित महिलाओं की एफआई आर दर्ज होने के साथ ही मेडिकल की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी । प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म व घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए जिले में वन स्टॉप सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 48 लाख की धनराशि सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। इसके क्रम में पहली किश्त के रूप में 24,34,686 की धनराशि जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर निर्माण के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी के पीछे वाली जगह चयनित कर ली गई है। शीघ्र ही कार्यदायी संस्था प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा इस पर काम शुरू करा दिया जाएगा। निर्माण का कार्य पूरा हो जाने के बाद पीड़ित महिलाओं की प्राथमिकी इसी सेंटर पर दर्ज होगी और मेडिकल की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार जिले में वन स्टॉप सेंटर शुरू हो जाने के बाद पीड़ित महिलाओं को किसी भी थाने में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और न ही मेडिकल के लिए उन्हें अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ेगा। इस सेंटर का निर्माण होने के बाद महिलाओं को काफी सहूलियत मिलेगी और इसमें पूरा स्टाफमहिलाओं का ही रखा जाएगा, जिससे महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े ।

**वन स्टॉप सेंटर में 12 से 15 लोगों का होगा स्टाफ**

प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में बनाए जा रहे वन स्टॉप सेंटर में 12 से 15 स्टाफरखा जाएगा, इसमें सभी महिलाएं ही शामिल रहेंगी। इसमें सेंटर मैनेजर के अलावा साइको,सोशल काउंसलर, सोशल वर्कर, पैरामेडिकल नर्स, ऑपरेटर व हेल्पर शामिल रहेंगे। सेंटर में एफआईआर ,मेडिकल सुविधा के साथ महिलाओं के रुकने की भी सुविधा रहेगी।

### महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है

**वाराणसी।** एक ओर, जहां महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है, वहीं ज़ी टीवी अपने नए रियलिटी शो, ज़ी कॉमेडी शो के जरिए अपने दर्शकों का तनाव दूर करने का प्रयास कर रहा है। जहां इस शो ने देश के हर परिवार को भारत के टॉप कॉमेडियन्स के साथ हंसने, खिलखिलाने और अपनी परेशानी भूल जाने का मौका दिया, वहीं इस शनिवार के एपिसोड में पॉपुलर बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला स्पेशल गेस्ट के रूप में अपने दिलचस्प किस्सों और मस्त हाजिरजवाबी के साथ हमारा खूब मनोरंजन करेंगी!

### फोरलेन कर्मी से असलहा सटाकर नगदी व आभूषण लूटा

**मऊ ।** जिले के कोपागंज ग्राम सभा सहरोज के पास बुधवार की देर रात्रि काम से लौट रहे फोरलेन कर्मी से तीन बाइक पर सवार 6 लोगों ने कनपटी पर असलहा सटाकर नगदी सहित सोने की सिकड़ी और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित कर्मी ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस तहरीर पाते ही मामले की छानबीन में जुट गई है। कस्वा निवासी नागेश्वर यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव एनएच.29 पर हो रहे फोरलेन में टीएम ऑपरेटर के पद पर तैनात है। बुधवार की देर रात्रि करीब 9 बजे वह काम पर से अपने घर लौट रहा था। अभी वह सहरोज के पास पहुंचा था कि तीन बाइक पर सवार 6 लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। कनपटी पर असलहा सटाते हुए सात हजार रुपये सोने की सिकड़ी और एंड्रॉयड मोबाइल लेकर फरार हो गए। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने कहा कि मामला सज्ञान में नहीं है।

### सड़क पर खड़ी चार ट्रकों से एक लाख की तेल चोरी होने से हड़कम्प

**सकलडीहा, चंदौली।** डेढ़वाल चौकी से चंद दूरी पर उकनीबीरम राय और धरहरा गांव के समीप सड़क पर खड़ी चार ट्रकों से एक लाख से अधिक की डीजल चोरों ने चोरी कर लिया। सुबह होने पर पर ट्रक मालिकों में हड़कम्प मच गया। घटना को लेकर ट्रक संचालकों ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौकी पुलिस के रात्रि में गश्त करने के बजाय चौकी में सोई रहती है। जिसके कारण लगातार क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ने से क्षेत्र में दहशत है।

# समय से गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं हुआ कार्य तो ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टेडः डीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**● दर्ज होगी एफआईआर : कौशल राज शर्मा**

**जिलाधिकारी कौशल** राज शर्मा ने गुरुवार को कैम्प कार्यालय पर विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निर्धारित समय पर काम पूरा नहीं किया जायेगा उनके सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तथा सम्बंधित ठीकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए सरकारी धन के दुरुपयोग का चार्ज लगाकर एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद उप निदेशक मण्डी विनोद राय द्वारा कार्य की सुस्त रफ्तार पर फटकारा लगायी और 128 सड़कों की जांच के दौरान कहीं भी कार्य चलता नहीं पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया तथा गड्ढा मुक्त सड़क के कार्य में लापरवाही पर इस माह का वेतन भी अदेय कर दिया। प्रमुख सचिव को पत्र लिखने व कार्य करा रहे ठीकेदारों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंडी परिषद द्वारा चार करोड़ 96 लाख की लागत से मंडी आधुनिकीकरण का कार्य तथा करखियांव में चल रहे कार्य 30 अक्टूबर तक पूरा कराने का निर्देश दिया। सेतु निगम द्वारा कालिकाधाम, कोनिया घाट के कार्य 10 दिनों में पूरा कराने का निर्देश दिया। सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि इमलिया घाट का पुल नवम्बर 2021 तक पूरा हो जायेगा। बाबतपुर-कपसेठी मार्ग पर आरओबी की धीमी प्रगति पर नार्दर्न रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखने का निर्देश दिया। इसी प्रकार फुलवरिया मार्ग के दोनों आरओबी को समय से पूरा कराये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को पत्र लिखने को कहा। कज्जाकपुरा पुल के निर्माण में भूमि अधिग्रहण के अवशेष कार्य को 10 दिनों में पूरा कराने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी भवन खंड के अधिकारी ने बताया कि शिवपुर-लहरतारा- फुलवरिया मार्ग पर भवन तोड़ने का कार्य चल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने रोड निर्माण का कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा एसीएम प्रथम के साथ विभाग के जेई को मौके पर निरीक्षण कराने को कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढ़ा मुक्ति हेतु 140 रोड पर कार्य कराया जा रहा है जिसकी जांच के लिए एसीएम द्वितीय के साथ विभागीय अभियंता को जांच कराने का निर्देश दिया, यह कार्य 30सितम्बर तक पूरा किया जाना है। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि गड्ढा मुक्ति का काम समय पर पूरा नहीं हुआ तो जिम्मेदारी तय करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवास विकास की समीक्षा में सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि सर्किट हाउस पार्किंग का कार्य तीव्र गति से चल रहा है, इसे 15 अक्टूबर तक तैयार कराने का निर्देश दिया गया इसका उद्घाटन 15 अक्टूबर को होना है। इसके अलावा सिंधोरा पुलिस स्टेशन, पिंड्रा में फायर स्टेशन, नुआंव में पॉलिटेक्निक के चल रहे कार्यों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। अधिकारी ने बताया कि सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट का कार्य 10 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। एथलेटिक्स ट्रैक के कार्य को 30 अक्टूबर तक पूरा कराने का निर्देश दिया। भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के कार्य करा रहे ठीकेदार के खाते पर रोक लगाने और उसके खिलाफ आज ही एफआईआर दर्ज कराकर शाम तक उसकी प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया। आरएसओ को पर्यवेक्षण में लापरवाही पर चार्जशीट जारी करने का निर्देश दिया।

### अपराध को रोकना प्राथमिकता : भैया सिंह

**बीजपुर/सोनभद्र।** बीजपुर थाना की कमान संभालते ही नवागत प्रभारी निरीक्षक भैया शिव प्रसाद सिंह ने गुरुवार की सायं स्थानीय पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि अपराध पर नियंत्रण करना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन में थानाक्षेत्र के अपराधियों को चिन्हित करके उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। वे चाहे कितनी ही पहुँच वाले क्यों न हो।

# हिण्डाल्को में डीग्रीसिंग लाइन व आटोमेटिक सर्कल ब्लैंकिंग लाइन प्लांट का शुभारंभ

**संवाददाता।** सोनभद्र



**आदित्य बिड़ला** समूह की श्रेष्ठ अल्युमिनियम उत्पादक कम्पनी हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के प्लांट-2 परिसर स्थित फैब्रिकेशन प्लांट में अत्याधुनिक डीग्रीसिंग लाइन तथा आटोमेटिक सर्किल ब्रेकिंग लाइन प्लांट का शुभारंभ हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर के चीफआपरेटिंग अफसर एन. नागेश ने मार्केटिंग के वरिष्ठ अध्यक्ष निलेश कौल के साथ फीता काटकर किया। केक काटकर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर श्री नागेश ने बताया कि उक्त प्लांट के प्रारम्भ हो जाने से विश्व स्तरीय हाई वैल्यू एडेड प्रोटक्ट्स की श्रृंखला में एक नया आयाम जोड़ते हुए हिण्डाल्को की क्षमता में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि उक्त प्लांट के लगने से अब हिण्डाल्को दूसरे देशों को इन हाई वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स का निर्यात करके भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपने सक्रिय योगदान को और बढ़ाते हुए देश के लिए मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित करेगी।इस अवसर पर फैब्रिकेशन प्लांट के हेड बी.जे. अलेक्जेन्डर ने बताया कि उक्त प्लांट से हिण्डाल्को रेणुकूट 8000 टन प्रति वर्ष हाई वैल्यू एडेड अल्युमिनियम सर्किल का उत्पादन करेगा जिसकी कूकर व नान स्टिक बर्तनों के उत्पादकों में बहुत मांग है। साथ ही उन्होंने कहा कि डीग्रीसिंग लाईन के द्वारा 30000 टन प्रति वर्ष हाई क्वालिटी क्लीन सर्फेस अल्युमिनियम का उत्पादन होगा जिसका उपयोग कई प्रीमियम प्रोडक्ट्स के उत्पादन में होता है। कार्यक्रम के दौरान क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह, रिडक्शन प्लांट हेड जगन्नाथ नायक,अल्युमिना प्लांड हेड शब्देन्दु मोहन,सर्किल मार्केटिंग हेड सौरभ मनोहर, प्रोजेक्ट हेड विनोद ठाकुर, अकाउन्ट्स हेड उज्जवल केश, फैब्रिकेशन प्लांट के सुनील सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, राजीव मेहता,बालाजी श्रीनिवासन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीसी ए. सतीश गणेश ने पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पुलिस** कमिश्नर ए सतीश गणेश ने गुरुवार को पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन महिला और पुरुष बैरक का गहनता से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने निर्माणकार्यों की समीक्षा भी की गयी और संबंधितों से निर्माण को तय समय सीमा में पूरा करवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय आदित्य लांग्हें, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन अवधेश कुमार पांडेय तथा आर आई लाइन मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर , सतीश गणेश ने कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारीयों को जरुरी निर्देश भी दिए गए। साथ ही जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने के लिए निर्देश भी दिए। इस दौरान पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अस्पताल में हो रहे महिला रिक्रूट आरक्षियों के वैक्सीनेशन कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान वहाँ मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

### जनता के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण

**वाराणसी।** त्योहारी मौसम से पहले टेक्नो अपनी ए-सिरीज़ और विज़न सिरीज़ के तहत अनेक फोन लांच करते हुए अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहा है। ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा, ''जनता की डिजिटल जरूरतों को पूरा करने और दुनिया के इस नए चलन में उन्हें अगली-पीढ़ी की टेक्नोलॉजी मुहैया कराने के लिए आईटेल ए 26 इस श्रेणी में एक नई मिसाल बन कर आया है।

# सीएमएस ने उत्कृष्ट चिकित्सकीय कार्य को लेकर किया सम्मानित



**संवाददाता।** मऊ

**मुख्य चिकित्सा** अधीक्षक डॉ. बृज कुमार ने चिकित्सा सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को लेकर जिला अस्पताल में तैनात पांच चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्याए वरिष्ठ सर्जन डॉण् बीबी सिंहए नेत्र सर्जन डॉण् एमके पाण्डेयए चेस्ट फिजिशियन डॉण् जीएल केशरवानीए हेल्थ डेस्क प्रबंधक राम प्रवेश यादव शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बृज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021.22 के दौरान जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों के सराहनीय चिकित्सकीय सेवा को लेकर सम्मानित किया गया है। जिला अस्पताल के पांच वरिष्ठ चिकित्सकों को उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवा के लिए सम्मानित होने पर जिले में खुशी की लहर दौड़ गया। इस दौरान सीएमएस डॉण् बृज कुमार ने कहा कि कोरोना काल से लेकर अब तक जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने चिकित्सा सेवा क्षेत्र में अपना काफी सराहनीय योगदान दिया है। चिकित्सकों के सराहनीय योगदान के कारण ही काफी संख्या में दूर.दराज के मरीज एवं तीमारदार उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल आते हैं। उन्होंने जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों को लगन एवं निष्ठा के साथ दायित्वों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।

### शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चंदौली।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध तरीके से बिक्री पर प्रभारी अंकुश लगाए जाने हेतु व अपराध में संलिप्त अभियुक्त गढ़ की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चंदौली अमित कुमार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर चंदौली के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अलीनगर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में अलीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया । पकड़े गए व्यक्ति लक्ष्मण बिंद व गुड्डू बिंद जनपद चंदौली निवासी बताए जाते हैं । जिनके पास से पुलिस ने 49 शीशी शराब बरामद किया बरामद शराब को उक्त व्यक्ति अवैध रूप से झोलो में रखकर घूम घूम हाईवे स्थित ढाबों के ग्राहकों व वाहन चालक सहित ट्रक ड्राइवरों को ऊँचे दामों में बेचते थे।पूछताछ में अभियुक्त गण ने बताया कि हम लोग का घर हाईवे के किनारे स्थित है हम लोग रोज शराब की दुकानों से उचित दाम पर शराब खरीद कर रख लेते हैं रात होने पर शराब की दुकानें बंद हो जाने के बाद हम लोग हाईवे पर स्थित ढाबे व होटल सहित ड्राइवरों को ऊंचे दामों पर शराब बेचते थे।

### राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन का होगा आयोजन

**वाराणसी।** विज्ञान भारती के द्वारा विज्ञान प्रसार और एनसीईआरटी के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन कक्षा 6-11 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी।परीक्षा हेतु ऑन लाइन पंजीकरण 7 अगस्त से शुरू हो गया है जो 31 अक्टूबर 2021 तक चलता रहेगा, पंजीकरण का शुल्क मात्र एक सौ रूपये रखा गया है। यह परीक्षा तीन चरणों में करायी जाएगी। पहले चरण में ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 30 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2021 को होगी।जिसमें से विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार किसी एक दिन का चयन कर सकते हैं। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से होगी जिसमें विद्यार्थी इंटरनेट से जुड़े डेस्कटॉप, लैपटॉप, टेबलेट, ऐंड्रॉएड स्मार्टफोन का प्रयोग कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।यह परीक्षा हिन्दी और अंग्रेजी समेत कुल 12 भाषाओं में आयोजित होगी।

### अपर महाप्रबंधक की डीआरएम सहित मंडल के उच्चाधिकारियों के साथ हुई बैठक

**मुगलसराय,चंदौली।** गुरुवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल-डीडीयू के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर से आये पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार द्वारा मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय सहित मंडल के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में डीडीयू मंडल क्षेत्र से संबंधित फ्रेट कॉरिडोर के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में अपर महाप्रबंधक डीडीयू मंडल क्षेत्र के अंतर्गत बन रहे कॉरिडोर तथा विभिन्न स्थानों पर कनेक्टिविटी बनाने हेतु डीडीयू मंडल में किए जा रहे कार्यों व प्रगति तथा आगे की कार्य योजना से अवगत हुए। इसके अलावा अपर महाप्रबंधक द्वारा डीडीयू मंडल से संबंधित अन्य विभिन्न कार्यों पर भी चर्चा की गई।

शुभम्

**शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पो. कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा),
फोन : 0124-4212530/31/32, ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

**अचल सम्पत्ति(यों) की बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

नियम 8(6) के परंतुक तथा परिशिष्ट 4-क के अनुसार अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे कम्पनी कही गई है) का एक प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदारों, जिनके नाम नीचे कालम (सी) में दर्शाए गए हैं, को नीचे कालम (डी) में उनके नाम के सामने दर्शाई गई तिथियों को मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें उनसे कालम (ई) में दर्शाई गई उनकी तरफ बकाया राशियों का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदारों तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त बकाया राशि की वसूली के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 9 के तहत उसको प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कम्पनी के पास बंधक रखी गई सम्पत्ति, जिसका वर्णन कालम (एफ) में दिया गया है, का कब्जा नीचे कालम (एच) मे वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को कालम (एफ) में वर्णित सम्पत्ति के संबंध मे संव्यवहार नहीं करने हेतु सतर्क किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की कालम (जी) में वर्णित बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

अब, कर्जदार तथा जन साधारण को एतद्द्वारा यह सूचना भी दी जाती है कि उक्त सम्पत्तियां प्रत्येक सम्पत्ति के सामने कालम (क) में विनिर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर नीचे वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत तथा प्रक्रिया के अनुसार मोहरबंद लिफाफों में बोलियां आमंत्रित करने के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएंगी।

| क्र. सं. ए | आवेदन सं. बी | कर्जदारों का नाम एवं पता सी | धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि डी | मांग सूचना राशि ई | कब्जे में ली गई सम्पत्ति एफ | 22-09-2021 तक बकाया राशि जी | कब्जा की तिथि एच | वर्तमान आरपी (रू.) आई | ईएमडी (रू.) (आरपी की 10 प्रतिशत) जे | नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान के |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | VRN_1406 _023064 | घूरे लाल शर्मा, खुशबू शर्मा, कठौरी, लौन्डा, लौडा, सकलडीह, चंदौली, उत्तर प्रदेश -232104 | 05-11-2018 | रू. 3,76,007/- | अराजी नंबर 63, मौजा : अलीनगर, परगना-धूस, तहसील एवं जिला - चंदौली, उत्तर प्रदेश-232101 | रू. 4,32,658/- | 31-05-2019 (भौतिक) | रू. 16,28,700/- | रू. 1,62,870/- | 26-10-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 2 | LKW_1506 _040296 | शीला तिवारी, अभिताष तिवारी, एल-2/10, अलीगंज, सेक्टर-बी, निकट एलआईसी कालोनी, लखनऊ-226020 | 19-08-2016 | रू. 14,69,701/- | खसरा नंबर 478 एवं 481 (मिनजुमला) स्थित भूमि पर प्लॉट नंबर 75 का भाग, गौर भीथ, वार्ड फैजुल्लागंज, लखनऊ-226021 | रू. 27,31,679/- | 31-03-2021 (भौतिक) | रू. 12,88,000/- | रू. 1,28,800/- | 26-10-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक कार्यालय सं. 108, प्रथम तल, वैशाली आर्केड, 6 पार्क रोड, लखनऊ-226001 |
| 3. | 0SRT1609 000005001928 | संतोष दीपचंद राजभर, नीरपति संतोष राजभर, लावर्छी बरहाज बरथाज देवरिया, उत्तर प्रदेश-274601 | 22-05-2021 | रू. 3,71,305/- | फ्लैट नंबर 407, चतुर्थ तल, रूद्राणी कॉम्प्लेक्स, निकट वारेली, ग्राम पंचायत, वारेली, सूरत, गुजरात-395001 | रू. 3,95,669/- | 17-06-2021 (भौतिक) | रू. 3,56,000/- | रू. 35,600/- | 26-10-2021 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक द्वितीय तल, श्री कुबेरजी कॉम्प्लेक्स, अथूगर स्ट्रीट, निकट पोस्ट ऑफिस चार रास्ता, नानपुरा, सूरत-395001 |

नोट : कम्पनी की जानकारी के अनुसार, उपरोक्त सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। नीलामी बिक्री सूचना के नियम एवं शर्तें।

सार्वजनिक नीलामी के नियम एवं शर्तें :- बोलियां आमंत्रित करने द्वारा सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया तथा नियम एवं शर्तें :

1. सम्पत्तियों का निरीक्षण 18-10-2021 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक किया जा सकता है।
2. बिक्री सरफासी ऐक्ट/रूल्स, 2002 में निर्धारित शर्तों तथा यहां नीचे दिए गए नियम एवं शर्तों और प्रत्याशी/प्रतिभागी बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफर/बोली दस्तावेजों में दी गई शर्तों के तहत की जाएगी।
3. बोलियां सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में धरोहर राशि जमा हेतु शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में, स्थानीय देय, डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ जमा की जाएंगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। प्रत्याशी बोलीदाता को अपनी बोली के साथ अपनी पहचान का प्रमाण/केवाईसी प्रतिमान तथा निवास का प्रमाण जैसेकि पासपोर्ट, आधार कार्ड, निर्वाचन आयोग कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स इत्यादि तथा आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
4. सम्पत्तियों के लिए धरोहर राशि जमा के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि 25-10-2021 को अथवा पूर्व पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक है।
5. सम्पत्ति किसी भी स्थिति में प्रत्येक सम्पत्ति के सामने दर्शित सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
6. बिक्री की तिथि को, उपरोक्तानुसार प्राप्त सभी बोलियां खोली जाएंगी तथा कम्पनी द्वारा उच्चतम बोलीदाता की बोली स्वीकार की जा सकती है, परंतु शर्त यह है कि यह सुरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। तथापि, नीलामी स्थल पर व्यक्तिगत रूप से मौजूद बोलीदाताओं को अपनी बोली कम से कम रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) और आगे बढ़ाने का अधिकार होगा और कम्पनी को ऑफर की गई उच्चतम बोली स्वीकार करने का अधिकार होगा। तदुपरांत, क्रेता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत (पच्चीस प्रतिशत) राशि, धरोहर राशि जमा समायोजित करते हुए, बोली छूटते ही, उसी समय अधोहस्ताक्षरी के पास जमा करनी होगी। कम्पनी उक्त राशि प्राप्त होने पर बोली स्वीकार किए जाने की पुष्टि करेगी। समय आगे बढ़ाए जाने का अनुरोध प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उनके विवेकानुसार उपयुक्त विचारित नियम एवं शर्तों के तहत मंजूर किया जा सकता है। यदि उच्चतम बोलीदाता बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि, बोली छूटते ही तत्काल जमा करने में असफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति द्वितीय उच्चतम बोलीदाता को बेची जाने हेतु प्रस्तावित की जाएगी। क्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान क्रेता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उक्त सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि के पंद्रहवे दिन या पहले अथवा पार्टियों द्वारा लिखित रूप से सहमत आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर किया जाएगा। उपरोक्तानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में कम्पनी क्रेता द्वारा जमा की गई धरोहर राशि तथा/अथवा अन्य किसी राशि को जब्त करने तथा सम्पत्ति की दोबारा नीलामी करने के लिए स्वतंत्र होगी। सम्पत्ति की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि अथवा अंश पर चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
7. क्रेता द्वारा सभी भुगतान शुभम् हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा किए जाएंगे।
8. बिक्री मूल्य की पूरी राशि प्राप्त होने पर, कम्पनी द्वारा क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तथा क्रेता को सम्पत्ति का कब्जा प्रदान किया जाएगा।
9. अनुसूची में वर्णित उक्त अचल सम्पत्ति, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि किए जाने की तिथि से आग या चोरी या अन्य दुर्घटनाओं से होने वाली हानि या क्षति या अन्य जोखिम के संबंध में एकमात्र रूप से क्रेता के जोखिम पर होगी। क्रेता को किसी भी आधार पर बिक्री रद्द करने का अधिकार नहीं होगा।
10. असफल बोलीदाताओं द्वारा धरोहर राशि हेतु जमा किया गया डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर लौटा दिया जाएगा।
11. इन सम्पत्तियों की बिक्री सभी प्रयोजनों हेतु पूर्णतया "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है कोई वापसी नहीं आधार" की जाएगी। कम्पनी को उपरोक्त सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार के किसी ऋणभार की जानकारी नहीं है।
12. ऊपर संदर्भित सम्पत्ति के संबंध में स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क, अंतरण शुल्क तथा अन्य कोई शुल्क संबंधी सभी खर्चे क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
13. प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी ऑफर्स/बोलियों को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं हैं तथा कम्पनी का, बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. स्वयं बोलीदाताओं अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त बिक्री कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
15. यदि सभी बकाया राशियां कम्पनी द्वारा वहन की गई सभी लागत प्रभारों तथा खर्चों सहित उपरोक्त नामक कर्जदार द्वारा, अधिनियम की धारा 13(8) के तहत बिक्री हेतु नियत तिथि से पहले सौंप दी जाती हैं अथवा चुकता कर दी जाती हैं, तब सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जाएगी तथा प्रत्याशी बोलीदाताओं से प्राप्त की गई सभी बोलियां उनको, कम्पनी की किसी जिम्मेदारी/उसके विरूद्ध किसी दावे के बगैर, वापस कर दी जाएंगी।
16. यह सूचना, ग्राहक को कालम "सी" एवं "एफ" में वर्णित उनके संबंधित पते पर उपरोक्त कर्जदारों को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा परिशिष्ट 4क के तहत नोटिस भी है।
17. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.shubham.co. देखें।
18. अतिरिक्त जानकारी, स्पष्टता या किसी सहायता के लिए श्री क्र. सं. 1 जय प्रकाश तिवारी (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 7048951934 पर क्र. सं. 2 प्रभात सिंह (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 6394267268 पर और क्र. सं. 3 शैलेश आर. सिंह (प्राधिकृत अधिकारी) से मोबाइल नंबर - 9879240362, 7827942255 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 23-09-2021

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डवलपमेंट फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# राजावत हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज न होने पर डीएम ने दी चेतावनी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आयुष्मान दिवस पर विभिन्न लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये। इन लाभार्थियों में विशाल कुमार, बबली देवी, कमलेश, सोनू गौतम, संध्या, पुष्पा देवी, पुष्पेन्द्र, पूजा देवी, खुशबू, सीमा इत्यादि प्रमुख थे, इसके अलावा आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज के सम्बन्ध में मदद पहुंचाने के लिए कुछ लोगों को प्रशस्ति पत्र भी जिलाधिकारी द्वारा वितरित किये गये, इनमें डा0 अनूप सचान, गौरी हास्पिटल के डा0 संजय त्रिपाठी, आष्युमान मित्र रेशमा देवी प्रमुख रहीं। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह बात प्रमुखता नही रखती है कि जनपद में कितने गोल्डन कार्ड बनाये है अपितु महत्व इस बात का है कि इस गोल्डन कार्ड से कितने लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है या उनका इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी इस बात पर अत्यन्त नाराज दिखे कि राजावत हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नही किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि अगर इस हॉस्पिटल ने पुनः ऐसी गलती की तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी, इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी इस काम में लगे है उनके पैसों का भुगतान शीघ्र हो, जिससे इस काम में गति आ सके और कोई व्यवधान न आये। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एके सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हम जिलाधिकारी महोदय के आदेशों का पूर्णतयः पालन करेंगे और इस सम्बन्ध में सरकार की मन्शा के अनुसार ही काम करेंगे, जिससे वंचितों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। जबकि मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता तभी सुनिश्चित हो सकती है जब हम इसका सही तरह से मानीटरिंग करें, प्रचार प्रसार करे। जैसा कि विदित है कि जनपद कानपुर देहात में कुल आयुष्मान लाभार्थी परिवारों की संख्या 152113 है जिसमें कुल 7682 लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। इस मौके पर अधिकारीगण, कर्मचारी, लाभार्थीगण आदि उपस्थित रहे।



डीएम ने आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को वितरित किये कार्ड पायनियर

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार

**फतेहपुर।** जीटी रोड स्थित एक लाज में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो0 अलीक खां उर्फ कल्लू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। घोषित कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर कमरुल हुदा, लाल मोहम्मद राजशाह, मो0 शमीम, मंसूर पठान, शाहिद खान, मो0 रोमान तो वही महामंत्री पद पर इमरान बेग, मोबिना वारसी, मंत्री पद पर नदीम कुरैशी, वसीम खान, सलमान उल्ला, मो0 शकील, गुरमीत सिंह, रचना हुसैन, कोषाध्यक्ष पद पर नदीम खान, कार्यालय प्रमुख पद पर मो0 दानिश, मीडिया प्रभारी इमरान सिद्दीकी, सोशल मीडिया प्रभारी मो0 कामरान, कार्यसमिति सदस्य पद पर सैयद आफ्ताब अहमद, खुशनूर बानो, नौशाद अलीं वारिस, कमर आलम, नफीस अहमद, मो0 आसिफ अनीश खान, शीबू, सादिक, इरशाद, याकूब अली, बदरूल हक को जिम्मेदारी दी गयी है।

# नवभारत मेला: तीसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिता के साथ हुआ भव्य समापन

● दौड़ में खुशबू तो डिस्कस थ्रो में राशि पांडेय ने मारी बाजी

संवाददाता। फतेहपुर

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव कार्यक्रम पखवारा के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय नवभारत मेला का आज खेलकूद प्रतियोगिता के उपरांत समापन हुआ। युवा मोर्चा द्वारा विगत 03 दिनों से सरकारी योजनाओं के स्टॉलों के साथ-साथ विभिन्न रंगमंच कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। उन प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में विजई एवं प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। आज तीसरे दिन प्रातः काल से गोला फेंक चक्का फेंक एवं 100 मीटर रेस के उपरांत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। अपना दमखम दिखाते हुए 100 मीटर रेस में बहन खुशबू यादव प्रथम, भाव्या द्वितीय एवं लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रही। वही बालक वर्ग में जूनियर आदित्य प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय एवं आदित्य कुमार तीसरे पायदान में रहे। साथ ही गोला फेक बालक वर्ग आदर्श कुमार प्रथम, आदित्यास सिंह द्वितीय, पीयूष सिंह तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग गोला फेंक वर्षा प्रथम स्थान, आस्था तिवारी द्वितीय स्थान एवं ॠषिका तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में अमितांशु पाल प्रथम, रचित कुमार द्वितीय एवं नितिन दिवाकर तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग डिस्कस थ्रो में रितिका बाजपेई प्रथम, भाव्या दीक्षित द्वितीय एवं प्रतिज्ञा तीसरे पायदान में रहीं।

अंत में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम बालक वर्ग वैभव सिंह, सार्थक सिंह, आदित्य भदोरिया, संजय विश्वकर्मा, दिव्यांशु, शिवम, राजन, युवराज, यश, चित्रांश, प्रांजुल एवं ओमजी रहे। वहीं बालिका वर्ग में आरती सिंह, लक्ष्मी सिंह, स्वाति मौर्य, रितिका बाजपेई, सृष्टि पाल, श्रेयांशी मिश्रा, रोशनी, ज्योति देवी, प्रियंका पाल, ऐश्वर्या, अभिलाषा तिवारी विजई टीम रही। इसके अलावा हॉकी स्टिक से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चक दे इंडिया सॉन्ग पर हॉकी खिलाड़ी शिवम वर्मा ने सभी का मन मोह लिया उन्हें भी सम्मानित किया गया। सभी विजई प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए ठाकुर युवराज सिंह के कोऑर्डिनेटर्स अमित श्रीवास्तव एवं लॉ कॉलेज के प्रधानाचार्य रहे।

# केन्द्रीय मंत्री के बयान पर आक्रोशित पत्रकारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



डीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद डीएम आफिस के बाहर विरोध व्यक्त करते जनपद के पत्रकार

**कानपुर देहात।** केन्द्र सरकार के एक जिम्मेदार कैबिनेट मंत्री द्वारा मीडियाकर्मियों के खिलाफ अपशब्दों के प्रयोग पर आक्रोशित पत्रकारों ने डीएम जेपी सिंह को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने केन्द्रीय मंत्री की भाषा की कठोर शब्दों में निन्दा की है। गुरूवार को 2 दर्जन से अधिक पत्रकारों के समूह ने वरिष्ठ इलेक्ट्रानिक्स कर्मी रमाकान्त गुप्ता के नेतृत्व में डीएम जेपी सिंह को केन्द्र सरकार के कैबिनेट मंत्री द्वारा मीडिया कर्मियों के लिये फोकट क्लास शब्द का प्रयोग करने पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से संतोष गुप्ता, अवनीश अवस्थी, आलोक चतुर्वेदी, अशोक सिंह चौहान, अभिषेक पाण्डेय, आलोक चतुर्वेदी, मो0 मशरूफ नवाज, कुलदीप गौड, विपिन कोली, सुनील कुशवाहा, विवेक त्रिवेदी, अजय तिवारी, अनुज पाण्डेय, गौरव शुक्ला सहित भारी संख्या में जनपद के पत्रकार मौजूद रहे।

# सीओ और व्यापरियों की बैठक में छाया रहा अतिक्रमण का मुद्दा

● सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर की गई चर्चा

संवाददाता। पुखरायां,कानपुर देहात

**स्थानीय** पुलिस चौकी में गुरूवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात कुमार की अगुवाई में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर की सुरक्षा व्यवस्था एवं अतिक्रमण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात कुमार ने नगर पालिका की ओर लगाए जाने वाले सीसी टीवी कैमरों के स्थान चयन के लिए सुझाव मांगे। वहीं उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह अपने अपने प्रतिष्ठानों में बाहर की तरफ सीसी टीवी कैमरे व्यवस्थित कराएं। जिससे किसी अपराधियों को खोजने में मदद मिलेगी। व्यापारियों जागरूक करते हुए सुझाव दिए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति एवं परिस्थिति बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें। अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने के लिए व्यापारियों से सहयोग करने की बात कही। अपील करते हुए कहा कि वह अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करें। जिससे यातायात तो प्रभावित होता ही है। वहीं दुकानों के बाहर कपड़े आदि टांगने से कैमरों के विजन में अवरोध पैदा हो जाता है। जिसके चलते घटना की रिकॉर्डिंग भी नहीं हो पाती है। ऐसे में अपराध करने वालो की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। फुटपाथ का अतिक्रमण बहुत घातक है। ठेले और सब्जी वाले फुटपाथ अतिक्रमण करते हैं। चेतावनी के बाद भी नहीं मानें तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नवनियुक्त चौकी इंचार्ज विकल्प चतुर्वेदी जी ने बताया कि दुकानदारों , ठेले वालों और फुटपाथ में सब्जी बेंचने वालों से अतिक्रमण हटाने की अपील की है। कुछ लोग अभी भी अतिक्रमण कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अनुभव अग्रवाल ने सुझाव देते हुए बताया कि ठेला एवं रेहड़ी वालो के लिए कोई जगह आरक्षित न होने की वजह से वो सड़क पर ठेला लगाते हैं। नगर अध्यक्ष अमित मिश्रा नगर महामंत्री ध्रुव ओमर, विवेक मिश्र, प्रदीप अग्रवाल, संजय गुप्ता, नदीम लाजवाब, शालू भाई, आशीष अग्रवाल, बबलू मित्तल, भागवत त्रिपाठी, वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता हरिकृष्ण ओमर, व अन्य नगर के व्यापारी उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में साईकिल रैली को किया रवाना

**कानपुर देहात।** 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के उच्च मुख्यालयों के निर्देशों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में साईकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके सन्दर्भ में साईकिल रैली लखनऊ के अन्तर्गत आने वाली वाहिनीयों के सीमा क्षेत्र से होते हुए, प्रभात इंजीनिरिंग कालेज, रनियां, कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश) में वुधवार को आगमन हुआ था। उक्त कार्यक्रम में आज राज्यमंत्री/विधायक अजीत पाल सिंह आदि अधिकारियो ने साईकिल रैली प्रभात इंजी इंजीनियर कॉलेज कानपुर देहात से हरी झण्डी दिखाकर अपने गंतव्य स्थान अर्थात राजघाट हेतु रवाना की गयी, इस दौरान आये हुए साईकिल रैली प्रतिभागियों का स्वागत किया गया।

## क्विक न्यूज

### किराया बढ़ोत्तरी पर दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पालिका प्रशासन द्वारा नगर स्थित दुकानों के किराए में बढ़ोतरी को लेकर दुकानदारों ने लामबंद होकर प्रदर्शन करते हुए रोष जताया। इस दौरान युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खान और पप्पी दुकानदारों के समर्थन में खुलकर सामने आए और उन्होंने पालिका द्वारा बेतहाशा बढ़ाए गए किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग की। पालिका प्रशासन द्वारा आवंटित दुकानदारों को बगैर बताए किराया दो गुना करके प्रति वर्ष 10 प्रतिशत का इजाफा करने की नोटिस मिलने पर नगर के फर्रुखाबाद रोड पर किराएदार कुतुबुद्दीन, वकील अहमद, मुन्नी बेगम, इतवारी लाल, असलम खान, मुन्नी बेगम, नफीस, आफ्ताब, अमित कुमार वर्मा, मोहित कुमार, राजेंद्र बाबू सहित कई दुकानदारों ने किराया वृद्धि के नोटिस का विरोध करते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद में 320 दुकानें हैं अनुबंध के मुताबिक 5 वर्ष के बाद 10 प्रतिशत किराए में बढ़ोतरी होना चाहिए। दुकानदारों की समस्या संज्ञान में आते ही युवा समाजसेवी आसिफ जमाल उर्फ पप्पी ने दुकानदारों के समर्थन में उतर कर कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन ने 439 के स्थान पर 878 किराया जमा करने का नोटिस जारी किया है। यह बढ़ोतरी मानक के विपरीत है। इसे तत्काल वापस लिया जाए। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह का कहना है कि शासनादेश के अनुसार दुकानों का किराया बढाया गया है। जो पहले बहुत कम था। वर्तमान समय में बाजार में कोई भी दुकान दो हजार से कम किराए पर नहीं मिल रही है। जबकि पालिका का किराया दो सौ से पांच सौ रूपये ही बसूल किया जा रहा था।

### पुलिस ने वांछित चल रहे दो गौकसों को दबोचा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर वांछित चल रहे दो गौकसों को दबोच लिया गया। गुरुवार को हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे कस्बा चौकी प्रभारी आरपी त्रिपाठी ने मुखबिर की सूचना पर भागने की फिराक में खड़े दो गौकसों को दबोच लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम वसीम पुत्र इकबाल व मोहम्मद कमर पुत्र मोहम्मद उमर निवासीगण ग्राम बिलंदपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों को पुलिस सुरक्षा में जनपद न्यायालय भेजा गया है।

### चार पहिया की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम आम्बापुर एनएच-2 में बुधवार की शाम तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से 55 वर्षीय साइकिल सवार की मौके में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुराव गांव निवासी स्व0 रामदुलारे का पुत्र श्यामलाल बुधवार की शाम लगभग 6 बजे साइकिल से किसी काम से जा रहा था जब वह आम्बापुर एनएच-2 में पहुंचा उसी समय पीछे से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दिया जिससे श्याम लाल की घटना स्थल पर ही श्यामलाल की मौत हो गयी। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का भाई राजबहादुर ने दी है।

### नरेंद्र यादव बने सपा शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव

**औरैया।** जिले के कद्दावर समाजवादी नेता नरेंद्र सिंह यादव को सपा मुखिया अखिलेश यादव की संस्तुति पर शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी मान सिंह यादव ने प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। रविवार को उनके मनोनीत होने की खबर जिले में आते ही सपा समर्थकों ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सदर विधान सभा के उम्मेद पुरवा गांव के निवासी नरेंद्र सिंह यादव औरैया और लखनऊ में कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानो का संचालन करते है। दशकों से वह समाजवादी पार्टी के लिए काम कर रहे है। रविवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की संस्तुति पर सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी मानसिंह यादव ने उन्हें प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया। सपा ने नरेंद्र यादव के प्रदेश सचिव बनने पर उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया और सपा हाईकमान को धन्यवाद दिया। प्रदेश सचिव बनाये जाने पर श्री यादव ने पत्रकारों को बताया कि सूबे की भाजपा सरकार से शिक्षक, चिकित्सक, किसान, जवान और मजदूर सभी तंग है। सरकार सभी को गुमराह कर रही है जिससे सभी लोग सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर आशा भारी निगाहों से देख रहे है। सपा को मिल रहा जनसमर्थन भाजपा के विदाई के संकेत हैं। विधानसभा के चुनाव में सभी लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत से सत्ता में पहुंचाएंगे। अखिलेश यादव ही यूपी का भविष्य सुधारेंगे। इस मौके पर सपा नेता किशोर यादव, अनिल यादव, पूर्व प्रधान सतेंद्र यादव, सत्यप्रकाश यादव, अनिल तिवारी, घनश्याम यादव, उपेंद्र शुक्ला, शिवम यादव समेत दर्जनों लोगों ने उन्हें नए पद पर मनोनीत होंने की बधाई दी।

### पुलिस ने चलाया ड्रोन से सर्च अभियान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में ड्रोन कैमरे के माध्यम से थाना कोतवाली नगर, हुसैनगंज, मलवां के पुलिस बल द्वारा कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत सनगांव में भ्रमण कर पुराने गो तस्करों के यहां दबिश दी गई एवं सुनसान स्थानों व जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।

### कल होगा आजादी का अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन

**औरैया।** भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय एवं उद्योग विभाग के आपसी समन्वय से आजादी के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन एक दिवसीय वाणिज्यक उत्सव के रूप में 25 सितंबर को ब्लॉक सभागार औरैया में 11 बजे किया जा रहा है। जनपद के सभी संबंधित उद्यमी, व्यापारी, उत्कर्ष इकाइयों के प्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारी वाणिज्य उत्सव कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, अम्बेडकरनगर में साइकिल/वाहन स्टैण्ड के ठेके की कार्यवाही (ठेके की बोली) 01 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक के लिए दिनांक 29.09.2021 की सांय 04.00 बजे जिला खेल कार्यालय अम्बेडकरनगर में होगी। इच्छुक ठेकेदार कार्यालय दिवस में कार्यालय से निःशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते है तथा ठेके के नियम/शर्तो का अवलोकन कर सकते है।

**क्रीडाधिकारी, अम्बेडकरनगर**

## कोविड-19 के प्रोटोकाल का किया जाये पालनः जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बन्द स्थानों एवं खुले स्थानों पर एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों को कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुसार अनुमति होगी। कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी। आयोजन/समारोह स्थलों पर आमंत्रित अतिथियों के बैठने की व्यवस्था में दो गज की दूरी के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया जाएगा। आयोजन/समारोह स्थलों पर शौचालयों पर साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन की समुचित व्यवस्था रखी जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, रायबरेली**

पत्रांक : 472/डूडा/निविदा/2021–22 दिनांक : 22.09.2021

**निविदा सूचना**

अवगत कराना है कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा रायबरेली के आदेश के क्रम में कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 471/4/डूडा/निविदा/2020–21 दिनांक 22.09.2021 के द्वारा आमंत्रित है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वित्तीय 2021–22 में नगर पालिका परिषद रायबरेली में 02 निर्माण कार्यों की ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इन्हें निम्नलिखित विवरण के अधीन ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन वेब साइट पर तिथि/समय | 23.09.2021 | 12 बजे |
| 2 | निविदा डाउन लोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 23.09.2021 | 12 बजे |
| 3 | निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि/समय | 29.09.2021 | 5 बजे |
| 4 | निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि/समय | 30.09.2021 | 12 बजे |

**नगर मजिस्ट्रेट/
परियोजना निदेशक
डूडा, रायबरेली**

# शिकायत पर सख्त हुए एसडीएम गोवंशों की टैगिंग कराई

● मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी ने महेश खेड़ा गौशाला में पशुओं की मौत और खाल व्यापार किए जाने की शिकायत की थी

संवाददाता। पाटन

**गोशाला** में बंद गोवंशियो को भूखे रखकर मौत देने और उनकी खाल का व्यापार किये जाने संम्बंधी शिकायत पर सख्त हुए एसडीएम ने बुधवार को गोशाला के सभी गौवंशियों की टैगिंग कराई। एसडीएम ने गोपनीय जांच कराने के बाद मंगलवार को देर शान औचक निरीक्षण भी किया था।

सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र की महेशखेड़ा गोशाला में गौवंशियों कई भूख से लगातार हो रही मौत और ग्राम प्रधान द्वारा उनकी खाल का व्यापार किये जाने संम्बंधी शिकायत रविवार को मुस्कान वेलफेयर सोसायटी ने फोटो व वीडियो उपलब्ध कराने के साथ एसडीएम से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अंकित शुक्ला ने गोपनीय जांच कराए जाने और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जांचोपरांत मिली रिपोर्ट के बाद एसडीएम ने मंगलवार को सुमेरपुर व बीघापुर बीडीओ को गोशालाओं के मामले में ग्राम विकास अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद देर शाम एसडीएम ने खुद ही महेशखेड़ा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। बिना टैगिंग के गोशाला में अधिकांश मवेशी मिलने के बाद एसडीएम ने तत्काल पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला के सभी गोवंशियो की टैगिंग करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम की सख्ती के बाद आज पंहुची चिकित्सकों की टीम ने सभी 68 गौवंशियों की टैगिंग की। एसडीएम अंकित शुक्ला ने बताया कि क्रॉस चेकिंग के साथ ही ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी को चेतावनी दी गयी है। उन्होंने व्यवस्था में सुधार होने की बात कही।

## सपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन होगी बहाल

**दिबियापुर/औरैया।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में बूथवार शिक्षकों की भूमिका कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सपा शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 कमलेश यादव रहे, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव श्रीप्रकाश जी, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे ,डॉ कमलेश ने अपने उदबोधन में कहा शिक्षक समाज की दिशा और दशा बदलने का काम करता है। मौजूदा सरकार ने शिक्षकों का सम्मान लाठी और डंडों से किया सपा सरकार बनते ही वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय की व्यवस्था लागू की जाएगी इससे पूर्व उनके कार्यालय पहुंचते ही सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र अम्बेडकर ने मुख्य अतिथि को अपनी टीम सहित 51 किलो की माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया वहीं प्रदेश सचिव गजेंद्र सिंह ने कहा कि बीजेपी के लोग छोटी जातियों को सम्मान देना नहीं जानते, इस बार शिक्षक वर्ग पूरी ताकत से सपा के साथ है कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह, पूर्व मंत्री मो0इरशाद, ब्लाक प्रमुख धीरेंद्र दोहरे प्रोफेसर इफ्तिखार हसन आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 428/EE–8/21–22 दिनांक : 23.09.2021

**अल्प कालीन निविदा–सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 30/09/2021 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 30/09/2021 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशासी अभियन्ता, जोन–8"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying & interconnection of 110 mm dia PVC pipe line 200 mtr Mohd. Kallu's House to Sri Pradeep Singh's House. Sangam Bihar, Kharika Ward. | 3100.00 | Rs. 150 | 07 दिवस | |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–8,
जलकल विभाग, लखनऊ**

# फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

संवाददाता। फतेहपुर

**डॉ. सत्यनारायण** सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में स्व. डॉ. सत्यनारायण भारती विद्यालय हायर सेकंडरी स्कूल अरबपुर में मेधावी छात्र/छात्रा व शिक्षक अलंकरण समारोह का आयोजन यूथ आइकॉन व समाजसेवी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सत्यनारायण व उनकी धर्मपत्नी स्व. सुंदरी देवी की प्रतिमा में माल्यार्पण मुख्य ट्रस्टी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव व कृष्ण किशोर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य ट्रस्टी द्वारा किया गया तत्पश्चात डॉ. श्रीवास्तव व अभिनव श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण किशोर श्रीवास्तव व मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण कर बैज अलंकरण किया गया। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ हेमंत त्रिपाठी व अध्यापक दिनेश कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार, जगरूप,उदय चंद्र पटेल, संतशरण सिंह व श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव को उनकी अभूतपूर्व सेवाओं हेतु बैज अलंकरण, माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद 2020-21 की हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा सूरज विश्वकर्मा प्रथम स्थान, प्रभांशु सिंह द्वितीय, कुमारी प्रिया देवी तृतीय साथ ही विद्यालय में प्रत्येक विषय मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा कुमारी पूजा (चित्रकला), कोमल (अंग्रेजी), सूरज विश्वकर्मा (गणित), जानसी (विज्ञान), प्रभांशु सिंह (सामाजिक विज्ञान) व प्रीती (हिंदी) को माल्यार्पण कर मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव द्वारा सभी बच्चों व उनके परिवार हेतु कोरोना महामारी के विरुद्ध रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होमियोपैथिक औषधि भी निःशुल्क वितरित की व सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ. हेमन्त त्रिपाठी ने डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह हेतु उनका व उनके सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर काव्यश्री साहित्य वाटिका के संस्थापक डॉ. कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव, नारी स्मिता फाउंडेशन की सचिव स्मिता सिंह, सर्व फार ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह, आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार श्रीवास्तव, आचार्य रामनारायण, इन्द्र नारायण श्रीवास्तव सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, शरद श्रीवास्तव, जीतू जोशी आदि उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# मण्डलायुक्त ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता।** अयोध्या



**एमपी अग्रवाल** में 50 लाख से अधिक के लागत के भवन व अन्य तथा सड़क निर्माण कार्यो कमिश्नरी सभागार में आहुत की गयी। मण्डलायुक्त ने बैठक में समीक्षा के दौरान समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन-जिन कार्यो में धनराशि अप्राप्त है उनमें डीएम के माध्यम से शासन को पत्र जारी कराते हुये उसकी एक प्रति मण्डलायुक्त कार्यालय को भी प्रस्तुत करें। जिन कार्यो में भूमि अधिग्रहण कोर्ट केस एवं अन्य समस्यायें आ रही है उनमें डीएम स्तर पर बैठक कराते हुये निस्तारित कराने का प्रयास करें तथा उसकी एक प्रति शासन एवं मण्डलायुक्त कार्यालय को भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

उन्होंने निर्माण सम्बंधित विभागों को निर्देश देते हुये कहा कि आगामी बैठकों में जिन.जिन निर्माण कार्यो में कोर्ट केस चल रहे है उसकी प्रतियां बैठक में भी अवश्य लायें। मण्डलायुक्त ने समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिये कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके एवं पूर्ण होने की स्थिति में है उनको शीघ्र पूर्ण करते हुये सम्बंधित को हैंडओवर कराया जाय।

मण्डलायुक्त ने 50 लाख से अधिक लागत के भवन एवं अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुये अयोध्या के अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला केन्द्र, डा. भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल डाभासेमर, थीम पार्क, सांस्कृतिक मंच आडिटोरियम, मवई आईटीआई भवन, ट्रांन्जिट हास्टल सहित मण्डल के अन्य जनपदों के निर्माण भवनों पर जायजा लेते हुये कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय तथा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण करते हुये कार्य प्रगति का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाय। अम्बेडकरनगर में निर्माणाधीन आईटीआई जहांगीरगंज की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर तत्काल निरीक्षण करने के निर्देश मुख्य अभियन्ता को देते हुये दो दिन के अंदर आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यो को विभाग द्वारा निर्धारित तिथियों में ही पूर्ण किया जाय तथा जो निर्माण कार्य माह सितम्बर एवं अक्टूबर में पूर्ण हो रहे है एवं शासन की प्राथमिकता पर है उनको शीघ्र पूर्ण करते हुये उसकी जानकारी पोर्टलए शासन एवं उच्च स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुये अवगत करायें।

मण्डलायुक्त ने सड़क निर्माण की समीक्षा करते हुये पाया कि अमेठी में कराये जा रहे कार्यो की प्रगति बहुत ही धीमी एवं असंतोषजनक है, जिस पर उन्होंने रोष व्यक्त करते हुये कार्यदायी विभागों एवं संस्थाओं को डीएम स्तर पर बैठक करते हुये आ रही समस्याओं का निस्तारण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान मा. मुख्यमंत्री द्वारा अभियान चलाकर सड़कों को गड्ढा मुक्त हो रही कार्यवाही का भी जायजा लेते हुये अधिक मैनपावर लगाते हुये शीघ्र मण्डल को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही लखनऊ अयोध्या हाईवे के पुलों पर काफी संख्या में गड्ढे होने की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही के लिए सम्बंधित विभाग को निर्देश दिये।

## डीएम ने जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक की

**अयोध्या।** डीएम अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहुत की गयी। डीएम ने बैठक के दौरान जिले में स्थापित समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, आरओ प्लांट, धुलाई सेंटर इत्यादि इकाईयों को वेब पोर्टल पर पंजीकरण एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही औद्योगिक एवं वाणिज्य आदि इकाईयों को भूजल दोहन का 50 प्रतिशत तक रिचार्ज तालाबों अथवा रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी कार एवं बाइक धुलाई सेंटरए समस्त आरओ प्लांट जो बिना भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की अनुमति लिये बिना अवैध रूप से भूजल का दोहन कर रहे है उन पर भूजल प्रबन्धन एवं विनियम 19 के उल्लंघन करने पर विधिक एवं नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये है।

# सांसद ने पर्यटन व संस्कृति मंत्री से की मुलाकात

**संवाददाता।** अयोध्या




**सांसद लल्लू सिंह** ने नई दिल्ली में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने भरतकुंड के विकास के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गये प्रस्ताव की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा भारत सरकार की प्रसाद स्कीम में 72ण्74 करोड़ का प्रस्ताव पर्यटन विभाग को भेजा गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या से लगभग 18 किमी दूर प्रयागराज मार्ग पर नंदीग्राम स्थित है। यही पर भरतकुंड है।

भरतकुंड त्याग व तपस्या की भूमि है। सनातन परम्परा में रमण करने वाले अभ्यासियों को यहां की मार्टी आकर्षित करती है। योगीराज भरत की तपस्थली पर भरत गुफा विराजमान है। भरतकुंड के दक्षिणी तट पर गया कुण्ड है। मान्यता है कि भगवान राम ने यहां पर गया तीर्थ का आवाहन किया था। अयोध्या क्षेत्र के लोग गया की यात्रा यहीं से प्रारम्भ करते है।

उन्होने बताया कि भरतकुड का विकास होने से पर्यटन की सम्भावनाओं को सम्बल मिलेगा। पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह स्थल आस्था का केन्द्र है। श्रद्धालुओं की भीड़ आने से रोजगार सृजन भी होगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार अयोध्या के विकास के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए यहां योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में विश्व स्तर की पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रयासरत है। संतो व श्रद्धालुओं की अपेक्षा के अनुरुप अयोध्या का विकास किया जा रहा है।

# अयोध्या की रामलीला में शबरी की भूमिका निभाएंगी मालिनी अवस्थी

**संवाददाता।** अयोध्या



मालिनी अवस्थी

**पद्मश्री पुरस्कार** से सम्मानित उत्तर प्रदेश की जानी मानी लोक गायिका मालिनी अवस्थी श्री राम नगरी में 6 अक्टूबर से होने वाली अयोध्या की रामलीला में मां सबरी की भूमिका में नजर आयेंगी। अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार अयोध्या की रामलीला में प्रभु श्री राम की महान भक्त माता सबरी की भूमिका मालिनी अवस्थी निभाएंगी।

उन्होंने बताया मालिनी अवस्थी जो जानी मानी लोक गायिका भी है और पद्मश्री से सम्मानित भी, वो अयोध्या की रामलीला के स्टेज पर माँ सबरी का चरित्र निभाकर मंच की भव्यता बढ़ाएंगी तथा कई अन्य बड़े कलाकार अपने एक्टिंग का हुनर अयोध्या की रामलीला के मंच पर निभाने जा रहे हैं।

अयोध्या की रामलीला का छह अक्टूबर से 15 अक्टूबर रात को 7 से 10 बजे तक दूरदर्शन द्वारा लाइव प्रसारण होगा। अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि यह रामलीला मेरी मां फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाती है।

## बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में निरंतर हों प्रयास

**प्रयागराज।** पूरी दुनिया में चार करोड़ से भी ज्यादा लोगों के साथ बेहद जाने माने गे सोशल नेटवर्किंग एप्प ब्लूड ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत बिलकुल मुफ्त में हाइजीन किट वितरण अभियान शुरू किया है। ये किट्स कानपुर शहर और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले कम आय वाले परिवारों को मुहैया कराये गये हैं। यह उन्हें कोविड 19 के खिलाफ देश की लड़ाई में मदद करेगा। चौदह सितंबर से शुरू हुए इस अभियान में अभी तक हर क्षेत्र में लगभग सौ किट बाँट जा चुके हैं। यह अभियान पांच अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान कानपुर क्वीर वेलफेयर के अनुज कुमार पाण्डेय और मोहम्मद अहसन अंसारी के साथ सहयोग में ब्लूड इंडिया द्वारा चलाया जा रहा है। पलाश बोरा सीएसआर मैनेजर का कहना है हमारा लगातार यही प्रयास होता है कि हम बड़े पैमाने पर समाज की भलाई का काम कर सकें। अपने सीएसआर प्रयासों के जरिये हमेशा एक बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहते हैं। भारत कोविड 19 की तीसरी लहर से लड़ रहा है।

# गांधी जयंती भावपूर्ण व गुणवत्तापूर्वक मनाई जाएः डीएम

**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने की तैयारी बैठक में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर जो भी कार्यक्रम आयोजित कराये जाये उसे भावपूर्ण के साथ गुणवत्ता पूर्वक मनाया जाय। उन्होंने बताया कि इस बार भी सभी आयोजनों में कोविड.19 प्रोटोकाल, गाइडलाइन का पालन करते हुये मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जायेगा। रूपरेखा के बारे में बताते हुये उन्होंने कहा कि प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी 5 किमी सद्भावना पैदल यात्रा का आयोजन करायेंगे। प्रातः 6 बजे से 7 बजे सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय परिसर की साफसफाई करायेंगे। प्रातः 7 बजे से 7:30 बजे तक नगर एवं विभिन्न कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरूषों व देश के स्वतंत्रता के लिए शहीदों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करायेंगे इसकी जिम्मेदारी नगर आयुक्त नगर निगम एवं सम्बंधित कार्याध्यक्ष को सौपी गयी है। तद्पश्चात शासन द्वारा निर्धारित समय पर सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। तद्पश्चात गांधी जी चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण के साथ गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डाला जायेगा। तद्पश्चात नगर निगम में प्रातः 9 बजे से 11:30 बजे तक अनुसूचित जाति की सभी मलिन बस्तियों एवं कुष्ठ आश्रम अयोध्या में सफाई कार्यक्रम आयोजित होगा। सफाई का निरीक्षण नामित अधिकारीगण कोविड.19 को दृष्टिगत रखते हुये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये करेंगे।



पूर्वान्ह 11:30 बजे नयाघाट व फटिक शिला व कुष्ठ आश्रम मोदहा खोजनपुर में स्थित कुष्ठाश्रम के रोगियों को फलध्वस्त्र वितरण का कार्यक्रम के साथ चरखों की 5 व्यक्तियों द्वारा कताई कार्यक्रम है। सायं 5:30 बजे जिला कारागार में बंदियों को मिष्ठान वितरण तथा जनपद के प्रत्येक गांव में सफाई अभियान किया जायेगाए जिसमें सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जायेगा। इस अवसर पर बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादवए एडीएम नगर डा. वैभव शर्मा, सीएमओ डा. अजय कुमार राजा, बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय सहित जनपद के सभी कार्याध्यक्ष उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### किसान मोर्चा के सम्मेलन में जाएंगे 500 किसान

**अयोध्या।** लखनऊ स्थित डिफेंस ग्राउन्ड शहीद पथ पर 26 तारीख को 12 बजे आयोजित किसान मोर्चा के सम्मेलन में अयोध्या महानगर से 500 किसान जायेंगे। पार्टी ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली है। सांसद लल्लू सिंह व महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा 26 तारीख को सुबह 9 बजे हरी झण्डी दिखकर उन्हें रवाना करेंगें। इसके लिए सैकड़ो वाहन महानगर से जायेंगे। भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा ने बताया कि किसान मोर्चा से जुड़े सम्मेलन में हर बूथ के समावेश का लक्ष्य रखा गया है। प्रयास यह किया जायेगा कि हर बूथ से कम से कम 3 से 4 किसान सम्मेलन में अपनी सहभागिता करें। इसके लिए सेक्टरवार बैठकें करके योजना रचना तैयार की गयी है। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौप दी गयी है। किसान मोर्चा के पदाधिकारी इसकी तैयारी को लेकर लगातार बैठकें कर रहे है। उन्होनें कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं किसानों के विकास के प्रति समर्पित है। जिसकी वजह से आम जनता में उत्साह है। किसान मोर्चा के सम्मेलन में महानगर अपने लक्ष्य से अधिक किसानों को ले जाने की तैयारी कर रहा है। किसानों से सम्पर्क करने में वरुण चौधरी दीपक पाण्डेय, प्रवीण दूबे, कपिल देव वर्मा, विजय दूबे लगातार बैठकें कर रहे है।

### डिजिटल को लेकर जागरूकता अभियान हुआ शुरू

**प्रयागराज।** अभियान में आम का उपयोग करते हुए आम लोगों को म्यूचुअल फंड्स के महत्व के बारे में संदेश दिया। उद्देश्य एक सरल आकर्षक तरीके से फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश से निवेशकों को होने वाले फायदों के बारे में बताना है। एल एंड टी म्यूचुअल फंड ने आज फ्लेक्सी कैप फंड श्रेणी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इन्वेस्टिंग निवेश के आम तरीके नामक डिजिटल अभियान शुरू करने की घोषणा की। फंड की कई विशेषताओं के बारे में भी अभियान में बताया गया। अभियान का उद्देश्य फ्लेक्सी कैप श्रेणी के बारे में सभी को सरल शिक्षित और जागरूकता पैदा करना है। जिससे निवेशकों को आसानी से बिंदुओं को जोड़ने में मदद मिलेगी। एलएंडटी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी कहते हैं कि हमारे डिजिटल अभियान का उद्देश्य निवेशकों तक पहुंचना और फ्लेक्सी कैप फंडों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। हमने देखा है कि निवेशकों की युवा बिरादरी अक्सर विभिन्न योजना उप श्रेणियों और अपने निवेश लक्ष्यों के बीच भ्रमित हो जाती है। आम निवेशकों को फ्लेक्सी कैप फंड की श्रेणी को समझने में मदद करने के लिए एक आकर्षक रूपक का उपयोग किया गया है।

### मौजूदा समय में मंडरा रहा महामारी का खतरा

**प्रयागराज।** एक ओर जहां महामारी का खतरा अब भी मंडरा रहा है। जीटीवी अपने नए रियलिटी शो ज़ी कॉमेडी शो के जरिए लोगों का तनाव दूर करने का प्रयास कर रहा है। इस शो ने देश के हर परिवार को भारत के टॉप कॉमेडियन्स के साथ हंसने खिलखिलाने और अपनी परेशानी भूल जाने का मौका दिया। शनिवार के एपिसोड में पॉपुलर बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला स्पेशल गेस्ट के रूप में अपने दिलचस्प किस्सों और मस्त हाजिर जवाबी के साथ हमारा खूब मनोरंजन करेंगी। जूही का जोशीला अंदाज़ और किलर डांस मूव्स दर्शकों का मन मोह लेंगे। सभी दस कॉमेडियन्स टीम हंसाएंगे बनकर सामने आएंगे और सबको लोटपोट कर देंगे। शूटिंग के दौरान सभी कॉमेडियन्स के मजेदार एक्ट्स और लाफिंग बुद्धा फराह खान की हाजिर जवाबी और कमेंट्स सभी को खूब गुदगुदाएगी।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के बरिष्ठ अधिवंक्ता अवधेश पाण्डेय की सदिग्ध परिस्थिति मे हुयी मृत्युका समाचार सुन टाण्डा. के अधिवक्ताओं मे काफी आक्रोश ब्याप्त है। अधिवक्ताओं. ने गुरूवार को न्यायिक कार्य से बिरत रह कर सघ अध्यक्ष जवाहिर लाल यादव व महामन्त्री शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय ने जिलाधिकारी को सम्बोधित तीन सुत्रीय ग्यापन एस0डी0एम0 टाण्डा अभिषेक पाठक को सौपा। ग्यापन मे बार एशोसिएशन टाण्डा नेमाग किया है किउक्त मामले मे सलिप्त दोषी ब्यक्तिय को अबिलम्ब खोज कर दण्डित किया जा, मृतक के परिवार को पचाश लाख रूपया मुआबजा दिया जाय एव जनपद के अधिवक्ताओं की सुरक्षा प्रदान करने की माग किया गया है।

### एक फिर बार जिले को मिला दूसरा स्थान

**अम्बेडकरनगर।** कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा जारी की गयी अगस्त की 75 जनपदों की रैंकिंग में अम्बेडकरनगर को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के शीर्ष प्राथमिकता कार्यक्रमों में 37 बिन्दुओं के 35 विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों में उपलब्धि के आधार पर यह रैंक निर्धारित की जाती है। जनपद को लागू 51 कार्यक्रमों में से 48 कार्यक्रमों में ए रैंक मिली हुई है। डीएम ने इसका श्रेय जनपद के सीडीओ घनश्याम मीणा एवं समस्त विभागीय अधिकारियों की टीम भावना एवं सम्यक प्रयास को दिया एवं आशा व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को सचेष्ट भी किया।

## क्राइम और कैश की राजनीति करती थीं सपा-बसपाः रत्नेश सिंह

**अम्बेडकरनगर।** भाजपा राष्ट्र वाद और विकास वाद की राजनीति करती है सपा ,वसपा और काग्रेस कास्ट ,क्राइम और कैश की राजनीति करती है। उक्त उदगार टाण्डा नगर के आर्शिवाद गेस्ट हाउस नेहरूनगर मे टाण्डा विधायक संजू देवी के नेतृत्व मेआहुत कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये राष्टीय परिषद सदस्य एंव बिहार प्रांत निवासी रत्नेशं सिह ने ब्यक्त किया। देश के मान और सम्मान कीरक्षा के लिये हमे भाजपा को चुनना होगा। भाजपा श्रम प्रकोष्ठ अवध प्रान्त के क्षेत्रीय संयोजक राम सूरत मौर्य ने कहा कि देश मे मोदी प्रदेश मे योगी और टाण्डा मे संजू देवी ने चतुर्दिक विकास के लिये प्रयास किया है। सम्मेलन को पिछडा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अनुराग जायसवाल और सचालन दिनेश श्रीवास्तव ने किया।

# जिलाधिकारी ने डेंगू व अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

● डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों में उदासीनता एवं लापरवाही कत्तई क्षम्य नहीं होगीः जिलाधिकारी



निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार खत्री।

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को डेंगू एवं संचारी रोगों के रोकथाम के लिए बनाये गये नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्रों के लिए वार्ड वाइज मलेरिया इंस्पेक्टरों तथा नगर निगम के अधिकारियों की जोन वाइज ड्यूटी लगायी गयी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खण्ड विकास अधिकारी के दिशा.निर्देशन में ग्राम सचिवों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। जिससे कि आम जनमानस को जागरूक करने के साथ साथ एण्टी लार्वा छिड़काव पैराथ्रम स्प्रे छिड़काव एवं साफसफाई कराने की जिम्मेदारी तय की गयी है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र वाइज कितने मरीज मिल रहे हैं तथा वहां पर छिड़काव आदि की स्थिति की जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी से लिया। मेडिकल कालेज के आसपास के क्षेत्रों में साफसफाई एवं छिड़काव पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उस क्षेत्र के मलेरिया इंस्पेक्टर को चेताया है। अगर दो दिनों के अंदर सही नहीं हुआ तो कार्यवाही के लिए तैयार रहने को कहा है। जनपद में मलेरिया इंस्पेक्टरों को क्षेत्र वाइज ड्यूटी के साथ साथ जो वार्ड हैं। उसमें नगर निगम के सफाई निरीक्षकों की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया है। जिस घर में जाये उनका नाम तथा मोबाइल नम्बर अवश्य नोट कर लें तथा प्रत्येक दिन में कम से कम एक टीम द्वारा घरों का निरीक्षण किया जाये। अलग-अलग टीमें लगायी जाएं तथा इसकी टीम का गठन किया गया है। जो उनके कार्यों की क्रास चेकिंग करने वाली टीमें जो क्षेत्रों में निकलेगी वे साफ सफाई छिड़काव आदि का ध्यान भी निरीक्षण के दौरान रखेगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अम्बेडकरनगर।** पोषण अभियान के आगत माह सितम्बर 2021 भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसमें पोषण माह को साप्ताहिक् थीम निर्धारित की गयी है जिसके अर्न्तगत तृतीय सप्ताह में जारी गतिविधियों में बाल विकास परियोजना अधिकारी क्टेहरी के ग्राम सभा अहिरौली के प्रा.वि. के प्रांगण में पोषण गोष्ठी रेसिपीयो प्रतियोगिता एवं पोषण माह में उत्कृत कार्य करने वाली लगभग 15 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र बाल विकास परियोजना अधिकारी विनोद कुमार तथा मुख्य सेविका स्वर्णलता सिंह, राम जानकी देवी, इन्द्रावती वर्मा तथा अमरावती, अन्जनी चतुर्वेदी इत्यादि ने साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम अधिकारी ने पोषण गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सभी से अपेक्षा की है कि समस्त आगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका अपने परिक्षेत्र में पोषण अभियान में हुए सभी एक जानान्दोलन के रूप में कार्य का हर पत्तीदार सब्जी का सेवन करने के लिए लाभार्थियों को प्रेरित करे, साथ ही साथ साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और पोषण को समस्या से सुरक्षित रहे। यदि हम स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तो विभिन्न प्रकर की विमारियों से हम दूर रहेंगे। और हम अपने शरीर को उर्जा प्रदान करेगे। जिससे हमारा जीवन स्वस्थ्य एवं निरोगी होगा।

# स्वच्छ नीर दिवस मनाया गया

**प्रयागराज।** भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल में गुरुवार एवं शुक्रवार को स्वच्छ नीर दिवस दो दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल के अंतर्गत स्टेशनों पर पानी की टंकी फिल्टर प्लांट पानी की सप्लाई के साथ वेटिंग रूम रिटायरिंग रूम तथा स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की शुद्धता की जाँच क्लोरीन की मात्रा तथा स्टेशन पर कैटरिंग स्टालों पर बिक्री हेतु उपलब्ध पानी की वैध्यता आदि को भी चेक किया जाना है। प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल, मिर्जापुर फफूंद, अलीगढ़, इटावा सहित अन्य स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की शुद्धता की जांच के साथ साथ पानी की टंकी फिल्टर प्लांट पम्प हाउसों वेटिंग रूम रिटायरिंग रूम, स्टेशनों पर उपलब्ध पेयजल की शुद्धता की जाँच क्लोरीन की मात्रा आदि के साथ स्टेशन पर कैटरिंग स्टालों पर बिक्री हेतु उपलब्ध पैक्ड पानी के बोतलों की वैधता आदि की गहनता से जांच की गई।

### एनसीआर ने पूरा किया चुनार साइडिंग का विद्युतीकरण

**प्रयागराज।** मिशन सौ फीसद विद्युतीकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने चुनार साइडिंग का विद्युतीकरण कार्य पूरा कर लिया है। लोको ट्रायल के सफल संचालन के बाद कुल सात ट्रैक किलोमीटर साइडिंग के शेष हिस्से का विद्युतीकरण पूरा कर इसे चालू कर दिया गया। सीपीआरओ डा शिवम शर्मा ने बताया कि इसके फलस्वरूप यहां आने वाले क्लिंकर रेक और आउटगोइंग लोडेड सीमेंट रेक की गतिशीलता में सुधार होगा। साथ ही खाली रेक की निकासी में भी तेजी आएगी। इसी वर्ष उत्तर मध्य रेलवे द्वारा मेजा और चुर्क साइडिंग का विद्युतीकरण पूरा कर लिया गया है और साइडिंग चालू कर दी गई है।

## सदर विधायक ने आयुष्मान भारत दिवस समारोह का किया उद्घाटन

**अयोध्या।** सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आज जिला महिला चिकित्सालय में आयुष्मान भारत योजना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर आयुष्मान भारत दिवस समारोह का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड से पात्र विहीन परिवारों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कुल 9,17,115 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष अब तक शहरी क्षेत्र में कुल 2,75,782 पात्र लाभार्थियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी पात्र परिवारों को मिल सकें। इसके कड़े प्रयास किये जा रहे है। अब तक 9,494 लाभार्थी निजी चिकित्सालयों में और 2,106 लाभार्थी सरकारी चिकित्सालयों में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत अपना इलाज करा चुके है।

# गुणवत्ता में कमी मिलने पर डीएम खफा, काटी तीन प्रतिशत धनराशि

**अम्बेडकरनगर।** डीएम सैमुअल पॉल एन द्वारा तहसील अकबरपुर विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पांती के निर्माणाधीन बाउंड्री वाल का औचक निरीक्षण किया गया।. निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया की दीवाल की लंबाई 1350 मीटर तथा ऊंचाई 2.1 मीटर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन बाउंड्री वाल में लगे ईंट तथा प्लास्टर की गुणवत्ता की जांच कराई गई।

जांच के उपरांत ईंट व प्लास्टर की गुणवत्ता में कमी पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित परियोजना के अवर अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने तथा निर्माणाधीन बाउंड्री वाल की प्राक्कलित धनराशि में 3 प्रतिशत कटौती के उपरांत ही भुगतान किए जाने के निर्देश दिए गए। परियोजना अंतर्गत लगाए गए सोलर पंप का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह सोलर पंप 7.5 एच.पी .का है। प्रत्येक की लागत से दो सोलर पंप कुल धनराशि 13.42 लाख निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान सोलर पंप चालू अवस्था में पाया गया। इसके अलावा निर्माणाधीन परियोजना अंतर्गत मीटिंग हाल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दीवाल में आ रही सीलन को ठीक कराने तथा खिड़की के टूटे हुए कांच को बदलकर नया कांच लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि मीटिंग हॉल में एक बड़ा बोर्ड लगाया जाए जिससे सूचनाओं को चस्पा किया जा सके।



# भूखण्ड को भटक रहे आवंटियों का मददगार होगा पीडीए का इंट्रीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर

● पीडीए की ओर से जारी सूची में छूटे हुए आवंटी 15 दिनों में प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर सकेंगे आवेदनः उपाध्यक्ष

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण का इंट्रीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर अब भूखण्डों के लिए परेशान लोगों को बड़ी राहत देगा। सेंटर से आवंटियों को अपने भूखण्डों के परिवर्तित होने वाले स्थलों की जानकारी तो मिलेगी ही साथ में इस प्रक्रिया में होने वाली लाटरी की तिथि भी पता चल जाएगी। प्राधिकरण ने 15 दिनों में ऐसे आवंटी जिनके नाम प्राधिकरण की सूची में छूट गये हैं उनको अपना प्रारूप भरकर जमा करने की भी सुविधा दी है। ऐसे आवंटी प्राधिकरण के सिविल लाइन्स स्थित इंदिरा भवन कार्यालय के 7वें और 8वें तल पर भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि

प्राधिकरण की योजना आवंटियों को उनके भूखण्डों को परिवर्ततित कर अन्य भूखण्ड प्रदान करना या फिर ब्याज सहित राशि वापस किए जाने की है। पीडीए पहले ही किन्ही कारणों से भूखण्डों पर कब्जा नहीं मिल पाने वाले 550 आवंटियों की सूची जारी कर चुका है। ऐसे आवंटी जिनको भूमि विवाद न्यायालय वाद स्थगन स्थल पर अतिक्रमण निर्माण आदि के कारण भूखण्डों पर रजिस्ट्री या कब्जा नहीं मिल सका है। उनकी सुविधा के लिए बड़ी पहल की है। हाल में जारी की गई सूची में छूटे हुए ऐसे आवंटी अब 15 दिनों के अंदर प्राधिकरण की वेबसाइट पर या फिर प्राधिकरण के कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे। पीडीए उपाध्यक्ष चौहान ने बताया कि पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए भूखण्डों के परिवर्तन की कार्रवाई निर्धारित तिथि पर लाटरी के माध्यम से की जाएगी। लाटरी की तिथि को प्राधिकरण की वेबसाइट या फिर समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाएगा। भूखण्डों के परिवर्तन के बाद आवंटियों को उसकी सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक प्राधिकरण की वेबसाइट या फिर समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से दी जाएगी। उपाध्यक्ष चौहान ने बताया कि प्राधिकरण के अनुसार भूखंड परिवर्तन के दौरान जमीन के क्षेत्रफल में कमी व बढ़ोत ?तरी भी होने की संभावना है। भूखंड के क्षेत्रफल में कमी होने पर प्राधिकरण की ओर से उतना पैसा आवं ?टी को रिफंड किया जाएगा जबकि अधिक होने पर निर्धारित राशि आवंटी को जमा करना होगी। इसके लिए आवंटियों को अपनी लिखित सहमति देना होगी। आवंटियों की सहायता के लिए प्राधिकरण की ओर से हेल्पलाइन नम्बर 9450610641 7652066133 जारी किया गया है।

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था
### रणनीतिक समीक्षा की जरूरत

**उत्तर** प्रदेश को और आर्थिक प्रगति प्रदान करने तथा कुछ समस्याओं के समाधान हेतु सरकार को रणनीतिक समीक्षा करने की जरूरत है। राज्य नियोजन संस्थान द्वारा हाल ही में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर जारी रिपोर्ट से अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी तस्वीर सामने नहीं आती है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले पांच वर्ष में राज्य को देश की अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य सामने रखा है। वर्तमान समय में राज्य का 2020-21 में जीडीपी 17.05 लाख करोड़ या 240 बिलियन डालर है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्तर प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी में 2020-21 में 5.9 प्रतिशत का संकुचन हुआ। यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था में लगभग पांच प्रतिशत की प्रगति हुई। 2018-19 के अस्थाई रूप से संशोधित आंकड़े जारी हुए हैं तथा इसके साथ ही 2020-21 के त्वरित संशोधित आंकड़े भी जारी हुए हैं। इनके अनुसार अर्थव्यवस्था में वृद्धि की गति लक्षित गति से थोड़ी कम नजर आ रही है। प्रदेश में आय अनुमानों के संशोधित आंकड़ों के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती आई है। 2017-18 में जीएसडीपी वृद्धि 4.9 प्रतिशत थी, लेकिन 2018-19 तथा 2019-20 में यह 4.3 प्रतिशत रही। इन अनुमानों के अनुसार अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2017-20 के दौरान पांच प्रतिशत से कम थी तथा 2020-21 में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण यह माइनस 5.9 प्रतिशत हो गई। मार्च में जारी 2020-21 में अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमानों के अनुसार जीएसडीपी में लगभग 6.4 प्रतिशत का संकुचन हुआ। हालांकि, प्रदेश सरकार इस तथ्य से संतुष्ट अनुभव कर सकती है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा 31 मई को जारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में भी 2020-21 वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत संकुचन आया।



इन आंकड़ों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि उत्तर प्रदेश सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने होंगे। इस तथ्य की समीक्षा की आवश्यकता है कि विनिर्माण क्षेत्र की पिछले चार सालों में वृद्धि नकारात्मक रही है। इसके साथ ही जीएसडीपी में भी इसका हिस्सा घटा है जो वर्तमान में 15 प्रतिशत है। तेजी से औद्योगीकरण की इच्छा रखने वाले उत्तर प्रदेश को इस दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। हालांकि, यह खुशी की बात है कि इस स्थिति के उलट कृषि क्षेत्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय में भी कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर सकारात्मक रूप से 2.7 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से प्रभावित 2020-21 में तृतीयक क्षेत्र समझे जाने वाले सेवा क्षेत्र में 7.9 प्रतिशत का संकुचन आया, लेकिन इसके अलावा बाकी समय में इसमें सकारात्मक प्रगति हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश के जीएसडीपी को 2018-19 में 15,82,682 करोड़, 2019-20 में 17,25,860 करोड़ तथा 2020-21 में 17,39,114 करोड़ होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने हाल में दावा किया था कि संशोधित अनुमानों के अनुसार जीएसडीपी में समुचित वृद्धि हुई है और यह 31 मार्च, 2021 को 17,91,263 करोड़ के बजाय 19,40,527 करोड़ पर पहुंच गई है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा। यदि प्रदेश 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है तो इसे इसके लिए एक स्पष्ट रोडमैप बनाना होगा। राज्य में जीएसडीपी की वर्तमान स्थिति ज्यादा विश्वास नहीं पैदा करती है तथा इसे निर्धारित समय में लक्ष्य पर पहुंचाने के लिए प्रयास तेज करने होंगे। ऐसे में सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए रणनीतिक समीक्षा की आवश्यकता है।

# भारत में सामुदायिक रेडियो का महत्व

सरकार को सामुदायिक रेडियो का महत्व समझ कर उसे टिकाऊ बनाने के लिए उपयुक्त वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करनी चाहिए।

**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक सीआरएस एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष हैं)





**को**विड-19 वैश्विक महामारी के समय में महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसारण में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की भूमिका पर चर्चा नहीं हुई है। भारत में कैंपस रेडियो के नाम से शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा चलाए जाने वाले 322 से अधिक सामुदायिक रेडियो हैं। इनके साथ ही एनजीओ द्वारा संचालित रेडियो तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा संचालित रेडियो ने प्रासांगिक सूचना के प्रसार, जागरूकता पैदा करने तथा जनता में स्थिति से निपटने हेतु विश्वास व प्रेरणा पैदा करने के माध्यम से समुदायों को जोड़ने की चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन आबंटन में सौतेले व्यवहार के कारण अधिकांश सामुदायिक रेडियो अपने बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ब्यूरो आफ आउटरीच एंड कम्युनीकेशन के विज्ञापनों तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विज्ञानों की उपलब्धता न होने के कारण ये सामुदायिक रेडियो स्टेशन राष्ट्रीय संकट के समय अपनी सामुदायिक जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सके। देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की मान्यता प्राप्त संस्था भारतीय सामुदायिक रेडियो असोसियेशन-सीआरए ने एक सर्वेक्षण कराया। 150 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों से प्राप्त सूचनाओं एवं आंकड़ों के अनुसार पता लगा कि जनसंख्या के संकटग्रस्त तबकों को स्थानीय भाषाओं व बोलियों में महामारी के बारे में विश्वसनीय सूचनाओं की जरूरत थी। वे यह भी जानना चाहते थे कि इससे अपनी सुरक्षा कैसे की जाए।

महामारी के शुरुआती दिनों में सीआरएस ने इन सवालों के जवाब दिए। कोविड 19 क्या है और इसके फैलाव के क्या संकेत हैं? हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? लाकडाउन व कर्फ्यू क्यों जरूरी हो गए हैं? लोगों से इसका फैलाव रोकने के लिए क्या उम्मीदें हैं? प्रत्येक क्षेत्र में कितने मामले सामने आए हैं? देश भर की सामुदायिक रेडियो टीमों ने समय-समय पर जिला प्रशासनों तथा राज्य सरकारों द्वारा जारी सलाहों के आधार पर इन सवालों के जवाब तैयार किए। रेडियो ने डाक्टरों और विशेषज्ञों के साक्षात्कार लिए तथा उनको फौरन प्रसारित किया। 'करें, न करें' के आधार पर सूचनाओं तथा सूचना एवं सार्वजनिक संबंध, स्वास्थ्य, जिला एवं राज्य आपदा प्रबंधन व पुलिस द्वारा प्राप्त सुचनाओं का नियमित प्रसारण किया गया। सामुदायिक रेडियो का प्रसारण समय रोज 12 से 24 घंटे तक रहा। शुरुआत में केवल 50 प्रतिशत प्रसारण विषयवस्तु कोविड-19 से संबंधित थी, पर बाद में स्थिति गंभीर होने तथा लाकडाउन लागू होने के बाद विषयवस्तु को खासतौर से केवल महामारी से जोड़ा गया। जब संकट शिखर पर था तब स्टेशनों ने विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए अधिकारियों की अपीलें प्रसारित कीं कि लोग घरों पर रहें तथा सरकार द्वारा वायरस से लड़ने हेतु जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। हालांकि, लगभग सभी सामुदायिक रेडियो को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कर्फ्यू कठोरता से लागू होने के कारण श्रमशक्ति का संकट अनुभव हुआ क्योंकि अनेक सामुदायिक रेडियो आपरेटरों के आवागमन पर नियंत्रण लग गया। अनेक स्थानों पर उनको संबंधित स्टूडियो तक पहुंचने के कर्फ्यू पास नहीं जारी हुए तथा रेडियो आपरेटरों ने लंबे समय तक काम करने वाले एक या दो सामुदायिक रिपोर्टरों से काम चलाया। अनेक रेडियो रिपोर्टरों ने घर से काम करते हुए मेल व वाट्सएप से रिपोर्टें भेजीं। स्थानीय विधायकों, सामुदायिक नेताओं, सेलेब्रिटीज़, जिला मजिस्ट्रेटों, पुलिस सुपरिंटेंडेंटों, डाक्टरों तथा विशेषज्ञों की वायस क्लिपें फोन से रिकार्ड की गईं तथा इनको रेडियो पर प्रसारण के लिए मेल व वाटसएप से स्टूडियो भेजा गया। इनमें समुदाय के लोगों से घरों पर रहने तथा शारीरिक दूरी बनाए रखने की अपील की गई थी।

स्टूडियो में जिंगल तैयार की गईं या इनको साझा स्रोतों से डाउनलोड किया गया। सेलेब्रिटीज़ द्वारा गीतों व लोकप्रिय संदेशों के माध्यम से वायरस तथा इससे बचने के बारे में जागरूकता पैदा की गई। कुछ सामुदायिक रेडियो ने वर्चुअल प्रसारण के नए तरीके खोजे जहां सामुदायिक रिपोर्टर अपने इन्पुट घरों से भेजे तथा स्टूडियो में किसी के उपस्थित न होने पर भी प्रसारण लगातार जारी रहा। सामुदायिक रेडियो ने जिला प्रशासन और समुदाय के सदस्यों के बीच पुल का काम किया। सभी प्रासांगिक सूचना और संदेशों को सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को भेजा गया। सामुदायिक रेडियो को लाइव कार्यक्रमों, टेलीफोनों तथा जनता से संदेशों के माध्यम से काफी जानकारियां मिली जिनका फौरन प्रशासन के साथ साझा किया गया तथा समस्याओं के समाधान जनता को संप्रेषित किए गए। दिव्यांगों, वृद्धों तथा आर्थिक रूप से गरीबों की चिन्ताओं को भी उचित स्थान दिया गया। सामुदायिक रेडियो ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, अभिप्रेरणा, सकारात्मकता, पैरेंटिंग, पोषण, फिटनेस, टैलेंट कनेक्ट, जूनियर आरजे कनेक्ट, होममेकर्स कनेक्ट, पाकशास्त्र आधारित कार्यक्रमों तथा बच्चों को व्यवस्त रखने, रचनात्मक व्यवहारों, दिन-प्रतिदिन योग, प्रेरक कथाओं एवं संकट के समय सबकी सहायता करने व सहायता प्राप्त करने के बारे में कार्यक्रम प्रसारित किए। कुछ सामुदायिक रेडियो ने सरकार तथा स्थानीय एनजीओ द्वारा आर्थिक सहायता, भोजन व स्वास्थ्य सेवाओं हेतु उठाए कदमों की जानकारी गरीब तबकों को दी। इनमें मुफ्त डाक्टर टेली कंसल्टिंग, लोगों की सहायता के लिए डाक्टरों की उपलब्धता, किसी स्वास्थ्य समस्या का डाक्टरों द्वारा समाधान तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे शामिल थे। अनेक सामुदायिक रेडियो ने स्वयं कोरोना टेस्ट आंकलन का प्रसारण ब्लाग के माध्यम से कर लोगों को बताया कि वे भ्रमित न हों, कोविड-19 को मौसमी बीमारी न समझें और वायरस का परीक्षण करायें।

डिजिटल रूप से एक प्रतिज्ञा दस्तावेज जारी किया गया जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने सबके स्वस्थ भविष्य के लिए घर पर रहने की प्रतिज्ञा की तथा एकान्त में समय के उपयोग के बारे में जानकारियां साझा कीं। विभिन्न सामुदायिक रेडियो से प्राप्त संदेशों से संकेत मिलता है कि उन्होंने सूचनाओं के आधिकारिक स्रोत के रूप में काम किया तथा स्वत: एकान्त के समय समुदाय को मनोरंजन भी प्रदान किया। सामुदायिक रिपोर्टरों ने अपने सतर्क दृष्टिकोण के चलते निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा समुदायों में फैलाई फर्जी खबरों का खंडन भी किया। उन्होंने पहले अधिकारियों से संदिग्ध खबरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और फिर सही खबर का प्रसारण किया। शहरों से गांवों में कामगारों के पलायन के समय खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश व बिहार के सामुदायिक रेडियो ने रचनात्मक सूचनायें प्रसारित करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इससे कामगार सही रास्ता तलाश सके। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों ने वाट्सएप व अन्य आईटी मंचों का लाभ उठाते हुए विभिन्न भाषाओं में विषयवस्तु व सूचनाओं का साझा किया तथा साथी स्टेशनों का मनोबल बनाए रखा। सीआरएस द्वारा विभिन्न भाषाओं व बोलियों में तैयार जिंगल, कविताओं व लोकगीतों के माध्यम से रचनात्मक विषयवस्तु का प्रसारण किया गया। इससे विषयवस्तु को विविधता मिली। दुर्भाग्य से सामुदायिक रेडियो के योगदान को समुचित रूप से स्वीकार नहीं किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा कामर्शियल रेडियो जाकी से संवाद के समय सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को आमंत्रित नहीं किया गया।

पिछले दो साल से सामुदायिक संपर्क विभाग तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए विज्ञापन अभियान नहीं जारी किया है। इसके अलावा पिछले चार-पांच साल का बकाया भी अदा नहीं किया गया है। विभिन्न मंत्रालयों ने कोविड-19 प्रबंधन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी अभियानों को बनाने में सीआरएस की पूरी तरह अनदेखी की है।

सामुदायिक रेडियो द्वारा भारत में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उनको मीडिया के अन्य रूपों की तरह मान्यता मिलनी चाहिए तथा उनको अन्य मीडिया संगठनों के समान दर्जा दिया जाना चाहिए। देश में सामुदायिक रेडियो कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें आशा है कि सरकार तथा अन्य संबंधित अधिकारी इस राष्ट्रीय संकट के समय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की महत्वपूर्ण भूमिका समझेंगे तथा आने वाले समय में जीवित रहने व बेहतर कामकाज के लिए उनको वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करेंगे।

# जारी है कांग्रेस की हाईकमान संस्कृति

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार उवं स्तम्भकार हैं)



**म**हीनों के सस्पेंस के बाद इस हफ्ते पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को लाया गया है। पंजाब अस्सी के दशक में आतंकवाद से प्रभावित सीमावर्ती राज्य होने के कारण वहां जो कुछ भी हो रहा है वह संवेदनशील है। बदलाव और आसान हो सकता था, लेकिन आलाकमान ने अपने विवेक से विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गार्ड बदलने का फैसला किया, जबकि तीन महीने पहले, यह एक निश्चित शॉट था कि कमजोर विपक्ष के कारण कांग्रेस पंजाब को जीत लेगी, लेकिन कैप्टन के बाहर निकलने से स्थिति बदल सकती है। नए मुख्यमंत्री के सामने कई चुनौतियाँ हैं और वह केवल एक ठहराव की व्यवस्था है। इंदिरा गांधी ने अपने पूरे नेतृत्व में जिन प्रमुख प्रथाओं की कल्पना की और उनका पालन किया, उनमें से एक पार्टी की स्थापना में हाईकमान की अवधारणा थी। जवाहरलाल नेहरू के समय में, कांग्रेस के पास कोई आलाकमान नहीं था क्योंकि पटेल और जी.बी.पंत जैसे अन्य, समान रूप से ठोस राष्ट्रीय नेता थे।

इंदिरा गांधी ने अपनी पार्टी के लोगों को जब और जब चाहें प्रभावशाली पदों पर स्थापित या हटा दिया। एक पुरानी कांग्रेसी नेता याद करती हैं कि कैसे वह उस मुख्यमंत्री को बुलाती थीं जिसका वह बर्खास्त करना चाहती थीं और यह कहते हुए अपने निर्णय से अवगत कराती थीं : ''कोई जल्दी नहीं है, आप आज या कल इस्तीफा दे सकते हैं। पर्याप्त समय लो।'' यही उनके पद छोड़ने का संकेत होता था। राजीव गांधी ने भी आलाकमान की संस्कृति का पालन किया, लेकिन तब पार्टी मजबूत थी। यूपीए के समय में भी सोनिया गांधी ने इस परंपरा का पालन किया।

आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस उन कुछ राज्यों को अस्थिर क्यों करना चाहती है जहां उसे आराम से रखा गया है। राहुल और प्रियंका दोनों को लगता है कि वे पार्टी से निपटने में अपनी दादी का अनुकरण कर सकते हैं। पार्टी न तो केंद्र



में सत्ता में है और न ही कई राज्यों में। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान को अपने मैदान में जो कुछ बचा है उसे बचाने की जरूरत है। इंदिरा गांधी की कार्यशैली अब नहीं चलेगी। राहुल और प्रियंका पुराने पहरेदारों को बदलने के लिए अधीर हैं और उन्हें उनके प्रति वफादार युवा चेहरों के साथ बदल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वे तीनों कांग्रेस शासित राज्यों में परिवर्तन की मांग करने वाले विद्रोहियों का खुलकर साथ देते हैं। परिणाम पार्टी में अधिक विभाजन, अधिक विद्रोह, अनुशासनहीनता और क्षरण है। पंजाब में एक समस्या के समाधान ने दूसरी समस्या खड़ी कर दी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से भी विद्रोह की गूंज सुनाई देती है। राजस्थान में परिवार ने सचिन पायलट के नेतृत्व वाले बागी धड़े का खुलकर समर्थन किया, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तो पल्ला झाड़ लिया था। पायलट को अस्थायी रूप से शांत किया गया, लेकिन उनके समर्थक अधीर हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बागी नेता टीएस सिंह देव के बीच सत्ता के बंटवारे पर सहमति जताई थी। ढाई साल बाद देव कुर्सी की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस आलाकमान पहले की तरह शक्तिशाली क्यों नहीं है? इसका सीधा सा जवाब है कि समय बदल गया है और सत्ता के समीकरण बदल गए हैं और कांग्रेस बस अपने अतीत के गौरव में जी रही है। अफसोस की बात है कि गांधी परिवार को यह एहसास नहीं हुआ कि आलाकमान की शक्ति सिकुड़ रही है।

सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के साथ, कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी 2019 में अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद भी पार्टी के वास्तविक शासक हैं। प्रियंका गांधी भी एक शक्ति केंद्र के रूप में उभर रही हैं, जैसा कि पंजाब के फैसले से देखा जाता है। पंजाब की कहानी गांधी परिवार के उन दो सदस्यों की बढ़ती ताकत की कहानी है जिन्होंने अपनी मां को कैप्टन अमरिंदर सिंह का बदलने के लिए राजी किया और उनकी जगह एक कमजोर नेता बना दिया। उन्होंने ही महत्वाकांक्षी नवजोत सिद्धू को बढ़ावा दिया, जिन्होंने कैप्टन की जगह लेने का लक्ष्य रखा था। कहानी खत्म नहीं हुई है क्योंकि सिद्धू अभी भी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस का जुआ पंजाब में काम करे या न करे क्योंकि समय बहुत कम है। कहानी का नैतिक यह है कि आलाकमान संस्कृति तभी तक सफल हो सकती है जब तक नेतृत्व मजबूत हो। यह इंदिरा गांधी के साथ क्लिक किया हो सकता है, लेकिन वर्तमान प्रशासन उनके राजनीतिक कौशल के करीब कहीं नहीं आता है। एक ही दवा हर समय काम नहीं करती। ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय क्षत्रप निरंकुश तरीके से व्यवहार करते हैं।

आलाकमान की संस्कृति को अपनाने वाली पार्टी के साथ भाजपा भी बदल गई है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक, उत्तराखंड और गुजरात में तीन मुख्यमंत्री बदले हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह सर्वशक्तिमान हैं। भाजपा की रणनीति इंदिरा गांधी युग के समान है। अंतत: वोटों को झोली में डालने की क्षमता रखने वाला ही होता है जो किसी भी राजनीतिक दल में मायने रखता है, यही वजह है कि वे सफल होते हैं।

## आप की बात

### स्कूल खुले, विश्वविद्यालय बंद

**वैश्विक** महामारी ने सभी क्षेत्रों को बुरी तरह हताहत किया है। लेकिन, लगातार हो रहे टीकाकरण ने, आकडों को नियंत्रित किया है। ऐसे में, फिर से लगभग सभी क्षेत्र खुल चुके हैं।फिर चाहें वो रेस्टोरेंट, होटल, टूरिज्म या फिर शिक्षा से जुड़े हों। भारत के कई राज्यों में पांचवी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को बुलाया जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारहवीं से नीचे कक्षा के विद्यार्थियों की उम्र अट्ठारह वर्ष से कम ही होती है।लेकिन बावजूद इसके, स्कूल पूर्ण रूप से खुल रहे, जिसमें बच्चों का टीकाकरण तक नहीं हुआ। वही दूसरी ओर वह विद्यार्थी जो स्नातकोत्तर और परा स्नातक के अंतिम वर्ष में हैं, उनके विश्विद्यालय और महाविद्यालय अभी भी बंद हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय समेत कई यूनिवर्सिटी हैं, जो अभी भी विद्यार्थियों को बुलाने में संकोच कर रहे। इसका विपरित असर, उनके भविष्य के आजीविका पर पड़ रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय को इस विषय को अति गंभीरता से लेते हुए, सही और स्पष्ट निर्णय लेने की आवश्यकता है। विश्विद्यालय प्रबंधन इस बात को सुनिश्चित करे कि एक टीका तो सभी को लग चुका हो, और साथ ही आरटी पीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव हो।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### ब्रिटेन का विवादास्पद निर्णय

**ब्रिटेन** ने भारत से टीकाकृत होकर आए भारतीयों को भी 10 दिन का क्वारंटाइन करने का निर्णय लिया है जिससे अनेक तरह के विवादों के संदेह का जन्म हुआ है। शायद ब्रिटेन को भारतीय टीकों पर भरोसा नहीं है। भारतीयों को 10 दिन का क्वारंटाइन आखिर किस लिए किया जा रहा है? हम इसे उचित नहीं मानते। इसीलिए स्वाभाविक रूप से आज भारत में इसी कारण इस निर्णय का काफी विरोध हो रहा है। आज हमारे देश की कोवीशीलड वैक्सीन पर क्या ब्रिटेन संदेह कर रहा है कि वह कारगर नहीं है अत: ब्रिटेन से पूछना चाहते हैं कि हमारे देश में टीकाकृत होकर आए हुए नागरिकों पर संदेह करना क्या उचित है इस तरह के ब्रिटेन के आदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। आज हमारे विपक्षी दलों ने ब्रिटेन के आदेश को आश्चर्यजनक एवं नक्सलवादी भी कहा है हमारे देश भारत से भारतीय बच्चे ब्रिटेन में पढ़ाई के लिए जाते हैं तब यह आदेश इन सब के लिए परेशानी पैदा करने वाला है। हमारे भारतीय लोगों पर शक करना किसी भी तरह से उचित नहीं है हमारे यहां भी नियम कायदों का पालन होता है तब ब्रिटेन को भारतीयों को अपमानित नहीं करना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### आत्मनिर्भर भारत

**कैसे** कभी छोटी नजर आने वाली चीजें राष्ट्र को जोड़ने वाली बन कर सामने आ जाती हैं, इसका सबसे सटीक उदाहरण आज "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत का आह्वान" के रूप में देखने को मिल रहा है। कोविड-19 महामारी के भयावह आपदा काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता की अवधरणा को देश के सामने एक अवसर के रूप में रखा तो देश की जनता जर्नादन ने भी इसे अपनाने में पूरा उत्साह दिखाया। खिलौने के माध्यम से आत्मनिर्भरता और संस्कृति के साथ एक व्यवसायिक आत्मविश्वास की स्थापना हो सकती है, इसकी उम्मीद तो नहीं थी लेकिन नजर आने लगा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समग्र सोच और स्पष्ट इरादों के साथ शुरु की गई नई पहल आज एक श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करने में सहायक साबित हो रही है। गुजरात के केवडिया में "स्टेच्यू ऑफ यूनिटी" विश्व पर्यटन का आकर्षक केन्द्र बन चुका है। त्यौहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीदने की नई प्रवृत्ति जनमानस में दिखने लगी है।

– **नरेंद्र राठी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**इन** नोटिसों के जारी होने के समय पर दृष्टि डालें। ये तब जारी की गई हैं जब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

– **राघव चड्ढा**
आम आदमी पार्टी नेता



**इस** घोषणा के लिए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय का धन्यवाद कि भारत अत्यंत महत्वपूर्ण कोविड-19 वैक्सीनें भेजने की प्रक्रिया बहाल करेगा।

– **टीए घेब्रिएसस**
महानिदेशक डब्लूएचओ



**उग्रवादी** गुंडों ने मेरे दिल्ली स्थिति आवास में तोड़-फोड़ की? भीड़ ने साम्प्रदायिक नारे लगाए और मुझे जाने से मारने की धमकी दी।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख

# चोर को खंभे में बांधा, फिर जमकर पीटा.. वीडियो वायरल

संवाददाता। सीतापुर

- खैराबाद थाना इलाके का बताया जा रहा वायरल वीडियो
- चोर को तालिबानी सजा देने के मामले से पुलिस रही अंजान

**यूपी के जनपद** सीतापुर में कानून को हाथ में लेते हुए एक कथित चोर को पहले खंभे में बांधा गया बाद में उसकी जमकर पिटाई की गई। सरेआम चोर को तालिबानी सजा दिए जाने के इस सनसनीखेज मामले की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने चोर को पीटने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, वायरल वीडियो सीतापुर के थाना खैराबाद के मोहल्ला कुल्हन सराय का है। जहां एक युवक साइकिल चोरी के मामले में पकड़ा गया था। पहले चोर को खंभे से बांधा गया, फिर उसके हाथ रस्सी से बांधकर रबड़ की पाइप से उसकी जमकर पिटाई की गई। पिटाई करने वाले युवक का नाम शफीक बताया जा रहा है। तमाशबीन भीड़ में से किसी ने मोबाइल से पूरे मामले के कई वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि किस तरह कथित चोर को पकड़ने के बाद पुलिस को खबर किए बगैर उसे खंभे से बांधा जाता है। दूसरे वायरल वीडियो में उसे रबड़ की पाइप से पीटा जा रहा है। तीसरे वीडियो में इस मामले को लेकर कई लोग आपस में पंचायत करते नजर आ रहे हैं।चोर को तालिबानी सजा सुनाए जाने के मामले से अंजान पुलिस को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की भी भनक नहीं लगी। मामला जब मीडिया तक पहुंचा तब पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए पिटाई करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया। एसपी के पीआरओ की ओर से बताया गया कि हसीब नामक चोर के विरुद्ध थाना खैराबाद में अभियोग पंजीकृत है। जिन व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई उनके विरुद्ध खैराबाद में अभियोग दर्ज करते हुए एक आरोपी रफीक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

# तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा सेवादार की मौत का राज!

संवाददाता। सीतापुर

- नैमिष के हनुमंत आश्रम के सेवादार का मिला शव

**प्रयागराज में** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि की मौत की गुत्थी सुलझ नहीं पाई थी, कि 88 हजार ऋषियों की तपस्थली सीतापुर के नैमिषारण्य हनुमंत मंदिर आश्रम के सेवादार का संदिग्ध हालत में शव मिला। यह शव बुधवार की रात आश्रम के समीप आम की बाग में तख्त से बरामद किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एएसपी समेत पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है, लेकिन अभी तक न तो परिजनों ने कोई आरोप लगाया है और न ही आश्रम के बाबा की तरह से कोई बयान आया, हालांकि शराब के नशे में आश्रम के बाबा और सेवादार के बीच विवाद जरूर चर्चा बना है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला नैमिषारण्य कोतवाली इलाके का है। क्षेत्र के भैरमपुर निवासी 44 वर्षीय बालकदास पुत्र हजारी धार्मिक पौराणिक नगरी नैमिष में स्थित हनुमंत आश्रम के बाबा राम किशोर प्रसादी उर्फबाबा भारती के यहां सेवादार था। वो काफी समय से यहां पर रहकर आश्रम को अपनी सेवाएं दे रहा था। बुधवार रात को आश्रम के समीप आम की बाग में एक तख्त पर सेवादार बालकदास को अचेत अवस्था में पाया गया। जानकारी पाकर बाबा भारती ने झोलाछाप को बुलाकर उसे दिखाया, देखते ही उसने सेवादार बालक दास को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह समेत स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस की जांच में यह निकलकर सामने आया है कि बुधवार की देर शाम सेवादार बालक दास ने आश्रम के बाबा राम किशोरी प्रसादी उर्फबाबा भारती व अन्य दो लोगों के साथ बैठकर शराब पी थी। नशा चढ़ने पर आपस में विवाद होने लगा तो सभी लोग उठकर चले गए थे। सेवादार बालक राम की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शक के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है,, लेकिन घटना की स्थिति साफनहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। ऐसे में अब पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

# संविदा कर्मियों ने भरी हुंकार

संवाददाता। सीतापुर

- समूचे जिले के पावर हाउसों पर प्रदर्शन कर दिया धरना
- मांगें न मानी तो निरंतर चलेगा आंदोलन

**समान वेतनमान,** संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, ठेका व्यवस्था खत्म करने आदि मसले को लेकर चरणबद्ध तरीके से चलाए जा रहे आंदोलन के तहत पावर कॉर्पोरेशन के संविदा कर्मियों ने एक बार फिर हुंकर भरी। गुरूवार को इस आंदोलन के तहत समूचे जिले के पावर हाउस पर संविदा कर्मचारियों ने अपने-अपने पावर हाउसों पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और वहीं पर बैठकर धरना भी दिया। धरने में संविदा कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। राजधानी लखनऊ के पावर कॉर्पोरेशन के मुख्य अभियंता कार्यालय पर संविदा कर्मचारियों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने वहीं पर धरना दिया।

इस दौरान पावर कॉर्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलामहामंत्री संजय बाजपेयी से कर्मचारियों की समस्याएं जानी। प्रान्तीय संगठन के आहवान 33-11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरगांव पर एकत्रित संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और वहीं पर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिला उपाध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव उर्फपीयूष ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा बंद की जाय। आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों को विभागीय नीति के अनुसार समायोजित कर समान कार्य समान वेतन दिया जाय। आउट सोर्सिंग कर्मचारी के न्यूनतम मजदूरी 18 हजार निर्धारित करते हुए यूपी सरकार समय समय दिए जाने वाले समस्त हित लाभों को दिया जाय। संविदा के कर्मचारियों को वरीयता पर नियमित किया जाय। ईपीएफ, ईएसआई में हुए घोटालों की जांच कराई जाए। इस अवसर पर संजीव कुमार, गिरजा शंकर मिश्र, राकेश कुमार, उमेश, इकबाल, यूसुफ, अतुल बघेल, अरूणेश मिश्र, संतोष कुमार, रमेश कुमार, अंकित कुमार, कैलाश, संजय, अतुल वर्मा, आशीष, सचिन वर्मा, अश्वनी, मुकेश, नीरज, रोहित, अमरजीत सिंह, अनिल कुमार, अजीत कुमार आदि कर्मचारी मौजदू थे। इसी प्रकार सकरन के विद्युत उप केंद्र सांडा पर पांच सूत्री मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। कहा कि संविदा कर्मचारियों की लंबे समय से मांगें लंबित है। बावजूद इसके उनका निस्तारण नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, उनका आंदोलन चलता रहेगा। इस दौरान संघ के संगठन मंत्री राहुल दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश गुप्ता से बात कर उनकी समस्याएं जानी। इस अवसर पर सनोज कुमार, दीपक कुमार, राहुल दीक्षित, राजू, उमेश गुप्ता, मोहम्मद शादाब, विनीत कुमार, पंकज कुमार, बालकराम, रामचंद्र, राजकुमार, विनोद, संजय, नीरज कुमार, विपिन चंद्र, पप्पू, लवकुश, अखिलेश आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार प्रदेश संगठन के आवाहन पर रेउसा के विद्युत उप केंद्र पर भी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वहीं धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सुखविंदर सिंह ने कर्मचारियों से एकजुटता का आह्वान किया। इस अवसर पर संविदा कर्मी पवन कुमार, जय शंकर पांडे, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, महेश्वर दयाल, पंकज सिंह, ओंकार, जुगल किशोर, वेद राम, शैलेश कुमार, अनुराग वर्मा, विनय कुमार, नसरुद्दीन, मनोज कुमार, विक्रम सिंह, अमरीश कुमार आदि मौजूद थे। इसके अलावा रामपुर मथुरा पावर हाउस में अपनी मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने पावर हाउस पर ही बैठकर प्रदर्शन कर धरना दिया। बाद में अपनी मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कार्यालय मंत्री प्रदीप सिंह, शैलेंद्र वर्मा, अजय यादव, रामदयाल, जहीर, संतोष कुमार, मनोज कुमार, उदित उपस्थित थे।

# चुनावी आहट के बीच फेंटे जा रहे अफसर

**सीतापुर।** विधान सभा चुनाव को नजदीक देख योगी सरकार सूबे में सरकारी मशीनरी को फिट करने में जुट गई। एक जिले में तीन साल से जमे अफसर-कर्मचारियों के धड़ाधड़ तबादले कर एक-दूसरे जिलों में पोस्टिंग दी जा रही है। साथ ही अपनी पहुंच के बल पर कईयों ने अपने स्थानांतरण आदेश संशोधित भी करा ले लिए है। पहले यहां पर इंस्पेक्टर ओपी राय को हरदोई भेजा गया था, लेकिन उसे संशोधित कर उन्नाव भेजा गया है। इंस्पेक्टर विनोद मिश्रा का लखनऊ ग्रामीण व राजकुमार का खीरी जनपद स्थानांरित किया गया था, इस आदेश भी निरस्त कर दिया गया है। अब दोनों उन्नाव जनपद को जाएंगे। आईजी कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत को रायबरेली भेजा गया है। इनके अलावा सीतापुर स्थानांतरित हुए संजय त्यागी, उरेश सिंह व हंसमती भी अपना जैक लगाने में सफल हुए। ये इंस्पेक्टर सीतापुर के बजाए रायबरेली जाएंगे। इंस्पेक्टर संतोष कुमार यादव खीरी से उन्नाव भेजे गए थे, लेकिन उनका भी उन्नाव का तबादला निरस्त कर सीतापुर भेजा गया है। उधर, गैर जनपद से स्थानांतरित होकर सीतापुर आए अतुल कुमार तिवारी को महोली कोतवाली की कमान सौंपी गई है। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ओझा को रामपुर मथुरा भेजा गया है। निरीक्षक शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव को एसपी सीतापुर के पीआरओ नियुक्त किया गया है। भावनाथ चौधरी अब शिकायत प्रकोष्ठ की कमान संभालेंगे। उप निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह को स्वाट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजीव कुशवाहा न्यायालय सुरक्षा तथा स्वाट के बाद उपनिरीक्षक अजय रावत को सर्विलांस व साइबर सेल की कमान सौंपी है।

## क्विक न्यूज

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**बरेली।** होर्डिंग लगाते समय हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलसे एक मजदूर की इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी । बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की राम गंगानगर कॉलोनी में रहने वाले विनीत पुत्र प्रेम शंकर की आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के मामा महेंद्र ने बताया कि विनीत पीलीभीत निवासी सुमित सक्सेना की एम ए एडवरटाइजिंग कंपनी में होर्डिंग लगाने का काम करता था और कल दिन मे मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित छजलेट इलाके में होल्डिंग लगाने का काम कर रहा था स तभी पोल के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया करंट लगने से वह जमीन पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया साथ में काम कर रहे कर्मचारियों में उसे इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी स जो उसे मुरादाबाद के अस्पताल से घर वापस से आए जहां सुबह होने पर उसकी हालत अचानक बिगड़ गई स घर के लोग उसे जिला अस्पताल लाए लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । मृतक 3 बच्चों का पिता था । उसकी पत्नी का नाम सोनी है ।

### डीसीएम ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रहे डीसीएम ट्रक ने टक्कर मार दी स जिससे युवक मौत हो गई स टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के कोहरापीर मोहल्ले में किराए पर रहने वाले बदायूं के दातागंज निवासी राकेश पुत्र मुन्नालाल कि कल शाम इज्जत नगर के गांव मानपुर चीकटिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राकेश ट्रक चालक था लेकिन कल दिन में वह अपने किसी दोस्त से मिलने के लिए वह मानपुर चीकटिया गांव गया था जहां से वापस लौटते समय गांव के पास ही तेजी से आ रहे एक डीसीएम ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी स पुलिस मौके पर पहुंची पर राकेश को जिला अस्पताल भेजा स लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो जिला अस्पताल पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली मृतक की पत्नी का नाम लक्ष्मी देवी है वह तीन बच्चों का पिता था ।

### बेकाबू वाहन ने युवक की ली जान

**सीतापुर।** सीतापुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरूवार की दोपहर को एक बेकाबू ट्रक ने युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना कीध् सूचना मिलते ही एसओ कमलापुर मनीष सिंह, उपनिरीक्षक मोहम्मद कलाम, उपनिरीक्षक घ्प्रवीन कुमार तिवारी, हमराही शिवकुमार यादव, घ्साजन कुमार आदि ने मौकेध् परध् पहुंच कर मामले की जांच की और शव की पहचान में जुट गई, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। हादसे के बाद पुलिस दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व चालक को पकड़कर थाने ले आई। यह हादसा कमलापुर थाना इलाके के जलालपुर कस्बे में हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की उम्र 25 वर्ष के इर्दगिर्द बताई जा रही है। वो लाल शर्ट व हल्की काली पैंट पहने था। पुलिस मृतक युवक की शिनाख्त कराने में जुटी थी, लेकिन उसे अभी तक कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

### ट्रेन में हुई आगजनी का फरार आरोपी 23 साल बाद गिरफ्तार

**बरेली।** निसोई हाल्ट पर एक ट्रेन में आगजनी की घटना को अंजाम देकर 23 साल पहले फरार हुए आरोपियों में से एक आरोपी को बरेली जंक्शन जीआरपी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी विपिन वर्ष 1998 से कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। वह लगातार फरार था। कोर्ट की तरफ से उसके कई वारंट भी जरी किए गए। यहां तक की कुर्की वारंट भी जारी किया गया। इसके बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। मगर अब जीआरपी ने उसे अतरछेड़ी से गिरफ्तार कर लिया है।जीआरपी इंस्पेक्टर अमीराम सिंह ने बताया कि वर्ष 1995 निशोई हाल्ट पर एक ट्रेन में आगजनी की घटना हुई थी। जिसमें करीब 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें से सभी लोग कोर्ट में पेश हो रहे थे। मगर कुछ लोग थे जो कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद भी पेश नहीं हुए। उनमें से एक विपिन कुमार भी शामिल था। जब कोर्ट से कुर्की वारंट जारी हुआ तो जीआरपी इंस्पेक्टर ने एक टीम बनाई और फरार विपिन की तलाश शुरू कर दी।

# आवास से बरामद हुआ रेलवे कर्मचारी का शव

## परिजनों का फोन न उठाने पर पहुंचे थे सहकर्मी

संवाददाता । मैलानी-खीरी



**बृहस्पतिवार की** सुबह मैलानी रेलवे कालोनी के क्वार्टर मे कमलेश (46) पुत्र शिवरतन निवासी तालाब नगर बरकोता थाना बंथरा जिला लखनऊ की लाश बरामद हुई। वह मैलानी रेलवे में तृतीय श्रेणी के प्लम्बर के पद पर कार्यरत था। दो दिनों से अपनी डयूटी पर से अनुपस्थित था। कर्मचारियों ने बताया कि उसके घर से सुबह फोन आया कि कमलेश फोन नहीं उठा रहा है। विभाग के नीरज कुमार व गौरव कुमार उसके आवास पर पहुंचे तो कमरा बंद पाया। साइड की खिड़की से देखा तो कमलेश का शव चारपाई पर पडा हुआ था। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर उप निरिक्षक अनुज कुमार शर्मा हमराह पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये। सूचना पाकर आरपीएफ तथा जीआरपी की पुलिस तथा अन्य रेल कर्मचारी भी मौके पर आ गए। चिकित्सक द्वारा कमलेश को मृत घोषित कर दिया गया।घटना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्र भान यादव ने बताया कि कमलेश की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# व्यापार मंडल ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता । सिंगाही-खीरी

**पानी निकासी को** लेकर व्यापार मण्डल के निवर्तमान पदाधिकारियों ने चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।नगर उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल की अगुवाई में नगर के लोगों ने मेन रोड पर बस स्टैंड के पास पानी की निकासी की समस्या को लेकर एक मांगपत्र चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र व अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्र को सौंपा। व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री रमाकांत जायसवाल ने बताया कि बाजार में जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात का पानी दुकानों में भर रहा है। इससे व्यापारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों से समस्या का निराकरण करने की मांग रखी। जिस पर तत्काल प्रभाव से नाले सफाई का काम शुरू हो चुका है। चेयरमैन उत्तम मिश्र ने कहा कि यह समस्या उनके पूर्व की है उनका प्रयास है कि जल भराव की समस्या को समाप्त करेंगे।इस दौरान राम प्रकाश सोनी, श्री कृष्ण अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव, जोगेंद्र शाक्य, शिशिर गुप्ता, राहुल गुप्ता, विकास अग्रवाल, कमल जयसवाल, राजेश गुप्ता, हरिचरण मोर्य, रोहित गुप्ता, तुषार पाडेय, दारा सिंह, अभिषेक पंचोली,अमन साहनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मोस्ट वांटेड अपराधी ने मैलानी थाने में किया आत्मसमर्पण

- अपराधी पर दर्ज हैं 38 मुकदमें




**मैलानी-खीरी।** शासन के निर्देश पर गैंगेस्टरों व अपराधियों पर हो रही लगातार कुर्की, एनकाउंटर जैसी कार्रवाई से अपराधियों में भय व्याप्त होने लगा है। खीरी जिले में भी हुई कई कार्यवाहियों का असर इस कदर बढ़ा कि एक मोस्ट वांटेड ने भागने की बजाए खुद ही थाने में समर्पण कर दिया। शराब के अवैध कारोबार में लिप्त इस मोस्ट वांटेड पर 38 मुकदमें दर्ज हैं। थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सासिया कालोनी निवासी मोस्ट वान्टेड अपराधी वेद प्रकाश उर्फ बेदू (38) पुत्र बद्री पर विभिन्न संगीन धाराओं में 38 मुकदमें दर्ज हैं। उपरोक्त अभियुक्त जनपद खीरी में बहुचर्चित शराब माफिया के नाम से जाना जाता है। आत्म समर्पण की सूचना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने विजय ढुल ने बताया कि पिछले वर्ष बेदू पर अपराधिक मामलो के चलते अभियुक्त की लगभग एक करोड की सम्पत्ति को जब्त की जा चुकी है। आज उसका बेटा अर्जुन तथा मुकुल भी 15 हजार का इनामी था तथा गैगस्टर दर्ज था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी लाभकारी हेल्थ स्कीम: योगेश

- खीरी में आयुष्मान भारत दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम
- विधायक ने बांटे गोल्डन कार्ड



**लखीमपुर-खीरी।** खीरी में भव्यता से आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा ने प्र.डीएम/सीडीओ अनिल सिंह, सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर की मौजूदगी में किया। कार्यक्रम का सफल संचालन योजना के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ वीसी पंत ने किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी लाभकारी योजना है, जो सीधे पांच लाख तक के निशुल्क उपचार की गारंटी देती है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेकर एक मुहिम के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराना होगा। जिसमें सभी पूरे मनोयोग से जुट जाए। उन्होंने कहा कि यह सभी के समेकित प्रयासों से ही संभव हो सकता है। प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल सिंह ने योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता की जानकारी दी। गोल्डन कार्ड पांच लाख तक निशुल्क एवं बेहतर उपचार के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं की गारंटी देता है। पीएम की पुनीत सोच से ही इस जनकल्याणकारी योजना का सृजन हुआ। विधायक सदर स्वयं गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे। सुदूर क्षेत्रों में आयुष्मान योजना के लाभों को बता रहे हैं। जनपद खीरी आयुष्मान कार्ड बनाने की गति में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि आंगनबाड़ी व आशा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। गोल्डन कार्ड के जरिए 1300 से अधिक बीमारियों का मुफ्त इलाज मिलता है। इस कार्ड के जरिए खीरी जिले के साथ-साथ प्रदेश व देश के किसी भी हिस्से में सूचीबद्ध अस्पतालों में निशुल्क इलाज का लाभ पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 19 लाख 22 हजार 720 लाभार्थियों के सापेक्ष चार लाख चौदह हजार सात सौ गोल्डन कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। वही जिले में ग्यारह हजार 649 लाभार्थियों को इस योजना के जरिए अब तक लाभान्वित किया गया है। विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने सीडीओ अनिल सिंह व सीएमओ डॉ शैलेन्द्र भटनागर की मौजूदगी में आयुष्मान भारत योजना के तहत संबद्ध विशेष उपलब्धि वाले जिले के ज़िला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. सीएस सिंह व निजी क्षेत्र के डॉ श्रॉफ चिकित्सालय के संचालक अनुराग मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# कांग्रेस की बैठक में सुनीं समस्याएं

संवाद्दाता संडीला(हरदोई)

**ब्लाक कांग्रेस** कमेटी की बैठक में बेतहाशा महंगाई को लेकर नाराजगी व्यक्त करने के साथ साथ लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किए जाने पर बल दिया गया। ग्राम तिलोइयां खुर्द में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस प्रदेश सचिव महताब अहमद ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकारें केवल झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही हैं। भाषण महंगाई से आम जनमानस रोजी रोटी के लिए परेशान है। हर चीज बेची जा रही है। सरकारें मात्र लोगों को आपस में लड़ाने का काम ही कर रही हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नसीम वारसी ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं और वे लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने में अपनी पूरी कोशिश करेंगे। इस अवसर पर राजीव अवस्थी, संदीप, राजकरन, अमित मिश्रा, सलमान, इश्तियाक, नजमुल हसन, अरुणेश त्रिपाठी, नौरत्न द्विवेदी आदि ने भी अपने विचार रखे।

# मामूली विवाद में जमकर पीटा दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर

- तीन गंभीर, तीन गाड़ियां तोड़ीं

संवाद्दाता संडीला(हरदोई)

**दबंग ग्राम** प्रधान ने अपने ड्राइवर से हुए कथित अपमान का बदला लेने के लिए तीन भाईयों के घरों पर अपने डेढ़ सौ लोगों से आक्रमण कराकर सभी घरवालों को बुरी तरह पिटवाया, घर का सामान तहस नहस कर दिया गया और घर के बाहर खड़ी एक बुलैरो जीप और दो मोटरसाइकिलों को तोड़ डाला गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर में मोहम्मद रबील की बकरा सड़क के किनारे बंधा था, इसी बीच ग्राम रायपुर के पूर्व प्रधान ब्रजेन्द्र सिंह का ड्राइवर राजू अपना ट्रैक्टर लेकर निकला। ट्रैक्टर की चपेट में बकरे का एक पैर आ गया। इसके बाद राजू वहां से ट्रैक्टर लेकर चला गया। जब राजू ट्रैक्टर लेकर वापस लौटा तो रबील ने उसको रोका और बकरे का पैर तोड़ डालने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इस पर राजू उसे देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया और पूर्व प्रधान ब्रजेन्द्र सिंह को सारी जानकारी दी। आरोप है कि इसपर ब्रजेन्द्र सिंह ने डेढ़ सौ लोगों को शंकरपुर रबील को उसकी औकात बताने के लिए भेजा। इस भीड़ ने रबील, उसके भाई सबील तथा अनील के घरों पर धावा बोल दिया तथा घर में जो भी मिला उसे निर्ममता से पीटा। जिसमें तीन लोग बुरी तरह घायल हुए जबकि पांच लोगों को काफी चोटें लगी हैं। इन दबंगों ने अमील के घर के बाहर खड़ी एक बुलैरो जीप तथा दो मोटरसाइकिलों को भी तोड़ डाला। इस घटना की सूचना किसी ने पुलिस को दी तो प्रभारी निरीक्षक महेश चन्द्र पाण्डेय मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ महावीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। चूंकि मामला अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की पिटाई का था इसलिए अपर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। बताते हैं कि इसी बीच में सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने पुलिस पर दबाव बनाना शुरू किया और आखिरकार पुलिस को झुकना पड़ा। पुलिस ने जो रिपोर्ट दर्ज की उसमें दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस की इस प्रकार की कार्रवाई से लोगों में व्यापक चर्चा है।

### राकेश ने संभाला मोहम्मदी का चार्ज

**मोहम्मदी-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी का गैर जनपद ट्रांसफर होने के बाद मोहम्मदी कोतवाली की कमान नए कोतवाल राकेश कुमार गुप्ता ने संभाली। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वे मूल रूप से प्रतापगढ़ का निवासी हैं। 2001 में सब इंस्पेक्टर के पद पर पोस्टिंग हुई। 2016 में इंस्पेक्टर बने। इससे पूर्व हरदोई, बाराबंकी ,अंबेडकर नगर तथा सीतापुर में अपनी सेवाएं दे चुका हैं। उन्होंने कहा कि मेरी प्रमुख रूप से प्राथमिकता है अपराध और अपराधियों को नियंत्रण करना। जनता से सीधा संवाद। सामाजिक अपराधों पर किसी से कोई समझौता नहीं। सट्टा और समैक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

# दबंगों के खौफ से जंगल में रहने को मजबूर है निषाद परिवार

**संवाददाता।** बांदा



**जनपद** में एक ऐसा भी मामला प्रकाश में आया हुआ है कि जहां दबंगों के खौफ के चलते निषाद बिरादरी का लगभग 250 लोगों का परिवार जंगल में रहने को मजबूर है। उनको ना वहां पर किसी प्रकार की सुविधा मिल रही है और ना ही आने जाने के लिए रोड है जिससे रोड के अभाव के चलते उनका जीवन बहुत कठिनाइयों से गुजर रहा है। यहां तक की रोड ना होने के चलते उनके परिवार के दो लोगों की मौत भी हो चुकी हैं।

आपको बता दें कि यह पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड कमासिन का है। कमासिन के रामबाबू निषाद ने बताया कि हम लोग दबंगों के खौफ से जंगल में रहने को मजबूर है। रामबाबू निषाद ने आरोप लगाते हुए कहा है कि दबंग और अधिकारियों की मिली-भगत से हम लोग जंगल में रहने को मजबूर हैं यहां पर यादव बिरादरी के लोगों ने हमें गांव से जबरन निकाल दिया है जिसके चलते हम लोग जंगल में मजबूरीवश रह रहे हैं। रामबाबू निषाद ने आरोप लगाया गया है कि बबेरू तहसील के एक सक्षम अधिकारी ने दबंगों से लेन देन करके हमें किसी लायक नहीं छोड़ा हम लोगों ने सभी सक्षम अधिकारियों के पास जाकर अपनी समस्या सुनाई है और शिकायती पत्र भी दिया है लेकिन फिर भी नहीं हो रही हम लोगों की सुनवाई और इसी क्रम में हम लोगों ने क्षेत्रीय विधायक एवं बांदा चित्रकूट सांसद को भी अपनी समस्या सुनाई है लेकिन फिर भी हमारी मदद नहीं की गई जिससे दबंगों के खौफ के चलते हमें जंगल में रहना पड़ रहा है।

# एक सड़क का दो बार निर्माण दर्शाकर कर दिया भुगतान

- सीडीओ ने दिए जांच के आदेश
- 1.22 करोड़ रुपये का घोटाला होने का अनुमान

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जनपद** के विकास खंड नदीगांव में सड़क निर्माण में करोड़ों रुपये का घोटाला सामने आया है। जिस सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। उसी सड़क का निर्माण ब्लॉक से कागजों में दर्शा दिया गया और भुगतान भी निकाल लिया।

जबकि सड़क का निर्माण कराने वाले लोक निर्माण विभाग ने पहले ही उसका भुगतान कर दिया गया था। कुल एक करोड़ 22 लाख रुपये का घोटाला सामने आया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जांच का आदेश डीडीओ को दिया है। नदीगांव ब्लॉक में इसी तरह कई और सड़कों में दोहरे भुगतान की अनियमितता सामने आयी है। मामले का खुलासा होने के बाद अब अधिकारी भी बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा नदीगांव ब्लॉक में राज्य सड़क निधि से वित्तीय वर्ष 2019 -20 में कैलिया ब्योना संपर्क मार्ग के किलोमीटर संख्या एक में 380 मीटर व किलोमीटर सख्या चार में 330 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। जिसकी लागत 59.71 लाख थी।

एकता कंस्ट्रक्शन के नाम इसका टेंडर हुआ। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद काम कराने वाली फर्म को इसका भुगतान 25 अगस्त को किया गया। कुल तीन किश्तों में भुगतान हो गया। आठ लाख का भुगतान अभी शेष है। इतनी बड़ी चूक का खुलासा जांच के बाद सामने आयेगा।

लेकिन जिस तरीके से शिकायतकर्ता ने सारे तथ्यों को एकत्रित कर शिकायत की है उसे जांच करने वाले अधिकारी अनदेखा भी नहीं कर पाएंगें।

## अतिक्रमणकारियों पर गरजी जेसीबी मशीन

**जालौन (उरई)।** पूर्व निर्धारित कायक्रम के अनुसार प्रशासन ने नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया तथा सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के चालान काटे गए व सड़क पर रखे तख्त व काउंटर जब्त किए गए हैं।

गुरुवार को नगर के बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया गया। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहा, चुर्खी रोड पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें सड़क दोनों ओर बनी नालियों को खुलवाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर दुकानों के बाहर लगे टीन को जे सी बी मशीन लगा कर हटवा दिया गया।

जेसीबी चलता देख दुकानदारों में खलबली मच गई तथा फुटपाथ पर किये हुए अतिक्रमण को स्वयं हटाना शुरू कर दिया। जो रह गया उसे मशीन ने हटा दिया।

देवनगर चौराहे पर फुटपाथ पर दुकानों के बाहर लगे टीन शेड को मशीन से हटवा दिया गया तथा जो सामान लावारिस मिला उसे भरकर नगर पालिका भिजवा दिया गया।

## कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से करें पालनः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सूबे के अपर मुख्य सचिव गृह के हवाले से कहा है कि सोमवार से रविवार तक प्रातः छह से रात 11 बजे तक कोरोना के अनुपालन में गतिविधियां अनुमन्य की गई हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी ने बताया कि शादी समारोह व अन्य आयोजनों में बन्द स्थानों व खुले स्थानों पर एक समय में 100 लोगों के स्थान पर सौ लोगों की अनुमन्यता है। बन्द व खुले स्थानों पर सौ लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार अनुमति होगी। कोरोना हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी। आयोजन/समारोह स्थलों पर आमंत्रित अतिथियों के बैठने की व्यवस्था में दो गज की दूरी के प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। समारोह स्थलों पर शौचालय में साफ-सफाई व सैनेटाइजेशन की व्यवस्था अनिवार्य है। शेष शर्ते 19 जून के उल्लखित शासनादेश के क्रम में अनुपालन कराया जाये। सभी संबंधित लोग निर्देशों का कडाई से पालन करें।

## पहले आओ-पहले पाओ योजना से लाभान्वित होंगे किसान

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी डा. बलदेव प्रसाद ने किसान भाइयों से कहा है कि जो किसान भाई भूमि संरक्षण व मनरेगा के तहत खेत तालाब का निर्माण 2017 से अब तक कराए हैं। जिनके तालाब वर्षा जल से भरे हुए हैं। वे अपना आवेदन उद्यान विभाग के पोर्टल पर 30 सितम्बर तक कर दें। गुरुवार को जिला उद्यान अधिकारी डॉ बलदेव प्रसाद ने किसान भाइयों से कहा कि 30 सितम्बर तक किसान भाई आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करा दें। जिन किसानों के पास न्यूनतम एक हेक्टेयर भूमि तथा पम्पसेट स्वयं का है। ऐसे किसान तत्काल आवेदन भर दें। 30 सितम्बर के बाद किसानों के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ड्राप मोरक्राप, माइक्रो इरीग्रेशन योजना के तहत पंजीकृत सभी किसानों को पहले आओ-पहले पाओ के तहत लाभान्वित किया जायेगा।

## दहेज हत्या में पति व सास जेल भेजे गए

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पहाडी थाना पुलिस ने दहेज हत्या में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पहाडी थाना क्षेत्र के पचोखर गांव में प्रीती (19) पुत्री राजकुमार पाण्डेय निवासी सुरसेन की हत्या ससुराल के पति श्रवण कुमार गौतम व सास गौरा देवी तथा देवर ने हत्याकर शव फांसी के फंदे से लटका दिया था। राजकुमार पाण्डेय की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। इस मामले में थानाध्यक्ष रामआसरे यादव की टीम ने दहेज हत्या में वांछित श्रवण कुमार पुत्र शिवसागर गौतम व गौरा देवी पत्नी शिवसागर निवासी पचोखर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में थानाध्यक्ष रामआसरे यादव, महिला सिपाही निधि यादव, सिपाही विकेश मौर्या व दिनेश यादव शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता के मकान पर भतीजे ने जमाया कब्जा

**जालौन (उरई)।** सेवानिवृत्ति के बाद घर आए रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता के मकान पर भतीजे ने कब्जा कर लिया। समझौते के बाद भी घर में रखा करीब दो लाख रुपये का सामान अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले का निस्तारण कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी रामप्रकाश ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गुजरात के ऑयल एंड नेचुरल गैस अहमदाबाद में अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत था। सेवानिवृत्ति के बाद जब वह अपने गांव में स्थित अपने पैतृक मकान पर पहुंचे तो देखा कि उनके मकान पर उनके ही भतीजे ने कब्जा कर लिया है। कोतवाली में शिकायत करने पर पुलिस के सामने भतीजे ने समझौता कर मकान खाली कर दिया।

# बिना बिजली के आ रहे सौभाग्य योजना के बिल होंगे बंदः पीके. मित्तल

**संवाददाता।** चित्रकूट



**मोदी** सरकार की महत्वाकांक्षी 'सौभाग्य' योजना देश के गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहीं हैं। वहीं बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले के कुछ एक गांवों-मजरों के ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। कई गांवों में बिना बिजली पहुंचे ही ग्रामीणों के घर बिल आने लगे है। ग्रामीणों की इस शिकायत को शासन ने गंभीरता से लिया है।

विद्युत वितरण खंड चित्रकूट के अधीक्षण अभियंता पीके मित्तल ने बिना बिजली के बिल पाने वाले ग्रामीणों से नजदीकी उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराने का अनुरोध किया है। ऐसे ग्रामीणों का बिल विभाग द्वारा बंद कराया जायेगा।

बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले के ग्रामीण इलाको में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सौभाग्य योजना बिना बिजली के ही ग्रामीणों को झटका देना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि विद्युत वितरण निगम ने मीटर तो घरों में लगा दिया पर घरों में बल्ब जले बिना ही बिल पहुंचने लगे है। ऐसे में ग्रामीण उपभोक्ता परेशान होकर जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं।

वहीं बिना बिजली के आ रहे बिल के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। इस मामले अधीक्षण अभियंता पीके मित्तल ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांन्वित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होने बताया कि चित्रकूट जिले के कुछ गांवों और पुरवो में लाइन का काम शेष बचा है। इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों के यहां बिजली पहुंचे बगैर बिल आने की शिकायत प्राप्त हुई है। ऐसे उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

# शिक्षा के स्तर में सुधार लाएं शिक्षकः डीएम

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने प्राथमिक विद्यालय बंधोइन भाग एक व दो का औचक निरीक्षण कर पढाई का जायजा लिया। उनके सवालों का बच्चे सही ढंग से जवाब नहीं दे पाये। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि पढाई का स्तर सुधारें अन्यथा वे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई को बाध्य होंगे।

गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिला मुख्यालय से सटे बंधोइन के प्राथमिक विद्यालय भाग एक व दो का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की पढाई व साफ-सफाई का जायजा लिया। व्यवस्था सही नहीं मिलने पर व कुछ बच्चों के पास ड्रेस न होने तथा बच्चों के मुंह में मास्क न लगा होने, हैण्डपम्प आदि की व्यवस्था सही न होने और हैण्डवाश स्थान पर कनेक्शन न होने पर खफा हुए। उन्होंने प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षकों के प्रति नाराजगी जताई। विद्यालय में बच्चों की संख्या 55 में 31 बच्चे मौजूद मिले।

जिलाधिकारी ने बच्चों से पढाई के बारे में जानकारी की। सही उत्तर ना देने पर शिक्षकों को निर्देश दिये कि शैक्षणिक स्तर में सुधार लायें अन्यथा शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। जिलाधिकारी को प्राथमिक विद्यालय भाग एक में साफ-सफई व शिक्षा का स्तर सही नहीं मिला। 105 बच्चों में 64 बच्चे मौजूद मिले।

विद्यालय की दीवार में सीलन मिलने पर प्रधान श्याम सिंह को निर्देश दिये कि तत्काल ठीक कराएं।

## नाले पर अतिक्रमण से पानी की निकासी हुई अवरुद्ध

**जालौन (उरई)।** गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा नाले पर अतिक्रमण करने से गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है। जिससे जलभराव हो रहा है। इसके अलावा रास्ते पर जानवर बांधने से लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। पीड़ित ने ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगरा निवासी सीलू, शिवपूजन, मलखान सिंह, इंदल सिंह, मोहम्मद शाहिद, अब्दुल रशीद, राजा भइया, सुमित, अनिल कुमार, मझले राजा आदि ने एसडीएम अशोक कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि अभिलेखों में गाटा संख्या 70 नाले की जगह के रूप में दर्ज है। उक्त जगह पर गांव के ही रामकिशोर, नेवा आदि ने कब्जा कर लिया है। नाले की जगह पर कब्जा करने से नाले चोक हो गया है और बारिश का पानी अब नाले से होकर नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में जलभराव होने से गंदा पानी घरों में आ रहा है।

## मांगों को लेकर विद्युत संविदाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**जालौन (उरई)।** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बिजलीघर घर पर हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के आवाह्न पर गुरुवार को बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर रहे तथा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पत्र एसडीओ कौशलेंद्र सिंह को दिया तथा मांगों को पूरा कराने की मांग की। मांग पत्र के माध्यम से मांग की है कि ठेकेदारध्संविदाकारों के माध्यम से संविदा कर्मचारियों की तैनाती कर कार्य कराने के स्थान पर मस्टररोल व्यवस्था के तहत समायोजित कराया जाए। उन्होंने समान कार्य का समान वेतन देने या न्यूनतम मजदूरी 18 हजार रुपये कर प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले हितलाभों को देने की मांग भी की।

# जिले के सभी कांटों को बाट माप विभाग से छह माह से नहीं कराया गया है प्रमाणित

- सरकारी कांटे से घटतौली का मामला

**संवाददाता।** हमीरपुर

**मौदहा** क्षेत्र के कोटेदारों द्वारा राशन देने मे घटतौली का मामला उठाने के साफ हो गया कि जिले में राशन की तौल के लिये आठ सरकारी कांटे सरकारी गोदामों में लगे हुए हैं। वह छह माह पहले से ही तौलने योग्य नही थे, बाट माप से इन कांटों पर हाट शाखा ने ना तो मुहर लगायी है न ही इनकी रिपेयरिंग करायी है। जानकारी के मुताबिक जिले में कुरारा, सुमेरपुर, मौदहा मुस्करा, राठ, गोहांड सरीला व शीतलपुर गांव में सरकारी राशन सामग्री तौलने के लिये गोदामों सरकारी काटे लगे हुए हैं। बाटमाप अधिकारी जेसी मौर्य ने बताया कि इन काटों की मुहर हर लगाकर बाटमाप विभाग से प्रमाणित कराना चाहिए। इसकी जिम्मेदार डिप्टी आरएमओ वृजेश यादव की है इसके लिये दो हजार रुपये सरकारी फीस जमा करनी होती है मगर संभागीय हाट शाखा विभाग ने छह माह से अधिक का समय व्यतीत हो गया है काटे को हाट शाखा से प्रमाणित ही नहीं कराया है, ना ही काटो की रिपेयरिंग करायी है जब कि समय समय पर सरकारी काटों की रिपेयरिंग बहुत ही आवश्यक है। जिससे कोटेदारो की मांग सही है।

गोदामों में सरकारी काटो से कम तौलने की शिकायते अक्सर आती रहती है कल जब राशन कोटेदारों ने बवाल मचाया तो बाट माप अधिकारी ने प्रशासन को रिपोर्ट भेज कर काटों की स्थिति से अवगत करा दिया है हाट शाखा पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है।

## रामलीला में हुआ स्टेज पूजन, मूर्तियों के वस्त्रों की नाप हुई

**कोंच (जालौन)।** रामलीला रंगमंच आचार्य द्वारा किए गए मुहूर्त शोधन के अनुसार गुरुवार को रामलीला भवन पर स्टेज पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके अलावा मूर्तियों के वस्त्रों की नाप का भी मुहूर्त पूर्ण किया गया। स्टेज पूजन का कार्यक्रम रामलीला के सीनरी विभाग से जुड़ा है। नगर के विद्वान ब्राह्मणों पं. लल्लूराम मिश्रा, ज्योतिर्विद पं. संजय रावत, पं. नवनीत मिश्रा शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्टेज पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। होता की भूमिका सीनरी विभाग के पवन अग्रवाल ने निभाई। इसी के साथ सीनरी विभाग ने मंच सज्जा का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष राजकुमार निरंजन छुन्ना धनौरा, उपाध्यक्ष पीडी रिछारिया, मंत्री अरविंद मिश्रा, अभिनय विभाग के अध्यक्ष रमेश तिवारी, केशव बबेले, सीनरी विभाग के संतोष तिवारी, रामसहाय सेठ, गुड्डन पाटकार, भोले अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बक्फ बोर्ड ने पुरानी कमेटी भंग कर जावेद माहतौ की कमेटी को दी मान्यता

- जांच में धांधली का हुआ खुलासा

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**कस्बा** मौदहा स्थित मोहर्रम के सबसे बड़े इमाम चौक उपरौस में वक्फ कमेटी बनाकर दुकानों के निर्माण व मुसाफिर खाने के नाम पर भारी घोटालों के चलते पूर्व की कमेटी को भंग कर अब नई कमेटी घोषित की गयी है। जानकारी के मुताबिक इमाम चौक वक्फ नंबर 81, जिसमें कस्बे के ताजियों का जलसा व मुहर्रम में आग का अलाव भी कूदा जाता है। मुहर्रम को ताजियों का जलसा के साथ 10वीं हजार की भीड़ एकत्र होती है।

इस वक्फ नंबर 81 में मोहल्ले के सुलेमान व शमशुद्दीन आदि ने एक कमेटी गठित कर यहां 39 व्यावसायिक दुकानें व एक मुसाफिर खाना तथा एक इमाम चौक कमेटी का हाल निर्मित कराया था,जिसके लिए वक्फ विकास निगम से धनराशि आवंटित करायी गई थी। निर्माण के बाद उक्त दुकानों को नियमों को ताक में रखते हुए अपने परिवारी व सम्बंधियों को अधिकांश नाम मात्र के किराये में आवंटित कर दी गई थी, यहां तक कि मुसाफिर खाने में अपने ही बेटे का जिम संचालित कराने जैसे अन्य गंभीर मामलों की शिकायत वक्फ बोर्ड की अधिकारियों को देने के साथ ही जांच कराने की मांग की थी। जिस पर आयोजित जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी वक्फ बोर्ड ने कस्बे के उपरौस मैदान भेजी।

दोनों पक्षों के बयानों व मौके का स्थलीय निरीक्षण कर अभिलेखों का परीक्षण के बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में गंभीर घोटालों को उजागर किया है। जिसमें मोहर्रम के समय हजारों रुपए का लंगर, लड़कियों की शादी में धन व्यय के साथ ही मुसाफिर खाने में जिम संचालित कराने, अपने बेटे- बेटियों को दुकानें आवंटित कराने जैसे मामले उजागर कर शमशुद्दीन महतौ व सुलेमान आदि की कमेटी को नयी मान्यता ना देकर नयी बनायी गई कमेटी मो जावेद माहतौ अध्यक्ष, सचिव अजहरुद्दीन हैदरगंज, रजा मुहम्मद कैशियर आदि की पांच सदस्यीय कमेटी को मान्यता दी है।

वक्फ बोर्ड के असिस्टेंट सेक्रेटरी ताजदार आलम ने 20 सितंबर को जारी किए गए आदेश में शमशुद्दीन द्वारा अपनी कमेटी के नवीनीकरण को खारिज करते हुए मो जावेद पुत्र आफताब अहमद को उपरौस की कमेटी को मान्यता प्रदान की है।

अब इमाम चौक उपरौस की वक्फ सम्पत्ति की व्यवस्था उक्त कमेटी करेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी हमीरपुर को आवश्यक जानकारी व कार्रवाई के लिए भी पत्र भेजा गया है।

## किरायेदार पर मकान अपने नाम कराने का आरोप

**जालौन (उरई)।** मकान में रहने वाले किराएदार ने धोखे से वृद्धा का मकान अपने नाम करा लिया इतना ही नहीं बक्से में रखे 50 हजार रुपये भी चोरी कर लिए। पीड़ित वृद्ध महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी वृद्धा रामबाई बेवा देवीदयाल ने पुलिस को बताया कि उनके मकान में कुछ साल पहले ब्यौना निवासी राजू उर्फ रजपाल व उसकी पत्नी माया देवी रहने के लिए आए थे। कुछ समय पूर्व राजू बीमारी का बहाना बनाकर उसे अपने साथ ले गया और उनका मकान अपने नाम करा लिया। बीमारी के नाम पर उसने बैंक से एक लाख रुपये भी निकलवा लिए और अब उन्हें वापस नहीं कर रहा है। इसके बाद भी उसने कुछ नहीं कहा। पीड़िता का आरोप है कि राजू व उसकी पत्नी ने उसके बक्से में रखे 50 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। इस बारे में जब उसने राजू से पूछतांछ की तो उसने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसके रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

## गौशाला में पशुओं की करते रहें जांचः नंदी

**चित्रकूट।** जिले के प्रभारी मंत्री व अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी ने चिन्हित गौशाला एवं पुलिया और बच्चों का औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण में तीनों स्थानों पर बेहतर कार्य पाया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों की सराहना किया। कहा कि अधिकारी सही ढंग से कार्य करें। गौशाला में जानवरों को समय से चारा-भूसा व पानी सुलभ कराएं। किसी भी पशु की गौशाला में मृत्यु नहीं होनी चाहिए। गौशाला में पशुओं की जांच लगातार पशु चिकित्साधिकारी करते रहें। इस मौके पर सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# जिले में तीन साल बाद भी लागू नहीं हुई यात्री राहत योजना

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले** में सड़क दुर्घटना के लिये संजीवनी साबित होने वाली यात्री राहत योजना जिले में तीन साल बाद अभी तक लागू नही हुई है जिससे आज तक किसी भी यात्री को कोई लाभ नही मिला है।

जानकारी के मुताबिक रोडवेज व प्राइवेट वाहन पर यात्रा करने में रोडवेज में तो यात्री का बीमा हो जाता है यदि रोडवेज बस सड़क में किसी वाहन से टकरा जाती है यदि कोई यात्री की मौके पर मौत होती है तो परिवारीजनों द्वारा विभाग मे क्लेम करने पर रोडवेज विभाग उसे तुरंत पाच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देता है इसी प्रकार यदि किसी यात्री का अंग भंग होता है तो उसे ढाई लाख रुपये व घायलों को 20-20 हजार रुपये फौरी तौर पर तुरंत दिये जाते है। ताकि पीडित व्यक्ति तुरंत उपचार करा ले यह जिम्मेदारी रोडवेज के एआरएम की होती है।

नियमानुसार जिस क्षेत्र में सड़क दुर्घटना होती है उस क्षेत्र के एआरएम वहा पहुचकर घायलों को विभाग की तरफ से 20 हजार रुपये की धनराशि तुरंत प्रदान करता है।

हालाकि यह नियम ज्यादातर लोगों को जानकारी नही होती है हर साल जिले में बस दुर्घटनाएं होती है मगर पीड़ित व्यक्ति घायल को अस्पताल लेजाकर वह उपचार कराने लगता है रोडवेज विभाग मे धनराशि की कोई क्लेम नही करता है, जिससे आज तक इस योजना मे किसी भी व्यक्ति को कोई लाभ नही मिला है।

विभाग के जनरल मैनेजर आशुतोष गौड़ ने बताया कि यात्री राहत योजना यात्रियों के लागू की जाती है मगर इसके संचालन की जिम्मेदारी विभाग के आरएम व एआरएम की होती है। एआरटीओ के संज्ञान में कई घटनाएं सामने आयी है मगर उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

## क्या कहते है जिम्मेदार

**हमीरपुर।** इस मामले मे रोडवेज के एआरएम अकील अहमद खान का कहना है कि उनके पास इस प्रका का कोई क्लेम आयेगा तो वह अवश्य घायल की मदद करेगे दो सप्ताह पहले विधनू क्षेत्र में हमीरपुर डिपो से घायल एक बालिका को कानपुर एआरएम ने 20 हजार रुपये की मदद दी थी इस मामले में एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह का कहना है कि इस योजना के बारे मे उन्हे कोई जानकारी नही है जानकारी कर उस पर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल विभाग से इस प्रकार कोई लाभान्विव नही हुआ है।

# पुलिस ने हत्यारोपी पिता पुत्र को भेजा जेल

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**ग्राम** अरतरा में युवक की हत्या के आरोपी पिता पुत्र को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया। हालांकि सिसोलर पुलिस ने एक आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है।

वहीं दूसरे आरोपी को अरतरा गांव के पास बाहर से गिरफ्तार करना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गये पिता पुत्र को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम अरतरा निवासी श्री राम (30) की मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद गांव के ही मनोज वर्मा व उसके पिता वरदानी समेत एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार की रात गोलीमार कर हत्या कर दी थी और मौके से भाग निकले थे। घटना के बाद मृतक के बड़े भाई सीताराम की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र समेत एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

बुधवार की रात सिसोलर पुलिस को गांव के पास ही नहर की पुलिया में बदमाशों की हलचल होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा ने दल बल समेत मौके पर पहुंचे तो वहां अंधेरे में एक व्यक्ति दिखाई देने पर उसे घेरने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी। उसके बावजूद हेमंत मिश्रा ने हिम्मत दिखाते हुए सूझबूझ के साथ आरोपी को घेर कर पकड़ लिया।

## अभियान चलाकर सीज किए 17 ओवरलोड ट्रक

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों की जांच के लिए जारी विशेष अभियान में पहाडी पुलिस ने 13 ओवरलोड ट्रकों व यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने चार ओवरलोड ट्रकों को सीज किया है। गुरुवार को पहाडी थानाध्यक्ष रामआसरे यादव ने खनिज अधिकारी शनि कौशल के साथ वाहनों की जांच की। जांच दौरान 13 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया। जांच दौरान तमाम ट्रकों के चालकों ने जांच टीम की मौजूदगी स्थल से पहले ही ट्रकों को खडा कर दिया था। जिले में ओवरलोड वाहनों की लोकेशन देने को तमाम लोग सक्रिय हैं। इसी क्रम में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने चार ओवरलोड ट्रकों को सीज किया।

## कोंच एसिड अटैक मामले में पुलिस के हाथ खाली

**कोंच (जालौन)।** गत मंगलवार की भरी दोपहरी में भीड़भाड़ वाले इलाके में दुकान पर बैठी युवती पर एसिड अटैक की बड़ी घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों का घटना के करीब 55 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगी पुलिस की अलग अलग टीमें नगर सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में घूम रहीं हैं। सीसीटीवी फुटेज,घटनास्थल के आसपास मोबाइल नेटवर्किंग के अलावा साफ सफाई व बैटरी में प्रयोग किये जाने हेतु चोरी छिपे रसायन की बिक्री किये जाने व हाल के दिनों में जनपद भर में खरीदी गयीं अपाचे बाइक जैसे हर एक छोटे से बड़े बिंदु पर पुलिस लगातार सक्रिय बनी हुई है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सलाहकार समिति की बैठक

● बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण : जिलाधिकारी

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजनाए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, पंडित दीनदयाल रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा माटी कला योजनाए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रथम ऋण हेतु 1234 एवं द्वितीय ऋण हेतु 785 का लक्ष्य आवंटित किया


बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम पायनियर

गया जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा प्रथम ऋण हेतु 1980 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 1845 आवेदन स्वीकृत किए गए तथा 1814 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरित किया गया एवं 31 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों में लंबित हैंए द्वितीय ऋण हेतु विभाग द्वारा 6 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष बैंकों द्वारा 5 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गएए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत लक्ष्य 50 के सापेक्ष विभाग द्वारा 94 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गए जिनमें से 13 आवेदन स्वीकृतए 6 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरित एवं 12 आवेदन पत्र निरस्त किए गए तथा विभिन्न बैंकों में 69 आवेदन पत्र लंबित हैं। ओडीओपी योजना अंतर्गत लक्ष्य 20 के सापेक्ष विभाग द्वारा 54 आवेदन पत्र भेजे गए जिसके सापेक्ष 12 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गएए 6 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरित किया गयाए 22 आवेदन पत्र निरस्त किए गए एवं 20 आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित हैंए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा माटी कला योजना अंतर्गत लक्ष्य 10 के सापेक्ष बैंकों को 26 आवेदन प्रेषित किए गए जिसमें 6 आवेदन स्वीकृतए एक आवेदन पर ऋण वितरण एवं 7 आवेदन पत्र निरस्त किए गए तथा 13 आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु लंबित हैंए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूहों के बैंक लिंकेज के वार्षिक लक्ष्य 1500 के सापेक्ष 1476 पत्रावलियां बैंकों को प्रेषित की गई जिसके सापेक्ष 350 समूहों के बैंक लिंकेज स्वीकृत किए गए तथा 223 पत्रावलियां लंबित हैं। पंडित दीनदयाल स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लक्ष्य 1170 के सापेक्ष बैंकों को 190 आवेदन प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष 21 आवेदन स्वीकृत ए15 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण तथा 168 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों में स्वीकृति हेतु लंबित है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत विभाग द्वारा बैंकों को 11 आवेदन प्रेषित किए गए जिनमें से एक आवेदन पत्र स्वीकृतए एक आवेदन पत्र निरस्त तथा 9 आवेदन विभिन्न बैंकों में स्वीकृति हेतु लंबित हैं। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिएए इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ताए परियोजना निदेशक डूडा उमाशंकर वर्माए जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश पांडेए उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केंद्र राजीव पाठक सहित समस्त बैंकर्स मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** गुरुवार को स्थानीय कोतवाली पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को क्षेत्र के कादूनाला मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को चिकित्सीय परीक्षण के बाद जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक गत दिनों कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की निवासी महिला ने कोतवाली को तहरीर देकर एक युवक पर दुष्कर्म करने व धमकी की शिकायत की ।मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर घटना में शामिल आरोपी के विरुद्ध मु अ सं 261ध्2021 धारा 376 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तार के निर्देश दिए ।गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा उपनिरीक्षक संकठा प्रसाद मौर्य व मय हमराही सिपाही क्षेत्र भ्रमण के दौरान नामजद आरोपी राहुल उर्फ आशीष कुमार पुत्र बैजनाथ निवासी ग्राम कादीपुर कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी को क्षेत्र के कादूनाला के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## 25 हजार रुपये का इनामिया व लूट का आरोपी गिरफ्तार

● पुलिस, एसटीएफ व एसओजी टीम को मिली बड़ी सफलता

● जनपद समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी है वांछित


शिवरतनगंज पुलिस टीम की गिरफ्त में इनामिया आरोपी पायनियर

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**जनपद** अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 घनश्याम यादव एसटीएफ लखनऊ मय टीम व एसओजी प्रभारी अमेठी विनोद कुमार यादव हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ईनामिया अपराधी विजय विक्रम सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र स्व0 सुमन बहादुर सिंह नि0 पूरे अमेठियन मजरे भवानीपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी कहीं भागने की फिराक में है। प्रभारी निरीक्षक शिवरतनगंज इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह एस टी एफ टीम लखनऊ व एस ओ जी टीम अमेठी के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान सहादतगंज चौराह अहोरवा भवानी मार्ग के पास से चारो तरफ से घेराबंदी करके पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व लूट का 3700 रुपयेए एक आदद पैन कार्ड बरामद हुआ । इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त 25ए000ध् रुपये का ईनामिया व हिस्ट्रीशीटर है । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बीते 21 अगस्त को सगरापुर के पास से एक व्यक्ति को गोली मारकर अपने साथी अविनाश गौतम के साथ 32000 रु0 पैनकार्ड, आधारकार्ड लूट लिया था । बरामद रुपये व पैनकार्ड उसी लूट के हैए शेष रुपये खर्च हो गया । पकडे गये आरोपी पर जनपद समेत प्रदेश के कई अन्य जनपदों में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने में इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह मय टीम थाना शिवरतनगंजए उ0नि0 विनोद कुमार यादव एसओजी प्रभारी मय टीम जनपद अमेठीएउ0नि0 घनश्याम यादव मय टीम एसटीएफ लखनऊए उ0नि0 तनुज कुमार पाल चौकी इन्हौना व उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का किया वार्षिक निरीक्षण

संवाददाता। श्रावस्ती,भिनगा

**पुलिस** महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज डा0 राकेश सिंह ने मुख्यालय भिनगा पहुचकर पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का वार्षिक निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण से पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय पर गार्द की सलामी ली। इसके पश्चात पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया । पुलिस महानिरीक्षक ने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाईन/नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, कोरोना सेल, अपराध शाखाए विशेष किशोर पुलिस ईकाई, एएचटीयू,आयोग सेल, आगन्तुक हेल्प डेस्क, आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, मीडिया सेल व



स्थानीय अभिसूचना इकाई एलआईयू का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी की साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करनेए डीसीआरवी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही कराने, क्राइम ब्रांच को लंबित विवचनाओं के शीघ्र निस्तारण करनेए विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्यवाही करने, जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैकं लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करानेए साइबर सेल को ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित शिकायतों में पीड़ित को त्वरित न्याय दिलानेए मॉनीटरिंग सेल को पॉक्सों व महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलानेए सोशल मीडिया सेल को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखने व एलआईयू शाखा को पासपोर्ट वेरीफिकेशन का समयबद्ध निस्तारण करने व अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होने आगामी त्यौहारो को सकुशल एवं शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने एवं जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये।

## क्विक न्यूज

### मजदूर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के किसुनदास पुर गांव निवासी दिहाड़ी मजदूर पर घात लगाए बैठे युवक ने धारदार हथियार से जान लेवा हमला कर दिया। घायलावस्था में उसकी जब से मजदूरी के रूपये भी छीन लिए। पीड़ित ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी रंजीत का आरोप है कि जमीनी रंजिश को लेकर पड़ोसी गांव के युवक से उसका विवाद चल रहा है। बुधवार की देर शाम वह रायबरेली से मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था। तभी गांव के पास नहर के पुल पर पहले से घात लगाए बैठे युवक ने उसपर कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया। मजदूर घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा तभी उसकी जेब से दस हजार रुपए निकाल लिए और रफूचक्कर हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल अवस्था में उसे सीएचसी ले गए। जहां उपचार कराया गया। कार्यवाहक कोतवाल रामराज कुशवाहा ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। प्रार्थना पत्र मिला है जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### घर से गायब किशोर बरामद

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** घर से नाराज़ होकर भागे किशोर को कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया ।बच्चे को पाकर परिजनों ने कोतवाली पुलिस की सराहना की । बुधवार को कोतवाली में तैनात होमगार्ड नफीस व राधेश्याम ने स्थानीय कस्बा स्थित गौरीगंज तिराहे के पास एक संदिग्ध लड़के को देखकर उसके पास पहुंचकर बातचीत किया ।बातचीत के दौरान लड़के ने अपना परिचय अब्दुर्रहमान पुत्र एकलाख अहमद निवासी ग्राम बलया जगदीशपुर थाना टांडा जिला अम्बेडकरनगर बताया ।उसने पुलिस को माता पिता से नाराज़ होकर घर छोड़कर भागने की जानकारी दी ।पुलिस लड़के को लेकर कोतवाली लाई ।बरामद किशोर को भोजन पानी कराते हुए परिजनों को सूचना दी ।गुरुवार की दोपहर करीब कोतवाली पहुंचे पिता एकलाख अहमद को उसके बेटे से जब मिलवाया तो आंखो में आंसु छलक आए ।बेटे को पाकर पिता ने कोतवाली पुलिस के स्टाफ की सराहना की ।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जगदीशपुर,अमेठी।** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ.वाराणासी रेलखंड स्थित बड़ा गाँव रेलवे क्रासिग का फाटक पार करते समय अचानक पैंतालिस वर्षीय युवक सुलतानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया ।जिसकी थोड़ी देर बाद मौत हो गई ।जहां स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व जीआरपी ने घटना का निरीक्षण कर जाँच पड़ताल शुरू की ।मृतक की पहचान विजय पुत्र कल्लू गाजी उम्र लगभग 45वर्ष निवासी बडेगाव मजरे हुसैनगंज कलां कोतवाली जगदीशपुर जनपद अमेठी के रूप में हुई है ।

### 24 सितम्बर को एक दिवसीय एक्सपोर्ट कानक्लेव कार्यक्रम का आयोजन

**रायबरेली।** माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय एवं उ0प्र0 सरकार के उद्योग विभाग के आपसी समन्वय से आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में आज़ादी का अमृत महोत्सव में वाणिज्य सप्ताह के अन्तर्गत 24 सितम्बर, 2021 को जनपद स्तर पर एक दिवसीय एक्सपोर्ट कानक्लेव कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में 10:30 बजे मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में जनपद की निर्यात प्रोत्साहन समिति जिसमें जनपद के औद्योगिक संगठनों निर्यातक इकाइयों एवं सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टॉल लगा कर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा। निर्यात सम्बन्धी विभागीय योजनाओं की जानकारी भारत सरकार निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के प्रतिनिधियों द्वारा दी जायेगी। उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए जनपद की समस्त निर्यातक एवं औद्योगिक इकाइयों से कहा है कि 24 सितम्बर को जनपद में आयोजित एक दिवसीय एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें।

### डाक जीवन बीमा से युवा पीढ़ी सुरक्षित कर रही अपना भविष्य: अधीक्षक डाकघर

**रायबरेली।** अभी तक सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए सीमित डाक जीवन बीमा अब निजी क्षेत्र के अध्यापकों वकीलों एवं विभिन्न प्रकार की निजी कंपनियों के कर्मचारियों हेतु शुरू कर दी गई है।अधीक्षक डाकघर रायबरेली मंडल अशोक बहादुर सिंह ने बताया कि डाक जीवन बीमा की शुरुआत 1884 में हुई और प्रारंभ में यह सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कर्मचारियों के लाभ के लिए शुरू की गई थी। लेकिन अब सामाजिक सुरक्षा का दायरा विस्तृत कर अधिकाधिक लोगों को डाक जीवन बीमा के संरक्षण में लाया जाएगा जैसे कि निजी शिक्षण संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों के कर्मचारी, पेशेवर जैसे डॉक्टर,अभियंता प्रबंधन सलाहकार वास्तुकार बैंकर, या फिर राष्ट्रीय शेयर बाजार तथा मुंबई शेयर बाजार के सूचीबद्ध कंपनियों के कर्मचारी भारतीय डाक विभाग की इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। भारतीय डाक विभाग यह दावा करता है कि डाक जीवन बीमा किसी भी अन्य बीमा कंपनी के मुकाबले छोटी किस्त में ज्यादा बोनस देता है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई आयोजित

**श्रावस्ती, भिनगा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद रामशिरोमणि वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि जिले मे सभी अधिकारी टीम भावना के साथ करके जनपद का चहुँमुखी विकास किया जाएए और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जन.जन को लाभान्वित भी किया जाय और ये भी ध्यान रखा जाय कि कोई भी गरीब असहाय एवं निर्धन व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रहे। सांसद ने जिले में खराब सड़कों को मरम्मत कराकर दुरूस्त कराने एवं बाढ़ से सुरक्षा हेतु बनाये जा रहे तटबन्धों को समय से पूरा कराये जाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होने अगामी कुछ ही दिनों में प्रारम्भ होने वाले धान खरीद की व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निर्देश दिया हैए ताकि किसान भाईयों को कोई दिक्कत न होने पावे।

## दो अक्टूबर से 14 नवम्बर तक चलने वाले जागरूकता शिविर को लेकर हुई बैठक

**श्रावस्ती।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए श्रावस्ती के निर्देशन में आजादी का 75 अमृत महोत्सवए जागरूकता शिविर अभियान 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर 2021 तक विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर जन साामन्य को जागरूक किये जाने हेतु एक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में मृत्यंजय श्रीवास्तव प्रभारी सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्सिविल जज प्रवर खंडए श्रावस्ती ने सभी तहसीलदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने.अपने तहसीलों में विशेष जागरूकता अभियान लगाकर जनसामान्य को जागरूक करे। उन्होने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक विभिन्न स्थानो पर कैम्प लगाकर लोगो को जागरूक किया जाये। विभिन्न स्थानो पर



विभिन प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन भिन्न.भिन्न प्रकार के विषयो पर जागरूक किया जाये। लोगो मे पम्पलेटए बैनरए पोस्टरए डिजिटल आडियो.विडियो व प्रोजेक्टर का उपयोग कर शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओ को प्रचार.प्रसार वृहत स्तर पर किया जाये। लोगो को विधिक कानूनी सहायता से सम्बन्धित योजानाओ हेतु गांवो में कैम्प लगाकर लोक अदालतए मीडियेशन के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओ व नि:शुल्क कानूनी व्यवस्था से सम्बन्धित सभी प्रकार की योजनाओ को तथा शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओ व उनसे होने लाभ से अवगत कराये। इस बैठक मे राम प्यारे तहसीलदार भिनगाए प्रेम कुमार तहसीलदारए इकौनाए नारायन सिंहए जमुनहाए श्रावस्ती उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समिति की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में आज कैम्प कार्यालय में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संकलित किए गए नमूनों की जानकारी लीए जिस पर अभिहित अधिकारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष 413 खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 63 नमूने संकलित किए गए हैं साथ ही 27 प्रकरणों में 233000 का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसके साथ ही बिना लाइसेंस के 43 प्रतिष्ठान पर कार्यवाही की गई हैए दूध के 14 नमूने लिए गए जिसमें से 02 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मिलावट को लेकर होटलोंए ढाबोंए रेस्टोरेंटोंटए मेडिकल स्टोरए बेकरीए आटा चक्कीए आयल मिलए दूध कलेक्शन सेंटर के साथ ही विद्यालयों में मिड.डे.मिल के अधिक से अधिक नमूने संकलित कर जांच करने के निर्देश दिए।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक सम्पन्न


कार्यक्रम में सम्मानित हुई महिलाएं पायनियर

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अमेठी की जिला कार्य समिति की बैठक बाबू रंजीत सिंह फार्मेसी कालेज खेरौना अमेठी में आयोजित की गई प् जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता कल्पना तिवारी जी ;प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चाद्ध एवं कंचन कोरी ;क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चाद्ध काशी क्षेत्र कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा बाजपेई जी ने किया।कार्यक्रम की आयोजक जिला कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा शाम्भवी अनंत विक्रम सिंह मौजूद रही। कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह समर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत कोरोना योद्धाओं 71 बहनों का सम्मान भी किया गया।जिसमे आशा बहुओंएपुलिस कर्मीएसफाई कर्मीएआंगनबाड़ीए डॉक्टर शामिल रही। जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुधांशु शुक्लाएसंचालन जिला महामंत्री निमिषा त्रिपाठी जी ने किया कार्यक्रम में गीता सिंह जिला महामंत्री महिला मोर्चा ने स्वागत भाषण किया इस अवसर पर माधवी सिंह क्षेत्रीय शोध प्रमुख उपस्थित रही।

## जीवन का निहतार्थ है रामकथा : रामभद्राचार्य



**रायबरेली।** प्रभु श्रीराम की कथा में जीवन के वह सारे रस निहीत हैं जो व्यक्ति के जीवन को ऊंचाई पर ले जाने में सक्षम हैं। मानस में तुलसीदास जी ने जिन मूल्यों और मानदंडों को स्थापित किया है वह न तो उसके पहले कभी हुआ और न कभी उसके पश्चात। रामकथा में आध्यात्म भी है और जीवन का दर्शन भी। राजनीति भी है और धर्मपरायणता भी। एक पिता का आदेश पुत्र के लिए किस प्रकार जीवन परिवर्तन का कारक बन जाता है यह प्रभु श्रीराम के जीवन से पता चलता है। प्रभु श्रीराम के जन्म के निमित्त रही गुरु वशिष्ठ की यह धरती वाशिष्ठी अर्थात बस्ती में आकर अपने को धन्य मानता हूं। यह बात रामचरित मानस के मर्मज्ञ, प्रकांड विद्वान जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कही। वे सताव स्थित मां गौरा पार्वती मंदिर के प्रांगण में आयोजित नौदिवसीय दिव्य श्री रामकथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे थे।इसके पूर्व पंचवटी परिवार के इस आयोजन में परम विदुषी साध्वी पंछी देवी जी एवं अन्य संत महात्माओं ने विधि विधान से पाठ किया। बड़ी संख्या में मौजूद धर्मानुरागियों ने इस अवसर पर पुण्य लाभ अर्जित किया। शाम को कथा प्रारंभ होने पर पहुंचे स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी का आयोजक और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ स्वागत किया। इस मौके पर आयोजन समिति के लोगों ने व्यवस्था पूर्ण आस्था से संभाल रखी थी।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान एसो. ने दिया धरना

संवाददाता। छतोह, रायबरेली

**किसानों** की कई समस्याओं के निराकरण के लिए किसान कल्याण एसोसिएशन (अराजनैतिक) का धरना गुरुवार को छतोह ब्लॉक कार्यालय के परिसर में प्रारम्भ हो गया।एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व और जिलाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय के संचालन में मण्डल अध्यक्ष अरविन्द कुमार जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आलम जहीर, मँगरू पासी, राजू पासी, दल बहादुर पाण्डेय, केदारनाथ मिश्र, सन्तोषी, कुसुम, श्याम कली, गीता, मीना आदि सैकड़ों किसानों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया जिसमें भारतीय किसान यूनियन(टिकैत गुट) के नेता शिवबहादुर सिंह भी कार्यकर्ताओं सहित शामिल हुए।एसोसिएशन के कार्यकर्ता राम प्यारे पासी ने ग्राम पंचायत बेवल में हुए भ्रष्टाचार की जाँच की माँग को लेकर आमरण अनशन भी आरम्भ कर दिया।किसानों की प्रमुख माँगों में वर्ष 2017 से 2020 की अवधि में



ग्राम पंचायत बेवल द्वारा कराए गये नाली, खड़न्जा, सड़क, आवास, स्ट्रीट लाइट आदि कार्यों में हुये कथित घोटाले, लखापुर में कोटेदार के अनियमित चयन और ब्लॉक भर में बाजार भाव से दस गुने मूल्य में खरीदी गई स्ट्रीट लाइट की जाँच, कान्हा गौशाला कुँवरमऊ के पशुओं के लिये चारापानी के धन का आबंटन, पात्र किसानों को आवास दिलाने, आवारा पशुओं को गौशाला में भेजवाने सहित खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाना शामिल है।समाचार लिखे जाने अपराह्न 5–30 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी सहित किसी भी अधिकारी ने मौके पर आना या दूरभाष पर सम्पर्क करना उचित नहीं समझा।थाना नसीराबाद के उपनिरीक्षक मुलई प्रसाद मय हमराही पुरुष व महिला आरक्षियों के धरना स्थल पर मुस्तैद दिखे।सीयूजी नम्बर पर बात करने पर बीडीओ ने कहा कि मीटिंग में हूँ, बाद में बात करूँगा।

## तहसीलदार की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने जमकर काटा हंगामा

**ऊंचाहार,रायबरेली।** तहसीलदार की मनमानी के चलते वाद कारियों को समय से न्याय नहीं मिल रहा है। लोग आते हैं और तारीख लेकर चले जाते हैं। वकीलों के निवेदन के बावजूद भी तहसीलदार किसी भी मुकदमे में सुनवाई करने को तैयार नहीं है। तथा सभी न्यायालयों में पेश कारों द्वारा निजी तौर पर कर्मचारी रखकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी को लेकर अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा काटा है। अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चंद्र उपाध्याय, सीके शुक्ला, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, चंद्रमणि शुक्ला, महादेव वर्मा, धर्मेश पाठक, राज नारायण मिश्र, शिवजी पांडेय, अशोक कुमार, राकेश कुमार समेत बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने तहसीलदार की कार्यशैली से नाराज होकर बुधवार को तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसीलदार द्वारा न्यायालय में बैठकर वादों को सुना नहीं जाता। जिसके चलते वादकारी परेशान हैं।

# गबन के आरोप में एडीओ सहित चार सचिवों पर मुकदमा दर्ज

● कुदरहा के एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह ने लिखाई लालगंज में एफआईआर

● कुदरहा के ग्राम पंचायत दैजी में हुआ भ्रष्टाचार का मामला

संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** सहित ग्राम निधि में भ्रष्टाचार के मामले में पहले स्थान पर रहने वाला कुदरहा ब्लॉक का सच धीरे-धीरे खुलने लगा हैं, व्यवस्था परिवर्तन का भी इस ब्लॉक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसका सबूत एक एडीओ पंचायत और तीन सेक्रेटरियों के खिलाफलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराना है। यह एफआईआर कुदरहा के एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह की ओर से दर्ज करायी गयी है। मनरेगा में इस ब्लॉक में 21 सितंबर 21 तक 16 करोड़ 11 लाख लाख व्यय हो चुका है। जबकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी लगभग छह माह अवशेष है।

एडीओ पंचायत द्वारा लिखाई गई एफआईआर में कहा गया है कि ग्राम पंचायत दैजी में ग्राम निधियों से संबधित धन निकालने के बावजूद अभी तक कार्य संबधी कोई अभिलेख तैयार नहीं किया गया, और तबादले के बावजूद सचिवों को चार्ज नहीं दिया गया, सबसे बड़ी वित्तीय अनियमितता जो भुगतान पीएफएमएस के जरिए होना चाहिए, उसका भुगतान चेक से किया गया, कैशबुक, लेजर, एमबी, कार्यपूर्ति, बाउचर नहीं दिया गया और धन आहरित कर लिया गया। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया, उनमें निलंबित ग्राम पंचायत अधिकारी वीरेंद्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अवधेष कुमार राव, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेष कुमार चौधरी एवं विक्रमजोत में एडीओ पंचायत के पद पर विक्रमजोत ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी हरिओम पाल का नाम षामिल है। इनमें ग्राम विकास अधिकारी अवधेष कुमार राव वर्तमान में कुदरहा ब्लॉक में तैनात है।

वहीं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत)कार्यक्रम के तीन वर्ष पूरा होने पर एएनएम प्रशिक्षण केंद्र बस्ती में संगोष्ठी व सम्मान समारोह गुरुवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर योजना में अच्छा काम करने वाले अस्पताल संचालकों को सम्मानित करने के साथ ही लाभार्थियों को योजना के प्रति जागरूक किया गया। योजना का लाभ लेने वाले कुछ लाभार्थियों ने अपना अनुभव भी साझा किया।

## अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन आठवें दिन भी जारी

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा की अगुवाई में आठवें दिन भी अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी रहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि तहसीलदार की हठधर्मिता समाप्त न होने तक अनशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि तहसीलदार का कुछ ही दिन में भू माफियाओं से गहरा सम्बन्ध हो गया है। जिससे न्याय प्रभावित हो रहा है। त्रिलोकीनाथ तिवारी ने कहा कि धारा 34 व धारा 38 की अविवादित पत्रावलियों की भी सुनवाई तहसीलदार नही कर रहे हैं। बैनामा के दाखिल खारिज की पत्रावलियों में लेखपाल से अवैध वसूली करवा रहे हैं। आम जनता के शिकायती पत्र पर कोई आदेश न करके उसे अपने पास रख लेते है। जिससे जनता की समस्या बढ़ गई है। मंत्री सूर्य कांत तिवारी उर्फ वेद, रामसुरेश तिवारी, सत्यनरायन सिंह, हृदय नरायन मिश्र, सुभाष तिवारी आदि अधिवक्ताओं ने अनशन को सम्बोधित करते हुये अपने विचार रखे।

## भाजपा के प्रदेश मंत्री सुभाष यदुवंशी ने सरकार की उपलब्धियों को बताया

संवाददाता। संतकबीरनगर



भाजपा प्रदेश मंत्री का स्वागत करते जिलाध्यक्ष पायनियर

**भाजपा** प्रदेश मंत्री सुभाष यदुवंशी बृहस्पतिवार को डाक बंगले में मीडिया से वार्ता कर योगी सरकार के साढे चार वर्ष के उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य से कार्य किया है। साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में किसान, नौजवान सहित सभी वर्गो के लोग खुशहाल है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं को चलाकर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ बिना भेदभाव किये दिया है। योगी सरकार ने ऐसी योजना बनायी कि जिससे सरकार की योजना का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में मिले और बिचौलियो का कही भी नामोनिशान न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय-समय पर महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें रक्षाबन्धन पर्व पर पूरे प्रदेश में सरकारी बसों में निशुल्क सुविधा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृति को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य शीर्ष स्थान पर रहा। जिसकी प्रशंसा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उत्तर प्रदेश की चर्चा प्रमुख स्थानो पर सम्मान के साथ करते है। उनके आगमन पर जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख नाथनगर रामवृक्ष यादव, नगर अध्यक्ष सतविन्दर पाल जज्जी ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी ब्रम्हानन्द पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र मिश्र, गणेश चौहान सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला से सोने की चेन व अंगूठी लेकर जालसाज फरार

**संतकबीरनगर।** शहर कोतवाली खलीलाबाद के बाईपास रोडवेज पर जालसाजों ने एक महिला को अपने झांसे में लेकर रुपये का कागज का बंडल थमाकर सोने की चेन और अंगुठी लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी। वहीं इस मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देश पर इंस्पेक्टर कोतवाली अनिल कुमार एवं दो उप निरीक्षकों ने घटना स्थल की जॉच की। पीड़ित महिला के साथ जालसाजों की पहचान के लिए दोनों उप निरीक्षकों के द्वारा सीसीटीवी फुटे खंगाला गया। जनपद गोरखपुर की रहने वाली पड़िता माला श्रीवास्तव पत्नी बजरंग सहाय ने बताया कि वह भेली मंडी बरदहिया बाजार से ई-रिक्सा में बैठ करके गोरखपुर जाने के लिए मेंहदावल बाईपास रोडवेज पर आ रही थी। मेंहदावल चौराहे निकट समय माता मंदिर के पास एक युवक ई-रिक्सा में बैठ गया और बड़े प्यार से चाची शब्द का प्रयोग करते हुए बातचीत करने लगा। उक्त युवक ने उसने पूछा की चाची कहा जा रही थी तो महिला ने बताया कि वह गोरखपुर किसी काम से जा रही है। पीड़िता ने बताया कि जैसे ही वह मेंहदावल बाईपास रोडवेज पर पहुची थी कि एक युवक और वहां आया और दोनों बात करने लगे। उसके बाद छिनैती की बात करते हुए मन में भय व्याप्त कर दिया और कहा कि चाचा हम लोग भी गोरखपुर जा रहे और आपको फ्री में गोरखपुर लेकर जा करके आपके गनतव्य तक छोड़ देगे। उसके बाद दूसरे युवक ने कहा कि चाची हमारे पास 10 रूपये नगद है जिसे हमने कपड़े में बांधकर रखा हुआ है आप इसे सुरक्षित अपने पास उक्त रूपया 10 हजार और अपने सोने की चेन व अंगुठी रूमाल में बांधकर रख लिजिए। इसके बाद पीड़िता को उक्त जालसाजों ने एक सफेद रूमाल में 10 हजार रूपये व अंगुठी और सोने की चेन बांधकर दे दिया। उसके बाद यह कहकर एक युवक वहां से चला गया कि अभी आ रहा हूँ। कुछ समय बाद दूसरा युवक भी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि कुछ देर बाद उक्त युवक जब आये नही तो उन्हें शंका हुआ और वह मेंहदावल बाईपास पर खड़े पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि सोने की चेन की कीमत करीब 40 हजार रूपये तथा सोने की अंगुठी की कीमत 10 हजार है। इस प्रकार सोने की चेन व अंगुठी दोनो की कीमत करीब कुल 50 हजार रूपये है। पुलिस कर्मियों ने पीड़िता को कोतवाली खलीलाबाद में इसकी शिकायत करने की बात कहीं। जिसके बाद पीड़िता थाना कोतवाली खलीलाबाद पहुँचकर इसी सूचना दी। वहीं इस घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने इंस्पेक्टर कोतवाली को तत्काल मौके पर पहुचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इंस्पेक्टर थाना कोतवाली खलीलाबाद अनिल कुमार तथा बरदहिया पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेन्द्र मिश्र और औद्योगिक पुलिस चौकी इंचार्ज गयासुद्दीन ने मौके पर पहुचकर कुछ दुकानों से पूछताछ की। उसके बाद यातायात कार्यालय सहित अन्य प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर पुलिस चौकी इंचार्ज गयासुद्दीन ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है। जिसमें पीड़िता के द्वारा दो युवकों की पहचान की गई है लेकिन चेहरा स्पष्ट नहीं हो रहा है। उक्त युवकों की पहचान के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित थानों पर वीडियो भेजा जाएगा। जिससे कि जल्द से जल्द उक्त जालसाजो की गिरफ्तार किया जा सके।

## कंबाइन हार्वेस्टर मशीन मालिकों के साथ डीएम ने बैठक कर दिया निर्देश, लगाएं सुपरस्टार मैनेजमेन्ट सिस्टम

● मशीन मालिक नियमों का पालन नहीं करेगा उसके विरूद्व विधिक कार्रवाई की जायेगी: डीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर



बैठक करतीं जिलाधिकारी पायनियर

**जनपद** की मुख्य फसल धान है जिसकी कटाई का कार्य अक्टूबर माह के द्वितीय पक्ष से शुरू होगा, फसल कटाई के उपरांत फसल अवशेष, अन्य कृषि अपशिष्ट, पराली जलाने से रोकने हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कंबाइन हार्वेस्टर मशीन स्वामियों के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समस्त कंबाइन हार्वेस्टर मशीन स्वामियों को निर्देश दिया गया कि आगामी खरीफ फसल की कटाई के समय कंबाइन हार्वेस्टर मशीन में सुपरस्टार मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए जिससे फसल कटाई के साथ-साथ पराली का भी उचित ढंग से निस्तारण हो। कोई कंबाइन हार्वेस्टर मशीन मालिक अपनी कंबाइन मशीन में सुपरस्टार मैनेजमेंट सिस्टम नहीं लगाते हैं तो फसल अवशेष प्रबंधन के अन्य यंत्र यथा हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चापर, श्रेडर, मलचर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लेसर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लाउ, जीरो टिल सीड कम फर्टिड्रिल का प्रयोग अवश्य किया जाए। कंबाइन हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई बिना सुपरस्टार मैनेजमेंट सिस्टम अथवा अन्य फसल अवशेष प्रबंधन वाले उपयुक्त यंत्रों के बिना होने पर कंबाइन हार्वेस्टर मशीन स्वामियों के विरूद्व नियमानुसार कठोर कार्यवाही भी होगी। धान फसल कटाई में अभी पर्याप्त समय है समस्त कंबाइन हार्वेस्टर मशीन स्वामी आवश्यक यंत्र की व्यवस्था कर लें ताकि फसल कटाई के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी प्रकार के तकनीकी समस्या के समाधान, अनुदान प्रेषण, प्रचार प्रसार के संबंध में भी प्रभावी कार्यवाही की जाए। सुनिश्चित हो कि वर्तमान खरीफ फसलों की कटाई के उपरांत पराली जलने की घटनाएं नहीं होने पाए। किसान, फसल अवशेष, पराली, अन्य कृषि अपशिष्ट को इकट्ठा कर खाद के गड्ढे अथवा खेत में ही बायो-डी कंपोजर का प्रयोग कर जैविक खाद बनाए, प्रयोग करें और अपने भूमि के उत्पादन क्षमता को बढ़ाएं क्योंकि पराली जलाने से भूमि की उत्पादकता पर दुष्प्रभाव पड़ता है, साथ ही पर्यावरण प्रदूषित होता है। बैठक में लोकेंद्र सिंह उप कृषि निदेशक, डॉ संजय यादव मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, शशांक उप कृषि प्रसार अधिकारी, विभिन्न विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारी (कृषि /कृषि रक्षा) एवं कृषि विभाग के अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवयुग मेडिकल सेंटर के कार्यों की हुई सराहना

**बस्ती।** आयुष्मान दिवस पर बेहतर कार्य करने वाले नवयु ग मेडिकल सेंटर सहित आठ प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों को प्रषक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर प्रभारी सीएमओ डॉ. एफ हुसैन ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंदों के लिए वरदान है। जिले के 1.66 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड आवंटित हो चुका है। समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर व गांव-गांव कैम्प आयोजित कर कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिले में 1.59 लाख परिवारों का नाम लाभार्थियों की सूची में शामिल है। सात लाख से ज्यादा लोगों के कार्ड बनाए जाने हैं। कहा कि ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता व अन्य जागरूक लोग आगे आकर सूची में शामिल लोगों को चिन्हित कर उनका कार्ड बनवाएं, जिससे वह समय पर योजना का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ. सीएल कन्नौजिया ने कहा कि तीन साल में जिले में लगभग नौ करोड़ रुपए का इलाज कराया जा चुका है। निजी अस्पतालों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा प्रयास है कि 70 प्रतिशत लाभार्थी परिवार में कम से कम एक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बना दिया जाए। जिला ग्रिवांस मैनेजर अजय प्रकाश मिश्रा ने तीन साल की प्रगति के बारे में बताया। जिन प्राइवेट अस्पताल संचालकों को सम्मानित किया गया, उनमें नवयुग मेडिकल सेंटर, कैली अस्पताल, तथास्त हास्पिटल, श्रीकृष्णा मिषन, जेजे हास्पिटल, संतकबीर आई हास्पिटल, नवज्योति आई हास्पिटल एवं सीएचसी साउंघाट का नाम षामिल है। इस मौके पर डॉ. राकेशमणि त्रिपाठी, डॉ. एके कुशवाहा, डॉ. विमल, डॉ. राजेश पांडेय, राकेश पांडेय, महेंद्र कुमार गुप्ता, प्रवीण देव, राहुल राव, राजेश, कमल, डॉ. माधुरी सिंह, डॉ. शैलजा सिंह, वीके अय्यर सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल रहे।

## सरयू नदी में जारी है छलांग लगाने का सिलसिला

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज के सरयू नदी पर बने पुल से छलांग लगाने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। एक माह में पांच लोग सरयू में छलांग लगा चुके हैं। बुधवार की शाम व रात में दो अलग-अलग युवकों ने सरयू नदी के पुल से नदी में छलांग लगा दिया। जिसमें एक युवक का शव पुलिस ने गुरुवार दोपहर बाद बरामद किया है। वहीं दूसरे युवक के शव की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार बुधवार की मध्यरात्रि के बाद ग्राम रेवारी थाना करनैलगंज निवासी मुकेश कुमार ने सूचना दी कि उसका भाई भोले नाथ गोस्वामी अब तक घर नहीं पहुंचा है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने सूचना के मुताबिक कार्रवाई एवं तलाश शुरू कराई और परिजन भी तलाश करते रहे। उसी बीच थाना खरगूपुर क्षेत्र के एक अन्य व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया कि उसके परिवार का युवक सरयू नदी में कूदने की बात कहकर घर से चला गया है और उसकी मोटरसाइकिल सरयू नदी के आसपास ही मिली है। जिससे संभावना है कि वह सरयू नदी में कूद गया है। उसकी सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को सरयू नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। तलाश के दौरान एक युवक की लाश बरामद हुई, जिसकी शिनाख्त भोला नाथ गोस्वामी पुत्र श्रीचंद्र गोस्वामी 22 वर्ष निवासी ग्राम रेवारी थाना करनैलगंज के रूप में की गई। मौके पर मौजूद दरोगा मोहम्मद आलम ने बताया कि खरगूपुर से लापता युवक की तलाश सरयू नदी में की जा रही थी जहां उसका कोई पता नहीं चला मगर ग्राम रेवारी में लापता युवक का शव नदी से बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं दूसरे युवक की तलाश कराई जा रही है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह बताते हैं कि सूचना के आधार पर जिस युवक की तलाश की जा रही थी उसके अतिरिक्त दूसरे युवक जिसके लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी।

## 'वादी संवाद दिवस' एसपी ने चौपाल लगाकर किया संवाद

● ग्रामवासियों से भेंट कर एसपी ने सुनीं समस्याएं, किया सहभोज

संवाददाता। संतकबीरनगर



संवाद शिविर में उपस्थित पुलिस अधीक्षक पायनियर

**अपर** पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर अखिल कुमार तथा पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती अनिल कुमार राय के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के मार्गदर्शन में बुधवार की देर शाम को जनपद के 04 थानों पर पुलिस चौपाल लगाकर वादी संवाद दिवस का आयोजन किया गया, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा थाना बेलहरकला पर, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा द्वारा थाना दुधारा पर, क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीश भदौरिया द्वारा थाना बखिरा पर वादी संवाद दिवस के अवसर पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व संभ्रानंत व्यक्तियों के साथ उनकी समस्याओं / सुझाओं को सुना गया व थाना पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। थाने के बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर उनके कार्यों की समीक्षा की गयी व ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर गांव की सूचनाओं को थाने स्तर पर अवगत कराने हेतु बताया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम प्रहरियों को लाल साफा भी वितरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन कस्बा / गांवो में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रतिदिन होने वाले सायं कालीन पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें। थाना परिसर के आवासीय बैरकों, भोजनालय, स्नानागार, शौचालय, बंदीगृह आदि का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के सभी रजिस्टरों के सुसंज्जित ढंग से रख-रखाव करने तथा कम्प्यूटर संबन्धी उपकरणों के साथ-साथ, शस्त्रागार में रखे शस्त्रो की अच्छी तरह से देख रेख हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बेलहर कला पर आयोजित बड़ाखाना में समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सहभोज भी किया गया।

## जिला पंचायत बोर्ड की बैठक 30 को

**संतकबीरनगर।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अशोक मद्वेशिया ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आगामी 30 सितम्बर को विकास भवन सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आहूत की गयी है। उन्होने बताया कि बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सभी जिला पंचायत सदस्यो की उपस्थिति में जनपद में जिला पंचायत के वार्डो/क्षेत्रो में विकास कार्यो पर चर्चा होगी।

## ऐतिहासिक श्रीरामलीला का हुआ शुभारंभ

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक माह तक चलने वाली ऐतिहासिक श्रीराम लीला का शुभारंभ वेदमन्त्रों व मन्त्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण से किया गया। भूमि पूजन व ध्वजारोहण के साथ गुरुवार को ऐतिहासिक श्रीराम लीला उत्सव का शुभारंभ हो गया। नगर के गड़ाही बाजार में स्थित श्रीराम लीला भवन में विधि विधान से पूजन अर्चन कर ध्वज यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्रीराम लीला मैदान बस स्टॉप पहुंची। जहां नर्सिंग द्वार पर भूमि पूजन व ध्वजारोहण के साथ रामलीला मंचन का आगाज हुआ। करीब दो सौ वर्षों से यहाँ प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन होता आ रहा है। विगत दो वर्ष से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत रामलीला का मंचन बड़े मंच पर न होकर सिर्फ रामायण गान के साथ बहुत ही सादगी के रूप में पूजन अर्चन हुआ था। इस वर्ष शासन के निर्देशन में कोविड नियमों का पालन करते हुए रामलीला कमेटी द्वारा पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष श्रीराम लीला उत्सव धूमधाम मनाया जायेगा।

## पात्रों को मिला गोल्डेन कार्ड, आशा व सीएससी संचालक सम्मानित

संवाददाता। गोंडा



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह

**भारत** सरकार की अति महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड देने के साथ ही सरकार की इस योजना को मूर्तरूप देने में सहयोग प्रदान करने वाली आशाओं एवं जनसुविधा केन्द्रों के संचालकों को प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। नगर के गांधी पार्क स्थित टाउन हाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही, सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सदर श्री सिंह ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण गरीब परिवार अपना और अपने परिजनों की गम्भीर बीमारियों का इलाज मंहगे व अच्छे अस्पतालों में नहीं करा पाते थे। सरकार ने गरीबों का जीवन बचाने व उन्हें इस बहुत बड़ी समस्या से निजात दिलाने के लिए आयुष्मान भारत जैसी महत्वकांक्षी योजना को लांच किया। उन्होंने कहा कि आज गोण्डा के दो लाख से अधिक गरीब लोगों के पास आयुष्मान गोल्डेन कार्ड तथा 28 हजार लोगों के पास मुख्यमंत्री जन आरोग्य कार्ड बनाए जा चुके है। वहीं जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुष्मान भारत्त प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना का शुभारम्भ 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमन्त्री जी द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य समाज के जातिगत, सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछडे परिवारों को 05 लाख रूपए तक नि:शुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। आयुष्मान भारज योजना के अन्तर्गत जिले में कुल 02 लाख 559 लाभार्थी परिवार चिन्हित हैं, जो इस योजना का लाभ सितम्बर 2018 से ले रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अधिक से अधिक लोगों को चिकित्सा उपचार मिले जिसके जनपद में 19 राजकीय चिकित्सालय और 08 निजी चिकित्सालय योजनान्तर्गत आबद्ध किये गये हैं। जिसमें बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्साल, रेलवे हास्पिटल, सतीष चन्द्र पाण्डेय मेमोरियल हॉस्पिटल, कृष्णा हास्पिटल, गायत्री हास्पिटल, अवध हॉस्पिटल, आर0एन0 पाण्डेय हास्पिटल, कस्तूरी हॉस्पिटल, सनराइज्ड हॉस्पिटल, आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बभनजोत, परसपुर, छपिया, हलधरमऊ, नवाबगंज, रूपईडीह, वजीरगंज, बेलसर, पण्डरी कृपाल, मनकापुर, तरबगंज, इटियाथोक, कटरा बाजार, काजीदेवर, मुजेहना तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्नलगंज शामिल हैं। कार्यक्रम में विधायक गौरा प्रभात वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0एस0 केसरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बमबम, सांसद प्रतिनिधि संजीव व रमा शंकर मिश्रा, महेश तिवारी, अनिल पासवान, आशीष त्रिपाठी, भवानी भीख शुक्ला आदिं उपस्थित रहे।

## सभी ब्लॉकों पर आयोजित होगा गरीब कल्याण मेला: डीएम

संवाददाता। गोंडा

**प्रदेश** सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं विगत साढ़े चार वर्षो में सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के साथ ही ब्लाक स्तर ही पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उदेश्य से आगामी 25 सितम्बर को आयोजित होने वाले गरीब कल्याण दिवस का वृहद आयोजन होगा।

जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से लगातार प्रदेश के गरीब व पिछड़े वर्ग वाले लोगों के विकास लिए नई नई योजनाएं बनाने के साथ-साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसे ही एक बड़े आयोजन की शुरुआत आगामी 25 सितम्बर को होने जा रही है। गरीब कल्याण मेला के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिले के सभी 16 विकासखंडों मुख्यालयों पर आरोग्य मेला का भी आयोजन किया जाएगा। इसलिए सभी लाभार्थीपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के जनपद स्तरीय अधिकारीगण व खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने ब्लाकों पर गरीब कल्याण दिवस का आयोजन पूरी भव्यता के साथ कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मेले में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरण, विभिन्न पेंशन योजनाओं के आवेदन व स्वीकृति पत्र, आवास योजना और स्वरोजगार योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को राज्य सरकार की योजना से जोड़े जाने के साथ-साथ जन आरोग्य मेले का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही बैंकों से समन्वय स्थापित कर विशेष लोन शिविर, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक पंजीकरण, मत्स्य पट्टे हेतु आवेदन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, जल निगम, एनआरएलएम, पोषएर काउन्टर, दिव्यांग प्रमाणपत्र व दिव्यांग उपकरण हेतु काउन्टर, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, आवास योजना, पशु पालन, छात्रवृत्ति काउन्टर, कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पेंशन योजनाओं के काउन्टर सहित अन्य विभागों के काउन्टर सभी ब्लॉकों पर लगाए जाएगें। इस सम्बन्ध में सभी संबंधित विभागीय अफसरों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण मेले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी दर्ज कराई जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि इस मेले में गरीबों को जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनाए जाएंगे और वहीं उन्हें बैंकों से ऋण प्राप्त करने की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि 25 सितम्बर को जनपद के सभी ब्लाक मुख्यालयों पर सुबह 09 बजे से सायं 04 बजे तक गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा।

# डिकॉक का अर्द्धशतक, केकेआर ने मुंबई को 155 रन पर रोका

**भाषा।** अबुधाबी



**क्विंटोन** डिकॉक के अर्द्धशतक के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरूवार को मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने 30 गेंद में 33 रन बनाकर शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहित चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेले थे। स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या लगातार दूसरे मैच से बाहर रहे जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं।

रोहित ने चौथे ओवर में स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को लगातार दो चौके लगाए। दूसरे छोर पर डिकॉक ने 42 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन को मैच का पहला छक्का जड़ा। छठे ओवर में आए प्रसिद्ध कृष्णा को डिकॉक ने उनके पहले ही ओवर में दो छक्के लगाकर 16 रन लिए। उस समय स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। डिकॉक ने आंद्रे रसेल को लगातार दो चौके लगाए। आखिर में सुनील नारायण ने रोहित को सीमारेखा के पास शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में नौवीं बार रोहित का विकेट लिया। सूर्यकुमार यादव पांच रन बनाकर कृष्णा का शिकार हुए जिन्होंने विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक को कैच थमाया। इस बीच डिकॉक ने 14वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। केकेआर के गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच में 26 रन ही दिए और दो विकेट चटकाए। पोलार्ड ने आखिरी पांच ओवर में बड़े शॉट खेलकर टीम को 150 के पार पहुंचाया। आखिरी ओवर में फर्ग्यूसन ने पोलार्ड और कृणाल पंड्या (12 (के विकेट चटकाए।

## आईसीसी टी-20 विश्व कप गान जारी किया

भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी टी20 विश्व कप का आधिकारिक गान तथा प्रचार अभियान से जुड़ी फिल्म भी जारी की जिसमें भारतीय दिग्गज विराट कोहली और वेस्टइंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड सहित कुछ खिलाड़ियों के अवतार दिखाई देंगे। टूर्नामेंट 17 अक्टूबर से ओमान और यूएई में शुरू होगा। फाइनल 14 नवंबर को दुबई में खेला जाएगा। बॉलीवुड के संगीत निर्देशक अमित त्रिवेदी के संगीत निर्देशन में तैयार एनिमिनेटेड फिल्म में दुनिया भर में टी20 के युवा प्रशंसकों तथा खेल के कुछ नामी दिग्गजों को शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान कोहली खिलाड़ियों के समूह की अगुवाई करते हैं। इसमें मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज के कप्तान पोलार्ड, आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और अफगानिस्तान के राशिद खान भी शामिल हैं। कोविड-19 महामारी के बाद क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में दुनिया के 16 देश हिस्सा लेंगे।

# चेन्नई के खिलाफ जीत की लय में लौटने की कोशिश करेगा बेंगलोर

**भाषा।** शारजाह



**स्टार** खिलाड़ियों से सजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम पिछले मैच की करारी शिकस्त को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को यहां महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लय में लौटने की कोशिश करेगी। आरसीबी जहां नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगा वहीं चेन्नई ने रविवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की थी। आरसीबी को यदि अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बनाना है तो उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसे देवदत्त पडिक्कल और कप्तान विराट कोहली की सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की दरकार है। लेकिन उन्हें मध्यक्रम से भी सहयोग की जरूरत है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई थी। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स जैसे बल्लेबाजों को अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के गेंदबाजों को भी केकेआर के खिलाफ लचर प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, काइल जेमीसन, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और आलराउंडर वाहिंदु हसरंगा में से कोई भी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाया था।

दूसरी तरफ चेन्नई ने मुंबई के खिलाफ युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की 58 गेंदों पर 88 रन की पारी से शानदार वापसी करके जीत दर्ज की थी। टीम के मुख्य बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और मोईन अली खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि अंबाती रायुडु रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। अनुभवी सुरेश रैना और धोनी भी नहीं चल पाए थे जिससे स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया था। लेकिन गायकवाड़ ने रविंद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो के साथ मिलकर टीम को छह विकेट पर 156 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया था। इसके बाद दीपक चाहर और ब्रावो ने गेंदबाजी में भी अपना कमाल दिखाया और अपनी टीम को सत्र की छठी जीत दिलाई। चेन्नई के पास इंग्लैंड के आलराउंडर सैम कुरेन के रूप में अच्छा विकल्प है जिन्होंने पिछले साल आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्सः** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान) रुतुराज गायकवाड़, मोइन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडु, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीसन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी, भगत वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटीं नाओमी ओसाका



**इंडियन वेल्स।** दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियो में से एक नाओमी ओसाका इंडियन वेल्स बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है। इस महीने के शुरू मे यूएस ओपन मे हारने के बाद ओसाका ने कहा था कि वह टेनिस से लंबे समय का अवकाश लेना चाहती है जिसके बाद संभावना बन गई थी कि वह इस सत्र के आखिरी टूर्नामेंटो से हट सकती है। ओसाका ने अपने ट्विटर हैंडल पर चार से 17 अक्टूबर तक इंडियन वेल्स मे होने वाले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि मै अपना अगला टेनिस मैच कब खेलूंगी। ओसाका चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी है। वह अभी विश्व रैंकिंग मे आठवें स्थान पर है।

### युवेंटस की सेरी ए में पहली जीत, एसी मिलान भी जीता

**रोम।** युवेंटस ने मोइज कीन, फेडरिको चीसा और मैथियास डि लिट के गोल की मदद से स्पेजिया को 3-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के वर्तमान सत्र में पहली जीत दर्ज की।मैनुएल गियासी ने 33वें मिनट मे बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद यानिस एंटिस्ते ने 49वें मिनट मे स्पेजिया को 2-। से आगे कर दिया। ऐसे मे चीसा ने 66वें और मैथियास ने 72वें मिनट मे गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। युवेंटस की पांच मैचो मे यह पहली जीत है। उसके पांच अंक है तथा वह शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान और एसी मिलान से आठ अंक पीछे है। एसी मिलान ने एक अन्य मैच मे ब्राहिम डियाज और थियो हर्नानडेज के दूसरे हाफ मे किए गए गोल की बदौलत वेनेजिया पर 2-0 से जीत दर्ज की।

### दिसंबर में आयोजित होगी श्रीलंका प्रीमियर लीग

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरूवार को घोषणा की कि श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का आयोजन चार से 23 दिसंबर तक किया जाएगा। यह श्रीलंका प्रीमियर लीग का दूसरा चरण होगा। इस द्वीपीय घरेलू टी20 प्रतियोगिता के लिए विदेशी खिलाड़ियों का पंजीकरण 24 सितंबर से शुरू होगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि 2021-21 घरेलू सत्र के शुरू होने की घोषणा नही की जो पांच सितंबर से आरंभ होनी थी, पर ऐसा नही हुआ।

### शीर्ष वरीय करातसेव अस्ताना ओपन के शुरुआती मैच में हारे

**नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)।** शीर्ष वरीय अस्लान करातसेव और तीसरे वरीय दुसान लाजोविच दोनो गुरूवार को अस्ताना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैचो मे हार गए। इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे करातसेव को फिनलैंड के खिलाड़ी एमिल रूसूवोरी से 6-7, 4-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। वही लाजोविच को दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी क्वोन सून-वू ने 7-4, 6-4 से शिकस्त दी। रूसूवोरी का सामना क्वार्टरफाइनल मे आठवे वरीय एलिया इवाशका से होगा जबकि क्वोन सातवे वरीय लास्लो जेरे के सामने होंगे।

### स्टीव एलवर्दी सरे काउंटी टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**लंदन।** इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के टूर्नामेंट एवं विशेष परियोजनाओ के प्रबंध निदेशक स्टीव एलवर्दी को काउंटी टीम सें का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एलवर्दी ने 1998 और 2002 के बीच चार टेस्ट मैचो और 39 वनडे मे अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने बोर्ड के ट्विटर हैंडल पर एक बयान मे इस नियुक्ति की पुष्टि की। हैरिसन ने कहा, उन्होने (स्टीव एलवर्दी) ने इतने वर्षो से इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट के विकास मे बड़ी भूमिका अदा की है जिसमे 2017 और 2019 मे आईसीसी महिला और पुरूष क्रिकेट विश्व कप तथा इस साल द हंड्रेड जैसी बड़ी प्रतियोगितो की सफलता शामिल है।

### मैनचेस्टर यूनाईटेड लीग कप से बाहर, चेल्सी जीता

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड का 2017 के बाद पहली ट्राफी जीतने का एक रास्ता इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में वेस्ट हैम के हाथों हार के साथ ही बंद हो गया। वेस्ट हैम ने तीसरे दौर के इस मैच मे मैनुएल लानजिनी के गोल से।-0 से जीत दर्ज की। चौथे दौर में वेस्ट हैम का सामना मैनचेस्टर सिटी से होगा जो पिछले चार बार का चैपियन है। चेल्सी ने एस्टन विला को पेनल्टी शूट आउट में 4-3 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनो टीमें।-। से बराबरी पर थी। चेल्सी चौथे दौर में साउथम्पटन का सामना करेगा। आर्सनल ने एएफसी विबलडन को 3-0 से हराया और अब वह लीड्स की मेजबानी करेगा।

## एएफसी दल ने भारत में महिला एशियाई कप के लिए स्थलों का मुआयना किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**एशियाई** फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अगले साल होने वाले महिला एशियाई कप के मैचों की मेजबानी करने वाले तीन स्टेडियमों और अभ्यास स्थलों का 16 से 21 सितंबर तक मुआयना किया। एशिया में फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था के दल ने मुआयना करने के बाद सभी सुविधाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

एएफसी दल ने 2022 चरण के टूर्नामेंट के लिए जिन तीन स्टेडियम और उनसे जुड़ी सुविधाओं का दौरा किया, उनमें नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई में मुंबई फुटबॉल एरीना - अंधेरी खेल परिसर और पुणे के बालेवाड़ी में शिवर छत्रपति खेल परिसर शामिल हैं। दल ने टूर्नामेंट के लिए खारघर और पुणे में नई ट्रेनिंग सुविधाओं की प्रगति भी देखी और संबंधित अधिकारियों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इनका काम पूरा होने का आश्वासन भी दिया। एएफसी दल के साथ भारत 2022 स्थानीय आयोजन समिति के सदस्य भी थे। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी। पहली बार इस प्रतियोगिता में इतनी टीमें शिरकत करेंगी जो 2023 फीफा महिला विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफिकेशन के अंतिम चरण का काम भी करेगा। एशियाई कप के क्वालीफायर चल रहे हैं और टूर्नामेंट 20 जनवरी से छह फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

## झूलन के लिए दूसरे छोर पर मदद की कमी भारतीय महिला क्रिकेट के लिए चिंता का विषय : चोपड़ा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान अंजुम चोपड़ा को लगता है कि अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की मदद के लिए दूसरे छोर पर किसी बेहतरीन तेज गेंदबाज का नहीं होना देश की महिला क्रिकेट टीम के लिए चिंता का विषय बना रहेगा।

महिलाओं के खेल में महान सर्वकालिक तेज गेंदबाजों में से एक झूलन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी यात्रा करीब दो दशक पूर्व शुरू की थी। अब वह 38 वर्ष की हैं और अब भी मजबूती से भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाल रही हैं लेकिन उन्हें लगातार दूसरे छोर से काफी मदद नहीं मिल रही है। चोपड़ा ने बातचीत के दौरान पीटीआई से कहा, झूलन की मदद के लिए कोई गेंदबाज नहीं है और ऐसा लंबे समय से हो रहा है। टीम के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है कि झूलन गोस्वामी के साथ सहयोगी की भूमिका के लिए कोई नहीं है। वहीं कई टीमें तीन तेज गेंदबाज उतारने की तैयारी कर रही हैं और हमें दो तेज गेंदबाज खिलाने में भी जूझना पड़ रहा है। चोपड़ा ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए शिखा पांडे को नहीं चुना गया लेकिन वह इस साल के शुरू में इंग्लैंड गई थी। मेघना सिंह है, लेकिन यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि वे इन मिले मौकों का फायदा उठाएं। सत्ताईस वर्षीय मेघना एक तेज गेंदबाज हैं और आस्ट्रेलिया के मौजूदा दौरे पर गई भारतीय टीम में शामिल तीन ऐसे खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। हाल के समय में भारतीय टीम प्रबंधन ने वनडे में नियमित रूप से 250 से ज्यादा रन बनाने पर जोर दिया है जिसमें मुख्य कोच रमेश पोवार और बल्लेबाज स्मृति मंधाना शामिल हैं लेकिन चोपड़ा ने कहा कि यह रातों रात नहीं होगा। उन्होंने कहा, 250 से ज्यादा रन का लक्ष्य बनाना रातों रात नहीं हो सकता, हमें इसके लिए रणनीति, तैयारी और कौशल के स्तर की जरूरत है।

# भारतीय महिला टीम के सामने आस्ट्रेलिया का विजय अभियान रोकने की बड़ी चुनौती

**भाषा।** मैकॉय (आस्ट्रेलिया)



**पहले** मैच में करारी हार झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के 25 मैचों से चले आ रहे विजय अभियान को थामकर तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

भारत को अपने बल्लेबाजों विशेषकर शीर्ष क्रम में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना से बड़ी पारियों की उम्मीद है। पिछले मैच में ए दोनों अच्छी शुरुआत नहीं दे पाई थी। भारत ने यह मैच नौ विकेट से गंवाया था। शेफाली और स्मृति के पास विरोधी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने के लिए पर्याप्त कौशल है और इन दोनों को सुनिश्चित करना होगा कि एलिस पैरी और डार्सी ब्राउन उन पर हावी न हो सके जैसा कि पहले मैच में हुआ था।

पैरी और ब्राउन ने अभ्यास मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। ब्राउन ने छठे ओवर तक शेफाली और स्मृति को पवेलियन भेज दिया था जिसके बाद बाकी भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के बजाय पारी संवारने पर अधिक ध्यान लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों में से कम से कम किसी एक को टिककर खेलना होगा जबकि कप्तान मिताली राज के अगुवाई वाले मध्यक्रम को भी अच्छी रन गति से रन बनाने पर ध्यान देना होगा। अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर अंगूठे की चोट के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। वह दूसरे मैच में भी नहीं खेल पाएगी औरे ऐसे में दीप्ति शर्मा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। भारत के बल्लेबाजी कोच शिव सुंदर दास ने पुष्टि की कि हरमनप्रीत अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुई हैं।

### टीम

**भारतः** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर (उप-कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी , मेघना सिंह, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष, एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलियाः** मेग लैनिंग (कप्तान), राचेल हेन्स (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला केरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशले गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रानो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक, जॉर्जिया वेयरहैम।

**मैच सुबह 10 बजकर 40 मिनट से शुरू होगा।**

## नवंबर-दिसंबर में जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा ओडिशाः पटनायक

**भाषा।** भुवनेश्वर,



**इस साल** नवंबर दिसंबर में होने वाला जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप ओडिशा में होगा जो भारत में खेलों के गढ के रूप में अपनी पहचान बनाकर कई बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी कर चुका है। यह टूर्नामेंट 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक कलिंगा स्टेडियम पर खेला जाएगा जो सीनियर पुरूष विश्व कप 2018 की मेजबानी कर चुका है। ओडिशा और उत्तर प्रदेश दोनों ने मेजबानी की इच्छा जताई थी लेकिन राष्ट्रीय टीम का टाइटल प्रायोजक होने के कारण ओडिशा को तरजीह दी गई। भारत ने 2016 में लखनऊ में जूनियर हॉकी विश्व कप जीता था। आगामी टूर्नामेंट में 16 टीमें खिताब के लिए खेलेंगे। ओडिशा में सीनियर विश्व कप 2018 के अलावा एफआईएच विश्व लीग 2017 और चैम्पियंस ट्रॉफी 2014 भी हो चुकी है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरूवार को यहां एक समारोह में उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया ने हाल ही में ओडिशा सरकार से दो महीने के भीतर पुरूष हॉकी जूनियर विश्व कप की मेजबानी में मदद मांगी थी।

पटनायक ने कहा , महामारी के बीच ऐसे टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी के लिए समय बहुत कम है। लेकिन चूंकि देश की प्रतिष्ठा का सवाल है तो हमने हामी भर दी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम घरेलू हालात का फायदा उठाकर फिर खिताब जीतेगी। पटनायक ने टूर्नामेंट के लोगो और ट्रॉफी का भी अनावरण किया। भारतीय पुरूष टीम के तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने और महिला टीम के चौथे स्थान पर रहने के बाद से ओडिशा की भारतीय हॉकी के पुनरोत्थान में भूमिका की तारीफ की जा रही है।। जूनियर विश्व कप में भारत के अलावा कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, बेल्जियम, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, अमेरिका, कनाडा, चिली और अर्जेंटीना भाग लेंगे। आस्ट्रेलिया ने कोरोना महामारी के कारण यात्रा प्रतिबंधों के चलते नाम वापिस ले लिया है। ओडिशा में 2023 सीनियर पुरूष विश्व कप भी होना है। पटनायक ने कहा , ओडिशा देश में हॉकी का गढ है और राज्य सरकार खेल के विकास के लिए आगे भी सहयोग करती रहेगी।

## उच्च न्यायालय ने केंद्र से टीटीएफआई के खिलाफ मनिका के आरोपों की जांच करने का कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयन के लिए राष्ट्रीय अभ्यास शिविर में अनिवार्य उपस्थिति के फैसले पर गुरूवार को रोक लगा दी और केंद्र से इस खेल संस्था के खिलाफ मनिका बत्रा की शिकायत पर जांच करने करने को कहा। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने आगे कहा कि यदि जरूरी हुआ तो केंद्रीय खेल मंत्रालय टीटीएफआई के कार्यों की भी जांच कर सकता है। न्यायमूर्ति पल्ली शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी बत्रा की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बत्रा को आगामी एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय ने ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान एक मैच गंवाने के लिए उन पर दबाव बनाया था। न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर में उपस्थिति को अनिवार्य करने वाला नियमै ऐसे समय पर लागू किया गया जबकि राष्ट्रीय कोच के खिलाफ शिकायत लंबित थौ और उसी कारण विश्वास पैदा नहीं होता है। आरोपों की जांच के लिए महासंघ द्वारा गठित समिति को इस मुद्दे पर केंद्र का रुख जानने के बाद जिस तरह से पुनर्गठित किया गया उस पर भी अदालत ने नाराजगी व्यक्त की। न्यायाधीश ने कहा, वे अदालत से आगे निकल रहे हैं। अवमानना का नोटिस जारी करूंगी। मैं एक आदेश पारित करती हूं और आप एक नए व्यक्ति को नियुक्त करते हैं। यह चौंकाने वाला है, मैं अपनी नाराजगी व्यक्त कर रही हूं। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर मुद्दों को देखने के लिए वह किसी समिति की नियुक्ति नहीं कर रही है और निर्देश दिया कि केंद्र की जांच रिपोर्ट चार सप्ताह में उसके सामने रखी जानी चाहिए।

## तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम फाइनल में, पुरुष क्वार्टर फाइनल में हारे

**भाषा।** यांकटन (अमेरिका)


ज्योति सुरेखा



प्रिया गुर्जर


मुस्कान किरार

**भारतीय** महिला कंपाउंड टीम ने मेजबान अमेरिका को 226-225 से हराकर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही। प्रिया गुर्जर, मुस्कान किरार और ज्योति सुरेखा की सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने बुधवार को लिंडा ओचोआ एंडरसन, पीग पियर्स और मकेन्ना प्रॉक्टर की अमेरिकी टीम के खिलाफ करीबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखकर रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन अनुभवी अभिषेक वर्मा की अगुवाई वाली पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रिया से 235-238 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में फ्रांस को 234-220 से हराया था। वर्मा और सुरेखा की मिश्रित टीम भी फाइनल में पहुंच गई है। उन्होंने कोरिया के किम युनही और किम जोंगहो को 159-156 से हराया। खिताबी मुकाबले में उन्हें कोलंबिया का सामना करना है। पुरुष वर्ग में विश्व कप में तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा के अलावा संगम बिस्ला और रोशाब यादव ने भी अच्छा मुकाबला किया लेकिन वे आगे बढ़ने में असफल रहे। भारतीय पुरुष टीम को ड्रा में पांचवीं वरीयता दी गई थी।

## अभिषेक वर्मा विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुने गए



**यांकटन ( अमेरिका )।** विश्व कप में तीन बार स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा को चार साल के कार्यकाल के लिए विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुना गया है। विश्व चैंपियनशिप के दौरान प्रतिभागी तीरंदाजों ने मतदान के जरिए 32 वर्षीय वर्मा और रूस की मौजूदा विश्व चैंपियन नतालिया अवदीवा का चयन किया। कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां अपने नए प्रतिनिधि के लिए मतदान किया था। एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा अकेले पुरुष उम्मीद्वार थे। महिलाओं में अवदीवा और जर्मनी की जेनिन मीसनर उम्मीद्वार थी। रूसी तीरंदाज को 69 प्रतिशत मत मिले। वर्मा और अवदीवा का कार्यकाल चार साल का होगा। समिति की अध्यक्ष नाओमी फॉकार्ड हैं। सजेफ वान डेन बर्ग और क्रिस्टल गॉविन इसके अन्य सदस्य हैं।



# बदलते समय के अनुकूल

## इंटीरियर डिजाइनिंग तत्वों में संतुलन बनाने की बात कर रहे हैं अभिषेक चड्ढा

महामारी ने कई लोगों के जीवन में उथल-पुथल मचा दी है और अनगिनत व्यावसायिक प्रयासों को प्रभावित किया है। वैश्विक मंदी के कारण मुनाफे में भारी कमी होने से छोटे परिवारिक व्यवसायों और कंपनियों को फसल की मार का सामना करना पड़ रहा है। महामारी से बचने और सफल होने के बीच संतुलन बनाने हेतु, कंपनियां प्रदर्शन-योग्य योग्यताओं के खाते बनाती हैं। वायरस के प्रकोप और उसके कारण लगे लॉकडाउन ने अथाह काम को रोक दिया और लंबित कर दिया और कई उद्यमों के लिए परीक्षा के रूप में सामने आया। इस कठिन समय के दौरान, नेताओं के लिए यह समय की आवश्यकता है कि वे पहल करें और संघर्षरत उद्योग में 'पेशेवर' होने के मूल अर्थ को आगे बढ़ाएं और उसे पुन: परिभाषित करें। नयी वास्तविकता के उभार के कारण - जो हर एक के लिए साझा कहानी बनकर सामने आई है, लॉकडाउन ने नागरिकों के दिलों में अनेक नकारात्मक भावनाओं को जन्म दिया है। चूंकि लोग घर पर रहने के लिए बाध्य हैं, इसलिए हर व्यक्ति आज अपने नए सामान्य का मूल्यांकन करने की कोशिश कर रहा है। महामारी ने खुले या बाह्य स्थलों और पर्याप्त तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता को मजबूती दी है। हालांकि, आज लोग उन बाहरी सुविधाओं के साथ भी उत्साहित हैं, जिन्हें उन्होंने इस लॉकडाउन अवधि के दौरान सबसे अधिक याद किया है। उच्च -स्तरीय

आरामदायक आवासीय डिजाइनरों के लिए भविष्य एक उपजाऊ जमीन बन गया है। अपने परिसरों के आराम के साथ लुभावने दृश्यों को प्रेरित करने के लिए बेसमेंट और छतों को नवीनीकृत करने का समय आ गया है। इसलिए, आर्किटेक्ट डिजाइन में संतुलन बनाने के लिए विभिन्न क्रमपरिवर्तन और संयोजन के साथ प्रयोग कर रहे हैं जहां वे इन सुविधाओं और चिकित्सीय जीवन को एक साथ शामिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### माफी से बेहतर सुरक्षित

घरों की योजना बनाते समय हमें जिस चीज को प्राथमिकता देने की जरूरत है, वह है रहने की जगह की जवाबदेही और अनुकूलन क्षमता। बाह्य स्थल, महत्व प्राप्त करते हुए, अतिआवश्यक मनोरंजक समय के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। इन स्थानों में आंगन, गैलरी और पोर्च शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में बाहरी स्थल एक वरदान हैं। इस तरह के स्थान एक परिवार, या व्यक्तियों को, अपने लिए गुणवत्तापूर्ण समय प्रदान करते हैं, जिससे घर को अधिक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है। बाहर की ओर के जो रिक्त स्थान हैं और बैठने की जगहें हैं, रहने वालों को बहुत जरूरी राहत देते हैं। बैठने की जगह लाउंज और झूलों के रूप में मौजूद हैं।



यदि कोई महामारी के दौरान या बाद में लोगों से मिलना जुलना चाहता है तो सामाजिक दूरी होना महत्वपूर्ण है। इसलिए, कोविड के बाद की दुनिया में डिजाइन किए गए सभी स्थानों को परस्पर सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए बनाना चाहिए जहां लोगों के घुलने-मिलने के लिए पर्याप्त जगह मिलनी चाहिए। चूंकि महामारी ने लोगों को घर के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया है, इसलिए रसोई घर का केंद्र बिंदु बन गया है। अति-अपेक्षित कार्यक्षमता को पूरा करने के लिए, पेंट्री आकार बढ़ रहे हैं जो अतिरिक्त भंडारण स्थान से लैस हैं।

### घर से काम करना - नया सामान्य

जैसे-जैसे वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) मामलों का अनुपात बढ़ता है, मनभावन और रचनात्मक स्थान मौज-मस्ती के लिए होते हैं और घर के अन्य अनौपचारिक क्षेत्रों के साथ सह-अस्तित्व के लिए विश्राम को शामिल किया जा रहा है। बेहतर डब्ल्यूएफएच संस्कृति की पूर्ति के लिए नए इंटीरियर डिजाइन मॉडल को लचीला बनाया जा रहा है। बेरोकटोक आवाजाही के लिए पर्याप्त भंडारण स्थान और अलमारियों का प्रावधान शामिल किया जा रहा है। आदर्श घर-कार्यालय वातावरण की पेशकश करने के लिए पर्याप्त धूप, सुव्यवस्थित डेस्क, ताजा रंग और आरामदायक फर्नीचर के साथ तटस्थ, अल्पतम सौंदर्यशास्त्र की रचना करना अब धीरे-धीरे एक आदर्श बन गया है। खुली अलमारियों के साथ एक काम करने वाला कोना निर्मित करना एक संगठित फाइलिंग सिस्टम बनाता है, जो कार्यक्षेत्र को एक अतिव्यवस्थित संरचना प्रदान करता है। क्लाइंट की प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए, आरामदायक कामकाजी माहौल की पूर्ति के लिए होम ऑफिस ढांचे तैयार किए जा रहे हैं।

बेहतर कोविड उपरांत डिजाइन -समय की मांग

न्यूनतम संपर्क सुनिश्चित करने के लिए, हाल ही में होम ऑटोमेशन सिस्टम पर अधिक ध्यान दिया गया है। नो-टच डोर, स्मार्ट लाइट सहित, इंटेलिजेंट होम स्ट्रक्चर ने अधिकतम आराम और उत्पादकता प्रदान करते हुए घरेलू दक्षता में सुधार किया है। महामारी ने साबित कर दिया है कि स्थानों को सामान्य दृष्टि से भिन्न ढंग से सोचने की आवश्यकता है। पारंपरिक प्रथाओं के साथ आधुनिक तकनीक के सम्मिश्रण का नया रोजगार सामने आया है। सतहों पर तांबे को फिर से देखा जा रहा है क्योंकि यह बैक्टीरिया नाशक माना जाता है। धूल उपचार प्रणाली और जीवाणुरोधक फिनिश जैसी सुविधाओं का उपयोग करना आज मांग में आ गया है।

घर पर रहने ने हर किसी को मजबूर किया है कि वह अपनी वास्तविक जरूरतों पर पुनर्विचार करे और समस्त पीढ़ियों हेतु सुरक्षित वातावरण के लिए बहुआयामी, सुरक्षित स्थान निर्मित करें जो सिर्फ चलन नहीं बल्कि एक नई डिजाइन आवश्यकता बन गया है। इस महामारी ने लोगों को एक कदम पीछे खींचने के लिए प्रेरित किया कि वे आराम व शांति के लिए इसमें बदलाव लाएं और अपने मौजूदा वातावरण को ठीक करें। अंततोगत्वा, हम सभी मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से आरामदायक जीवन पाना चाहते हैं और हमारे घर हमारी जीवन शैली का चित्रण होने के अलावा, बस यही चीज को प्रदान करते हैं।

**(लेखक बैंगलोर स्थित इंटीरियर डिजाइन कंपनी द कारीगर्स के संस्थापक और सीईओ हैं)**

# मिड मैड मॉड

## मध्य सदी के आधुनिक डिजाइन

कीया और मंडावी की कहानी को सामने लाते हुए उमा नायर मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों के पुनरुत्थान की बात कर रही हैं, जो घर की सजावट में उच्च गुणवत्ता की पेशकश करते हैं।

वैश्विक महामारी के बीच कहीं, दो महिलाओं ने विलाप किया कि शहर में अच्छे, किफायती और सुलभ घरेलू सजावट की चीजें खोजना इतना मुश्किल क्यों है? कीया और मंडावी ने दुनिया भर से दुर्लभ चीजों की खोज करने का अपना जुनून साझा किया और सोचा कि क्या उन्हें सभी के लिए सुलभ बनाना संभव हो सकता है। वे हर रोज कम कीमत पर लेकिन उच्च महत्तावाले उच्च गुणवत्तापूर्ण डिजाइन चाहते थे। मिड मॉड मैड इंस्टाग्राम पर स्टाइल का एक असामान्य और विचित्र रूप से जिज्ञासु एम्पोरियम है। यह एक लार्क के रूप में शुरू हुआ, जो एक साधारण विचार था और कई वार्तालापों के इर्द-गिर्द रचा गया था। दो दोस्तों - एक रणनीति और स्थिरता सलाहकार, एयरबीएनबी सुपरहोस्ट और उद्यमी, दूसरा (बहुत) वरिष्ठ कॉर्पोरेट एक्जीक्यूटिव, एयरबीएनबी सुपरहोस्ट और उद्यमी - ने इस बात पर अफसोस जताया कि भारत में घर की सजावट और डिजाइन की दुनिया को कैसे उदासीन, अनिच्छुक और अत्यधिक बॉक्सी और कुकी-कटर महसूस किया गया।



जिज्ञासु, व्यापक दृष्टि वाला प्रयोग कहां था जिसके लिए विदेशी, डिजाइन के शौकीन, मैन्युफैक्चरर्स और सौदागर भारत आते रहे थे?

कीया का कहना है, ''हम दोनों ने साइबरस्पेस में कहीं एक मंच का सपना देखा था, जहां शहर के साहसी गृह-स्वामी और सज्जाकार विशिष्टता के साथ अने किफायती घरेलू सामान, सजावट और कलाकृतियां खोज सकें। आप जानते हैं, बिलकुल, विदेशों में उन पुराने स्टोरों की तरह? मुझे लगता है कि हम दोनों हमेशा अपने पसंदीदा सस्ते / विंटेज स्टोर और वैश्विक बाजारों की सुंदरता और उत्साह को एक आम बैठक स्थल पर लाना चाहते थे।''

मांडवी हंसती हैं,''हम यह विचार पसंद है कि हम जो पेशकश करते हैं वह हमेशा बदल जाएगा और हमारे जीवन से पसंदीदा स्मृति चिन्हों की तरह, प्रत्येक के पास साझा करने लायक कहानी होगी - चाहे वह हाथ से पीटा गया, तांबे के फूलों का झूमर हो जिसे थाईलैंड से घर वापस खींच लिया गया था या वह आश्चर्यजनक विंटेज एक गैलरी रिम वाला सिल्वर ट्रे हो जिसे मैं बार्सिलोना के पिस्सू बाजार या कंबोडियाई अप्सराओं में खोजने के लिए सुबह 6 बजे उठी, जिसे कीया ने एक सड़क के कलाकार को चाकू के अलावा कुछ भी नहीं पेंट करने के लिए मजबूर किया क्योंकि उसके पास ब्रश नहीं था हालांकि उसने उसे समझाने की भरपूर कोशिश की थी कि वह एक इंप्रेशनिस्ट था, जबकि उसे खुद नहीं पता था कि इसका मतलब क्या है।'' मिड मॉड मैड का मतलब भव्य सामानों से भरा एक छिपा हुआ रत्न है, जो सभी किस्म के कुछ सेकंड हैं। यदि आपने इसके बारे में नहीं सुना है, तो आश्चर्यचकित न हों, उनके पास कोई गोदाम या ईंट और मोर्टार की दुकान नहीं है, न ही उनके पास कोई वेबसाइट है। इन्वेंट्री, जो नए अधिग्रहणों और बिक्री की वजह से बदलती रहती है, जो इंस्टाग्राम पर कलात्मक पोस्ट /कहानियों के माध्यम से अपडेट की जाती है। उनका वर्तमान स्टॉक घरेलू सजावट के पीसेस के लिए समर्पित है जो या तो फैक्टरी सेकंड हैं, या सुरुचिपूर्ण ढंग से पुराने या कोमलता से उपयोग किए जाते हैं। कुछ निर्यात सरप्लस, दिनांकित डिजाइन नमूने, या प्रयोग हैं जो थोड़ा गलत हो गए हैं।

**मध्य शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों का क्रैश कोर्स**

अमेरिका में मध्य-शताब्दी की आधुनिक शैली का इतिहास लगभग 1940 के दशक में शुरू होता है, हालांकि इसका उदय 1950 के दशक के मध्य से 1960 के दशक के मध्य तक था। इस आंदोलन की उत्पत्ति जर्मनी, हॉलैंड और फ्रांस में हुई है। यह बॉहॉस - जर्मनी में एक कला विद्यालय - द्वारा ऐसे लोकप्रिय विचार केन्द्र से काफी प्रभावित है - जिसने प्रथम विश्व युद्ध (डब्ल्यूडब्ल्यू -1) को पोस्ट करना शुरू किया था। मौलिक रूप से सरलीकृत डिजाइनों के बारे में सोचें जहां आकार कार्य का पालन करता है, सामग्री का उत्सव, दृश्य निर्माण तत्व, अतिसूक्ष्मवाद और सबसे महत्ववपूर्ण है एक महान डिजाइन के प्रति समर्पण। अमेरिका में इस आधुनिक दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति अधिक जैविक थी और प्रकृति से जुड़ी हुई थी। जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के अमेरिका में उपनगरीय क्षेत्रों का विस्तार शुरू हुआ, तो मध्य-शताब्दी की आधुनिक शैली भी विकसित हुई।

''मध्य-शताब्दी आधुनिक'' शब्द आंदोलन समाप्त होने के बाद बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया गया था, जब लेखक कारा ग्रीनबर्ग ने दौर से संबंधित अपनी पुस्तक के शीर्षक के लिए इस वाक्यांश का इस्तेमाल किया था। पुस्तक 1984 में लिखी गई थी, और तब से इस शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।

**नियोजित सामग्री**- मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइन उन सामग्रियों का जश्न मनाते हैं जिनका वे छिपाने या दबाने के बजाय उपयोग करते हैं। 50 और 60 के दशक में, डिजाइनर अपेक्षाकृत नई सामग्री, जैसे प्लास्टिक, ल्यूसाइट और प्लाईवुड का उपयोग करने को लेकर उत्साहित थे, लेकिन वे लकड़ी जैसी अधिक पारंपरिक सामग्रियों पर भी बहुत अधिक निर्भर थे - विशेष रूप से पुन: प्राप्त लकड़ी और कांच और संगमरमर से अपसाइक्लिंग अपशिष्ट सामग्री उद्योग (मसलन टेराजो)। आज के डिजाइन मोल्डेड फाइबरग्लास और प्लास्टिक के साथ-साथ जैविक सामग्री के अनुरूप हैं।

मध्य शताब्दी की आधुनिक शैली में, अल्प अधिक है, लेकिन यह निश्चित रूप से उबाऊ नहीं है। सामग्री को सावधानी से चुना जाता है और दिलचस्प तरीकों से उपयोग किया जाता है। रंग के चबूतरे दिलचस्पी बढ़ाते हैं। और पूर्वगामी फुलाव और अलंकरण मध्य-शताब्दी के फर्नीचर के लुभावने आकार को केन्द्र में ले जाने का मौका देता है।

**मिडमॉड वापसी क्यों कर रहा है?**

हालांकि यह लगभग 75 वर्षों से ज्यादा समय से है, मगर यह शैली कुछ भी हो, लेकिन पुरानी है। मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइन ने हाल ही में वापस लोकप्रियता पाई है, और यह देखना आसान है कि क्यों। डिजाइन का स्वच्छ, सरल आकार में होना एक स्थायी गुण होता है जो अभी भी आवेग महसूस करता है। लोग आज अव्यवस्था को कम करने और अपने रिक्त स्थान को भरने का लक्ष्य बना रहे हैं, और मध्य शताब्दी का न्यूनतम दृष्टिकोण (स्कैंडिनेवियाई डिजाइन के समान) इसमें सही बैठता है जैसे-जैसे लोग तेजी से प्रकृति के साथ संबंध बनाने की ओर अग्रसर हैं, मध्य शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों के जैविक तत्व लोकप्रियता की अपील को वापस प्राप्त करते हैं। दोनों तरफर सेउस युग के प्रति रूमानी यादों की भावना है, एक तरफ वे लोग जो इसे जीते थे और दूसरे वे जिन्होंने इसे देखा है, जिसे शो में मैडमेन के रूप में हाइलाइट किया गया है। डिजाइन को अपनाना आज एक व्यापक निरंतरता का हिस्सा बनता है, जिसमें कुछ लोग समूचे घरों को शैली में सजाते हैं तो कुछ अन्य कुछ ऐसे खास टुकड़ों को चुनते हैं जो उनके स्वाद के अनुकूल होते हैं।

# प्रकृति, परंपरा और बहुत कुछ

## इंडिया कॉउचर वीक में कढ़ाई और शिल्प का बोलबाला रहा

### रेनू टंडन









प्रकृति के उपहारों को ध्यान में रखते हुए, डिजाइनर रेनू टंडन ने एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2021 में अपने संग्रह के लिए सनकी अतियथार्थवाद को थीम के रूप में मनाया।

रेनू ने व्यक्त किया कि संग्रह, जूरी, एक रोमांचक असामान्य अनुभव था। भारी स्वारोवस्की अलंकृत साग, नूड्स, पिंक से लेकर समृद्ध क्लासिक पीस, टोन-ऑन-टोन मिरर किए गए लहंगे, अनारकली, पारंपरिक साड़ी, शरारा और घरारा संग्रह एक बयान देने के लिए बाध्य था।

संग्रह को तीन भागों में विभाजित किया गया था जिसमें हरे, गुलाबी और नग्न रंगों का प्रदर्शन किया गया था। रेनू के लिए, यह सीज़न रंगों के टकराव वाले बहुरूपदर्शक में छलांग लगाने वाला था।

सुंदर पेस्टल रंगों में युवा लड़कियों के लिए हल्के और आकर्षक पोशाक के साथ संग्रह खोला गया, जो बहुत सारे फूलों, गुलाब की पंखुड़ियों, पत्तियों और एक स्वप्निल रूप के साथ दिखाया गया था, जो इसे प्रकृति के जितना संभव हो सके रखने के लिए सूरज की किरणों के साथ खेल रहा था। इसके बाद यह मोती और स्वारोवस्की के साग और बहु-रंगों के साथ जटिल कढ़ाई में परिवर्तित हो गया - मेहंदी, कॉकटेल और पूर्व-विवाह कार्यों के लिए आज दुल्हन और परिवारों द्वारा पसंद किए जाने वाले रंग। संग्रह के अंतिम हिस्से में कारमेल, बेज और न्यूट्रल की एक श्रृंखला दिखाई गई - एक क्लासिक लुक जिसे आप कॉकटेल और संगीत से लेकर रिसेप्शन तक किसी भी समारोह में पहन सकते हैं, अपने पहनावे में रंग जोड़ने के लिए विभिन्न आभूषणों के साथ जोड़ा जा सकता है।

''जूरी के सिल्हूट को सभी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था, जिससे संग्रह बहुमुखी और कालातीत हो गया। नग्न मेरे पसंदीदा हैं, क्योंकि इसे किसी भी समारोह में पहना जा सकता है। मैं चाहता हूं कि मेरी दुल्हनें सुरुचिपूर्ण दिखें, जबकि पुरानी दुनिया की शादी के आकर्षण को समकालीन तरीके से बनाए रखें'', डिजाइनर ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा।


### वरुण बहल




दुनिया भर के महान डिजाइनर भारत के मास्टर कारीगरों के हाथों से बनाई गई सबसे उत्तम कढ़ाई का उपयोग करते हैं। लेकिन घर पर, हमने दशकों से किसी न किसी तरह से दुल्हन के पहनावे के साथ अलंकरण की बराबरी की है। इस गहरे जुड़ाव ने वरुण को फिर से परिभाषित किया कि हाउते कॉउचर कैसे पहना जाता है, और आज के सूचित और स्टाइल के प्रति जागरूक उपभोक्ता के लिए इसका क्या अर्थ है। अपने संग्रह, मेमोरी / मोज़ेक के माध्यम से, वरुण ने कुछ विषयों को एक साथ खींचने की कोशिश की, जो पिछले एक साल में उनके दिमाग में मजबूत हुए हैं। अलंकरणों के अलावा, उन्होंने हाउते कॉउचर की मांगों के अनुसार सिल्हूट और नाटक के विचार के बारे में भी गहराई से सोचा। यहां, उन्होंने हाउते कॉउचर पहनने की रस्म को कम करने के लिए अपने डिजाइन और कटौती को सरल बनाने की कोशिश की, उन्हें एक निश्चित ताज़ा हल्कापन प्रदान किया ताकि किसी को उन्हें अधिक बार और अलग-अलग तरीकों से पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।


उन्होंने अपने हस्ताक्षर वाले पुष्प-प्रेरित प्रिंट भी लाए, और उन्हें मिश्रण में जोड़ा। यह थोड़ा बोहेमियन था, ग्लैमर के संकेत के साथ, और एक बारीक-निष्पादित मोज़ेक की तरह, इसने उनके विचारों को एक साथ लाया कि हाउते कॉउचर क्या हो सकता है। आपको ड्रेप्ड स्कर्ट और ब्रालेट के साथ पेयर किए गए कपड़े, पावर शोल्डर के साथ जैकेट, लहंगा, स्कर्ट के साथ पेप्लम टॉप, लंबी जैकेट के साथ स्लिप ड्रेस, ट्राउजर के साथ केप, साथ ही सुरुचिपूर्ण साड़ी, सभी ऑर्गेना, सिल्क जैसे कपड़ों में मिल जाएंगे। मेमोरी / मोज़ेक में साटन, ट्यूल, मखमल, और यहां तक कि डेनिम। डिजाइनर का रंग पैलेट हाथीदांत, काला, लाल, ऋषि हरा, और ब्लशिंग पिंक के साथ खेला जाता है - हल्का, विपरीत, और ताज़ा, आने वाले उत्सवों के लिए आदर्श, चाहे आप दुनिया में कहीं भी हों।





### फाल्गुनी शेन पीकॉक







संग्रह, लव इज, प्रेम के स्मारक-ताजमहल से प्रेरित था। संग्रह का विवरण ताजमहल की सुंदरता से उधार लेकर प्रेम की दूरदर्शी गाथा का अनुवाद करने की मांग करता है; पहनावे पर स्थापत्य रत्न के असंख्य रूपांकनों को लिखने से लेकर स्वारोवस्की क्रिस्टल, मोती, दर्पण, सेक्विन और मोतियों के परिष्कृत अलंकरण के साथ उन्हें वार्निश करने तक।

संग्रह रंगों का एक मिश्रण था जो बेक्ड बेज और मोती हाथीदांत जैसे मधुर म्यूट टोन से गुलाब गुलाबी और टकसाल हरे रंग के पेस्टल तक बढ़ाया गया था, यहां तक कि पन्ना हरा, शाही बैंगनी, फ़िरोज़ा और बहादुर पोस्पी जैसे गहरे स्वर तक फैला हुआ था। धात्विक रंगों के लिए एक स्पलैश अर्थात। चांदी और सोने ने ग्लैमर का तड़का लगाते हुए भव्यता को बढ़ा दिया। जटिल क्राफ्टिंग तकनीकों ने गुंबदों और मीनारों के स्थापत्य रूपांकनों, पत्ते के फिलाग्री और सदी के जीवों और पक्षियों के रूपांकनों के माध्यम से कपड़े पर संरचनात्मक चमत्कार को दोहराया। विधि के संदर्भ में यह रेखा नवीन है, लेकिन दृष्टिकोण के संदर्भ में दृढ़ता से निहित है, जो लेबल का एक हस्ताक्षर सौंदर्य है। कट्स पारंपरिक थे फिर भी , थिंक ट्रेल्ड लहंगा, फिट-एंड-फ्लेयर सिल्हूट, और बॉल गाउन-स्टाइल लहंगा जो शादी के दिन ब्राइडल ट्राउसेउ के लिए बनाया गया था।